ISSN 2277 - 7083

आधुनिक साहित्य

Aadhunik Sahitya

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

UGC Approved Care Listed Journal

वर्ष/Year-11 अंक/Vol.-43 द्विभाषी/Bilingual

जुलाई - सितम्बर / July - Sept. 2022

सभी देशवासियों को

75

आज़ादी के अमृत महोत्सव

की हार्दिक शुभकामनाएँ।

संपादक
–डॉ. आशीष कंधवे

15 अगस्त 1947 – 15 अगस्त 2022

आधुनिक साहित्य

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

संपादक

डॉ. आशीष कंधवे

विश्व हिंदी साहित्य परिषद

प्रकाशन | वितरण | राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

प्रमुख उद्देश्य

★ हिंदी का प्रचार-प्रसार

★ उत्तम साहित्य का प्रकाशन

★ साहित्यकार साहित्य योजना

★ पुरस्कार प्रतियोगिता का संचालन

★ रोजगारोन्मुख हिंदी के लिए प्रयास

★ हिंदी एवं भारतीय भाषाओं का समग्र विकास

★ साहित्य एवं संस्कृति के चहुँमुखी विकास के लिए प्रयत्न

★ संग्रहालय, पुस्तकालय एवं संगोष्ठी कक्ष की स्थापना में प्रयासरत

मुख्यालय

एडी-94-डी, शालीमार बाग, दिल्ली-110088

संपर्क सूत्र : 09811184393, 011-47481521

ई-मेल : vhspindia@gmail.com, aadhuniksahitya@gmail.com

Website : www.vhsp.in

UGC Approved Care Listed Journal

आधुनिक साहित्य

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

वर्ष/Year-11 अंक/Vol.-43 जुलाई-सितम्बर 2022/July-September 2022 द्विभाषी/Bilingual

Aadhunik Sahitya

संपादक

डॉ. आशीष कंधवे*

Editor

Dr. Ashish Kandhway

संरक्षक	Patron
प्रो. उमापति दीक्षित	Prof. Umapati Dixit
कुमार अविकल मनु	Kumar Avikal Manu
उप संपादक	Sub Editor
रजनी सेठ	Rajni Seth
प्रबंध संपादक	Managing Editor
ममता गोयनका	Mamta Goenka
विशेष संवाददाता (अमेरिका)	Special Correspondent (USA)
रश्मि शर्मा	Rashmi Sharma
संवाददाता (अंग्रेजी)	Correspondent (English)
निलांजन बैनर्जी	Nilanjan Banerjee

*आशीष कंधवे (मूल नाम आशीष कुमार)

आधुनिक साहित्य में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार एवं दृष्टिकोण संबन्धित लेखकों के हैं जिनसे संपादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं पत्रिका से जुड़े किसी भी व्यक्ति का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का निपटारा दिल्ली क्षेत्र के अन्तर्गत सीमित है। पत्रिका में सम्पादन से जुड़े सभी पद गैर-व्यावसायिक एवं अवैतनिक हैं।

आधुनिक साहित्य

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

UGC Approved Care Listed Journal

केंद्रीय हिंदी संस्थान के सहयोग द्वारा प्रकाशित

RNI No. DELBIL/2012/42547
ISSN 2277 - 7083

© सर्वाधिकार सुरक्षित
प्रकाशित सामग्री के पुन: उपयोग के लिए लेखक, अनुवादक अथवा आधुनिक साहित्य की स्वीकृति अनिवार्य है।

संपादकीय कार्यालय
एडी-94-डी, शालीमार बाग, दिल्ली-110088
फोन : 011-47481521, +91-9811184393
ई-मेल : aadhuniksahitya@gmail.com
adhuniksahitya@gmail.com

आलेख/रचना/कहानी में व्यक्त विचार संबंधित लेखकों के हैं इससे प्रकाशक या संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

मूल्य : **₹ 500 प्रति अंक**

शुल्क :	तीन वर्ष (12 अंक)	₹ 6000
	पांच वर्ष (20 अंक)	₹ 9000
	(डाक/कोरियर खर्च सहित)	
	आजीवन सदस्यता	₹ 21,000
	विदेश के लिए (3 वर्ष)	200 डॉलर

शुल्क **'AADHUNIK SAHITYA'** के नाम पर भेजें।

Account Name	:	Aadhunik Sahitya
Account No.	:	16800200001233
Bank	:	Federal Bank Ltd.
Branch	:	Shalimar Bagh New Delhi-110088
IFSC Code	:	FDRL0001680

'आधुनिक साहित्य' द्विभाषी त्रैमासिकी आशीष कुमार के स्वामित्व में और उनके द्वारा एडी-94डी, शालीमार बाग, दिल्ली-110088 से प्रकाशित तथा आभा पब्लिसिटी, 163, देशबंधु गुप्ता मार्केट, करोलबाग, नई दिल्ली से मुद्रित। स्वामी/संपादक/प्रकाशक/मुद्रक : डॉ. आशीष कुमार।

'AADHUNIK SAHITYA' A quarterly bilingual (Hindi & English) Journal of Literature, Culture & Modern Thinking owned/published/printed/edited by Ashish Kumar from AD-94-D, Shalimar Bagh, Delhi-110088 and printed at Abha Publicity, 163, Deshbandhu Gupta Market, Karolbagh, New Delhi.

अनुक्रम

संपादकीय
- डॉ॰ आशीष कंधवे / *भारतीय ज्ञान परंपरा : सार्वभौमिक समरसता और समावेशी संतुलन का आधार* / 9

नाट्य-चेतना
- प्रो. ज्ञानतोष कुमार झा / *नवजागरण, स्त्री चेतना और रवीन्द्रनाथ टैगोर के नाटक* / 16

लोक-चेतना
- प्रो. मंजुला राणा / *कबीर की लोक व्याप्ति* / 35

इतिहास-चेतना
- डॉ. बिपिन कुमार ठाकुर / *संसद भवन में भित्तिलेख : वर्तमान प्रासंगिकता* / 44
- डॉ. प्रशान्त कुमार एवं डॉ. अजीत कुमार राव / *स्मृतिकालीन शिक्षा व्यवस्था (मनु एवं याज्ञवल्क्य स्मृति के विशेष संदर्भ में)* / 51

समाज-चेतना
- अरुणा त्रिपाठी / *'वैवाहिक दुष्कर्म'-एक गंभीर चिंतन एवं बहुपक्षीय विश्लेषण का विषय* / 58
- डॉ. पूजा सिंह / *समाज में बढ़ते वृद्धा आश्रम का जिम्मेदार कौन?* / 63

भाषा-चेतना
- डॉ. राजेश कुमार शर्मा / *आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना और राष्ट्रभाषा का प्रश्न* / 66

शोध-संसार
- देबश्री सिन्हा / *भक्तिकालीन साहित्य की पुनर्व्याख्या : मैनेजर पाण्डेय की आलोचना के संदर्भ में* / 72
- अरुण कुमार द्विवेदी / *संत अक्षर अनन्य का दार्शनिक चिन्तन* / 80
- सरिता कुमारी / *जयनंदन की कहानियों में मूल्यबोध* / 89
- अंजना कनौजिया / *मृदुला गर्ग का नारी-दृष्टिकोण* / 95
- डॉ. पोर्शिया सरकार / *स्वानुभूति का साहित्य : दलित साहित्य* / 101
- जीभवानी कुमार रजक एवं डॉ. रत्नेश विश्वक्सेन / *ओमप्रकाश वाल्मीकि के साहित्य में दलित चेतना* / 107
- बिन्दु डनसेना एवं डॉ. बी.एन. जागृत / *हिन्दी व्यंग्य उपन्यास परम्परा में आश्रितों का विद्रोह* / 114
- दीपमाला / *हिन्दी कविता में ग़ज़लों की स्थिति* / 120
- मंजू देवी / *सुरेश्वर त्रिपाठी की कहानियों में चित्रित ग्रामीण जीवन* / 127
- प्रो. प्रदीप श्रीधर एवं चारू अग्रवाल / *मृत्युबोध के परिप्रेक्ष्य में तेजेन्द्र शर्मा की प्रतिनिधि कहानियाँ* / 132
- डॉ. मीरा निचळे / *राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 : मातृभाषा और महात्मा गांधी का दृष्टिकोण* / 139
- गुरु सेवक सिंह / *21वीं सदी के उपन्यासों में चित्रित ग्रामीण परिवेश* / 143
- गीतांजलि कालरा / *जयशंकर प्रसाद व मोहन राकेश के नाटकों ....*/ 148

- डॉ. अचला पांडेय / **विस्थापित जीवन जीने का सजीव चित्रण : 'बसंती'** / 153
- मदन मोहन जोशी एवं दीपांकुर जोशी / **मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा में संवाद, नवाचार, और रचनात्मकता का अध्ययन : विशेष संदर्भ उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय** / 159
- डॉ. गरिमा त्रिपाठी / **प्रकृति के कवि : नागार्जुन** / 178

ENGLISH SECTION

Research Article

- Aduana Panmei and Dr. Sampreety Gogoi / **Assessing the menopause stress level among the post menopausal women of Imphal East and Imphal West, Manipur** / 183
- Ajay Kumar and Dr. Hemant Kumar Jha / **Human-Nature Interface in the works of Ernest Hemmingway and Ruskin Bond: An Ecocentric Study** / 190
- Gopira M.R. and Dr. J. Jayakumar / **Exploration of Identity and Modern Materialism in Kurt Vonnegut's *The Sirens of Titan*** / 197
- M. Kanagarajan and Dr. G. Keerthi / **The Social Difference in Rohinton Mistry's "A Fine Balance"** / 203
- S. Mercy Lourdes Latitia and Dr. J. Jayakumar / **Expedition for Distinctiveness in Shashi Deshphande's *That Long Silence* and Anne Tyler's *A Slipping-down Life*** / 210
- Mrs. A. Nevedhini and Dr. K. Ramachandran / **A Critical Study on Mahesh Dattani's Thirty Days in September** / 215
- Mrs S. Hema Malini and Dr S. Suganya / **Portrayal of Friendship in J.K Rowling's Harry Potter and The Chamber of Secrets** / 219
- Dr. Keerthi and D. Aruna Devi / **Gender discrimination and Subjugation in the Select Novels of Buchi Emecheta** / 225
- C. Chidambaram / **Sufferings, Miseries and Panics of Women in the Novels of Shashi Deshpande** / 231
- Ms. S. Lavanya and Dr. V. Sangeetha / **An Analysis of Lilith's Grief in Octavia Butler's *Dawn*** / 235
- G. Sriram and Dr. K. Ramachandran / **Eternal Search of Identity in Mordecai Richler's Novel Solomon Gursky was Here** / 241
- C. Krishnamoorthi and Dr. P. Kiruthika / **Apparition of a Working Class Man in Phillip Roth's *I Married a Communist*** / 247
- Chandra R. and Dr. P. Mythily / **Representation of Multi-culturalism in Yann Martel's *Life of Pi*** / 252
- Nithya M and Dr E. Kumar / **The Objective Outlook in J.M Coetzee's *Disgrace*** / 258

- R. Mythili and Dr. V. Suganthi / **Female Psyche's Quest for Liberation - From Subservience to Challenging Authority: Mahesh Dattani's "Bravely Fought the Queen"** / 262
- Dr. K. Ramachandran and R. Madhan / **Human entrapment due to Cultural Confrontation : A Study on Anita Desai's Novel Fasting Feasting** / 268
- Dr. G. Ruby and S. Raja / **The Idea of Psychological Consciousness of Beauty in Toni Morrison's *The Bluest Eye*** / 275
- Mrs. A. P. Nandhini and Dr. G. Ruby / **Traces of Sigmund Freud's Psychological Elements in the Characteristic Features of Arun Joshi's Protagonists** / 280
- Sima Nath / **Crisis of Dual Identity in Rita Chowdhury's *Chinatown Days*** / 286
- Radhika J. and Dr. T.S. Ramesh / **An Eco Spiritual Approach to Thakazhi Sivasankara Pillai's *Chemmeen*** / 292
- Montu Saikia and Dr. Manab Medhi / **Recasting Women in History: A comparative Study of Bernard Shaw's *Saint Joan* and Bhabendra Nath Saikia's *Amrapali*** / 298
- Bavatharani A. and Dr. T.S. Ramesh / **Intricate Delineation of Women–an Unhabitual Inquiry of Salma's the *Hour Past Midnight*** / 304
- Dr. Junti Boruah / **Reflections of Postcolonial Disorder in V.S Naipaul's *The Mimic Men*** / 310
- Projnya Paromita Kaushik / **An Evaluative Study of the Essay "On the Abolition of the English Department" by Ngugi Wa Thiong'o** / 316
- Dr Rakesh Chandra Rayal / **Social media &online education in Open and Distance learning** / 320
- Mini Srivastava, Prof. (Dr.) Arvind P. Bhanu and Prof. (Dr.) Ashwani Kr. Dubey / **Social Media Platforms–Assessment of the journey, trends and impacts** / 331
- Vardan Dikshit and Dr. Abhishek Upadhyay / **IOT technology impact in Real estate Market** / 338
- Dr Sekh Abdul Hakim / **Silence of the male poet and voice of the female poet: Seamus Heaney's *Punishment* and Mamta Kalia's *Tribute to Papa*** / 345
- Elangbam Priyokumar / **Rise of a Heroine: Puyanu in B.M. Maisnamba's *Ningthemnubi*** / 351
- Shilpa Rani / **Self: A Comparative Study of Laxminarayan Tripathi's *Me Hijra, Me Laxmi* and Living Smile Vidya's *I am Vidya....*** / 358

- Dr. T.S. Ramesh and P. Yogapriya / **Sleuthing and Disability: A Study on the Refashioned Gaze** / 364
- Thokchom Somorjit Singh and Dr. Laishram Thambal Singh / **Effect of Selected Drills on Sub-maximal Oxygen Consumption....** / 369
- S. Shanmugam and Dr. G. Keerthi / **Dominant Tradition and Socio-Cultural factors in Chirta Banerjee Divakaruni's The Mistress of Spices** / 375
- S. Rajaprabu and Dr. G. Keerthi / **Cultural Conflict in Chetan Bhagat's *2 States: The Story of My Marriage*** / 380
- Dr. Ph. Jayalaxmi / **Understanding Manipuri Women Writers and the Emerging Issues in their Writings** / 384
- Dr. Ramyabrata Chakraborty / **A Critical Perspective on the Development of Indian Nationalist Literature** / 392
- G. Gokula Nandhini and Dr. T. Alagarasan / **Cultural Identity and A Gastropolitical Study in M. G. Vassanji's *No New Land*** / 397
- Priyanka and Dr. Anu Shukla / **Consequences of Economic Power : A Study of the Selected Novels of Chitra Banerjee Divakaruni** / 405
- A. Akthar Parveen and Dr. P. Kumaresan / **"Fountain of Emotions in Female Voice"-An Analysis of Chitra Banerjee Divakaruni's....** / 412
- Anuja Koothottil and Dr. Jeevaratnam G / **Cross-Linguistic Influence in French phonology acquisition: Learning experiences of Malayalam speaking students in Coimbatore** / 417
- Partho Banerjee and Dr. Abhishek Upadhyay / **Digital Marketing....** / 425
- Pushkar Singh Bisht and Prof. Sophie Titus / **The comparative study among the Cricket and Basketball players on selected motor fitness components in Pithoragarh college students** / 432
- V. Senthil Nathan and Dr. N. Ramesh / **An Exploration of Generation Clash, Marital Disharmony and Family Conflict in Amit Chaudhuri's ....** / 443
- P. Kumar and Dr. K. Dharaniswari / **Quietness to Viceas Emergeda New Woman in Manju Kapur's Home** / 448
- Vidyasagar Maurya and Dr. Bharti Sharma / **Impact of remedial programme on basic mathematics skills of children with learning disabilities** / 454
- S. Nandhini and Dr. A. Kayalvizhi / **Flat and round characters in Shashi Deshpande's *The Dark Holds No Terrors*** / 460
- Deepak Kumar Kashyap and Dr. Anupama Saxena / **Women Empowerment through Elected Women Representatives in Panchayati Raj....** / 466
- Dr. Narendra Kumar, Dr. Sumita Ashri and Ms. Kiran / **A shift from Divinity to Mortality in the works of Amish Tripathi** / 471

संपादकीय

भारतीय ज्ञान परंपरा : सार्वभौमिक समरसता और समावेशी संतुलन का आधार

किसी भी समाज को समझने के लिए अथवा किसी भी समाज की परिकल्पना को समझने के लिए आपको उस राष्ट्र की बनावट और बुनावट को समझना होगा। यही मेटा फिजिक्स/तत्व मीमांसा हमें राष्ट्र की गहराई तक पहुंचाता है और यह स्पष्ट करने का प्रयास करता है कि राष्ट्रीय उद्भावनाओं के पड़ाव क्या हैं अर्थात स्वाधीनता, राष्ट्रीय बोध का जुड़ाव क्या है अर्थात संस्कृति,राष्ट्र का बौद्धिक विकास क्या है अर्थात शिक्षा और एक राष्ट्र कैसे निरंतर अपनी संस्कृति से जुड़ाव को बनाए रखती अर्थात समाज।

इसे समझने के लिए आवश्यक है कि हम लोग आधुनिक भारत को समझें। भारत को समझने के लिए इसके जीवन पद्धति को समझना होगा और जीवन पद्धति को समझने के लिए प्राचीन भारत की जीवन पद्धति के साथ-साथ भविष्य के जीवन पद्धति का भी आकलन करना होगा। इसी आकलन में शिक्षा, संस्कृति, समाज, राष्ट्रीयता, राष्ट्रवाद, धर्म, जागरण, आस्था, अनास्था, परंपरा, त्यौहार सब समाहित हैं।

किसी भी राष्ट्र के लिए ये संभव नहीं है कि उसके समस्त नागरिकों की मानवीय चेतना एकरूप मानवीय चेतना से ओतप्रोत हो, एक रंग में रंगे हो और एक तरह के दृष्टिकोण से सोचें। यही राष्ट्र के तत्व मीमांसा की मूल अवधारणा है। यही सोच की प्रक्रिया हमारी संस्कृतियों का निर्माण करती हैं और हमारी भाषाओं का संरक्षण करती हैं। हमारी साहित्यिक विकास यात्रा की साक्षी बनती हैं और हमें हमारे सनातन मानवीय मूल्यों से जोड़ कर रखती हैं।

इस संपादकीय के माध्यम से भारत की प्रवृत्ति को समझने का एक प्रयत्न है। जैसा कि मैंने कहा कि किसी भी राष्ट्र के तत्व मीमांसा की चर्चा में अनेक बिंदु उपस्थित होते हैं परंतु आज हम लोग इस राष्ट्र मीमांसा में शिक्षा, संस्कृति और समाज की बात करेंगे।

शिक्षा क्या है, शिक्षा की परिभाषा क्या है और शिक्षक कौन है... ? शिक्षा सीखने की सुविधा, या ज्ञान, कौशल, मूल्यों, विश्वासों और आदतों के अधिग्रहण की प्रक्रिया है। शिक्षा ही वह

प्रकल्प है जो मानव विकास का मूल साधन है। शिक्षा के द्वारा मनुष्य को जन्मजात शक्तियों का विकास, उसके ज्ञान एवं कला कौशल में वृद्धि तथा व्यवहार में परिवर्तन और परिष्कार करना सीखता है जिससे एक सभ्य सुसंस्कृत योग्य नागरिक का निर्माण हो सके। शिक्षा औपचारिक या अनौपचारिक दोनों रूप में हो सकती है। कोई भी अनुभव जो किसी व्यक्ति, समाज या राष्ट्र को सोचने, महसूस करने या कार्य करने के विधि पर रचनात्मक प्रभाव डालता है, उसे शैक्षिक माना जा सकता है। एक व्यक्ति जो छात्रों को ज्ञान योग्यता या गुण प्राप्त करने में मदद करता है तथा औपचारिक शिक्षा के संदर्भ में दूसरों को पढ़ाने के लिए जैसे विद्यालय, महाविद्याल, विश्वविद्यालय की मुख्य भूमिका में रहता है को हम शिक्षक कहते हैं।

संक्षेप में कहें तो 'जो शिष्य के मन में सीखने की अधिगम जिज्ञासा को जागृत करते वह शिक्षक है।' इसी योग्य नागरिक के निर्माण में समाज और संस्कृति की मूल अवधारणा छुपी हुई है जिसकी बात हम लोग आगे करेंगे। यहां हमने यह जान लिया हैं कि शिक्षक कौन होता है? अब हम जान लेते है शिक्षक कैसा होता है?

भगवद्गीता में भगवान कृष्ण बताते हैं कि एक नायक / शिक्षक / नेता का चरित्र उसकी छवि से अधिक महत्वपूर्ण क्यों है।

यत् यत् आचरति श्रेष्ठ, तत् तत् एव इतरो जनः।

स यत् प्रमाणं कुरुते, लोकः तत् अनुवर्तते॥ -श्रीमद्भगवद्गीता-3/21

अर्थात महापुरुष के कार्यों का दैनिक जीवन के सभी संदर्भ में सामान्य मनुष्य द्वारा अनुकरण किया जाता है। आम लोग उन्हीं मानकों का अनुसरण करते हैं जो उन्होंने अपने अनुकरणीय व्यवहार के माध्यम से निर्धारित किए हैं। परिणामस्वरूप, समाज के प्रत्येक शिक्षक को ऊपर बताए गए तथ्यों को ध्यान में रखना चाहिए और उसके अनुसार कार्य करना चाहिए। इसीलिए, एक शिक्षक को 'आचार्य' कहा जाता है।

विवेकः सह संयुत्या विनयो विद्यया सह। प्रभुत्वं प्रश्रयोपेतम्, चिह्व मेतत् महात्मनाम्॥

अर्थ-कुशल और विचारशील अभिव्यक्ति के साथ बुद्धि / विनम्रता के साथ शिक्षा / शिष्टाचार के साथ नेतृत्व-ये महान लोगों की विशेषताएं हैं जो जीवन में प्रशंसा और सफलता प्राप्त करते हैं।

शिक्षा के बाद दूसरा शब्द है संस्कृति। भारतीय काल गणना के अनुसार पृथ्वी की उत्पत्ति को एक अरब 97 करोड़ 29 लाख 49 हजार 129 वर्ष बताते हैं। भारत के सभी पारंपरिक पंचांगो में कल्पादि तथा सृष्टयादि के नाम से इन्हीं गणनाओं का उल्लेख भी किया जाता है। जैविक उत्पत्ति के विषय को स्पष्ट करते हुए ऋग्वेद में यह कहा गया है कि सूर्य उत्पादनकर्ता पिता है और पृथ्वी गर्भधारण की सामर्थ्य वाली माता है । इसी संदर्भ को और

अधिक स्पष्ट करते हुए ऋग्वेद का मंत्र कहता है कि तीन तत्व यानी पृथ्वी, जल और वायु प्राणी को माता यानी पृथ्वी से प्राप्त होते हैं तथा अग्नि आकाश और प्राण नामक तीन तत्व उसे पिता यानी सूर्य से मिलते हैं।

यही नहीं बल्कि जैमिनीय ब्राह्मण में उल्लेख है कि सूर्य रश्मिया द्वारा आंतरिक्ष्य सोम के भेदन से जो छींटे पृथ्वी पर गिरे वही औषधियों के रूप में उग आए। मैत्रेयी संहिता में भी लगभग इसी प्रकार से व्याख्या की गई है कि लोमरहित पृथ्वी पर देवों अर्थात प्राकृतिक शक्तियों ने रोहिणी के सहयोग से विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों को प्रत्यारोपित किया था। इस प्रकार वैदिक वांग्मय की उपयुक्त संदर्भों के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि परमेष्ठी मंडल अर्थात आकाशगंगा से निर्बाध रूप से स्रुत / निर्झरित अंतरिक्ष सोम की आद्रता में निवेश उर्वरा तत्वों से ही पृथ्वी पर वनस्पति और जीवन की उत्पत्ति हुई है।

मेरा यहां यह बताना सिर्फ उस चेतना की ओर आप को लेकर जाना है जिसे हम भारतीय ज्ञान संपदा कहते हैं। भारतीय ज्ञान संपदा के मूल को समझे बिना भारत की संस्कृति को समझना लगभग असंभव है। यही भूल हम लोग अब तक करते आए हैं। पृथ्वी का अचेतन सृष्टि के रूप में अगर हम कल्पना करें तो न संस्कृति है न मनुष्य। लेकिन अगर हम पृथ्वी को एक चेतनसृष्टि के रूप में देखें तो आप पाएंगे कि पादप से लेकर कीटसृष्टि, क्रीमीसृष्टि, पशुसृष्टि, पक्षीसृष्टि से होते हुए हम लोग मनुष्यसृष्टि की ओर बढ़ जाते हैं। सृष्टि में मनुष्यसृष्टि का अगर अनंत काल से सर्वांगीण विकास कहीं देखने को मिलता है तो वह भारतवर्ष ही है। अब भारतवर्ष क्या है? विष्णु पुराण में कहा गया है-

उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमाद्रेश्चौव दक्षिणम्। वर्षं तद्‌भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः॥

भारत को समझे बिना भारत की संस्कृति को नहीं समझा जा सकता और भारत की संस्कृति को समझने के लिए इसकी सनातन ज्ञान परंपरा को समझना अत्यंत आवश्यक है। कालांतर में 'यत्र विश्वं भावत्येकनीडम' की आत्मवृत्त भावनाओं से अभिप्रेरित होकर अपने उद्देश पूर्ण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपनाए गए 'चरैवेति चरैवेति' और 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत के अनुरूप संस्कारित भारतवंशियों का समूह पश्चिम व पूरब के समशीतोष्ण जलवायु वाले भूमि पर फैल गए। वशिष्ठ स्मृति के अनुसार रंग-रूप, आकृति-प्रकृति, सभ्यता-शिष्टता, धर्म कर्म, ज्ञान विज्ञान, आचार विचार एवं शील स्वभाव में सर्वश्रेष्ठ मानव को ही भारतवंशी कहा कहा गया है। संस्कृति को समझने के लिए भारतीय परंपराओं को समझना पड़ेगा और भारतीय परंपरा के अनुसार वेद शब्दब्रह्म है अर्थात ब्रह्म का शब्दमय स्वरूप है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद हमारी संस्कृति के चार स्तंभ है। यहां मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि जो लोग इसे धर्म समझते हैं उन्हें धर्म से ऊपर अध्यात्म के दृष्टिकोण से इसे देखना होगा तभी वह वेद और वेदांग समझ सकेंगे।

हमारे वेदों की आधिभौतिक, आधिदैविक तथा आध्यात्मिक तीनों प्रकार से व्याख्या की जा सकती है इसके उपरांत ही वेदों में ज्ञान कर्म और उपासना यह तीनों विषय हम समझ पाएंगे और इसी के आधार पर वेद को त्रयी विधा कहा जाता है।

प्राचीन भारतीय संस्कृति, सभ्यता, विशाल बौद्धिक संपदा, जीवन दृष्टि, जीवन शैली, मनसा वाचा कर्मणा, व्यवहार एवं सामाजिक, राजनीतिक, आध्यात्मिक व्यवस्था जो हजारों वर्षों से निरंतर जीवंत तथा प्रगतिशील बनी हुई है का स्रोत हमारी सनातन ज्ञान परंपरा में ही निहित हैं। यही हमारी वैश्विक दृष्टि है, और इसी दृष्टि में वैश्विक दर्शन, वैश्विक सत्य और तात्विक अभिव्यक्ति तथा एकत्व के स्वरूप का ज्ञान छिपा है। यही हमारी संस्कृति है। यही हमारी उपलब्धि है हम सार्वभौमिक समरसता की बात करते हैं हम समावेशी संतुलन की बात करते हैं और हम संस्कार के साथ मनुष्य को मूल्य बोध से अवगत कराने की बात करते हैं। वर्तमान में जहां सभी वस्तुओं के और सभी व्यक्तियों के मूल्य के अनुरूप उनकी गरिमा का निर्धारण किया जाता है वही हम भारतीय सनातन काल से ही स्वयं को मूल्यबोध के साथ मनुष्य के निर्मिती की व्यवस्था के उद्घोषक रहे हैं।

मूल्यबोध के साथ मनुष्य के निर्मिति की व्यवस्था ही समाज है। वर्तमान में हमने इन सभी बातों को विस्मृत कर दिया है और अपनी सुविधा के अनुसार, अपने हित के अनुसार, अपने स्वार्थ के अनुसार संस्कृति को परिभाषित कर रहे हैं। संक्षेप में हम कह सकते हैं कि भारतीय जहां भी रहे उन्होंने एक नए तरह के वातावरण का निर्माण किया चाहे परिस्थितियां उनके अनुकूल रही हो अथवा प्रतिकूल विशेषकर भारतीय जीवन पद्धति जिसे हम हिंदू जीवन पद्धति कहते हैं के दृष्टिकोण से देखें तो।

वैश्विक परिस्थितियों के साथ सामंजस्य और विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य के साथ अपनी संस्कृति के संरक्षण की जो गहन अनुभूति है उसी में समरसता का सिद्धांत निहित हैं। मूलतः भारतीय धार्मिक न होकर अध्यात्मिक होते धर्म और अध्यात्म का मूलभूत अंतर कहीं सबसे सुस्पष्ट देखने को मिलता है तो वह भारत ही है।

विश्व के किसी अन्य संस्कृतियों में अगर आप बात करें तो विशेषकर यूरोप और अमेरिका के संदर्भ में उनके पास ऐसा कुछ भी नहीं है कि प्राचीन संस्कृति में ऐसा होता था वह बता सकें। उन्हें भाषा से लेकर के कला तक जिसकी भी बात करनी हो किसी और पर आश्रित रहना होता है अथवा हजार दो हजार साल का इतिहास ही उनके पास संपूर्ण वांग्मय का इतिहास है। वहीं दूसरी तरफ देखे तो भारत का इतिहास जितना प्राचीन है, सनातन है उतना ही आधुनिक भी।

यही कारण है कि हमारी संस्कृति सनातन संस्कृति है जिसमें धर्म की अच्छी बुरी बातों से ऊपर उठकर व्यक्ति को अध्यात्म के मार्ग पर ले जाने का प्रयास है, चेष्टा है सत्कर्म है। इसलिए भारत की संस्कृति एक गहन अध्यात्मिक संस्कृति है।

आइए भारत की संस्कृति को स्वतंत्रता के पश्चात स्वतंत्र दृष्टिकोण से देखते हैं-अगर इसे हम उपनिवेशवादी चिंतन के परिपेक्ष में देखें के आधार पर यह कहा जा सकता है कि भारत की सनातन संस्कृति तार्किक भाववाद के रूप में स्वयं को स्थापित करती है। यह भाववाद ही संवेदना का विज्ञान है और मनुष्यता की कसौटी। उपनिवेशवादी चिंतन की चर्चा इसलिए मैं कर रहा हूं क्योंकि भारत का मध्यकालीन इतिहास और भारत का आधुनिक इतिहास कहीं न कहीं इस औपनिवेशिक संस्कृति से प्रभावित रहा है।

आइए मूल बिंदु पर आ जाते हैं और भाववादी विज्ञान क्या है इसे समझ लेते हैं। भारत में दो तरह के भाववाद का प्रचलन रहा है।

पहला शास्त्र कला और दूसरा लोक कला। संस्कृति के निर्माण में शास्त्र कला और लोक कला के बीच जो अंतर क्रिया हुई है जो सामंजस्य बना है और उससे जो प्रतिक्रियाएं हुई हैं उसे ही हम आज जीवित, जागृत, प्रतिष्ठित, पुनर्स्थापित और परिष्कृत करने के लिए प्रयासरत हैं। यही भारत के समाज की चैतन्य दृष्टि है।

अर्थात भारतीय वांग्मय की समस्त चेतना, शास्त्र और लोक कला की परंपराओं में निहित रही है। शास्त्र भी परंपरा के रूप में और लोक भी एक परंपरा के रूप में हमने स्थापित किया है। इसी के अंतर्गत वह संपूर्ण वांग्मय आ जाता है जिसकी हम लोग चर्चा कर रहे हैं इसे ही हम भारतीयता कहते हैं और कई अर्थों में राष्ट्रीयता भी कहते हैं। स्वाध्याय का माध्यम हो, शोध का माध्यम हो, दृश्य कलाए हो, नाट्य कला एवं लोक कलाएं हो, या फिर विविध पारंपरिक त्यौहार की कलाएं सभी मिलकर एक वृहद वांग्मय का निर्माण करती हैं जिसे हम भारतीय सनातन संस्कृति या भारतीय सनातन प्रवृत्ति कहते हैं। आज भी यही हमारे समाज का मूल आधार है।

स्वतंत्रता के अमृत काल में स्वाधीन भारत के विविध रंगों में स्वाधीनता के बाद भारतवर्ष की उन्नति, उत्थान और उत्कर्ष की विमाओं (dimensions) को ज्ञान-विज्ञान, कौशल-तकनीक, साधन-संसाधन, आयोजन-क्रियान्वयन के क्षेत्र-परिक्षेत्रों में विस्तीर्ण रंगों के माध्यम से देखने का प्रयास आभासित होता है। आशा-प्रत्याशा और उपलब्धियों के भारी विरोधाभास की भारतीय मनोदशा शोध का विषय है।

हम आज पूरे स्वाभिमान, आत्मविश्वास के साथ यह कहने की स्थिति में है कि अवसाद पूर्णतः तिरोहित हो चुका है। विश्वमंडल के गगनांचल पर भारतवर्ष के अमृत महोत्सव से छिटकी अमृत बूँदों से एक सप्तवर्णी इन्द्रधनुष की छटा बिखरती है जिसमें भारत की सतरंगी मुस्कान दिग्दिगंत को उत्साहित कर रही है और करती रहेगी। इस इंद्रधनु में पहला रंग आत्मनिर्भरता का है। आजादी के बढते वर्षों के साथ हमारी आत्मनिर्भरता बढ रही है। विश्व के बाजार में भारत की भूमिका हस्तक्षेपकारी है। दूसरा रंग नेतृत्व का है। विश्व के शक्तिशाली देश भारत को सहगामी अथवा नेतृत्वकारी भूमिका में देखने के लिए चाहे-अनचाहे तत्पर हैं। तीसरा

रंग विश्व-शांति की मंगलकामना से भारत की उदात्त छवि और आभिजात्य को चमकाता है। चौथा रंग सेवा, त्याग और समर्पण-सद्‌भाव के सद्‌गुणों का है। (कोरोना जैसी वैश्विक महाआपदा में भारत का यह गुण संपूर्ण विश्व के सामने आया। आपदा से लडने तथा दूसरे देशों को संबल प्रदान करने में हम सबसे अग्रिम पंक्ति में खड़े रहे।) पाँचवा रंग मानवीय संसाधनों की प्रचुरता, और गुणवत्ता का है। विश्व के प्राय: प्रत्येक देश में भारतीय बौद्धिकता अपना प्रकाशवान रंग बिखेर रही है। छठा रंग हमारी अद्‌भुत समन्वयशीलता से बनता है। हम डिजिटल तकनीक और पुरातन संस्कृति दोनों के अद्‌भुत संतुलन के साथ अस्तित्वमान हैं। सातवाँ रंग है हमारी निरंतरता, गतिमानता। एक उपलब्धि की प्राप्ति अगली उपलब्धि के लिए हमें और दूने वेग से तैयार कर देती है।

मैंने जिन सात रंगों की चर्चा की यह भारत के वह स्थाई रंग हैं जो विविधता में एकता को हर काल में परिभाषित करते आये हैं। इस संपूर्ण वांग्मय को इंद्रधनुष के सात रंगों की तरह समझना चाहिए। सभी रंग स्वयं में संपूर्ण है और अपनी एक पहचान और सौंदर्य रखते हैं परंतु इंद्रधनुष की निर्मिती तो तभी हो सकती है न जब विशेष सात रंग अपने अपने सौंदर्य और पूर्ण प्रज्ञा के साथ एक साथ आ जाए।

रंगों का एक साथ आ जाना ही इंद्रधनुष का निर्माण हैं बिल्कुल वैसे ही भारतीय सनातन संस्कृति के उन सभी अंगों को मिलाने पर ही भारतीय वांग्मय का निर्माण होता है। यही अंत: प्रज्ञा हमें विश्व के अन्य संस्कृतियों से अन्य समाजों से श्रेष्ठ, संतुलित, समरस, और सुचिंतित बनाता है। ऐसा इसलिए संभव हुआ है क्योंकि भारतीय जीवन पद्धति धर्म से विच्छिन होते हुए भी अध्यात्म के आधारभूत ढांचे पर चलती है। यही समावेशी और समरसता का सिद्धांत है जो हम आने वाले विश्व को और स्वयं अपने देश के नागरिकों को बताना चाहते हैं समझाना चाहते हैं।

यही नवभारत की चिंतन है। यही नवभारत को समझाना है और यही नवाचार का मूल स्रोत है। नवाचार की चिंता नवभारत के निर्माण के लिए आवश्यक है कि जीवन दृष्टि का विकास संतुलित, समरसता पूर्वक और समावेशी हो।

यह भारत के अतीत की चिंता नहीं है बल्कि यह भारत के वर्तमान की चिंता है और भारत के भविष्य को संवारने की चिंता है। हम सब जानते हैं कि जीवनदृष्टि के विकास के के लिए ज्ञान की आवश्यकता होती है। ज्ञान के दो चरण होते हैं–

पहला दर्शन और दूसरा इतिहास। पहले चरण यानी दर्शन पर मैंने बहुत सारी बातें कहीं हैं परंतु इतिहास की बातें हम सब जानते हैं कि किस प्रकार भारतीय शिक्षा पद्धति को नष्ट कर देने की रणनीति बनाई गई और कैसे मुगलों ने तथा उसके बाद अंग्रेजों ने भारतीय ज्ञान परंपरा को भारतीय समाज से दूर कर दिया। स्वतंत्रता के पश्चात शिक्षा संस्कृति और समाज तीनों को राजनीतिक दलों ने अपने अपने हिसाब से अपने अपने हितों का संरक्षण करते हुए परिभाषित

किया। 'दर्शन किसी भी समाज के तत्व ज्ञान का बोध कराता है वही तत्वज्ञान की प्रामाणिकता को हम इतिहास कहते हैं', और हमारा इतिहास कितना शुद्ध और सत्य है हम सब जानते हैं। ज्ञान इन्हीं दोनों विषयों से मिलकर जीवनदृष्टि का निर्माण होता है जिसमें नवाचार के लिए हम नए नियमों का प्रतिपादन करते हैं।

नए अन्वेषण करते हैं शोध करते हैं, और स्वयं को और अधिक सुसंस्कृत, शक्तिशाली, समावेशी समाज बनाने का प्रयत्न करते हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं की स्वतंत्र भारत में ऐसे शिक्षा पद्धति के निर्माण की आवश्यकता थी। ऐसे ही एक समावेशी शिक्षा परिकल्पना और पद्धति को 2020 में हम सब ने स्वीकार किया है, अंगीकार किया है राष्ट्रीय शिक्षा नीति के रूप में। निश्चित रूप में स्वतंत्रता के पश्चात अनेक शिक्षा नीतियां हमारे बीच में आईं, अनेक ज्ञान आयोग का गठन किया गया। परंतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में जो प्रावधान किए गए हैं वह अभूतपूर्व हैं और ऐतिहासिक हैं।

भारत को जिस समावेशी शिक्षा उसकी भाषा में देने की आवश्यकता थी वह स्थिति के अंतर्गत दिखाई पड़ती है और मनुष्यता की अंतर्निहित पूर्णता को अभिव्यक्त करने की इच्छा रखती है। कौशल विकास जैसे भारतीय सनातन प्रवृत्ति को पुन: जागृत करने का प्रयास निश्चित रूप से आत्मनिर्भर भारत की ओर एक सक्षम कदम के रूप में देखा जाएगा। वैसे भी कहा जाता है 'स: विद्या या विमुक्तये' शिक्षा वह है जो मुक्ति दिलाए। यहां मुक्ति का अर्थ मृत्यु से नहीं है बल्कि मुक्ति का अर्थ अपने कुविचारों, अपने कुसंस्कारों से मुक्ति का है। लोभ से मुक्ति का है, भ्रष्टाचार से मुक्ति का है। अनुशासनहीनता से मुक्ति का है। अर्थात राष्ट्रीय शिक्षा नीति निश्चित रूप से प्रारंभिक शिक्षा को हमारी मातृभाषा में प्रदान करके हमारी अंत: शक्तियों का वह जीवन के साथ समन्वय बनाने में सफल रहेगी। इसी शिक्षित समाज से हमारे सनातन, समकालीन और भविष्य की संस्कृतियों निर्मित और सुरक्षित रहेगी। परिष्कृत और प्रतिष्ठित होती रहेंगी। संस्कारित और संतुलित रहेंगी। यही संस्कार, यही संतुलन, यही परिष्कार और यही प्रतिष्ठा जो हमें शिक्षा के माध्यम से प्राप्त होगी से हम एक समरस समाज के निर्माण में अपना योगदान दे पाएंगे।

इति!

जय भारत जय भारती।

–**डॉ. आशीष कंधवे**
+91–9811184393

हिंदी दिवस
14 सितम्बर, 2022
नई दिल्ली

नवजागरण, स्त्री चेतना और रवीन्द्रनाथ टैगोर के नाटक

—प्रो. ज्ञानतोष कुमार झा

हिंदी के प्रसिद्ध आलोचक डॉ. रामविलास शर्मा भारतीय नवजागरण को इतिहास के विकास की एक लम्बी प्रकिया का परिणाम मानते हैं। इसकी शुरुआत वे हिंदी साहित्य के भक्तिकाल से ही मनाते हैं जो क्रमशः ब्रिटिश शासन से टकराता हुआ बीसवीं शताब्दी में अपने चरम विकास को प्राप्त करता है।

इस शोधालेख में सामान्य रूप से नवजागरण को यूरोपीय तथा भारतीय परिप्रेक्ष्य में परिभाषित करते हुए नवजागरण सम्बन्धी रवीन्द्रनाथ टैगोर की मान्यताओं को स्पष्ट किया जाएगा। नवजागरण के प्रभाव से भारत में स्त्री चेतना के स्वरूप को संक्षेप में परिलक्षित किया जाएगा. इसी क्रम में स्त्री चेतना सम्बन्धी रवीन्द्रनाथ टैगोर के तीन महत्त्वपूर्ण नाटकों के प्रकाश में उसमें अभिव्यक्त स्त्री चेतना का वर्णन अथवा विश्लेषण किया जाएगा. शोध प्रविधि के तौर पर तुलनात्मक और विश्लेष्णात्मक दृष्टि का प्रयोग किया जाएगा।

नवजागरण का स्वरूप यूरोपीय और भारतीय परिप्रेक्ष्य

पश्चिम में नवजागरण के उदय से पहले (चौदहवीं-पंद्रहवीं शताब्दी) के समय को अंधकार काल के रूप में देखा जाता है जहां सामंतवाद और चर्च के गठजोड़ ने पश्चिमी समाज को रूढ़िग्रस्त और जड़ बना दिया था। पूरा यूरोप बर्बरता का शिकार हो निरंतर युद्ध से जूझता रहता था। यूरोप में नवजागरण इसी बर्बरता और अंधकार की कोख से पैदा हुई नयी चेतना का नाम था। यहाँ नवजागरण शब्द 'रेनेसाँ' के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। वैसे तो हिंदी में 'रेनेसाँ' के लिए 'पुनर्जागरण' शब्द का भी प्रयोग किया जाता है, लेकिन यह शब्द मानवीय चिंतन की निरंतरता और सामाजिक सांस्कृतिक क्षेत्र में होने वाले नये-नये परिवर्तन को पूर्णतः संबोधित नहीं कर पाता है। इसलिए परिवर्तन अथवा बदलाव के नित नयेपन की वजह से इसे नवजागरण कहना ही ज्यादा अनुकूल है। भारत में ऐतिहासिक विकास के क्रम में अठारहवीं और उन्नीसवीं सदी के दौरान इस नवजागरण का आरम्भ और विकास होता है। बीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध में इसका चरम विकास देखने को मिलता है।

भारतीय और यूरोपीय नवजागरण का स्वरूप एक जैसा नहीं है। इसका कारण भिन्न भौगोलिक परिवेश तथा अलग तरह की देशकाल और परिस्थितियां हैं। यही कारण है कि

भारतीय नवजागरण की चेतना के विकास में यूरोपीय नवजागरण सम्बन्धी चेतना की व्यापक दृष्टि दिखाई पड़ती है।नवजागरण का मुख्य कार्य समाज में तर्कपरक दृष्टिकोण का विकास करना तथा स्वतंत्रता और समानता के लक्ष्य को प्राप्त करने की कोशिश करना रहा है। आज पूरी दुनियां में जहाँ भी मानवीय आदर्शों की रक्षा की लड़ाई और लोकतान्त्रिक मूल्यों की रक्षा का संघर्ष चल रहा है वह इसी नवजागरण की अधूरी परियोजना को पूरा करने का एक प्रयास माना जा सकता है।

बुद्धि और सौन्दर्य सम्बन्धी जागरण की तथा धर्मनिरपेक्ष संस्कृति की एक लहर है जिसका उद्‌भव संभवतः चौदहवीं सदी में इटली में हुआ। वह पंद्रहवीं सदी के उत्तरार्द्ध और सोलहवीं सदी के पूर्वार्द्ध में इटली में चरम विकास को प्राप्त हुई। बाद के दिनों में फ्रांस, जर्मनी, स्पेन और इंग्लैण्ड में उसका उत्थान और पतन हुआ।2 आरंभिक दौर में पश्चिम में नवजागरण को बौद्धिक और सौन्दर्य सम्बन्धी नवीन सर्जनात्मक दृष्टि के रूप में देखा गया। समय-समय पर इसका अर्थ परिवर्तित होता रहा। सोलहवीं शताब्दी के इटली का बौद्धिक समाज इस आन्दोलन को 'रिनैसिमेंटो' अथवा क्लासिकी भाषाओं और साहित्य का पुनर्जन्म कहता था।3 विद्या या कला के क्षेत्र में इस "पुनुरुत्थान की परिकल्पना मध्ययुग और आधुनिक काल को अलग करने के लिए किया गया था।4 अठारहवीं शताब्दी में नवजागरण को 'प्रकाश' के अर्थ में लिया गया-'मध्ययुग के बर्बर अन्धकार में प्रकाश'5 इस सन्दर्भ में हेनरी एस। लुकाच का मानना था "अठारहवीं शताब्दी के दार्शनिक धर्म प्रदर्शित करने और चर्च स्थापित करने के विरोधी थे। वे धर्म सिद्धांतों से नफ़रत करते थे और संस्कृति के उन रूपों की निंदा करते थे जो धार्मिक असर पैदा करते थे। वे मध्ययुग को विश्वास और अन्धविश्वास के एक काल के रूप में समझते थे जिसे नवजागरण के प्रकाश में ख़त्म होना था।"6 उन्नीसवीं शताब्दी के रोमांटिक आन्दोलन के साथ एक नया परिवर्तन हुआ। रोमांटिक आन्दोलन ने अपने पूर्ववर्तियों के बुद्धिवाद का तीव्र विरोध करते हुए 'मनोभाव' और 'अनुभूति' को जगह दी। लुकाच ने स्वच्छन्दतावाद के सन्दर्भ में हुए इस बदलाव को रेखांकित करते हुए लिखा है कि, "वे (स्वच्छन्दतावादी) ऐतिहासिक प्रक्रिया में विश्वास रखते थे और विशेषतः धर्म और संस्थाओं के ऐतिहासिक उद्‌गम में रूचि लेते थे। वे प्रायः मध्ययुग में गहन रूचि प्रदर्शित करते थे।"7 फ्रेडरिक बी. अर्त्ज ने अपनी पुस्तक 'फ्रॉम द रिनेसांस टू रोमांटिसिज्म' में नयी चेतना से युक्त इस स्वच्छन्दतावाद को परिभाषित करते हुए और उसकी विचारगत विशिष्टता को चिह्नित करते हुए लिखा है, "तर्क के विरुद्ध भाव, कृत्रिमता के विरुद्ध प्रकृति, जटिलता के विरुद्ध सहजता और संशयवाद के विरुद्ध विश्वास की प्रक्रिया का प्रतिनिधित्व ही स्वच्छन्दतावाद है।"8 जिसकी बुद्धिवाद की तरह मानवीय स्वतंत्रता की समस्या में गहरी रूचि थी। लुकाच स्वच्छन्दतावाद के उद्‌भव के साथ नवजागरण की चेतना में आये परिवर्तन और विकास की बात करते हुए लिखते हैं, "इसी बिंदु से रोमांटिक इतिहासकारों ने नवजागरण को एक ऐसे युग के रूप में देखा जो मानव जाति को मध्यकालीन धर्म सिद्धांत और अन्धविश्वास के तथाकथित अत्याचार से मुक्त करता था।"9 इस बात को और स्पष्टता से रखते हुए जैकब बुकहार्ट ने अपनी पुस्तक 'इटली की सभ्यता का नवजागरण' (1869) में नवजागरण को

मध्ययुग के विरोधी के रूप में और एक महान सांस्कृतिक रूपांतरण के रूप में व्याख्यायित किया है और उसके प्रमुख लक्षण के रूप में "व्यक्तिवाद, पुरातनता का पुनुरुत्थान तथा संसार और मनुष्य की नयी खोज" चिह्नित किया है।10 फ्रेडरिक एंगेल्स ने आधुनिक काल की शुरुआत करने वाले इस महान आन्दोलन को सामाजिक और ऐतिहासिक विकास के ठोस आधार से जोड़कर देखा। उनके अनुसार "जिसे हम जर्मन अपने ऊपर आई उस समय की राष्ट्रीय विपदा के नाम पर धर्म सुधार काल कहते हैं और फ्रांसिसी लोग पुनर्जागरण काल तथा इतावली लोग चिन्क्वेचेंटो कहते हैं.....उसमें राजशाही ने नगरों के बर्गरों के समर्थन से सामंती आभिजात वर्ग की सत्ता चूर कर दी और राष्ट्रीयता पर आधारित उन महान राजतंत्रों की स्थापना की जिसके अंतर्गत आधुनिक यूरोपीय राष्ट्र और आधुनिक पूंजीवाद विकसित हुए।"11 हंगरी के दार्शनिक और न्यू स्कूल फॉर सोशल रिसर्च, के प्रोफ़ेसर रहे आग्नेस हेलर ने यूरोपीय परिप्रेक्ष्य में नवजागरण को उसकी सम्पूर्णता में समेटते हुए लिखा है "नवजागरण सामंतवाद से पूंजीवाद के संक्रमण की दीर्घकालिक प्रक्रिया का आवेग था।एंगेल्स ने ठीक ही इसे एक 'आन्दोलन' कहा है। रूपांतरण की इस प्रक्रिया में एक समूची सामाजिक और आर्थिक संरचना, मूल्यों की सम्पूर्ण व्यवस्था और जीवन जीने का तरीका डगमगा गया। सब कुछ अस्थिर सा लगने लगा, अविश्वसनीय रफ़्तार से सामाजिक क्रांतियाँ परस्पर सफल हुई। सामाजिक और धार्मिक स्थापित तंत्र में 'ऊँचे' और 'नीचे' के लोगों के स्थान तेजी से बदले।"12 इस तरह कह सकते हैं कि यूरोपीय नवजागरण सदियों लम्बा चलने वाला एक ऐसा परिवर्तनकारी आन्दोलन था जिसने व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के स्तर पर समग्रता में परिवर्तन का आह्वान किया तथा अनुभव, बुद्धिवाद और वैज्ञानिकता के आधार पर मनुष्यता की नयी परिभाषा गढ़ने की कोशिश की। नवीन मानवीय सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को जन्म दिया। इसने समाज एवं राष्ट्र को न सिर्फ बाहरी तौर पर बदला बल्कि आंतरिक रूप से भी व्यापक बदलाव का मार्ग प्रशस्त किया। सत्रहवीं शताब्दी में आधुनिक चेतना, वैज्ञानिक बुद्धि तथा राजनीतिक और आर्थिक ताकत से लैस यही यूरोपीय शक्तियां जब अपने वैश्विक विस्तार के लिए भारतीय उपमहाद्वीप में प्रवेश करती हैं तो यहाँ भी राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर एक खलबली पैदा होती है।सत्रहवीं सदी के उत्तरार्द्ध से इसके स्पष्ट संकेत मिलते हैं और अठारहवीं सदी के पूर्वार्द्ध में परिवर्तन की एक लहर चल पड़ती है।

भारत में अंग्रेजों के आगमन और सत्रहवीं शताब्दी में धीरे-धीरे भारत की राजनीतिक सत्ता पर उनके कब्जे से सबसे पहले भारत की राजनीतिक संरचना में परिवर्तन होता है। सन 1757 ई. के प्लासी के युद्ध से लेकर सन 1857 ई. की क्रांति तक आते-आते अंग्रेज पूरी तरह से भारत की राजनीतिक व्यवस्था को अपनी अधीनता में ले लेते हैं।भारत की पिछड़ी और बिखरी हुई राजनीतिक ताकतों और उस समय के अदूरदर्शी नेतृत्व के कारण वे इसे अपना उपनिवेश बनाने में सफल हो जाते हैं। अंग्रेजों का यह प्रभुत्व सबसे पहले बंगाल पर स्थापित होता है और फिर आगे चलकर उनकी सत्ता सम्पूर्ण भारत में फ़ैल जाती है। अंग्रेजों की सत्ता स्थापित होने के बाद भारत की सम्पूर्ण राजनीतिक और आर्थिक प्रणाली बदलने लगती है। एक कानून के शासन के

तहत भारत एक वृहद् राजनीतिक इकाई के रूप में पुनर्संगठित होता है। परंपरागत कृषि अर्थव्यवस्था के समानांतर एक नयी औद्योगिक और वाणिज्यिक व्यवस्था की नींव पड़ती है जिससे भारत का घरेलु कुटीर उद्योग कमजोर पड़ता चला जाता है और शहर केन्द्रित एक नयी अर्थव्यवस्था अपना पांव पसारने लगाती है।इन सबके अलावा अंग्रेजों के साथ वैज्ञानिक शिक्षा, आधुनिक यातायात और संचार के साधन, मुद्रण यन्त्र और छापाखाना आदि भी आते हैं। नये उद्योग व्यापार की शुरुआत होती है। परंपरागत भारतीय लाला और बनिज समाज आधुनिक उद्योग व्यापार का हिस्सा बनते हैं। उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में भी भारतीयों की भागीदारी बढ़ने लगती है। अंग्रेजी प्रशासनिक व्यवस्था, उद्योग व्यापार का बढ़ता दायरा तथा भारतीय लोगों की उसमें बढ़ती भागीदारी और अंग्रेजों द्वारा विकसित जमींदारी प्रथा की वजह से भारत में मध्यवर्ग का उदय होता है। यह मध्यवर्ग एक तरफ अंग्रेजी भाषा, अंग्रेजी शिक्षा अंग्रेजी जीवन शैली, अंग्रेजी साहित्य और संस्कृति के प्रभाव में आया तो दूसरी तरफ आधुनिक शिक्षा और आत्म चिंतन के आलोक में अपने अतीत को भी नयी दृष्टि से देखने लगा। परिणामस्वरूप जहाँ आधुनिक शिक्षा ने वैज्ञानिक दृष्टि दी जिसके माध्यम से उसने मृत सामंती परंपरा, सामाजिक रूढियों, अंधविश्वासों, अशिक्षा, गैर बराबरी और मानवीय गरिमा को तार-तार करने वाली व्यवस्था का विरोध और मूल्यांकन करना सीखा, वहीं गहरे आत्म चिंतन के द्वारा अतीत के साथ एक आलोचनात्मक रिश्ता कायम किया। इसके बल पर अतीत के मृत तत्त्वों का त्याग करते हुए वर्तमान को ताकत देने वाली सार्थक और गौरवपूर्ण चीजों को ढूंढ कर लाने का काम शुरू हुआ। इससे उभरते मध्यवर्ग में एक गहरा आत्मविश्वास पैदा हुआ। इससे भारत में नवजागरण की चेतना को विकसित होने में काफी बल मिला। धीरे-धीरे इन सबका गहरा असर यहाँ के सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं पर भी पड़ता है। ऐतिहासिक विकास की इसी प्रक्रिया की कोख से भारत में चेतना की एक नयी लहर पैदा होती है जिसे पुनर्जागरण, जागरण सुधार अथवा नवजागरण के नाम से जाना जाता है।

कहा जा सकता है कि भारतीय नवजागरण एक तरफ बाहरी तौर पर अंग्रेजी साम्राज्यवाद के विरुद्ध संघर्ष से उद्‌भूत हुआ तो दूसरी तरफ आंतरिक रूप से सामाजिक जड़ता और रुढियों से टकराता हुआ क्रमशः उसका विकास हुआ। इसलिए अठारहवीं शताब्दी में पैदा हुई चेतना की नयी लहर उन्नीसवीं शताब्दी में आकर मजबूत होती है और बीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में वह अपने चरम विकास को प्राप्त होती है। इस अर्थ में "भारतीय नवजागरण राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक जीवन में व्यापक बदलाव एवं नवीकरण की वह प्रक्रिया है जो अठारहवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध (बंगाल से) से प्रारंभ हुई और जिसकी परिणति भारत का राजनीतिक एकीकरण और सन 1947 ई. में स्वाधीनता की प्राप्ति में हुई। नवजागरण ने मानवीय चिंतन, ज्ञान विज्ञान एवं कला इत्यादि जीवन के हर एक क्षेत्र में महान रचनात्मक प्रयत्नों को प्रेरित किया, और अनेक बड़े चिन्तकों, कलाकारों, कवियों, दार्शनिकों, समाज सुधारकों तथा नेताओं को जन्म दिया।" तकनीकी एवं औद्योगिक विकास के बढ़ते चरण के साथ ही नवजागरण की यह चेतना उपयुक्त आकार ग्रहण करती है।

यद्यपि भारतीय नवजागरण के विकास को लेकर विद्वानों मे मतभेद है। कुछ विद्वान इसे अंग्रेजों से अनुप्रेरित मानते हैं और मानते हैं कि अंग्रेजों ने शिक्षा व्यवस्था के माध्यम से भारतीय नागरिकों को वैश्विक विकास के साथ जोड़ने का काम किया। कुछ अन्य विद्वान इससे अलग विचार रखते हैं। वसुधा डालमियां ने इस सन्दर्भ में लिखा है-

"राष्ट्रवादी इतिहास लेखन में इस शब्द का गैर-आलोचनात्मक तरीके से इस्तेमाल हुआ है। अगर एक ओर ब्रिटिश औपनिवेशिक दौर को निर्मम शोषण का दौर बताकर उसकी निंदा की गई है तो दूसरी ओर 'उन्नीसवीं सदी के हिंदुस्तान में एक ऐसे महान सांस्कृतिक पुनर्जागरण' के दौर के रूप में उसका गुणगान भी किया गया है 'जिसने उसे मध्ययुग से आधुनिक युग में पहुंचा दिया।'13 भारतीय समाज को जागृत करने में अंग्रेजों की भूमिका स्वीकार करते हुए सैमुअल मथाई ने अपने लेख 'रिनेसां इन इंडिया' में लिखा है- "अंग्रेजी ढंग की शिक्षा लागू करने के पीछे मैकाले और उनके समर्थकों की ईमानदार कोशिश भारत को प्रगति और आधुनिकता के मार्ग पर आगे ले जाना था। उनका उद्देश्य भारतीय जनता पर अंग्रेजी थोपना नहीं था। वे इस आस्था से अनुप्रेरित थे कि भारत पश्चिमी ज्ञान-विज्ञान को हासिल कर सके तथा एक आधुनिक राष्ट्र बन सके। आधुनिक शिक्षा-पद्धति से उन्होंने आशा की थी कि भारत में नवीन चेतना विकसित होगी।"14 दूसरी तरफ इतिहासकार रजनी पाम दत्त का मानना है-" अंग्रेजी ढंग की शिक्षा लागू करने के पीछे मैकाले का उद्देश्य भारतीयों में राष्ट्रीय चेतना पैदा करना नहीं था, बल्कि उस चेतना को पैदा होने से रोकने के लिए उसकी जड़ तक खोद डालना था....शिक्षा की जो प्रणाली कुशल साम्राज्यवादी प्रशासन के लिए थोपी गई थी उसी ने भारत के लोगों के लिए इंग्लैण्ड के जनतांत्रिक और लोकप्रिय जनांदोलनों तथा जन संघर्षों से और भारत में चल रहे अत्याचारों की तरह के अत्याचारों से लड़ रहे मिल्टन, शेली तथा बायरन जैसे कवियों से प्रेरणा प्राप्त करने का रास्ता भी खोल दिया।"15

तीसरी तरफ आर.सी. मजूमदार इसे एक भिन्न नजरिये से देखते हैं-जिसके प्रति रजनी पाम दत्त भी अपने विश्लेषण में सहमति जताते हैं। मजूमदार भारतीय नवजागरण को यूरोपीय नवजागरण के समानान्तर उसी श्रृंखला में देखने और तदनंतर अंग्रेजी शासन व्यवस्था की भूमिका स्वीकार करने की आलोचना करते हैं। उनके अनुसार "स्पष्टत: यह क्रम-योजना हिन्दुस्तानी औपनिवेशिक परिस्थितियों के साथ मेल नहीं खाती, जहाँ कोई नागरिक समाज संभव नहीं था। उपाश्रयी मध्यवर्ग-जिसका सामाजिक और आर्थिक आधार ब्रिटिश शासन द्वारा सृजित नए समूह थे- विदेशी शासन के ढांचे के भीतर काम करता था। इलाकाई राजसत्ता वाली परिस्थितियों और ब्रिटिश हस्तक्षेप की परतंत्र छत्रछाया में जिस 'ज्ञानोदय' की शुरुआत हुई, वह आधुनिकीकरण करने वाली यूरोपीय बुर्जुआ के प्रति इस उपाश्रयी मध्यवर्ग की सांस्कृतिक प्रतिक्रिया से निर्मित था।"16 इस तरह मजुमदार भारतीय नवजागरण को अंग्रेजों के उपाश्रयी भारतीय मध्यवर्ग की सांस्कृतिक प्रतिक्रिया मानते हैं। वसुधा डालमिया मजूमदार के विचार का संक्षेपण करते हुए लिखती हैं-"भारतीय पुनर्जागरण की अवधारणा के पीछे बुनियादी मान्यता यह है कि ब्रिटिश शासन के कुछ सकारात्मक पहलू थे, जो एक दौर में साथ-साथ सामने आए उसी दौर में भारतीय

संस्कृति का पुनरुत्थान घटित हुआ। बावजूद इसके, यह जुड़ाव भारतीय विकास के लिए ज़रूरी तौर पर फायदेमंद नहीं था।"17 हिंदी आलोचक वीर भारत तलवार भारतीय नवजागरण को विकसित करने में आधुनिक शिक्षित मध्यवर्ग की महत्त्वपूर्ण भूमिका स्वीकार करते हैं। उनके शब्दों में–"आधुनिक शिक्षाप्राप्त भद्रवर्ग उन्नीसवीं सदी के नवजागरण का मुख्य सामाजिक आधार था। यह आधार पश्चिमोत्तर प्रान्त में न सिर्फ बहुत छोटा था बल्कि बहुत बाद में अस्तित्व में आया। बंगाल और बम्बई के प्रान्तों में 1820–30 से आधुनिक शिक्षाप्रद भद्रवर्ग का विकास हो रहा था। हिन्दू कॉलेज (कलकत्ता) और एलोफिन्स्टन कॉलेज (बम्बई) से आधुनिक ज्ञान–विज्ञान की शिक्षा लेकर निकले विद्यार्थियों ने ही नवजागरण के विभिन्न संगठन बनाए और आन्दोलन का नेतृत्व किया।"18 लेकिन तलवार ने भारतीय नवजागरण के द्वंद्वात्मक पहलू को भी रेखांकित किया और लिखा है–"यह समझना भ्रामक होगा कि भारतीय नवजागरण सिर्फ पश्चिमी विचारों के संपर्क की सीधी सरल देन था ।वास्तव में यह दो विचार दृष्टियों की तकरार से पैदा हुई बेचैनी का नतीजा था। नई शिक्षा में विकसित होने वाले हर युवा भारतीयों को नए पश्चिमी ज्ञान और अपनी परंपरा का जैसा तीखा द्वंद्व महसूस होता था वैसा पहले किसी भी दौर में नहीं हुआ।"19 हिंदी के प्रसिद्द आलोचक डॉ. रामविलास शर्मा भारतीय नवजागरण को इतिहास के विकास की एक लम्बी प्रकिया का परिणाम मानते हैं। इसकी शुरुआत वे हिंदी साहित्य के भक्तिकाल से ही मनाते हैं जो क्रमश: ब्रिटिश शासन से टकराता हुआ बीसवीं शताब्दी में अपने चरम विकास को प्राप्त करता है।20

कुल मिलाकर देखा जा सकता है कि यूरोप हो या भारत, नवजागरण मुख्य रूप से समाज में स्थापित सत्ता के विरुद्ध उभर कर सामने आया। यूरोप में यह अतीत के पुनर–चिंतन, वर्तमान में उभरती पूंजीवादी ताकतों के साथ गठजोड़ करता हुआ सामंतवाद के विरुद्ध नये मानवीय ज्ञान का आलोक लेकर आया। यह व्यक्ति की स्वतंत्रता, सामंती शासन की जगह कानून आधारित एक नयी शासन व्यवस्था, वैज्ञानिक ज्ञान पद्धति और मानववाद की स्थापना के साथ आया। वहाँ भारत में भक्तिकाल से जो विद्रोही चेतना साहित्य और संस्कृति के स्तर पर पल रही थी वह आधुनिक काल में नई विदेशी सत्ता से टकराता हुआ बहुत हद तक उसके वैज्ञानिक ज्ञान और शिक्षा व्यवस्था का लाभ लेते हुए नवजागरण की चेतना के रूप में विकसित होता है। यह सम्पूर्ण भारतीय समाज को भीतर से आंदोलित कर देता है। इस अर्थ में भारतीय नवजागरण की चेतना एक तरफ विदेशी हुकूमत के खिलाफ विकसित होती है तो दूसरी तरफ आतंरिक तौर पर भारतीय समाज की तमाम तरह की रूढियों और अमानवीय मूल्यों का विरोध करती हुई एकजूट होने के लिए प्रेरित करती है। यह चेतना बीसवीं शताब्दी में उग्र राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन का रूप धारण करती हुई विस्फोटक हो जाती है। रवीन्द्रनाथ टैगोर उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में अखिल भारतीय स्तर पर विकसित हो रही इसी नवजागरण की चेतना से प्रभाव ग्रहण करते हैं और उसके प्रमुख वाहकों में से एक बनते हैं। उनकी प्रतिभा के बल पर भारतीय सृजनात्मक प्रतिभा तथा बौद्धिकता को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलती है। वे भारतीय समाज की आधी आबादी के स्वत्व और अधिकार के मुखर प्रवक्ता बनकर सामने आते हैं।

नवजागरण और रवीन्द्रनाथ टैगोर

ऊपर हमने इस आलेख में देखा कि भारत में नवजागरण को लेकर विद्वानों में अलग-अलग धारणाएँ हैं। कुछ विद्वान इसे विशुद्ध रूप से पश्चिम की अनुकृति के रूप में देखते हैं, कुछ इसे विशुद्ध रूप से भारतीय नागरिकों की उस विद्रोही चेतना के रूप में देखते हैं जिसका पहला गुबार 1857 में फूटा था। हिंदी क्षेत्र में इसकी अनुगूंज पहले भक्तिकालीन साहित्य में सुनाई देती है, जो आगे चलकर भारतीय राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन के रूप में परिणत हुआ। कुछ विद्वान मानते हैं कि भारतीय नवजागरण अंग्रेजों के प्रभाव (उनके शासन, शिक्षा, सामाजिक चेतना और सौन्दर्यबोध) से पैदा हुआ और धीरे-धीरे इस नवजागृत चेतना ने अंग्रेजी शासन की शोषक नीतियों तथा उनकी साम्राज्यवादी सोच से भारतीय जनता को परिचित कराया। परिणामस्वरूप भारतीय जनमानस बीसवीं सदी में अंग्रेजों के खिलाफ देश की आजादी के लिए लामबंद हुआ और उसे अंतिम परिणति तक पहुँचाने में सफल रहा। नवजागरण सम्बन्धी रवीन्द्रनाथ टैगोर के विचार इस तीसरी धारणा को पुष्ट करते दिखाई देते हैं।

टैगोर भारतीय नवजागरण पर अंग्रेजों के प्रभाव को बहुत स्पष्टता से स्वीकार करते हैं और उसके अन्त:सूत्र इटली से जोड़कर देखते हैं। उन्होंने अपने निबन्ध 'कालांतर' में स्पष्ट लिखा है," किसी दिन 'रेनेसाँ' की चित्तधारा इटली से उद्वेलित होकर सारे यूरोप के मन में फैली थी। उस समय इंग्लैंड के साहित्य श्रोताओं के मन में 'रेनेसाँ' का प्रभाव विविध रूपों में व्यक्त हुआ था। इसमे आश्चर्य की कोई बात नहीं है - ऐसा न होता तो इंग्लैंड के दैन्य को बर्बरता कहा जाता। सजीव मन के लिए यह संभव नहीं है कि वह सचल मन से प्रभावित न हो।"21 टैगोर इस प्रभाव को सिर्फ इटली से पूरे यूरोप तक नहीं देखते बल्कि उन्हें इस नयी चेतना से पूरा ब्रह्माण्ड आच्छादित दिखाई देता है। वे लिखते हैं, "वर्तमान युग-चित्त की ज्योति पश्चिमी दिगंत से प्रसारित होकर मानव इतिहास के समस्त आकाश में प्रकाशमय है....एक प्रबल उद्दाम वेग से योरोप का मन पृथ्वी भर में व्याप्त हो रहा है।"22 वे इस ब्रह्माण्ड व्यापी यूरोपीय चित्त का भारत पर पड़ने वाले प्रभाव को बहुत ही सहजता से स्वीकार करते हुए लिखते हैं, "यद्यपि हमारे चारों ओर अब भी पंचांग की दीवार उन्मुक्त आलोक के प्रति संदेह जताती है, फिर भी उस दीवार को कहीं-कहीं भेदकर योरोप के चित्त ने हमारे आंगन में प्रवेश किया है, ज्ञान के विश्वरूप को हमारे सामने खड़ा किया है।उसने हमारे सामने मानवीय बुद्धि की सर्वव्यापी उत्सुकता को व्यक्त किया है-यह उत्सुकता अपने अहैतुक आग्रह से निकटवर्ती और दूरवर्ती, छोटी और बड़ी, प्रयोजनीय और अप्रयोजनीय सभी वस्तुओं का संधान करना चाहती है। इस तरह योरोपीय चित्त ने हमें दिखाया है कि ज्ञान राज्य में कहीं व्यवधान नहीं है, उसके सभी तथ्य एक दूसरे से अविच्छिन सूत्रों से बंधे हुए हैं; पंचानन या चतुरानन का कोई विशेष वाक्य विश्व के क्षुद्रतम साक्षी के विरुद्ध अपनी प्रामाणिकता का दावा नहीं कर सकता।" वे यह भी स्वीकार करते हैं कि अभी हमारा समाज अपने आतंरिक चित्त से इसे पूरी तरह स्वीकार नहीं कर पाया है लेकिन "हमारे चिंतन और व्यवहार में एक क्रांति निस्संदेह हुई है"23

यूरोप ने जिस नवीन ज्ञान चेतना का आविष्कार किया उसके प्रति एक अद्‌भुत उत्साह और स्वागत का भाव टैगोर के मन में दिखाई देता है। उनका यह उत्साह यूरोपीय प्रतिभा में मौजूद सत्य-अनुसंधान और विशुद्ध बुद्धि-साधना को लेकर है जो व्यक्तिगत मोह से मुक्त है इसलिए वह प्रतिदिन ज्ञान-जगत पर विजय प्राप्त कर रहा है। व्यक्तिगत मोह से मुक्त विशुद्ध बुद्धि साधना की भारत में लम्बे समय से उपेक्षा होती रही थी, जिसने ज्ञान की किसी भी नयी धारा के विकास और व्यावहारिक जगत में उसकी स्वीकृति के सभी मार्गो को बंद कर दिया था। इसलिए यूरोप के संपर्क से आयी यह नयी ज्ञान चेतना उन्हें बहुत आकर्षित करती है। उसकी नवीनता और जीवन व्याप्तता को वे स्वीकार किये बिना नहीं रहते। उनके शब्दों में,"जब अंग्रेजी साहित्य से हमारा प्रथम परिचय हुआ, हमें उसमें केवल अभिनव रस का ही आस्वाद नहीं मिला था। मनुष्य का मनुष्य के प्रति अन्याय दूर करने का आग्रह भी हमने अंग्रेजी साहित्य में प्राप्त किया था; राजनैतिक क्षेत्र में मनुष्य की जंजीरों के टूटने की घोषणा सुनी थी; वाणिज्य क्षेत्र में मनुष्य के पण्यवस्तु बनाने के विरुद्ध प्रयास देखा था। मानना पड़ेगा कि हमारे लिए यह मनोभाव नूतन था।"24 इस नूतन मनोभाव की विशिष्टता इसमें थी कि, "योरोप के साथ हमारे संपर्क ने एक ओर तो हमें विश्व प्रकृति में कार्य कारण विधि की सार्वभौमिकता दिखाई; दूसरी ओर न्याय अन्याय का वह विशुद्ध आदर्श दिखाया जो किसी शास्त्र वाक्य के निर्देश से, किसी चिर प्रचलित प्रथा के वेष्टन से, या किसी विशेष विधि से खंडित नहीं हो सकता। इसी तत्त्व के सहारे आज हम दुर्बलता के बावजूद अपनी राष्ट्रीय अवस्था बदलने के लिए प्रयत्न कर रहे हैं।"25 वे मानते हैं कि इस नूतन ज्ञान विज्ञान के साथ अधिकतम सहयोग से ही हम परिवार में, पड़ोस में, गाँव में मनुष्य के व्यक्तिगत स्वातंत्र्य और सम्मान की मांग कर सकते हैं। इसी से समस्त अभाव और त्रुटियों के बावजूद हमारे आत्म सम्मान और स्वाधीनता का मार्ग खुलेगा। इस आत्म सम्मान के गौरव बोध से ही हम देश के लिए दु:साध्य को साध्य करने की आशा रख सकते हैं। यह नयी चेतना उनके साहित्य में स्त्री के स्वातंत्र्य और सम्मान के सवाल को महत्त्वपूर्ण बना देती है, सामाजिक धरातल पर इसकी एक व्यापक पृष्ठभूमि राजाराम मोहन रॉय, ईश्वरचंद विद्यासागर तथा बंकिम चन्द्र चटर्जी जैसी विभूतियों के द्वारा पहले से तैयार कर दी गयी थी।

स्त्री लेखिकाओं के रचनात्मक प्रयास और स्त्री चेतना के चिह्न

नवजागरण के प्रभाव स्वरूप उन्नीसवीं शताब्दी में समाज सुधार आन्दोलन के माध्यम से स्त्री सम्बन्धी सोच में व्यापक बदलाव हो रहा था। इस बदलाव को जहाँ एक तरफ पुरुष रचनाकार अपनी तरह से व्यक्त कर रहे थे वहाँ दूसरी तरफ खुद स्त्री समाज के भीतर से भी बदलाव के स्वर फूट रहे थे। जहाँ पुरुष रचनाकारों की चिंता यह थी कि बदलते समय और समाज के अनुकूल स्त्री की भूमिका क्या हो, उन्हें अपने अनुकूल नयी सामाजिक ज़रूरतों के समानांतर किस तरह संवारा जाए, वहाँ स्त्री लेखिकाएँ शुरू से ही स्त्री अधिकार, स्त्री-पुरुष समानता और स्त्री शिक्षा की ज़रूरत को केंद्र में रख रही थीं। पुरुष प्रयास के सन्दर्भ में राधा कुमार का कथन यहाँ उल्लेखनीय है, "स्त्रियों की शिक्षा के आन्दोलनों का उल्लेख आम तौर से उभरते मध्य वर्ग द्वारा अपनी स्त्रियों को पश्चिमी तौर-तरीकों में ढालने की आवश्यकता के रूप में किया जाता है।

ब्रिटिश शिक्षा के प्रसार और पुरुषों को रोजगार के नए अवसरों के मिलने के मद्देनजर सार्वजनिक तथा निजी का विचार पैदा हुआ तथा दोनों के बीच समन्वय स्थापित करने के बजाय, घर और संसार के विरोध के स्वर उभरे। स्पष्ट शब्दों में कहा जाए तो घर एक पुण्य स्थान होने के बजाय परम्पराओं का मुर्दा बोझ ढ़ोता नज़र आया, जिसे फूहड़ और आदिम कहकर धिक्कारा गया। अत: इसे सुधारकर बाहरी दुनिया के साथ सौहार्द स्थापित करने की आवश्यकता दिखाई पड़ी।"26 स्पष्ट है कि स्त्री सुधार आन्दोलन का उद्देश्य प्राथमिक तौर पर स्त्री की सामाजिक दशा में सुधार नहीं रहा। मध्यवर्गीय समाज अपनी आजीविका और व्यवसाय की ज़रूरत वश अपनी बनी-बनाई दुनिया से बाहर सार्वजानिक स्पेस में जीने के लिए मजबूर होता है। उसे इसी के अनुरूप स्त्री के व्यवहार और आचरण में बदलाव की ज़रूरत महसूस होती है। उन्नीसवीं सदी में पुरुषों के द्वारा अनुमोदित स्त्री आन्दोलन का मूलाधार यही था। लेकिन फिर भी, वह किसी भी रूप में क्यों न हो, महत्त्वपूर्ण बात यह है कि स्त्री चेतना और सुधार की बात सार्वजानिक बहस के केंद्र में आई। इस सन्दर्भ में राधा कुमार आगे कहती हैं, "उन्नीसवीं सदी को स्त्रियों की शताब्दी कहना बेहतर होगा क्योंकि इस सदी में सारी दुनिया में उनकी अच्छाई, बुराई, प्रकृति, क्षमताएँ, उर्वरता गर्मा-गर्म बहस का विषय थे।"27 राधाकुमार की इस धारणा की पुष्टि हिंदी नवजागरण के प्रवर्तक भारतेंदु हरिश्चंद्र के इस कथन से भी हो जाती है, "लड़कियों को भी पढ़ाइए किन्तु उस चाल से नहीं जैसे आज कल पढाई जाती है जिससे उपकार के बदले बुराई होती है। ऐसी चाल से उनको शिक्षा दीजिए कि वह अपना देश और कुल-धर्म सीखें। पति की भक्ति करें और लड़कों को सहज में शिक्षा दें।"28 वीरभारत तलवार ने अपनी पुस्तक रस्साकशी में इस सन्दर्भ में स्त्री शिक्षा एवं सुधार सम्बन्धी भारतेंदु के विचारों का विस्तार से उल्लेख किया है।29

इसी दौर में बांग्ला, मराठी, उड़िया और तमिल में कुछ ऐसी लेखिकाएँ भी उभर कर सामने आती हैं जो न सिर्फ अपने समय के नवजागरण की चेतना के वाहक के रूप में दिखाई देती हैं बल्कि अपनी आत्मकथात्मक रचनाओं के माध्यम से स्त्रियों की शिक्षा, सुधार और जागरूकता की वकालत करती हैं। इनमें मुख्य रूप से रोससुन्दरी देवी की आत्मकथा 'आमार जीवन', शारदा सुंदरी की आत्मकथा 'टेल टू माई लाइफ', नागेन्द्रबाला दासी का उपदेश ग्रन्थ 'नारीधर्म', सरला देवी की आत्मकथा 'नारिरा दाबी' (स्त्री अधिकार), शैलबाला देवी की रचना 'जनसाधारने स्त्री शिक्खा बिस्तरारा उपाय' (स्त्री शिक्षा के प्रसार के उपाय), कोकिला देवी की आत्मकथा 'बिलासिनी',पंडिता रमा बाई ने 'हिन्दू स्त्री का जीवन', एदिदमु सत्यवती की आत्मकथा 'आत्मचरितमु', साध्वी पतिप्राणा अबला का उपन्यास 'सुहासिनी' और सरस्वती गुप्ता का उपन्यास 'राजकुमार' उल्लेखनीय रचनाएँ हैं।30

ये लेखिकाएँ स्त्री के आधुनिकीकरण और सार्वजानिक जीवन में स्त्री की व्यापक भागीदारी के पक्ष में निरंतर लिख रही थीं। सरला देवी अपनी आत्मकथा 'नारिरा दाबी' में स्त्री और पुरुष की समानता का दावा करते हुए लिखती हैं-"हमारे हिन्दू समाज में पुरुषों ने स्त्रियों को बाहरी दुनिया से अलग करके रखा हुआ है।जिस राष्ट्र की आधी आबादी लकड़ी के कुंदे की तरह बेजान पड़ी हुई हो राष्ट्र कोई भी लड़ाई नहीं जीत सकता। यह बड़ी ही

असुविधाजनक स्थिति है। जब तक स्त्री और पुरुष में समानता और सामंजस्यता नहीं आ जाती, हिन्दू समाज के विकास की कल्पना भी कठिन है। यह कहने की आवश्यकता नहीं कि पुरुषों को जो कुछ मिला हुआ है-उस पर स्त्रियों का भी समान अधिकार होना चाहिए। अगर स्त्रियों को अधिकार मिल गए और वे उनका सदुपयोग नहीं कर पाई, तो इसका उत्तरदायित्व भी हम सबको ही लेना होगा। जिसे गलती करने का अधिकार है उसमें सत्य का सामना करने की भी क्षमता होनी चाहिए। स्त्री और पुरुष दोनों को समान दंड देने चाहिए, सिर्फ स्त्रियाँ ही दंड की भागी क्यों हों? पुरुष जब सदाशय हो जाएँगे उन्हें अपनी गलती का अहसास अपने आप हो जाएगा।"31 सरला देवी के इस कथन में यह बात स्पष्टता से देखी जा सकती है कि वे भारतेंदु हरिश्चंद्र या बाल गंगाधर तिलक की तरह स्त्री शिक्षा और सुधार का मतलब पितृसत्ता की नयी ज़रूरतों के अनुकूल स्त्री आचरण में बदलाव मात्र नहीं मानती थी। यहाँ स्त्री के लिए बिल्कुल एक ऐसे सामाजिक बदलाव या परिवर्तन की बात की जा रही है जिसमें स्त्री और पुरुष के बीच बराबरी और सामंजस्य हो। गलती करने का अधिकार सिर्फ पुरुषों को न हो और गलती करने पर पुरुष और स्त्री को एक समान दण्डित किया जाए। स्पष्ट है स्त्री लेखिकाएँ सिर्फ सुधार नहीं परिवर्तन की मांग कर रही थीं।लेकिन इसके लिए स्त्रियों का शिक्षित होना ज़रूरी था।अशिक्षित व्यक्ति न जीवन को ठीक से समझ पाता है और न अपनी भूमिका की ठीक से पहचान कर पाता है। दोनों ही स्थितियों में यह बात सामाजिक विकास के विरुद्ध जाती है। शिक्षा के इसी महत्त्व को दर्शाती हुई नागेन्द्रबाला दासी अपनी पुस्तक 'नारीधर्म में लिखती हैं" अशिक्षित व्यक्ति अपने जीवन का सही ढंग से निर्माण नहीं कर सकता, न ही शिक्षा के अभाव में उसकी प्रतिभा निखर सकती है। अज्ञानी और अशिक्षित व्यक्ति भीषण मनोवेदना से गुजरता है और अक्सर समाज के लिए हानिकारक होता है।"32 शिक्षित महिलाऐं किसी भी रूप में रूढियों और पुराणी मान्यताओं को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं होंगी। शिक्षित वर्ग चाहे स्त्री हो या पुरुष एक स्थाई परिवर्तन को जन्म देता है। भारत की पहली महिला डॉक्टर रखमाबाई इसका सबसे बड़ा उदाहरण रही हैं। वह अपने विवाह विच्छेद के सन्दर्भ में न्यायालय के परम्परा और रूढियों पर आधारित निर्णय को भी चुनौती देने से पीछे नहीं हटीं। 4 फरवरी 1887 को मुख्य न्यायाधीश सर चार्ल्स सार्जेंट और जस्टिस फर्नर द्वारा विवाह सम्बन्धी हिन्दू मान्यताओं को आधार बनाकर दिए गए निर्णय (तुम्हें अपने पति के साथ रहना होगा या फिर छह महीने के कठोर कारावास में रहना होगा) के विरोध में उन्होंने अदालत में कहा "कोर्ट के आदेश का पालन न करने के जुर्म में चाहे तो मुझे फाँसी पर चढ़ाया जाए या आजीवन जेल की सजा दे दी जाए किन्तु अपनी इच्छा के विरुद्ध मैं उस पति के घर नहीं जाउंगी जो मुझे पसंद नहीं।"33 यानि नवजागरण ने पढ़ी-लिखी समझदार स्त्रियों (यद्यपि कुछ महिलाओं ने अपनी आत्मकथा में लिखा है यह काम वे अपनी रसोइयों में छुप कर किया करती थीं) को भी नयी चेतना से न सिर्फ निजी स्तर पर जागरुक किया बल्कि स्त्री समाज की स्वतंत्रता और अधिकारों के विषय में भी उन्हें सोचने के लिए प्रेरित किया।

नवजागरण स्त्री चेतना के सन्दर्भ में टैगोर के नाटक

रवीन्द्रनाथ टैगोर के लिए यह अच्छी बात थी कि उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में जिस बांग्ला परिवेश में उनका एक व्यक्ति और कलाकार के रूप में विकास हो रहा था वह स्त्री चेतना की दृष्टि से काफी उर्वर था। वहां स्त्री समाज को लेकर चिंता और चिंतन दोनों की शुरुआत हो चुकी थी। बंगाल में नवजागरण के आरंभिक समय से ही स्त्री की सामाजिक स्थिति को लेकर एक संवेदनशील चेतना उभरने लगी थी। इसके सबसे बड़े पुरोधा राजाराम मोहन रॉय थे। उन्होंने 'ब्रह्म समाज' की स्थापना की-जो सनातन हिन्दू समाज की रूढ़ मान्यताओं का विरोधी था। स्त्रियों की सामाजिक दशा का सुधार इस संस्था का प्रमुख लक्ष्य था।स्त्री शिक्षा, विधवा-विवाह और सती प्रथा का उन्मूलन आदि। के लिए ब्रह्म समाज निरंतर प्रयत्नशील रहा। इनके नेतृत्त्व में रवीन्द्रनाथ टैगोर के पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर ने भी सती प्रथा जैसी स्त्री विरोधी रीति का विरोध किया और तत्कालीन सरकार पर (लार्ड विलियम बेंटिक) सतीप्रथा विरोधी कानून बनाने के लिए दबाव बनाया। यानी बंगाल में उन्नीसवीं शताब्दी के आरम्भिक दशक में ही स्त्री को लेकर एक नयी चेतना का विकास हो रहा था जिसे निश्चित आकर देने में रवीन्द्रनाथ टैगोर के परिवार की भी महत्वपूर्ण भूमिका बन रही थी। इसमें उनके दादा द्वारकानाथ टैगोर, पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर उनकी बड़ी बहन स्वर्ण कुमारी देवी, कादम्बिनी देवी तथा भाई ज्योतिन्द्रनाथ टैगोर आदि सभी सामाजिक और साहित्यिक परिवर्तन में गहरी भूमिका निभा रहे थे। साथ ही उनके साहित्यकार व्यक्तित्व के बनने में ईश्वरचंद विद्यासागर, माइकेल मधुसूदन दत्त, बंकिमचन्द्र चटर्जी, तोरू दत्त, श्री ऑरबिन्दो जैसे महत्त्वपूर्ण बांग्ला साहित्यिक हस्तियों की बड़ी भूमिका रही।

रवीन्द्रनाथ टैगोर के साहित्य में व्यक्त नवजागरण में न सिर्फ उनके पूर्ववर्तियों की प्रतिध्वनि सुनाई पड़ती है बल्कि ऐसा लगता है मानो राजाराम मोहन राय के नेतृत्व में आरंभ होने वाला नवजागरण रवीन्द्र साहित्य में आकर अपनी पूर्णता को प्राप्त करता है। बांग्ला नवजागरण पर बात करते हुए चार्ल्स एंड्रूज ने ठीक ही लिखा है कि "यदि राममोहन रॉय बांग्ला साहित्य की जड़ हैं जो जमीं के नीचे गहरे तक धंसा हुआ है तो देवेंद्रनाथ टैगोर की तुलना उसकी सशक्त और मजबूत शाखाओं से की जा सकती है और रवीन्द्रनाथ टैगोर की तुलना उस पेड़ पर खिले हुए फूल और फल से की जा सकती है।"34 रवीन्द्र साहित्य में जिस बांग्ला समाज का जीवंत चित्र उकेरा गया है उसमें स्त्री की दशा (अवनति और उन्नति) का वर्णन विस्तार से देखने को मिलता है। खासकर कथा साहित्य (उपन्यास और कहानी) और नाट्य साहित्य में भी।

टैगोर के कथा साहित्य में स्त्री जीवन अपने विविध सन्दर्भो में व्यक्त हुआ है। यही कारण है कि उनके कथा साहित्य में स्त्री जीवन के दोनों रूप दिखाई पड़ते हैं। उनकी आरंभिक रचनाओं में चित्रित स्त्री पात्रों के माध्यम से पितृसत्तात्मक व्यवस्था की जकड़बंदियों में कैद, चुपचाप सब कुछ सहन करने वाली, पूर्णत: समर्पित स्त्री चेतना व्यक्त हुई है। सन उन्नीस सौ तेरह में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने और यूरोप की लम्बी यात्रा से वापिस आने के बाद टैगोर की स्त्री चेतना में व्यापक परिवर्तन होता है। बाद के दौर में उनके स्त्री पात्र अपने दमन और पराधीनता को लेकर सचेत, बंधन मुक्त और क्रमश: पितृसत्ता के विरुद्ध विद्रोह की चेतना से लैस स्त्री चरित्र के

रूप में उभर कर सामने आती हैं। इस तरह वे स्त्री मुक्ति के प्रवर्तक बनकर सामने आते हैं और उनकी रचना को पढ़ते हुए यह अनुमान लगाया जा सकता है कि रवीन्द्रनाथ टैगोर ने आने वाले समय में स्त्री विमर्श के माध्यम से उभरने वाली स्त्री चेतना के विविध रूपों (लेसबियन फेमिनिज्म, इको फेमिनिज्म और रेडिकल फेमिनिज्म) का जैसे पूर्वानुमान लगा लिया था।35 इस अर्थ में टैगोर भारत में 'फेमिनिज्म' की पदावली और अवधारणा के उभरने से पहले ही एक फेमिनिस्ट की तरह लेखन करते हुए दिखाई देते हैं।

टैगोर के सन्दर्भ में एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि उन्होंने न सिर्फ अपनी रचना के माध्यम से स्त्री जीवन की वास्तविकता का चित्रण करते हुए उन्हें जीवंत और बंधनमुक्त मानवी चरित्र के रूप में चित्रित किया है बल्कि पूर्ववर्ती साहित्यकारों द्वारा साहित्य इतिहास में महत्त्वपूर्ण स्त्री चरित्रों की, की गयी उपेक्षा पर भी गहरा व्यंग्य किया और साहित्य इतिहास में उन उपेक्षित स्त्रियों के पक्ष में बहस भी की है। अपने निबंध 'काव्य की उपेक्षिताएँ' में वे संस्कृत काव्य के गुणज्ञ और बहुज्ञ कवियों पर आक्षेप करते हुए सवाल उठाते हैं," कवियों ने अपने कल्पना-श्रोत का सब करुणा-जल केबल जनक तनया के पुण्य अभिषेक में लगा दिया। लेकिन एक और भी म्लानमुखी, सब ऐहिक सुखों से वंचित राजबधू, जो सीता देवी की छाया के नीचे घूँघट डाले खड़ी है, कवि के कमंडल से एक बूँद अभिषेक-जल भी चिर-दुःख-तप्त नम्र (उर्मिला) ललाट पर नहीं पड़ा!"36 और फिर यही प्रश्न पूरे तथ्य और प्रमाण के साथ प्रियम्बदा और अनुसुइया तथा पत्रलेखा के सन्दर्भ में उठाते हैं। यह स्त्री के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता का ही प्रमाण है कि वे वर्तमान में स्त्री जीवन की मुक्ति का सवाल उठाते हुए अतीत के संदर्भ में भी उनकी वकालत करने से नहीं चूकते।

नवजागरण का सत्व है स्वाधीनता की चेतना। यह स्वाधीनता व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की भी उतनी ही है जितनी बुद्धि, सत्य शोधन और नव उद्बोधन का है। यही ज्ञान का नया आलोक है जिसके बारे में हिंदी के प्रसिद्ध छायावादी कवि सुमित्रानंदन पन्त लिखते हैं 'प्रथम रश्मि का आना रंगिनी तूने कैसे पहचाना', जिसके लिए महादेवी वर्मा आह्वान कराती हैं-'मधुर मधुर मेरे दीपक जल प्रियतम का पथ आलोकित कर' ज्ञान के इस नये आलोक में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने मनुष्य जीवन को नयी दृष्टि से देखा और इस बात की खोज की कि मनुष्य की इयत्ता क्या है। इसी के समानांतर वे अपने निबंधों में आधुनिक साहित्य की केन्द्रीयता की खोज करते हुए साहित्य के वास्तविक तत्त्व की बात करते हैं। अपने निबंध 'साहित्य तत्त्व' में वे लिखते हैं, "मैं हूँ और सभी कुछ है, मेरे अस्तित्व के भीतर यही युगल मिलन है....मैं हूँ, यह सत्य मेरे निकट चरम मूल्यवान है। इसीलिए जिससे मेरा वह बोध बढ़ता है उसी में मुझे आनंद मिलता है।"37 टैगोर मानते हैं स्वयं से बाहर मनुष्य हरेक उस चीज़ के प्रति जाग्रत रहता है जो उसके होने की इस चेतना को जगाए रखता है। इस अर्थ में 'मैं हूँ' यानि अपने होने का भाव मानवी चेतना और उसके अस्तित्व का केंद्र है। उनके अनुसार आधुनिक साहित्य मनुष्य के इसी स्वत्व की अभिव्यक्ति का माध्यम है। यह स्वत्व जागृत मनुष्य ही हर एक चीज में स्वाधीनता की खोज करता है। मानवी होने के नाते स्त्री पुरुष सब के लिए उसकी इयत्ता अथवा उसका स्वत्व ही सब कुछ है। अपने

इस स्वत्व की रक्षा हर एक मनुष्य का परम स्वाधिकार है। टैगोर के नाटक इस अर्थ में स्त्री के स्वत्त्व को आलोकित कर आधुनिक स्त्री की नयी परिभाषा गढ़ते हुए दिखाई देते हैं। इस सन्दर्भ में उनके तीन नाटक महत्त्वपूर्ण हैं- 'चित्रांगदा' 'तपती' (राजा रानी) और 'बांसुरी'। तीनों नाटक स्त्री जीवन को तीन भिन्न सन्दर्भो में रखते हुए स्त्री स्वत्व की प्रमुखता को उद्‌घाटित करते हैं।

'चित्रांगदा' महाभारत के दो प्रसिद्ध पात्रों के जीवन की विशिष्ट घटना को केंद्र में रखकर लिखा गया नाटक है। इसकी कथाभूमि बहुत ही संक्षिप्त है। चित्रांगदा मणिपुर की राजकुमारी है। वह एक ऐसे कुल में पैदा हुई जिसमें शिव से यह वरदान मिला था कि-उस कुल में कोई पुत्री पैदा नहीं होगी। चित्रांगदा का जन्म उस वरदान के अभेद्य कवच को भेदते हुए हुआ था। नाटक में चित्रांगदा खुद अपना परिचय देते हुए कहती है "मैं चित्रांगदा हूँ, मणिपुर की राजकुमारी। मेरे पितृकुल में कभी पुत्री पैदा न होगी-तप से प्रसन्न होकर देव उमापति ने यह वरदान दिया था। मैंने उस महावरदान को विफल कर दिया है। मातृगर्भ में पैठकर वह अमोघ वाक्य शैवतेज से मेरे दुर्बल प्रारंभ को पुरुष नहीं कर पाया। ऐसी ही कठिन नारी हूँ मैं।"38 लेकिन पितृसत्ता ने उसे परंपरागत स्त्री रूप में पालपोस कर बड़ा नहीं किया। उसका लालन पालन पुत्र के रूप में हुआ। उसे धनुर्विद्या सिखाई गई, राजदंड नीति सिखाई गई। पुरुषोचित उसमें सभी गुण भरे गए। वह पुरुष-वेश में नित्य राज-काज करती। युवराज की तरह मनमाना घूमा करती। वह लाज, भय और अन्तःपुर निवास नहीं जानती थी। वह हाव-भाव, विलास-चतुराई नहीं जानती थी। उसके पिता ने बचपन से उसे राजकाज संभालने वाले युवा के अनुरूप एक शक्तिरूपा योद्धा के रूप में बड़ा किया। और इसी के अनुरूप जनता में वह उनके रक्षक,पालक और अभिभावक के रूप में प्रसिद्ध थी।

आज स्त्री के इसी शक्तिरूपा छवि की बात की जाती है। उसके परावलम्बी होने की जगह स्वाबलंबी बनने की कामना की जाती है। शासित बनने की जगह उसमें शासक बनने के गुण देखे जाते हैं। यह स्त्री की आधुनिक रूप छवि है जिसे चित्रांगदा में उसके पितृकुल ने स्वाभाविक रूप से विकसित किया। लेकिन जंगल में भ्रमण करते हुए पहली बार जब उसने स्व-समाज से बाहर के एक पुरुष (अर्जुन) को देखा तो उसके भीतर की स्त्री कामनाएँ उभर कर बाहर आने और तृप्त होने के लिए बेचैन होने लगीं। अपने समय के एक महा-योद्धा अर्जुन ने उसे पुरुषोचित वेश में देख कर हलके मुस्कान के साथ उपेक्षा की निगाह से देखा। अर्जुन द्वारा की गई यह उपेक्षा चित्रांगदा को चुभती रही, उसे लगा कि शायद अर्जुन ने उसमें स्त्री सुलभ कोमलता, सौन्दर्य और कमनीयता न देखकर उसकी उपेक्षा की है। परिचय पूछने पर अर्जुन ने अपना परिचय देने के बाद कहा "वीरांगने, मैं ब्रह्मचर्य ब्रतधारी हूँ, पति के योग्य नहीं।" अर्जुन की इस प्रतिक्रिया में उसे अपने स्त्री होने की गहरी अवमानना महसूस हुई। वह अर्जुन की उपेक्षा का बाण सहन नहीं कर पा रही थी। चित्रांगदा स्वयं को धिक्कारती है, "पुरुष का ब्रह्मचर्य! धिक्कार है मुझे, मुझसे वह भी डिगाते न बना?" पहली बार उसे अपने बाहुबल पर गर्व महसूस नहीं हुआ। वह कहती है- "इतने दिनों के बाद मैंने समझा, नारी होकर पुरुष के मन को अगर न जीत सकी, तो सारी विद्याएँ बेकार हैं। अबला की कोमल मृणाल-भुजाएँ इससे सौ गुनी अधिक शक्तिशाली होती हैं।"39 वह अपने

अब तक के अर्जित व्यक्तित्व और पहचान को ही शंका की निगाह से देखने लगती है। अपने स्वत्व से उसका विश्वास डगमगा जाता है। दूसरे ही दिन उसने अपना पुरुष बाना उतार फेंका।

नाटक का यह हिस्सा स्त्री मन के द्वंद्व को बहुत बारीकी से उदघाटित करता है। एक तरफ चित्रांगदा का प्रजा रक्षक शौर्यपूर्ण व्यक्तित्व और दूसरी तरफ अर्जुन की उपेक्षा से आहत अपने स्त्री होने पर उसका संदेह। वह परेशान हो कामदेव से कहती है, "अब मुझे अपना पाठ पढाओ; दो मुझे अबला का बल, निहत्थों के जो हैं, वे अस्त्र दो।" लेकिन फिर उसके मन में यह संदेह भी पैदा होता है कि "लाज से सिमटी, शंकित, कांपती हुई एक नारी, बेबश, विह्वल, प्रलापवादिनी। परन्तु वास्तव में मैं क्या वही हूँ? जैसा कि हजारों नारियां, घर-बाहर चारों ओर हैं, केवल रोने की अधिकारिणी! मैं उससे अधिक कुछ भी नहीं?"40 ऐसा नहीं है कि अर्जुन उसके वर्तमान व्यक्तित्व से प्रभावित नहीं होता, लेकिन ऐसा परिचय की एक लम्बी प्रक्रिया से संभव था। जिसका धैर्य चित्रांगदा में नहीं रह जाता। वह अर्जुन को जल्द से जल्द अपने प्रभाव में ले लेना चाहती है। यही कारण है कि वह अपने प्रजा प्रसिद्ध शक्तिरूपा व्यक्तित्व से कुछ दिनों के लिए मुक्ति चाहती है। और स्त्री की सुन्दर, कोमलांगी, अत्यंत सलज्ज, निर्बल अबला और सौन्दर्यपूर्ण व्यक्तित्व की कामना कर बैठती है। और अपने रूपजाल से अर्जुन को प्रभावित कर अपने वश में कर लेती है। दोनों एक दूसरे के प्रेम में वर्ष भर के लिए डूब जाते हैं। परंपरागत स्त्री होने के बोध और आनंद को वह जी भर कर जीती है।

नाटक के इस बिंदु पर अर्जुन के प्रेम और आनंद में डूबी चित्रांगदा को देखकर पाठक को यह भ्रम होता है कि रवीन्द्रनाथ टैगोर अंततः चित्रांगदा के माध्यम से स्त्री के अबला और अपने सौन्दर्य मोह में डूबी, उसी अलंकृत तथा पितृसत्ता के प्रति सर्वसमर्पित रूप को ही स्थापित करना चाहते हैं। लेकिन बात ठीक इसके उलट होती है। चित्रांगदा जिस रूप सौन्दर्य को धारण कर अर्जुन को अपने वश में देखती है, वही अर्जुन वनवासियों के बीच चित्रांगदा के प्रजा रक्षक पूर्वरूप की प्रशंसा सुन उससे मिलने की बात करता है। वह उसके इस अद्‌भुत व्यक्तित्व का साक्षात्कार करना चाहता है। अर्जुन के मुख से उसकी अगाध प्रशंसा सुनकर सुंदरी चित्रांगदा हैरान रह जाती है। अर्जुन को जब पता चलता है कि चित्रांगदा को राज्य से बाहर गया हुआ जानकर दस्यु लोग राज्य पर आक्रमण करने आ रहे हैं तो वह पूर्व अथवा मूल चित्रांगदा का जिक्र करते हुए वर्तमान चित्रांगदा के आग्रह को ठुकरा देता है। चित्रांगदा ने ऐसी अपेक्षा नहीं की थी। उसे विश्वास था कि मेरे सौन्दर्य के आगे उस रूपहीन सामान्य सी दिखने वाली पूर्व चित्रांगदा को अर्जुन तुच्छ समझेगा, लेकिन ऐसा नहीं होता। अर्जुन सौंदर्य के आगे क्षत्रियत्व को ज्यादा महत्व देता है। अर्जुन सुंदरी चित्रांगदा के सामने ही उस शक्तिरूपा चित्रांगदा की प्रशंसा करते हुए कहता है," मैं उसे देख पा रहा हूँ-बाएँ हाथ में लापरवाही से घोड़े की लगाम थामे, दाएं में तीर-कमान, नगर की विजयलक्ष्मी के समान भीत प्रजा जनों को अभय दे रही है। गरीबों के संकरे दरवाजे पर, जहाँ प्रवेश करने में राजा की महिमा को झुकना पड़ता है, वह माता के रूप में दया बाँट रही है।सिंघनी-सी चारों ओर से अपने शावकों को अगोरे हुए है, शत्रु कोई डर से पास नहीं फटकता। लज्जामुक्त, निर्भय, खिली हंसी हँसती वीर्य-सिंह पर सवार जगद्धात्री दया सी घूमती हैं। रमणी

की कमनीय भुजाओं में वह असंकोच बल स्वाधीन, उसके पास रुन-झुन कंकण-किंकणी धिक्-धिक्"41 अर्जुन चित्रांगदा से भोग की जड़ता से मुक्त होकर घोड़े पर सवार हो नक्षत्रों की तरफ निकलने का आह्वान करता है।

तीसरे दृश्य में जब चित्रांगदा को इस बात की याद आती है कि कामदेव द्वारा दिए हुए वरदान की अवधि ख़त्म होने वाली है तो वह इस अवसाद से घिर जाती है कि क्या कल जब मैं अपने असली रूप में अर्जुन के सामने आउंगी तो वे मुझे स्वीकार कर पाएँगे? और उसके भीतर से यही आवाज आती है कि कुछ भी हो वह अपने ओढ़े हुए व्यक्तित्व को और सहन नहीं कर सकती। जो मेरा सहज और स्वाभाविक व्यक्तित्व है वही मैं हूँ, वही मेरा सच है। वह अपने इस मैं की रक्षा के लिए अर्जुन को भी त्यागने में संकोच नहीं करेगी यह संकल्प लेती है। वह कहती है "इस छद्मरूपिनी से मैं सौ बार अच्छी हूँ। उसी अपने का प्रकाश करुँगी मैं, भला न लगे उन्हें, घृणा से चल दें यदि-छाती फट जाए और मर जाऊं मैं-तो भी मैं मैं रहूंगी।"42 नौवें दृश्य में उसका यह विश्वास, दृढ-संकल्प और निजता की रक्षा का भाव ही सही साबित होता है। अर्जुन उसके उसी वीर क्षत्राणी रूप की प्रशंसा करता है, उसे श्रेष्ठ और वरेण्य घोषित करता है जो जनता के बीच उसने चित्रांगदा के बारे में सुनी थी।

अपने होने न होने का अंतर्द्वंद्व, जो सहज है वही श्रेष्ठ है या जो आरोपित है और सर्वानुमोदित वह श्रेष्ठ है का द्वंद्व, जो परम्परित है और पुरुष सत्ता के अनुकूल है या फिर जो निजी है यद्यपि विलक्षण का द्वंद्व है, जो मैं हूँ वही महान या जो मान्य है वही महान है का द्वंद्व यह आधुनिक व्यक्ति की निशानी है। चित्रांगदा नाटक के माध्यम से टैगोर आधुनिक स्त्री को इसी द्वंद्व से बाहर निकालना चाहते हैं। वह स्त्री को इस आत्मविश्वास से भरा हुआ देखना चाहते हैं कि वह जैसी है, जिस रूप में वह खुद को स्वीकार करना चाहती है उस रूप में उसका 'मैं' ही उसका अपना सच है। उसे अपने 'मैं' का अवलम्ब कभी नहीं छोड़ना चाहिए। उसका अपना 'मैं' अपना स्वत्व है, उसे अपने इस स्वत्व की प्राण देकर या लेकर भी रक्षा करनी चाहिए। नाटक में चित्रांगदा अपने इस विशिष्ट रूप की रक्षा करती है। इसके लिए वह निर्भय होकर खड़ी होती है। प्रोफेसर के.डी. पालीवाल ने ठीक ही लिखा है,"यह नारी पौराणिक नारी नहीं है आधुनिक नारी है। आधुनिक नारी की कला निखारने में रवीन्द्रनाथ निपुण रहे हैं। 'चित्रांगदा' में इसका प्रथम विस्मयकारी विस्फोट हुआ है।"43

नवजागरण से प्रभाव ग्रहण करते हुए टैगोर ने जिस आधुनिक स्त्री छवि का 'चित्रांगदा' में निरूपण किया है 'तपती' (मूल नाटक 'राजा और रानी' का अनुवाद) नाटक की सुमित्रा उसी का अगला चरण है। सुमित्रा मरणान्तक अपने स्वाभिमान और स्वत्व की रक्षा करने से पीछे नहीं हटती। 'तपती' जलंधर नरेश विक्रम और उनकी रानी कश्मीर कुमारी सुमित्रा की कथा पर आधारित बहुत ही महत्त्वपूर्ण नाटक है। इसमें स्त्री की वैयक्तिकता, उसके स्वाभिमान और पुरुष केन्द्रित सत्ता के बीच तीखा संघर्ष देखने को मिलता है। परंपरागत पुरुष का प्रतीक राजा विक्रम आधुनिक स्त्रीत्व की प्रतीक रानी सुमित्रा के महत्त्व को तब तक पहचानने में असमर्थ रहता है जब तक कि सुमित्रा अपना प्राणदान नहीं कर देती है। वह अपनी सत्ता और वैभव की ताकत

और अहंकार के आसन से नीचे उतरकर सुमित्रा को नहीं समझना चाहता। सुमित्रा के भीतर जो मानवी करुणा है, किसी भी तरह के अन्याय के प्रति जो तिरस्कार की भावना है और सबसे बढ़कर राजा के साथ रहते हुए अपने जिस स्वाभिमान की वह रक्षा चाहती है, राजा विक्रम न उसे समझ पाता है और न स्वीकार कर पाता है। वह सुमित्रा में एक अनुगामिनी छवि मात्र देखना चाहता है जो सुमित्रा को किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। इसी से उन दोनों के बीच एक अनवरत विरोध बना रहता है। नाटक की भूमिका में स्वयं टैगोर ने इस बात की तरफ इशारा करते हुए लिखा है, "सुमित्रा और विक्रम का जो सम्बन्ध है उसमें एक विरोध है-सुमित्रा की मृत्यु से उस विरोध का समाधान हुआ है। विक्रम की जो प्रचंड आसक्ति सुमित्रा को पूर्ण रूप से ग्रहण करने में अंतर्निहित थी, सुमित्रा की मृत्यु से उस आसक्ति का अवसान हो जाने पर, उस शांति में ही विक्रम के लिए सुमित्रा के सत्य की उपलब्धि हुई है यही 'राजा और रानी' की मूल बात है।"44

दरअसल यह उपलब्धि राजा विक्रम की नहीं आधुनिक पाठकों की है, जो यह देख सकता है कि स्त्री का स्वाधिकार, स्वाभिमान और स्वत्व छीनकर उसे अनुगामिनी और दासी बनाकर नहीं रखा जा सकता है। वह पुरुष द्वारा दान किए गए सम्पूर्ण वैभव के बदले प्रेम नहीं दे सकती, वह प्रेम के बदले प्रेम चाहती है। रानी सुमित्रा विक्रम के यह समझाने पर कि "अपना सम्पूर्ण राजकोष मैं तुम्हारे चरणों में उड़ेल देता हूँ तुम प्रजा को दान करना चाहती हो, करो दान, जितना जी में आए। तुम्हारे दाक्षिन्य की बाढ़ आ जाए इस राज्य में" रानी सुमित्रा कहती है, "क्षमा करो, महाराज, तुम्हारा राजकोष तुम्हारा ही बना रहे। मेरे शरीर के अलंकार बने रहें मेरी प्रजा के लिए। अन्याय के हाथ से प्रजा की रक्षा का 'महिषी अधिकार' अगर न हो मुझे, तो यह सब तो बंदिनी की वेश-भूषा है मेरे लिए-इसे मैं नहीं वहन कर सकती। महिषी को यदि ग्रहण करो, तो सेविका को भी पाओगे, नहीं तो केवल दासी! सो मैं नहीं हूँ।"45 अंततः राजा धन, वैभव, क्रोध, आवेग, दंड, प्रलय आदि का डर दिखाकर रानी को वश में करना चाहता है । रानी अस्वीकार कर देती है। निर्भय होकर उसके साम्राज्य से बाहर जाने की घोषणा कर देती है। यह बात राजा के लिए असहनीय हो जाती है। उसका अहंकार इस बात को नहीं मानना चाहता है कि एक स्त्री एक राजा (पुरुष) का त्याग कैसे कर सकती है । वह सोचता है, "विश्व के सामने अपने पौरुष को धिकृत होने दूँ! ले आओ पहले उन्हें यहाँ, उसके बाद सबके समक्ष उन्हें त्याग दूंगा।"46 रानी को प्राप्त करने अथवा बंदी बनाने के लिए राजा विक्रम अपने पौरुष दर्प में पागल हो जाता है । वह सम्पूर्ण कश्मीर को जलाकर भी रानी को बंदी बनाने की घोषणा करता है। अंत में रानी सुमित्रा अग्नि समाधि लेकर राजा को अपने अहंकार की अग्नि में निरंतर जलते रहने के लिए छोड़ जाती है।

दरअसल टैगोर इस नाटक में दिखाते हैं कि एक तरफ पुरुष है जो स्त्री को उसके प्रेम के बदले सभी तरह का ऐश्वर्य, सुख, सुविधा देने के लिए तैयार है और बदले में उससे सर्वस्व समर्पण चाहता है। किसी तरह का कोई प्रश्न नहीं, कोई हस्तक्षेप नहीं। एक तरह से सम्पूर्ण अस्तित्व की विस्मृति। राजा सुमित्रा से कहता है, "तुम मुझे समझ नहीं सकी-तुम्हारे हृदय नहीं, नारी! शंकर के तांडव की उपेक्षा कर सकती हो क्या? वह अप्सरा का नृत्य नहीं है। मेरा प्रेम, विराट है वह, प्रचंड है वह, उसी में मेरा शौर्य है-मेरे राज-प्रताप से वह छोटा नहीं। उसकी महिमा

को तुम अगर स्वीकार कर सकती, तो सब कुछ सहज हो जाता....जिस आदिशक्ति के महाश्रोत के ऊपर सृष्टि का बुदबुद बहा जा रहा है, उस शक्ति की उत्ताल तरंगें हैं मेरे प्रेम में। उसे देखो, उसे प्रणाम करो, उसके आगे अपना कर्म-अकर्म द्विधा-द्वंद्व सब बहा दो।"47 लेकिन भय और वैभव के विराट सिंघासन पर बैठे, दूसरे के ह्रदय की पीड़ा न समझने वाले अन्याय और अत्याचार को राजकीय विशेषाधिकार समझने वाले तथा दूसरे की अस्तित्वहीनता को ही अपना प्रेम समझने वाले व्यक्ति को एक स्त्री कैसे प्रेम कर सकती है? प्रेम करना तो दूर भला एक चेतनायुक्त और संसार के सभी प्राणियों की दु:ख और पीड़ा के प्रति संवेदना रखने वाली स्त्री एक अहंकारी पुरुष के साथ रहना कैसे स्वीकार कर सकती थी। रानी सुमित्रा प्रतिवाद करते हुए कहती है-"साहस नहीं है, महाराज साहस नहीं है! तुम्हारा प्रेम अपने प्रेम के पत्र को बहुत दूर छोड़ गया है मैं उसके आगे अत्यंत छोटी हो गयी हूँ। तुम्हारे चित्त-समुद्र में जो तूफान उठा है उसमें से पार होने योग्य मेरी नाव नहीं है, उन्मत्त होकर यदि मैं बहा भी दूँ तो वह एक ही क्षण में डूब जाएगी....जबकि चारों ओर सब वंचित ही वंचित हैं तब मुझे तुम चाहे कितनी ही सम्पदा क्यों न दे डालो, उसमें मेरी रुचि नहीं हो सकती"48

रानी सुमित्रा युद्ध में समझौते के तौर पर जीत कर लाई गयी थीं। युद्ध में कश्मीर की हार और कश्मीर नरेश के समर्पण के बाद अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए कश्मीर कन्या सुमित्रा पहले ही अग्नि समाधि लेना चाहती थी, लेकिन कश्मीर की प्रजा और बंधू-बांधवों की प्राण रक्षा के लिए वह राजा विक्रम को खुद को सौंप देती है। जलंधर आकर जब वह अपने स्वाभिमान की निरंतर अवमानना होते देखती है, राज-काज के किसी भी मामले में जब वह किसी तरह का अपना अधिकार नहीं देखती तो वह विचलित हो उठती है। यहाँ तक कि सामंत शिलादित्य द्वारा बुधकोट की जनता पर हो रहे अत्याचार का जब वह विरोध करती है और उनके लिए न्याय की मांग करती है, राजा उसके इस मांग को भी अस्वीकार कर देता है और उसे अपने दायरे में सीमित रहने अन्यथा दंड भुगतने का भय दिखाता है। सुमित्रा इस स्वत्वहीन होकर जीवन जीने या रानी के आवरण में दासी बने रहने से इंकार कर देती है। विद्रोह कर देती है। सुमित्रा का यह विद्रोही चरित्र उन्नीसवीं सदी की डॉ. रूखमाबाई, पंडिता रमाबाई जैसी स्त्री शक्तियों की याद दिला देती है। उसका यह विद्रोही चरित्र आधुनिक भारतीय नाट्य साहित्य की बड़ी उपलब्धि है। नाटक में सुमित्रा का सम्पूर्ण चरित्र एक आधुनिक स्त्रीवादी व्यक्तित्व की तरह उभर कर सामने आता है। इस सन्दर्भ में टैगोर का एक और नाटक 'बांसुरी' की नायिका बांसुरी भी एक विशिष्ट और आधुनिक स्त्री चेतना का प्रतिनिधित्व करने वाली स्त्री पात्र है।

बीसवीं शताब्दी के आरम्भिक दशक में भारतीय साहित्य जगत में टैगोर एक सृजनात्मक स्त्रीवादी दृष्टि के प्रवर्तक के रूप में उभरते हुए दिखाई देते हैं। यह टैगोर का ऐसा स्त्रीवाद है जिसमें स्त्री का स्वत्व और स्वाभिमान केंद्र में है लेकिन जिसकी परिधि पर चारों तरफ सामाजिक और राष्ट्रीय सरोकार की चिंताएं भी समाहित हैं।

नाटक में वे अपने तई यह विचार व्यक्त करते हुए दिखाई देते हैं कि आधुनिक स्त्री अपने 'मैं' के प्रति पूर्णत: सचेत है। वह अपने इस 'मैं' के होने को निजी स्वाभिमान और स्वत्व के

साथ-साथ देश और समाज के स्वत्व और स्वाधिकार की रक्षा से भी जोड़कर देखती है। उसका 'मैं' अपने झूठे अहंकार में एकांगी और व्यर्थ में एकांत निर्वासन की हद को नहीं छूता, वह अपने को विस्तृत करते हुए समाज में न्याय की रक्षा और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की हद तक यात्रा करने वाला 'मैं' है। यदि अत्याचारी ताकतें न्याय और मानवीय अधिकार को कुचलते हुए स्त्री के स्वत्व को अपना गुलाम बनाने की कोशिश करती हैं, फिर प्राण देकर भी स्त्री अपने स्वत्व और स्वाभिमान की रक्षा ज़रूर करेगी। 'तपती' (राजा और रानी) इस अर्थ में एक युगांतकारी नाटक है जो ऐतिहासिक पात्रों के माध्यम से आधुनिक जीवन की धड़कन को पूरी जीवन्तता के साथ धारण करता है।और टैगोर एक संघर्षशील, विद्रोही, न्याय और अन्याय का भेद जाननेवाली राष्ट्र की धड़कन के साथ खुद को जोड़कर देखने वाली स्त्री चरित्र की रचना करने में सफल होते हैं। उनके नाटकों में उनका पूरा युग बोलता हुआ दिखाई देता है।

टैगोर के नाटक या कहें सम्पूर्ण साहित्य इस बात की गवाही देता दिखाई देता है कि साहित्य जीवन को उसकी सम्पूर्णता और जीवन्तता के साथ तभी धारण कर सकता है जब वह समाज की आधी आबादी स्त्री की बदलती छवि और भूमिका को ठीक-ठीक दर्ज कर सके। उनके नाटक इस अर्थ में बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण हैं।उनके कहानी या उपन्यास में जीवन के तमाम ब्यौरों के बीच स्त्री-चेतना मंथर गति और बहुत ज्यादा फैलाव के साथ व्यक्त हुई है जबकि नाटक में यही स्त्री चेतना बहुत ही प्रखरता से सीधे-सीधे अपनी जगह बना लेती है।

सन्दर्भ :

1. "रेनेसांस (नवजागरण) शब्द फ्रांसिसी इतिहासकार मिशले (1796-1874 ई.) ने गढ़ा था, और बुर्कहार्ट द्वारा के द्वारा वः ऐतिहासिक अवधारणा के रूप में विकसित हुआ। (डिक्शनरी ऑफ़ फिलासफी, पृष्ठ -270)
2. एन एनसाइक्लोपीडिया ऑफ़ रिलीजन (वर्जिलिअस फेरम द्वारा संपादित, पृष्ठ- 655)
3. हेनरी एस. लुकाच, द रिनेसांस एंड द रिफार्मेशन, पृष्ठ-207
4. एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका, खंड 19, पृष्ठ-122
5. जे. ह्युजिंगा, मैन एण्ड आइडिया, पृष्ठ-255
6. हेनरी एस. लुकाच, द रिनेसांस एण्ड द रिफार्मेशन, पृष्ठ-208
7. हेनरी एस. लुकाच, द रिनेसांस एण्ड द रिफार्मेशन, पृष्ठ-208
8. फ्रेडरिक बी. अर्त्ज, 'फ्रॉम द रिनेसास टू रोमांटिसिज्म', पृष्ठ-226
9. हेनरी एस. लुकाच, द रिनेसांस एंड द रिफार्मेशन, पृष्ठ-208
10. डिक्शनरी ऑफ़ फिलासफी, संपादक-डागोबर्ट डी, रुनिस, लंदन, पृष्ठ-270
11. कार्ल मार्क्स, फ्रेडरिक एंगेल्स, संकलित रचनाएँ, खंड-3, भाग-1 पृष्ठ-45
12. आग्नेस हेलर, रिनेसांस मैन, रुतलेज, पृष्ठ-2
13. वसुधा डालमिया, हिन्दू परम्पराओं का राष्ट्रीयकरण भारतेंदु हरिश्चंद्र और उन्नीसवीं सदी का बनारस, पृष्ठ-18
14. इंडियन रिनेसा, संपादक-के.एन. पणिक्कर (रिनेसा इन इंडिया), पृष्ठ-54-55
15. दत्त, रजनी पाम दत्त, आज का भारत, पृष्ठ-315
16. मजुमदार, आर.सी. मजुमदार, एड. (1963) 1970. ब्रिटिश पारामौंटे एंड इंडियन रिनेसां, पार्ट-IIII1, वोल्यूम-9, पृष्ठ-191 हिस्ट्री एंड कल्चर ऑफ़ द इंडियन पीपुल, बॉम्बे, भारतीय विद्याभवन

17. वसुधा डालमिया, हिन्दू परम्पराओं का राष्ट्रीयकरण (भारतेंदु हरिश्चंद्र और उन्नीसवीं सदी का बनारस, पृष्ठ-18
18. वीर भारत तलवार, रस्साकशी, पृष्ठ-117
19. वीर भारत तलवार, रस्साकशी, पृष्ठ-120
20. रामविलास शर्मा, स्वतंत्रता संग्राम : बदलते परिप्रेक्ष्य, हिंदी माध्यम कार्यन्वय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
21. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-32, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, पृष्ठ-126
22. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-32, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, पृष्ठ-126
23. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-32, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, पृष्ठ-127
24. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-32, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, पृष्ठ-128-129
25. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-32, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, पृष्ठ-129
26. राधा कुमार, स्त्री संघर्ष का इतिहास, वाणी प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण-2011, पृष्ठ संख्या- 39
27. वही, पृष्ठ संख्या-23
28. संपादक-ओमप्रकाश सिंह,भारतेंदु हरिश्चंद्र ग्रंथावली-6, पृष्ठ-70
29. वीर भारत तलवार, रस्साकशी, पृष्ठ-33-51
30. गरिमा श्रीवास्तव, नवजागरण : स्त्री प्रश्न और आचरण/अथ सवर्ण स्त्री प्रति-आख्यान, हिंदी समय.comकम
31. सच्चिदानंद मोहंती (2011), सरला देवी मेकर्स ऑफ़ इंडियन लिटरेचर, साहित्य अकादमी, पृष्ठ-48-50 (हिंदी अनुवाद गरिमा श्रीवास्तव)
32. नागेन्द्रबाला दासी, नारीधर्म,पृष्ठ-17 (प्रकाशक-नागेन्द्रबाला दासी स्वयं), कलकता
33. भारत सरकार के लिए रूखमाबाई की गबाही, टेलीग्राफ 15 जुलाई 1887, पृष्ठ-2
34. उद्धृत- एच. चारुलता, फ्रॉम EKXPLOITESH-N एक्स्प्लॉयटेशन टू इमेनशिपेशन : द मेटामोरफोसिस ऑफ़ वुमनहुड इन रवीन्द्रनाथ टैगोर्स फिक्शन, पृष्ठ-07
35. उद्धृत- एच. चारुलता, फ्रॉम EKXPLOITESH-N एक्स्प्लॉयटेशन टू इमेनशिपेशन: द मेटामोरफोसिस ऑफ़ वुमनहुड इन रवीन्द्रनाथ टैगोर्स फिक्शन, पृष्ठ-49
36. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-33, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, पृष्ठ-16
37. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-34, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, पृष्ठ-37
38. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-08, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, पृष्ठ-56
39. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-08, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, पृष्ठ-58
40. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-08, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, पृष्ठ-59
41. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-08, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, पृष्ठ-79-80
42. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-08, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, पृष्ठ-70
43. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-08, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, भूमिका से उ)ृत
44. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-12, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, रवीन्द्रनाथ द्वारा लिखित भूमिका से उद्धृत
45. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-12, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, पृष्ठ-31
46. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-12, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, पृष्ठ-76
47. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-12, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, पृष्ठ-65
48. रवीन्द्रनाथ टैगोर रचनावली, खंड-12, संपादक इंद्रनाथ चौधरी, पृष्ठ-65-66

❑❑❑

???

कबीर की लोक व्याप्ति

—प्रो. मंजुला राणा

कबीर ने सम्पूर्ण समाज को वर्गात्मक ढाँचे में जकड़ा हुआ देखा, पाया। उन्होंने अनुभव किया कि इस ढाँचे के भीतर मनुष्य-मनुष्य से धर्म, वर्ण, जाति, वेश-भूषा, भाषा, क्षेत्र आदि आधारों पर भेद-भाव करता है। कबीर मनुष्य के अपमान को सहन नहीं कर सके। सौभाग्य से उन्हें कवि-हृदय प्राप्त था। इसलिए, उन्होंने अपनी कविता के माध्यम से समाज की और धर्म की उन सभी विकृतियों को जनसाधारण के बीच उजागर किया, जिनसे मनुष्य-मनुष्य के बीच भेद-भाव की चेतना एवं भावना उत्पन्न होती है। वे उपदेशक की भाँति शुष्क एवं नीरस वक्तव्य देकर शांत नहीं हो जाते हैं।

'कबीर' हिन्दी साहित्य की श्रेष्ठतम विभूति तथा वाणी के उन वरद पुत्रों में से एक हैं, जिनकी प्रतिभा के प्रकाश से हिन्दी साहित्याकाश चिर आलोकित रहेगा। कबीर वह कवि हैं, जिनके अन्त:करण में लोक एवं परलोक के प्रति समान आग्रह, समान चिन्ता एवं समान सचेष्टता है। लोक भी कबीर को उतना ही वांछनीय है जितना परलोक। उनका काव्य तत्कालीन लोक-जीवन का दर्पण है। वास्तव में, कबीर मध्यकालीन भक्ति-आन्दोलन की चरम उपलब्धि हैं। मध्यकालीन भक्ति-आन्दोलन के मूल स्रोत के सम्बन्ध में अनेक प्रकार के निष्कर्ष निकाले गये हैं, किंतु वास्तविकता है कि मध्यकाल में एक सशक्त आन्दोलन के रूप में यह लोक जागरण का उत्साह भरा प्रतिफल है, जिसके मूल में सदियों के गतिहीन एवं जड़ीभूत सैद्धान्तिक संस्कारों तथा पतनशील मानवमूल्यों से छटपटाते हुए भारतीय जनमानस को मुक्ति दिलाना मुख्य उद्देश्य था। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भक्तिकालीन सभी श्रेष्ठ कवियों ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाया। भक्ति के इस लोक जागरण के मंच को हिन्दी-कवियों में सर्वप्रथम और सबसे सशक्त तथा व्यापक बनाने वाले कबीर हमारे अद्वितीय लोक-कवि हैं, जिन्होंने जग के बारे में यह जानते हुए भी कि वह सत्य कहने पर मारने को दौड़ता है, बहुत साहस, दृढता एवं निर्भयता के साथ तद्युगीन सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं राजनैतिक सत्य को उजागर किया।

''साधो देखो जग बौराना
साँची कहौं तौ मारन धावै झूठे जग पतियाना।''[1]

इससे बढ़कर उत्साह भला और क्या हो सकता है? तुलसी ने भी ''धूत कहौं अवधूत कहौं देबे को दोउ''[2] - कहकर अपना उत्साह व्यक्त किया था, किन्तु उस उत्साह में वह आँच कहाँ, जिसकी अनुभूति हमें कबीर में होती है। वस्तुत:, कबीर के काव्य में वैचारिक सौन्दर्य का जो अटूट आवेग प्राप्त होता है,

उसका आधार उनका वास्तविक जीवन है। कबीर आजीवन जीवन के मर्म को जानने तथा लोक को जगाने में लगे रहे। वे लोक को समाज, धर्म आदि के वास्तविक मर्म एवं सत्य-सौन्दर्य से पहचान कराते हैं। जीवन के मर्म की पहचान करने एवं कराने की प्रक्रिया में ही कबीर की वाणी काव्य रूप में अवतरित होती है। इस दृष्टि से मैं कबीर को हिन्दी का अद्वितीय लोक-कवि मानती हूँ। उनकी व्यक्तिगत जीवन शैली, कर्म-क्षेत्र, काव्य-संसार एवं उनकी विचारधारा उन्हें एक उदारचेत्ता एवं लोक-कवि सिद्ध करती है। लोक से जुड़ी उनकी कविता मानवमात्र की मुक्ति की कामना करती है, उनके अन्तःकरण में जागृति पैदा करती है। निस्सन्देह, कबीर के समय से अब तक लाखों-करोड़ों निर्धन-असहाय एवं दलितों की आध्यात्मिक प्यास कबीर की निर्गुण वाणी वाली कविता से बुझती रही है। लोक ही नहीं, साहित्य भी इस तथ्य का साक्षी है, तभी तो बीसवीं सदी की सर्वाधिक प्रसिद्ध हिन्दी कहानी 'कफन' के पात्र 'घीसू' एवं 'माधव' तथा कविवर सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का प्रिय पात्र 'चतुरी चमार' गाढ़े वक्त में कबीर के निर्गुण पद ही गाते हैं। वस्तुतः, कबीर अपनी कवित्व शक्ति के बलबूते विश्व में अमर हैं।

यहाँ उल्लेख्य है कि कबीर के पूर्व भी अनेक विचारकों एवं कवियों ने धार्मिक एवं सामाजिक विकृतियों की निन्दा की, साथ ही समाज को सद्मार्ग पर चलने का उपदेश दिया, किन्तु कबीर की अपनी आलोचनात्मक पद्धति में मौलिकता मधुमक्खी की क्रिया-विधि की उस मौलिकता के समान है, जो देख-देखकर एवं चख-चखकर असंख्य फूलों का मधुर रस संग्रह कर उसे मधु में परिवर्तित कर देती है। कबीर ने भी अपनी आध्यात्मिक, सामाजिक एवं धार्मिक अनुभूतियों को उस कविता के रूप में प्रस्तुत किया कि वह इतना अपूर्व रूपा बन गयी कि तत्कालीन लोकमानस भी उस पर मुग्ध हुआ और तब से अब तक वह कविता लोकमानस का कण्ठहार बनी हुई है। कबीर ने कहा है कि वही अक्षर, वही वाणी लोग तरह-तरह से कहते हैं, लेकिन जब कोई मर्मी उसमें अनुभूति का लावण्य मिला देता है, तो वह अमृतमय रसायन बन जाती है।

"सोई आषिर सोई बैयन, जन जू जू वाचवंत। कोई एक मेले लवणि, अमी रसाइण हुँत।।"[3]

वस्तुतः, यह महत्वपूर्ण तथ्य है कि उस सामंती वातावरण के कठिन दौर में कबीर के कवि रूप ने उस कवि-कर्म को साधा, जिसका धर्म लोक धर्म था, न कि सामंती धर्म। इस दृष्टि से कबीर-काव्य उनकी लोक-दृष्टि का प्रत्याख्यान है। कबीर सिकंदर लोदी (सन् 1489-1517 तक) के समकालीन थे। उन्होंने तत्कालीन सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं आर्थिक ढाँचे को देखा। सामाजिक दृष्टि से कबीर कालीन समाज-चाहे वह हिन्दू समाज था या मुस्लिम, समाज-मुख्यतः दो वर्गों में - सवर्ण-अवर्ण, स्पृश्य-अस्पृश्य, अमीर-गरीब, ऊँच-नीच, शिक्षित-अशिक्षित, शोषक-शोषित में बँटा हुआ था। एक ओर मुट्ठीभर भूस्वामी-सामन्तों, उनके निजी क्रियाकलापों से जुड़े हुए कुछ थोड़े से लोगों, धनी व्यापारियों एवं धूर्त धर्माचार्यों का वर्ग था, तो दूसरी ओर गरीब किसानों, मजदूरों, कारीगरों एवं विभिन्न पेशेवर निम्न-दलित जातियों का विशाल जनसमुदाय था। वर्ण-व्यवस्था की कठोरता के कारण हिन्दू समाज में तो अनेक विकृतियाँ थीं हीं, किन्तु मुस्लिम समाज भी इन रोगों से बच नहीं पाया था। प्रसिद्ध इतिहासकार

डॉ. आशीर्वादी लाल के शब्दों में, "दीर्घकाल तक भारतीय मुसलमान की स्थिति बहुत ही दयनीय रही होगी। देश के शासन में उसका हाथ नहीं था और न शासन वर्ग में ही उसका स्थान था। अपने बहुसंख्यक हिन्दू देशवासियों से भी धन, सामाजिक स्थिति तथा स्वाभिमान की दृष्टि से वह कहीं अधिक नीचा था।"[4] कबीर और कबीर के समान वे सभी मुसलमान, जिनकी रोजी रोटी जुलाहे कर्म, शिल्पकारी, रंगरेज कर्म आदि से सम्बद्ध थी, मुसलमान होकर भी उसी तरह पद्‌दलित एवं सम्मान वंचित बने हुए थे जैसे वे हिन्दू होकर होते।

धार्मिक दृष्टि से भी तत्कालीन दोनों धर्मो-हिन्दू एवं इस्लाम में जन साधारण के लिए भेद-भाव पूर्ण विचार था। दोनों धर्मो में ईश्वरीय सत्ता, पवित्र धार्मिक ग्रन्थों तथा कर्मकाण्डों पर पुरोहित वर्ग का विशेषाधिकार था, जिसके कारण ईश्वरीय भक्ति भी सबको समान रूप से प्राप्त नहीं हो सकती थी।

कबीर ने सम्पूर्ण समाज को वर्गात्मक ढाँचे में जकड़ा हुआ देखा, पाया। उन्होंने अनुभव किया कि इस ढाँचे के भीतर मनुष्य-मनुष्य से धर्म, वर्ण, जाति, वेश-भूषा, भाषा, क्षेत्र आदि आधारों पर भेद-भाव करता है। कबीर मनुष्य के अपमान को सहन नहीं कर सके। सौभाग्य से उन्हें कवि-हृदय प्राप्त था। इसलिए, उन्होंने अपनी कविता के माध्यम से समाज की और धर्म की उन सभी विकृतियों को जनसाधारण के बीच उजागर किया, जिनसे मनुष्य-मनुष्य के बीच भेद-भाव की चेतना एवं भावना उत्पन्न होती है। वे उपदेशक की भाँति शुष्क एवं नीरस वक्तव्य देकर शांत नहीं हो जाते हैं। उनके पास पाखण्ड-खंडिनी तर्क-भाषा हैं, जिसे वे संवेदना की आँच में पकाकर कविता का रूप देते हैं। इसलिए वे उपदेशक नहीं, हमारे विश्वसनीय कवि बन जाते हैं। हिंदी साहित्य में ऐसी कविता जिसमें तर्क एवं संवेदना का मणिकांचन संयोग हो, जो एक स्तर पर बौद्धिक क्षमता सम्पन्न अकाट्य तर्कों द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक विसंगतियों पर निर्मम प्रहार करती हो और दूसरे स्तर पर मानवीय प्रतिष्ठा एवं उनकी गरिमा हेतु प्रेम, करूणा तथा सहानुभूति की वर्षा करती हो - कबीर की ही है।

कबीर ने समाज के सामने मनुष्य की श्रेष्ठता का आदर्श प्रस्तुत किया। वस्तुत:, मनुष्य विधाता की सर्वोत्तम सृष्टि है। भारतीय वांग्मय में मनुष्य की उपस्थिति कभी केन्द्रीय मूल्य के रूप में रही है तो कभी वह मूल्यों की परिधि के किसी बिन्दु पर उपस्थित रहा है; किन्तु वह भारतीय साहित्य के वृत्त से कभी ओझल नहीं हुआ। आत्मा-परमात्मा के चिन्तन से युक्त अध्यात्म दर्शन में उसे निश्चित ही गौण स्थान प्राप्त हुआ है, किन्तु नास्तिक दर्शनों, भौतिकवादी तथा यथार्थवादी दर्शनों का वह मूलाधार रहा है। महाभारत में भी 'नहिं मानुषात् श्रेष्ठतरं किंचित्' का उदघोष कर उसकी श्रेष्ठता एवं महत्ता का प्रतिपादन किया गया है। कबीर मानववादी कवि हैं। उनका सम्पूर्ण चिंतन, कथन एवं मंडन मनुष्य सापेक्ष है। मनुष्य कबीर काव्य का केन्द्रीय तत्व है। मनुष्य की सार्वभौम एकता एवं उसकी महत्ता ही कबीर काव्य का सार तत्व है। उनके लिए मनुष्य सबसे महत्वपूर्ण है, जिसे साई ने गढ़ा हैं। उन्होंने समस्त रूढ़ियों एवं संकीर्णताओं से मुक्त मनुष्य की अवधारणा व्यक्त की। उन्होंने सर्व प्रथम अपने को ही 'ना हिंदू ना मुसलमान' कहकर मनुष्य के रूप में प्रतिष्ठित किया।

कबीर की मानवीय अवधारणा को मनुष्य होकर ही समझा जा सकता है, न कि हिन्दू बनकर, न मुस्लिम बनकर, न दलित बनकर और न सवर्ण बनकर। उनका मनुष्य वर्ग, वर्ण, जाति, धर्म, नस्ल, भाषा, क्षेत्र आदि की संकीर्णताओं को एवं माया रूप भौतिक संसाधनों की जननी लक्ष्मी के मोह-पाश को जलाने वाला ही हो सकता है। कबीर की अवधारणा का मूर्त मनुष्य वह होगा जिसमें अपने घर को जलाने का साहस है -

''हम घर जाल्या आपणां, लिया मराड़ा हाथि।

अब घर जालौं तास का, जे चले हमारे साथि।।''[5]

कबीर ने सबल रूप से इस तथ्य को लोगों के सामने रखा कि परमात्मा ने एक ही बूँद, एक ही ज्योति, एक ही मल मूत्र आदि से सारी सृष्टि रची है। फिर, ब्राह्मण और शूद्र का भेद क्यों-

बूंद एकै मल मूतर, एक चाम एक गुदा।

वस्तुतः, कबीर के राम समाज में अभेद पैदा करने वाले हैं, भेद पैदा करने वाले नहीं। वे मनुष्य के हृदय में प्रेम पैदा करने वाले हैं। इसलिए, कबीर छद्मवेशी धर्माचार्यों की वास्तविकता की पोल खोलते हुए कहते हैं कि उनकी सच्ची प्रीति तो धन-दौलत, पद और प्रतिष्ठा में हैं एवं वे राम भक्तों पर हंसते हैं -

साँची प्रीति विषै माया सूँ, हरि भगतनि तूं हासी।[6]

वस्तुतः, कबीर 'आँखिन देखी' की बात करते हैं। अनुभूत तथ्य को सामने रखते हैं। वे 'आँखिन देखी' बातों, जो सुलझी होती है, के द्वारा लोक-मानस को जगाते हैं। इसलिए, 'कबीर लोक-जागरण के कवि हैं, न कि हिन्दू-मुस्लिम ऐक्य के प्रतिपादक कवि, जैसा कि डॉ. श्याम सुन्दर दास ने माना है।'[7] यद्यपि कबीर पितृ पक्ष से जुलाहा थे एवं मातृ पक्ष से ब्राह्मण; उनके एक गुरू रामानन्द (ब्राह्मण) थे तथा दूसरे शेख तुर्की (मुसलमान), तथापि कबीर न हिन्दू थे एवं न मुसलमान; इसलिए कबीर समझौतावादी या समन्वयवादी कवि नहीं हैं। कबीर ने अपने लिए नई राह तलाशी और दृढ़ता तथा आत्मविश्वास के साथ कहा था कि 'पंडित मुल्ला जो लिखि दिया, छाड़ि चले हम कछु न लिया।' कबीर का रास्ता बहुत साफ था। वे दोनों को सहर्ष स्वीकार कर समन्वय करने वाले नहीं थे। समस्त ब्रह्माचारों के जंजालों और संस्कारों को विध्वंस करने वाले क्रान्तिकारी थे। समझौता उनका रास्ता नहीं था।'[8] इसी प्रकार, कबीर को समाज सुधारक मानना उनके 'जीवन-मिशन को चरितार्थ करने वाला नहीं है।'[9] कबीर का मूल मिशन था - मानव मन का शोधन।

वस्तुतः, कबीरकालीन जन-जीवन एवं 21वीं सदी के वर्तमान जन-जीवन में हमें कोई आमूल परिवर्तन दिखाई नहीं देता है। विडम्बना यह है कि कबीर को अपना गुरू मानने वाले कबीर-पंथियों तक ने भी वर्तमान परिवेश में उनके मूल विचार का परित्याग कर दिया है। यदि कबीर वर्तमान परिस्थिति को देखते तो उन्हें आज अपना निम्न पद पुनः याद आता -

या जग अंधा मैं केहि समझावों।[10]

उन्होंने कहा था कि उच्च कुल में जन्म लेने मात्र से कोई बड़ा नहीं हो जाता है। बड़े होने की शर्त है कि – कर्म की उच्चता-महानता।

'ऊँचे कुल क्या जनमियाँ, जे करणीं ऊँच न होइ।

सुबरन कलस सुरै भर्या, साधु निन्दा सोइ।।'[11]

कबीर के हृदय में जनसाधारण के प्रति जिस वेग से प्रेम उमड़ता है, वे उतनी ही तीक्ष्णता से सामाजिक रूढ़ियों एवं धार्मिक पाखडों पर प्रहार करते हैं। अपने हृदय में वे एक समानता मूलक समाज की तलाश में जितने बैचेन होते हैं, बाहर एक विभाजित, खंडित एवं रूढ़िपरम्पराओं से गतिहीन बने समाज से मुठभेड़ करते हैं और विशेषता यह है कि उसकी विसंगतियों के विरुद्ध लड़ाई लड़ते हुए कबीर ऊपर से जितने तेजस्वी प्रखर एवं वाचाल दिखाई पड़ते हैं, हृदय-पक्ष से उतने ही प्रेम मुग्ध, आत्मलीन एवं सहज हैं। वस्तुतः, कबीर की आलोचना में गहरा प्यार छिपा है। वस्तुतः, कबीर मानवता के संरक्षक कवि हैं। इसीलिए सबका ध्यान रखने वाले अपने हरि-कबीर हरि सबकूँ भजै।[12] से कबीर सर्वकल्याणार्थ प्रार्थना करते हैं –

कबीर करत है बीनती, भौसागर के ताई। बंदे ऊपरि जोर होत है, जंम कूं बरजि गुसाँई।।[13]

कबीर की चिन्ता सम्पूर्ण लोक के प्रति दृष्टिगोचर हो रही है। उनकी मानवतावादी चिन्ता को सिर्फ दलित वर्ग से जोड़कर देखना उनको पूरी तरह न समझने का परिणाम है। उनकी मानवतावादी दृष्टि में सम्पूर्ण मानव समाज समाहित है। कबीर सभी की खैर (कल्याण) चाहने वाले महाकवि हैं –

कबिरा खड़ा बाजार में, माँगै सबकी खैर। ना कांहू से दोस्ती, ना कांहू से बैर।।[14]

आजकल जिस भूमण्डलीकरण (Globalization) की चर्चा जोरों पर हैं, क्या उसकी गूँज हमें कबीर के वाक्य – 'गल बल शहर अनंत में' – सुनाई नहीं दे रही है? अवश्य सुनाई देती है। कबीर इस विश्व-नगर के सभी मनुष्यों की भलाई हेतु अपने प्रभु से विनती करते हैं। वे जग-कल्याण के कवि हैं। उनके विश्व-कल्याण की भावना में लोक कल्याण की भावना स्वतः समाहित है। जिस प्रकार कुटुम्ब (परिवार) का अगुआ (अभिभावक) कुटुम्ब की मंगल कामना करता रहता है, उसी प्रकार मानव-समाज के अगुआ कबीर ने सभी मनुष्यों की प्रतिष्ठा एवं गरिमा के प्रति सचेष्ट रहते हुए सबके प्रति अपनी मंगल कामना व्यक्त की है। उन्हें तो संसार के कण-कण में राम समाये हुए दिखाई देते हैं।

जहँ देखौं तहँ राम समाना, तुम्ह बिन ठौर और नहिं आना।[15]

यह कबीर का महाभाव है। जो लोग इस संसार को धर्मों, वर्गों, जातियों, नस्लों, क्षेत्रों एवं भाषाओं आदि में बांटकर देखते हैं एवं इस प्रकार के कर्म से स्वार्थ-सिद्धि करते हैं, उनमें ऐसा महाभाव नहीं पैदा हो सकता।

वास्तविकता तो यह है कि कबीर ने मानव-मात्र में एक ही दिव्य ईश्वरीय ज्योति के दर्शन किये थे और इसी आधार पर मानव-मात्र की एकता का प्रतिवादन किया था। वे सच्चे अर्थो में मानवतावादी या मानव धर्मा कहे जा सकते हैं।

कबीर ने नारी को जग की जननी भी कहा है और उसके प्रति अपमान जनक धारणा को मूर्खतापूर्ण माना है –

नारी जननी जगत की पाल पोष दे तोष। मूरख राम बिसार कर ताहि लगावै दोष।।[16]

इस प्रकार, हम कह सकते हैं कि नारी के कामिनी रूप के प्रति कबीर की दृष्टि कितनी ही कठोर क्यों न रही हो, किन्तु नारी जाति के प्रति उनमें ईर्ष्या भाव नहीं है। वे नारी में भी प्रभु के स्वरूप का दर्शन करते हैं। यदि कबीर सचमुच नारी जाति के निंदक एवं विरोधी होते तो उनकी शरण में, उनके पंथ में महिला संत नहीं होती, किन्तु यथार्थ इसके विपरीत है। उनके जीवन काल से लेकर अब तक कबीर पंथ में अनेक महिला संत भी हुई हैं।

वस्तुत:, कबीर का चिन्तन उच्च स्तरीय है। उन्होंने उस व्यापक मानव धर्म की प्रतिष्ठा की, जिसका मूल 'प्रेम-तत्व' है। यही प्रेम-तत्व मनुष्य को मनुष्य से जोड़ने वाला है। उसकी गरिमा की प्रतिष्ठा करने वाला है और यही प्रेम-तत्व कबीर का मूल संदेश भी है। उनके काव्य में प्रेम का सामाजिक एवं आध्यात्मिक दोनों स्वरूप विद्यमान है। इस प्रेम धर्म से बढ़कर हिन्दू, इस्लाम या विश्व का कोई भी धर्म नहीं है। कबीर ने दो टूक शब्दों में कहा था –

''पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुवा, पंडित भया न कोई।
एकै आषिर पीव का, पढैं सु पंडित होई।।''[17]

कबीर का अध्यात्म-दर्शन, अर्थ-दर्शन, एवं लोक-दृष्टि

मध्यकालीन हिन्दी साहित्य के महान् सन्तों एवं भक्त कवियों की भक्ति-भावना और दार्शनिक विचारधारा ठोस सामाजिक दर्शन पर आधृत हैं। कबीर के परिप्रेक्ष्य में यह तथ्य और भी निखर कर सामने आता है, क्योंकि कबीर ने इसी दुनिया में सूत बुनते-कातते, व्यक्तिगत समस्याओं से उलझते-सुलझते एवं छद्मवेशी धर्माचार्यों से लड़ते-झगड़ते अपनी आध्यात्मिक यात्रा पूर्ण की। उनका भक्ति-दर्शन इस संसार की पीड़ा को भोगता एवं व्यक्त करता हुआ गुजरता है; साथ ही यह संसार उनकी भक्ति-भावना की निर्मल धारा से प्रक्षालित होकर नवीन जीवनादर्श पाता है।

कबीर ने जनसाधारण को स्वर्ग और नरक के प्रपंच में न पड़कर कर्मरत रहने का संदेश दिया–

श्रग नृक थैं हूं रह्या सतगुरू के प्रसादि।[18]

इतना ही नहीं, कबीर ने स्वर्ग-नरक के प्रपंच में न पड़ने के साथ-साथ जन साधारण को राम-रहीम के आतंक से भी बचाने की कोशिश की,

''हिदूं मूये राम कहि मुसलमान खुदाई। कहै कबीर सों जीवता, दुह में कदे न जाइ।।''[19]

इसका तात्पर्य यह नहीं कि कबीर नास्तिकता के समर्थक हैं। कबीर से बढ़कर आस्तिक कौन हो सकता है; किन्तु, कबीर को अपने इष्ट का भी वह रूप स्वीकार नहीं, जिसके आधार पर समाज में मानव-मानव के बीच भेद-भाव, ऊँच-नीच की भावना उत्पन्न होती है एवं शोषण के सभी रूपों को बढ़ावा मिलता है। कबीर मानवीय चेतना की इस प्रकार की परतंत्रता को स्वीकार करने वाले नहीं थे। इसीलिए, उन्होंने ब्रह्म के निराकार रूप का वरण किया ताकि प्रत्येक भक्त उसको अपने मनोरूप चुन सके। इस प्रकार, कबीर ने ईश्वर को मंदिर-मस्जिद के भेद से बाहर

निकालकर बाहरी कर्मकाण्डों के घेरे से मुक्त कर जीवन के खुले क्षेत्र में लाया। इस प्रकार, कबीर ने समाज की दलित एवं अछूत जातियों के लिए हरि-भक्ति का द्वार खोल दिया, जिनको मंदिरों में प्रवेश करने का अधिकार नहीं था।

कबीर के अनेक पद ऐसे हैं जिनमें उन्होंने अपने जुलाहे कर्म के माध्यम से अपनी भक्ति-भावना को प्रकट किया है। जाति-पाति के भेद-भाव को पूरी तरह अस्वीकार कर चुनने के बावजूद कबीर कभी भूले नहीं कि वे पेशे से जुलाहे हैं; किन्तु विशेषता यह है कि इस कार्य के प्रति उनके मन में हीनता की भावना नहीं है। वे इसे प्रेमा-भक्ति जैसे उदात्त जीवन-मूल्य से जोड़कर ऊँचा उठाते हैं। रुपक एवं सादृश्य योजनाओं से सृजित ऐसे अनेक पद हैं जिसमें कबीर ने अपने जुलाहे कर्म को अध्यात्म के समान्तर रखा है। ऐसे पदों में कर्म एवं अध्यात्म का द्वैत पूरी तरह समाप्त हो गया है। यह उनके लोक-जीवन के साथ सघन जुड़ाव का साक्ष्य है। ''इस दृष्टि से हम कबीर को 'श्रम का समर्थक' प्रथम कवि भी कह सकते हैं।''[20]

कबीर की दृष्टि में जो मनुष्य संसार में रहते हुए कर्म करता है, उसका मन स्वच्छ हो जाता है। जो मनुष्य कर्म नहीं करता, उसका चित्त स्वच्छ-निर्मल नहीं रहता है। मनुष्य को कर्म करते हुए ब्रह्म का ध्यान करना चाहिए। ऐसा न करने से उसका समूल नाश हो जाता है –

''कबीर जे धंधै तौ धूलि, बिन धंधै धूलै नहीं। ते नर बिनठे मूलि, जिनि धंधै में ध्याया नहीं।।''[21]

पाखंडोन्मूलन के सिलसिले में भी कबीर लोक-जीवन के काम में आने वाली घर की चक्की को नहीं भूलते हैं –

''पाथर पूजे हरि मिले तो मैं पुजूं पहाड़। ताते ये चक्की भली पीस खाय संसार।।''[22]

वस्तुत:, कबीर श्रम के समर्थक कवि हैं। उन्हें ज्ञात है कि श्रम के बिना लोक के अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती है। उनकी भक्ति 'सूरा' की भक्ति है, कायर की नहीं। 'कबीर ग्रन्थावली' में 'सूरा तन कौ अंग' के अन्तर्गत कबीर ने भक्त को शूरवीर के रूप में चित्रित किया है, न कि लोक से पलायित कायर पुरूष के रूप में। निसंदेह, उनकी कविता कर्म पर आग्रह की कविता है।

कबीर संत एवं कवि दोनों एक साथ हैं। ये दोनों रूप कबीर के व्यक्तित्व के अविभाज्य पक्ष हैं। महान संवेदनशील कवि होने के कारण कबीर तत्कालीन समाज में आर्थिक रूप से विपन्न गरीब जनता, किसान, मजदूर एवं शोषित वर्ग के प्रति तटस्थ नहीं रह सके।

कबीर ने आर्थिक विषमता का भयावह चित्रण किया है। एक तरफ झोपड़ियों एवं मिट्टी के बने कच्चे घरों में रहने वाले गरीब किसानों, मजदूरों का निम्न जीवन-स्तर तो दूसरी तरफ अपनी ऊँची अट्टालिकाओं पर गर्व करने वाले शोषक वर्ग का आर्थिक रूप से उच्च जीवन-स्तर। इसको कबीर सहन नहीं कर सके। उन्होंने शोषक वर्ग को जीवन की अन्तिम सच्चाई को याद दिलाकर सचेत किया है –

''कबीर कहा गरबियौ, ऊँचे देखि अवास। काल्हि पर्युभ्वैं लेटणां, उपरि जामें घास।।''[23]

कबीर का सम्पूर्ण मानव और सम्पूर्ण कवि हमारे समक्ष आध्यात्मिक चेतना एवं लोक-चेतना को एक साथ उजागर करते हुए उपस्थित होता है। कबीर-काव्य में लोकचेतना और आध्यात्मिक

चेतना की अनुगूंजों में पूर्वापरता की भी स्थिति नहीं है। उनकी कविता में ये दोनों इस प्रकार घुल-मिले हैं कि - ताता लोहा यूं मिले संधि न लखई कोई।[24]

उनकी वाणी की तरंग में लोक चेतना और आध्यात्मिक चेतना के आयाम को निम्न गणितीय ग्राफ के रूप में प्रदर्शित किया जा सकता है -



स्पष्ट है कि कबीर-काव्य में आध्यात्मिक चेतना का स्वर जितना ऊँचा है, उतना ही लोक-चेतना का स्वर भी। उनकी लोक चेतना आध्यात्माभिमुखी है एवं आध्यात्मिक चेतना लोकाभिमुखी। वास्तव में, एक ही भाव तरंग है, जो यथार्थ संसार से उठकर कबीर के आत्मसंसार को व्याकुल कर रही है, मथ रही है तथा उनकी आत्मा की अमृत रस-धारा से मधुर बनी उनके आत्म-संसार से उठकर वही भाव-तरंग लोक को दिव्य बना देना चाहती है, लेकिन मूल विशेषता यह है कि हर बार तरंग की यह उड़ान धरती के सामाजिक यथार्थ पर आकर रुकती है। उनकी लोक-चेतना एवं आध्यात्म चेतना एक दूसरे में अनुस्यूत है। अंतत:, कबीर की आध्यत्मिकता को उनकी लोक-चेतना से एवं उनकी लोक-चेतना को आध्यत्मिकता से अलग कर समझना एक तरह से उनके शक्ति-स्रोत एवं समष्टि दर्शन को ही नकार देना है। उनकी अनुभूत वाणी लोक से अध्यात्म और अध्यात्म से लोक तक विचरण करती है।

इस प्रकार, कहा जा सकता है कि कबीर की लोक-दृष्टि एवं उनकी आध्यात्मिक दृष्टि एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। किसी को दूसरे का 'बाई प्रोडक्ट' या 'फोकट का माल' कहकर उपेक्षित करना कबीर की मूल भावना एवं थीम के प्रति अन्याय करना है।

वे जातिवाद, धार्मिक कट्टरता एवं आडम्बर आदि का विरोध अवश्य करते हैं, किन्तु जाति-घृणा को प्रश्रय नहीं देते। इस संदर्भ में डॉ. रामचन्द्र तिवारी का मत पूर्णत: समीचीन न होते हुए भी महत्वपूर्ण है, "कबीर को जितना आक्रोश सामाजिक और धार्मिक असमानता के प्रति है, उसका शतांश भी आर्थिक विषमता के प्रति नहीं है। एक आस्तिक भारतीय की भाँति वे धनी या निर्धन होना ईश्वर की कला का परिणाम मानते थे। आर्थिक विषमता भी मनुष्यों की ही स्वार्थवृत्ति का परिणाम है, यह उनकी समझ में नहीं आया था। वे मानते थे कि भगवान ने जिसके लिए जितना निश्चित किया है, उसे उतना ही प्राप्त होगा। चाहे जितना सिर खपाया जाय, उसमें न एक राई कम हो सकता है न एक तिल बढ़ सकता है। सुख-दु:ख अपने ही कर्मो का भोग है। यह कर्मफल का सिद्धान्त उन्हें भी मान्य था।''[25]

कबीर लोक-कवि के रूप में हमारे सामने सदैव उपस्थित रहेंगे। उन्होंने लोक-मंगल, मानवता एवं सामाजिक एकता की प्रतिष्ठा हेतु अपना सर्वस्व जीवन समर्पित किया। इस दृष्टि

से कबीर मानव-धर्म के ध्वजवाहक हैं। नाभादास जी ने 'भक्तमाल' में कबीर के व्यक्तित्व की प्रधान विशेषताओं को निम्नलिखित शब्दों में व्यक्त किया है –

'हिन्दू तुरूक प्रमान रमैनी सबदी साखी। पक्षपात नहिं बचन सबहिं के हित की भाखी।।'

अनुभव के ताप में तपी उनकी साखी, सबद, रमैनी आज भी समाज को दिशा-निर्देश दे रही हैं और सदैव देती रहेंगी। लोकरंग के अद्‌भुत रंगरेज कबीर एक सांस्कृतिक दूत बनकर सदैव प्रासंगिक रहेंगे।

संदर्भ सूची :

1. कबीर : पुनर्पाठ/पुनर्मूल्यांकन – डॉ0 परमानंद श्रीवास्तव, पृ. 153 से उद्‌धृत, अभिव्यक्ति प्रकाशन, इलाहाबाद, 2001
2. कवितावली – गोस्वामी तुलसीदास, 7/106 गीता प्रेस, गोरखपुर।
3. कबीर ग्रंथावली – (सं.) डॉ. पुष्पपाल सिंह, पृ. 216 (विचार कौ अंग, साखी-7)
4. कबीर ग्रंथावली – (सं.) डॉ. पुष्पपाल सिंह, पृ. 307 (पद-28)
5. दिल्ली सल्तनत (711-1528) डॉ. आशीर्वादी श्रीवास्तव, पृ. 299-300
6. कबीर ग्रंथावली- (सं.) डॉ. पुष्पपाल सिंह, पृ. 404 (पद-108)
7. कबीर ग्रंथावली- (सं.) डॉ. पुष्पपाल सिंह, पृ. 403 (पद-197)
8. कबीर ग्रंथावली- (सं.) डॉ. पुष्पपाल सिंह, पृ. 315 (पद-41)
9. कबीर ग्रंथावली – (सं.) डॉ. श्याम सुन्दर दास, पृ. 25
10. कबीर – आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, पृ. 192
11. कबीर – (सं.) डॉ. विजेन्द्र स्नातक, पृ. 233-234
12. कबीरदास : विविध आयाम – (सं.) डॉ. प्रभाकर श्रोत्रिय, पृ. 75 से उदधृत (भारतीय भाषा परिषद् कलकत्ता, पृ.-2002)
13. कबीर ग्रंथावली, (सं.) डॉ. पुष्पपाल सिंह, पृ. 196 (कुसंगति कौ अंग, दोहा-7)
14. उपर्युक्त, पृ. 277 (निगुणां कौ अंग, दोहा-10)
15. उपर्युक्त, पृ. 255 (सूरा तन कौ अंग दोहा-40)
16. उपर्युक्त, पृ. 278 (बिनती कौ अंग, दोहा-5)
17. उपर्युक्त पृ. 541 (रमैणी, 20वीं की 18वीं पंक्ति)
18. कबीर मीमांसा – डॉ. रामचन्द्र तिवारी पृ. 141
19. कबीर ग्रंथावली – (सं.) डॉ. पुष्पपाल सिंह, पृ. 316 (पद-43)
20. कबीर ग्रंथावली – (सं.) डॉ. पुष्पपाल सिंह, पृ. 174 (कामी नर कौ अंग, दोहा-7)
21. कबीरदास : विविध आयाम – (सं.) डॉ. प्रभाकर श्रोत्रिय, पृ. 15 से उद्‌धृत
22. तुलसी साहित्य : विवेचन और मूल्यांकन – (सं.) डॉ. वचनदेव कुमार एवं डॉ. देवेन्द्रनाथ शर्मा, 4308 (डॉ. रामधारी सिंह 'दिनकर' का निबन्ध 'तुलसीदास पर कुछ स्फुट विचार' से उद्‌धृत)
23. कबीर ग्रंथावली – (सं.) डॉ. पुष्पपाल सिंह, पृ. 172 (कथणी बिना करणी कौ अंग, दोहा-41)
24. कबीर ग्रंथावली, पृ. 350
25. कबीर ग्रंथावली, पृ. 352

❑❑❑

पूर्व सदस्य, उत्तराखंड लोक सेवा आयोग, आचार्य, हिंदी-विभाग,
हे.न.ब. गढ़वाल (केंद्रीय) विश्वविद्यालय, श्रीनगर (गढ़वाल), उत्तराखण्ड

संसद भवन में भित्तिलेख : वर्तमान प्रासंगिकता

—डॉ. बिपिन कुमार ठाकुर

संसद भवन के गुम्बदों, मेहराबों, कक्षों और अन्य स्थलों पर उत्कीर्ण ये अभिलेख हमारे इस विश्वास और धारणा के प्रतीक हैं कि ज्ञान के प्रचार-प्रसार को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि उसमें उस समय की सोच और विचारों को समाहित और समेकित किया जा सके। इस प्रकार, इन उत्कृष्ट अभिलेखों में समाहित प्राचीन भारत का संचित ज्ञान हम भारत-वासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को परिलक्षित करता है।

''हमारी संसद, संसदीय प्रजातंत्र की धुरी है तथा इसका सुचारू रूप से चलना अनिवार्य है। यह विदित है कि हमारा संविधान इसे व्यापक शक्तियाँ प्रदान करता है। साथ ही संसद भवन के भव्य गुम्बदों, मेहराबों कक्षों और अन्य स्थल पर उत्कीर्ण भित्तिलेख जो कि हमारी सभ्यता की विरासत से लिया गया है एक आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करती है। यह हमारे धरोहर एवं विरासत की समृद्धि को दर्शाता है। साथ ही जनप्रतिनिधि के आवश्यक गुण, कर्त्तव्यों एवं जन कल्याण की भावना की प्राथमिकता एवं महत्व पर भी प्रकाश डालता है।"

भारतीय संसद भारतीय संसदात्मक प्रजातंत्र को सुचारू रखने के निमित्त सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक है। हमारे संविधान के अन्तर्गत केन्द्रीय विधान मण्डल को संसद की संज्ञा दी गई है और यह संसद द्विसदनात्मक सिद्धांत के आधार पर संगठित की गई है।1 संविधान के अनुच्छेद 79 में लिखा है, ''संघ के लिए एक संसद होगी जो राष्ट्रपति और दोनों सदनों से मिलकर बनेगी, जिनके नाम क्रमश: राज्यसभा और लोकसभा होंगे।'' डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के अनुसार, ''जनतंत्रात्मक प्रणाली का केन्द्र बिन्दु राष्ट्र की संसद है। प्रशासन की बागडोर चाहे किसी दल या वर्ग के हाथ में हो, जब तक संसद के अधिकार अक्षुण्ण हैं और कार्यक्षेत्र तथा कार्य संचालन की दृष्टि से उसका स्वरूप सम्प्रभु है, वह राष्ट्र बड़े-से-बड़े संकट का सामना कर सकता है।''2 संसद भवन की आधारशिला 12 फरवरी 1921 को ड्यूक ऑफ कनॉट द्वारा रखी गई थी। इस विशाल भवन के निर्माण में छह वर्ष का समय लगा था और इसका उद्घाटन 18 जनवरी, 1927 को भारत के तत्कालीन गर्वनर-जनरल, लार्ड इरविन द्वारा किया गया था। अपनी वास्तुकला की भव्यता के कारण संसद भवन विश्वविख्यात है। इसकी वास्तुकला, पारम्परिक भारतीय कला और स्थापत्य एवं समृद्ध सृजनात्मकता को परिलक्षित करती है। संसद भवन परिसर

के निर्माण में स्थानीय संस्कृति की मूल भावना का समावेश करते हुए, उपयुक्त स्थलों पर हमारी सभ्यता की विरासत से लिए गए श्लोकों और सूक्तियों को उत्कीर्ण कर इसे अलंकृत किया गया।

संसद भवन : एक झलक

शिलान्यास	:	कनॉट के ड्यूक द्वारा 12 फरवरी, 1921
डिजाइन	:	सर एडविन लुटियंस और सर हर्वर्ट बेकर
समय	:	छह वर्ष
कुल खर्च	:	रु. 83 लाख
उद्‌घाटन	:	गर्वनर जनरल, जनरल लॉर्ड इरविन द्वारा, 18 जनवरी 1927
कुल खंभे (पहली मंजिल)	:	144
कुल प्रवेश द्वार	:	12

स्रोत : बी.एल फाडिया एवं कुलदीप फाडिया, भारतीय शासन एवं राजनीति, 2020, पृ. 308

''संसद भवन के गुम्बदों, मेहराबों, कक्षों और अन्य स्थलों पर उत्कीर्ण ये अभिलेख हमारे इस विश्वास और धारणा के प्रतीक हैं कि ज्ञान के प्रचार-प्रसार को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि उसमें उस समय की सोच और विचारों को समाहित और समेकित किया जा सके। इस प्रकार, इन उत्कृष्ट अभिलेखों में समाहित प्राचीन भारत का संचित ज्ञान हम भारतवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को परिलक्षित करता है। इनमें इस भवन के प्रतिष्ठित द्वार से प्रवेश करने वाले जनप्रतिनिधियों और अन्य व्यक्तियों के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत के रूप में ज्ञानप्रद परिचर्चाओं और नागरिकों के कल्याण की अनिवार्यता बताई गई है।''3

लोक सभा कैलेंडर 2018 के अनुसार, ''ये उदात्त संदेश सार्वभौमिक और सार्वकालिक हैंरू ये उत्कीर्ण अभिलेख अनुपम सुभाषित हैं, ये इतिहास के प्रामाणिक स्रोत भी हैं और हमारी दार्शनिक परंपराओं के ज्ञान के प्रचुर भंडार हैं। ये अभिलेख ऋग्वेद, महाभारत, श्रीमद्‌ भगवदगीता, मनुस्मृति, पंचतंत्र और कौटिल्य के अर्थशास्त्र से लिए गए हैं। संसद भवन में अरबी और फारसी ग्रंथों के उद्धरणों को भी उत्कीर्ण किया गया है। ये उत्कीर्ण अभिलेख हमारी लोकतांत्रिक परंपरा के केन्द्र में लोगों और उनके कल्याण की भावना के महत्व, बुद्धिमान शासक के गुण और सत्य एवं सदाचार जैसे उच्च आदर्शों को दर्शाते हैं जिनका सभा में पालन किया जाना वरेण्य होता है।''4

80वाँ अखिल भारतीय सभापति विधान सभा अध्यक्ष/सभा अध्यक्ष सम्मेलन 2020, (केवड़िया, गुजरात) के उद्‌घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने भारत में संसदीय प्रजातंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, ''संसद/विधान सभा/विधान परिषद सदस्यों को सदन की कार्यवाही में गरिमापूर्ण व्यवहार करना चाहिए। निर्वाचक हमेशा अपने जनप्रतिनिधियों से संसदीय गरिमापूर्ण व्यवहार की अपेक्षा करते हैं तथा जब ऐसा नहीं होता है, उन्हें काफी दुख होता है।''5

संसद भवन प्रांगण में उत्कीर्ण कुछ महत्वपूर्ण भित्तिलेखों की विवेचना एवं प्रासंगिकता निम्नलिखित है:-

1. धर्मचक्र-प्रवर्तनाय ("धर्मचक्र चलाने के लिए") (लोक सभा कक्ष के अंदर, अध्यक्ष के आसन के ऊपर लिखित) :

उपाख्यानों के अनुसार "धर्मचक्र-प्रवर्तनाय" को संस्कृत एवं पालि से संबंधित माना जाता है तथा इसे न्याय परायणता से जोड़ा जाता है। उल्लिखित कथाओं के अनुसार, सम्बोधि-प्राप्ति के पश्चात् तथा ब्रह्मसहम्पति के अनुरोध पर गौतम बुद्ध ने 'बहुजन हिताय' और 'बहुजन सुखाय' हेतु धर्म-चक्र प्रवर्तन (धम्म-चक्र-पवत्तन) अर्थात् अपने ज्ञान-देशना के चक्र को चलायमान रखने की प्रतिज्ञा ली।''6

संसदीय प्रजातंत्र में 'धर्मचक्र-प्रवर्तनाय' का अभिप्राय 'न्याय-परायणता' एवं 'न्याय-स्थापना' हेतु संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार प्रशासन रूपी चक्र को सुचारू रूप से चलाने का अभिप्राय है। प्रशासन का मुख्य दायित्व 'धर्म-स्थापना' करना है। समाज के सभी वर्गो के अधिकारों की रक्षा करते हुए न्याय-स्थापना तथा जन आकांक्षाओं की पूर्ति करना ही संसद का मुख्य ध्येय है।

प्राचीन काल से ही भारत में सम्राट के कर्तव्यों एवं दायित्वों का विस्तृत विवरण देखने को मिलता है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संसदीय प्रजातंत्र में शासन व्यवस्था, संविधान में उद्धृत कार्य-काल एवं उपयुक्त रूप रेखा के अनुसार चलाया जाना अपेक्षित है। एक सरकार के कार्य-काल पूरा होने के उपरांत जनता द्वारा चुनी हुई दूसरी सरकार सत्ता प्राप्त करती है तथा यह चक्र चलता रहता है। किन्तु हर सरकार जन कल्याण एवं न्याय परायणता स्थापना हेतु कटिबद्ध रहती है तथा इसमें कमी होने पर उसे सत्ता से बाहर कर दिया जाता है।

इस प्रकार संसदीय प्रजातंत्र में इस भित्तिलेख का विशेष महत्व है क्योंकि यह जन प्रतिनिधियों को अपना सर्वोच्च कर्त्तव्य-बोध कराती है तथा उनके अस्तित्व का कारण बताती है। साथ ही उन्हें यह आभास करवाती है कि उनका कार्य-काल एक विशेष उद्देश्य हेतु उपयोग में लाया जाना अपेक्षित है तथा इसका सर्वोच्च उद्देश्य 'न्याय-स्थापना' है। इस 'धर्म-चक्र' को राष्ट्रीय झंडा एवं राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह में अति महत्वपूर्ण एवं यथोचित स्थान प्रदान किया गया है। वर्तमान में केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी सरकार श्री नरेन्द्र मोदी (प्रधानमंत्री) के नेतृत्व में 'धर्म-चक्र प्रवर्तनाय' का बखूबी प्रयोग कर रही है ताकि एक नए भारत का नव निर्माण हो सके।

2. **अयं निज: परोवेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।** (पंचतंत्र 5/38)

जैसे ही हम संसद भवन के द्वार संख्या एक से केन्द्रीय कक्ष की ओर आगे बढ़ते हैं, हमारा ध्यान केन्द्रीय कक्ष के द्वार पर लिखित अभिलेख की ओर बरबस खींच जाता है। उपर्युक्त भित्तिलेख को पंचतंत्र से लिया गया है। इसका अर्थ है, ''यह मेरा है, वह पराया है कि गणना संकीर्ण मानसिकता वाले व्यक्ति करते हैं। उदार चरित्र वाले लोगों के लिए तो पूरा संसार ही एक परिवार की तरह है।'' उपर्युक्त भित्ति लेख का अर्थ काफी व्यापक है तथा भारतीय संसदात्मक प्रजातंत्र के आधारभूत लक्ष्यों को परिलक्षित करता है। संसद सदस्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे उपर्युक्त विवेचित भित्तिलेख को अपना आदर्श मानते हुए जन कल्याण हेतु अपना संपूर्ण प्रयास करें। अपने देश के कल्याण हेतु प्रयास करते हुए संपूर्ण संसार को अपने परिवार की तरह मानते हुए उनके कल्याण हेतु प्रयासकरें।

भारत हमेशा से विश्वमंच पर विश्व कल्याण की स्थापना हेतु अपना प्रयास करता रहा है, उदाहरणस्वरूप हम भारत के द्वारा उपनिवेशवाद एवं साम्राज्यवाद का विरोध, मानव अधिकार की रक्षा, रंगभेद का विरोध तथा समग्र समायोजी एवं सतत् विकास की अवधारणा की स्थापना को

उद्धृत कर सकते हैं।वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत का कोविड-नियंत्रण एवं कोविड-टीकाकरण के निर्माण तथा विस्तारीकरण को संपूर्ण विश्व ने सराहा है।

इस प्रकार यह माना जा सकता है कि प्रजातंत्र की अवधारणा 'विश्व कल्याण' के उद्देश्य से ही फलीभूत हो सकती है तथा मानव-कल्याण में एक अग्रणी भूमिका निभा सकती है। वर्तमान में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्धृत नारा 'सबका साथ, सबका विकास तथा सबका विश्वास', देश-कल्याण, समाज-कल्याण एवं विश्व कलयाण की भावना से ओत-प्रोत है। इस विचार में भारतीय प्रजातांत्रिक सोच एवं कटिबद्धता नजर आती हैं साथ ही विश्व पटल पर प्रजातांत्रिक मूल्यों की मजबूती में भारत के द्वारा समय समय पर उठाए गए मानव हित संबंधित कदमों की एक झलक प्रदान करती है।

3. जैसे ही हम लोक सभा कक्ष की भीतरी लॉबी के प्रवेश द्वार के पास पहुँचते हैं, हमारा ध्यान वहाँ अंकित भित्तिलेख की तरफ खींच जाता है। वहाँ पर 'सत्यमाहु: परो धर्म:।'' अंकित है जिसका शब्दार्थ है, ''सत्य को ही परम धर्म कहते हैं।'' संसदीय प्रजातंत्र में इस भित्तिलेख के संदेश को 'जन-कल्याण' के आदर्शो से जोड़कर देखा एवं समझा जा सकता है। इसका अभिप्राय है कि संसद द्वारा बनाए गए नीतियों एवं अधिनियमों का ध्येय 'जन कल्याण' होना चाहिए। जन-कल्याण की वास्तविकता पर ही ध्यान केन्द्रित करके इन प्रजातांत्रिक उद्देश्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

4. संसद भवन में अंकित भित्तिलेख जिनमें सभासदों/संसद सदस्यों में अपेक्षित विशेषताओं का उल्लेख किया है, निम्न हैं :

(अ) ''**योग: कर्मसुकौशलम्**'' जिसका शब्दार्थ है ''कर्मो में कुशलता ही योग है।'', लोक सभा कक्ष की भीतरी लॉबी के प्रवेश द्वार पर अंकित है। इस भित्तिलेख को श्रीमद्‌भगवत् गीता के अध्याय दो के श्लोक संख्या पचास ले लिया गया है। पूरा श्लोक इस प्रकार है:

बुद्धियुक्तो जहातीह उभे सुकृतदुष्कृते। तस्माधोगाय युज्यस्व योग: कर्मसु कौशलम्।।

अर्थात् समबुद्धियुक्त पुरुष पुण्य और पाप दोनों को इसी लोक में त्याग देता है। इसलिए उन्हें समत्वरूप योग में लग जाना चाहिए, यह समत्वरूप योग ही कर्मो में कुशलता है अर्थात् कर्मबंधन से छूटने का उपाय है।7 संसदीय प्रजातंत्र में संसद सदस्यों से यह अपेक्षित है कि वे अपना दायित्व जन-कल्याण के कार्यो में लगाकर समाज-कल्याण करें।

(ब) लिफ्ट संख्या दो के निकट गुम्बद पर अंकित भित्तिलेख संसद सदस्य से अपेक्षित आचरण को दर्शाती है। यह निम्नलिखित है:

''**सभा वा न प्रवेष्टव्या, वक्तव्यं वा समंजसम्।**
अब्रुबन विबुवन् वापि, नरो भवति किल्विषी।। (मनुस्मृति 8/13)

अर्थात् ''कोई व्यक्ति या तो सभा में प्रवेश ही न करे अथवा यदि वह ऐसा करे तो वहाँ धर्मानुसार बोलना चाहिए, क्योंकि न बोलने वाला अथवा असत्य बोलने वाला मनुष्य दोनों ही पाप के भागी होते हैं।

इस भित्तिलेख को मनुस्मृति से लिया गया है। इसमें सभासदों/संसद सदस्यों के अपेक्षित व्यवहार के बारे में बताया गया है। ऐसा कहा गया कि या तो उन्हें सभा गृह (संसद) में प्रवेश ही नहीं करना चाहिए या जब उनका प्रवेश हो गया हो तब उन्हें सत्यनिष्ठा से अपना कर्तव्य निर्वाह करना चाहिए। उन्हें संसद के कार्यवाही में अपना संपूर्ण योगदान करना चाहिए। जो संसद सदस्य

या तो कार्यवाही में योगदान नहीं देते हैं अथवा असत्य का साथ देते हैं, दोनों अपना कर्तव्य निर्वाह नहीं करते हैं। हाल के समय में ऐसा देखा गया है कि संसद अपनी कार्यवाही सुचारू रूप से पूरा नहीं कर पाती है। इसके कई कारण हैं परन्तु मुख्य कारण विपक्षी संसद सदस्यों का असंसदीय व्यवहार है। यदि संसद सदस्य एक दूसरे के प्रति आदर रखते हुए तथा संसद अध्यक्ष के अनुदेशों का उचित रूप से पालन करते हुए अपना योगदान दें तो संसदीय प्रजातंत्र बिना किसी रूकावट से अपने अभीष्ट लक्ष्यों को प्राप्त कर सकती है। संसदीय प्रजातंत्र में संसद सदस्यों का गरिमापूर्ण व्यवहार काफी मायने रखता है तथा बिना इसे प्राप्त किए हुए, संविधान द्वारा दर्शाए गए लक्ष्यों को प्राप्त नहीं किया जा सकता है।

(स) लिफ्ट संख्या एक के गुम्बद के पास महाभारत से लिया गया एक अति महत्वपूर्ण भित्तिलेख अंकित है:-

न सा सभा यत्र ना सन्ति वृद्धा, वृद्धा ना ते यो ना वदन्ति धर्मम्।
धर्मः सा नो यत्र न सत्यमस्ति, सत्यम् न तद्च्छलम्भ्यूपैति।। (महाभारत 5/35/58)

उपर्युक्त भित्तिलेख में विशिष्ट वरिष्ठ एवं विशिष्ट सांसदों के महत्व को दर्शाया गया है तथा उनके मुख्य कर्तव्यों का उल्लेख किया गया है। ऐसा कहा गया कि सभा वही है जिसमें वरिष्ठ सदस्य भी हों, जहाँ धर्म का आचरण किया जाय, धर्म वही है जो सत्य है तथा सत्य वही है जो छल रहित हो। संसदीय प्रजातंत्र में इन तमाम संदेशों का काफी महत्वपूर्ण स्थान है जो कि इसके आधारभूत संरचना को स्थायित्व एवं समृद्धि प्रदान करती है।

(द) लोक सभा कक्ष की भीतरी लॉबी के प्रवेश द्वार पर अंकित भित्तिलेख **''ये च सभ्याः सभासदाः। तानिन्द्रियवतः कुरू।।''** एक महत्वपूर्ण संदेश है। इसका अर्थ है, जो भी एक सभा के सभासद हैं, उन्हें उर्जा और स्फूर्ति प्राप्त हो और वे संयम से परिपूर्ण हों।'' इसमें यह दर्शाया गया है कि संसद सदस्य उर्जावान हों ताकि वे अपना कर्तव्य सुचारू रूप से निर्वाह कर पाएँ। हमारे संसद को उर्जावान इसलिए भी होना चाहिए ताकि वह देश-कल्याण एवं जन-कल्याण हेतु लोकप्रिय कार्य कर सके। भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों एवं कार्यों को संपादित करने के क्रम में यह एक वाद-विवाद एवं संवाद स्थल/संस्था के रूप में कार्य करती है। यदि संसद उर्जावान होगी तो निश्चित ही संसदीय लोकतंत्र मजबूती से अपना कार्य करेगी।

5. संसद भवन में कुछ ऐसे भित्तिलेख भी उत्कीर्ण हैं जिनमें यह दर्शाया गया है कि शासन का मुख्य कर्तव्य क्या है तथा राजा/शासक को क्या-क्या करना चाहिए। साथ ही यह भी बताया गया है कि शासन के लिए क्या-क्या वर्जित है। इनमें से कुछ मुख्य भित्ति लेख निम्नलिखित हैं: -

(अ) **''प्रजासुखे सुखम् राज्ञः प्रजानां चा हिते हितम्।**
नात्मप्रियं हितं राज्ञः प्रजानां तु प्रियं हितम्।।''

यह भित्तिलेख लिफ्ट संख्या छः के निकट गुंबद पर अंकित है। इसे कौटिलीय अर्थशास्त्र, प्रथम अधिकरण, अध्याय 18 से लिया गया है। इसका अर्थ है कि ''प्रजा के सुख में राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित दिखना चाहिए। राजा को स्वयं का हित प्रिय नहीं होता, अपितु, प्रजा का हित ही राजा को प्रिय है।''

संसदीय प्रजातंत्र में सरकार संसद के माध्यम से देश निर्माण हेतु नाना प्रकार की नीतियाँ निर्धारित करती हैं। यदि उपर्लिखित भित्तिलेख के संदेश को ध्यानपूर्वक देखा जाय तो यह स्पष्ट होता

है कि तमाम नीति-निर्धारण का अभीष्ठ 'जन-कल्याण' होना चाहिए तथा शासक को सिर्फ और सिर्फ लोक-हित में ही कार्य करना चाहिए। शासक का कुछ भी स्वहित नहीं होता है बल्कि उसकी समस्त ऊर्जा जनहित संबंधित कल्याणकारी कार्यों में ही लगना एवं समर्पित होना चाहिए।

(ब) सदस्य संदर्भ डेस्क जो केन्द्रीय कक्ष के समीप है, के ऊपर गुंबद पर अंकित भित्तिलेख-

''यद भूतहितमत्यन्त तत्सत्यमित्ति धारण।

विपर्ययः कृतोऽधर्मः पश्य धर्मस्य सुक्ष्मताम्।।''

एक महत्वपूर्ण संदेश है जिसका अर्थ है-''जो प्राणियों के लिए अत्यंत हितकारी हो वही सत्य है, ऐसी मान्यता है। इसके विपरीत आचरण अधर्म है, इस प्रकार धर्म की सूक्ष्मता दिखती है।''

जन प्रतिनिधितात्मक संसदीय प्रजातंत्र में ऊपर लिखे हुए भित्तिलेख का एक महत्वपूर्ण स्थान है। नीति-निर्धारण, नीति संचालन तथा नीति-अनुपालन के केन्द्र में 'जन कल्याण' संबंधित मूल्यों की सूक्ष्मता ही सर्वोपरि है। यदि हमारे जनप्रतिनिधि इस भित्तिलेख के संदेश की सूक्ष्मता को आत्मसात् कर अपना दायित्व निभाते हैं तो निश्चय ही हमारा प्रजातंत्र नवीन ऊँचाईयों को हासिल कर सकता है।

(स) लिफ्ट संख्या चार के निकट गुम्बद पर अंकित भित्तिलेख -

''सर्वदा स्यान्नृपः प्राज्ञः स्वमते न कदाचन। सभ्याधिकारि प्रकृति सभासत्सु मते स्थितः।।

हमारे देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्तियों के लिए है। इसके माध्यम से यह कहा गया है कि ''इस राष्ट्र का प्रमुख हमेशा ज्ञानवान, बुद्धिमान और सृजन रहे। पूरी प्रजा के साथ समानता से रहने का उसका विचार रहे और सभा में सद्बुद्धि से विचार करने वाले सभासद रहें।'' यदि इन विचारों को संसदीय कार्यवाही में अमल किया जाय तो हमारा संसदीय प्रजातंत्र काफी प्रखर और मजबूत बनेगा। वर्तमान सरकार पर यह भित्तिलेख काफी सटीक बैठती है जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। उनके द्वारा दिया गया नारा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' एवं सबका प्रयास' नए भारत के निर्माण में एक मील का पत्थर साबित होगा।

(द) लिफ्ट संख्या पाँच के निकट गुम्बद पर फारसी भाषा से लिया गया निम्नलिखित भित्ति लेख उत्कीर्ण है:-

''बर इन खाके ज़बरजद नविश्ते अंद बेजर, के ज़ुज नीकुई-ए-अहले करम नख्वाहद मान्द''

इसका अर्थ यह है कि ''इस नीले गगन पर स्वर्णिम अक्षरों में लिखा है कि भद्र मानुषों के सुविचार के अतिरिक्त कुछ शेष नहीं रहता।'' अतः हमें अपने विचारों को भद्रता प्रदान करना चाहिए। प्रजातांत्रिक शासन व्यवस्था में 'जन-कल्याण' से बढ़कर कोई भी विचार ज्यादा भद्र नहीं है। अतः हमारा संपूर्ण ध्येय जन-कल्याण पर ही केन्द्रित होना चाहिए।

(6) समिति कक्ष 53 और 62 (संसद भवन, प्रथम तल गलियारा) में अंकित भित्तिलेख प्रजातंत्र के आधारभूत संरचना को अभिव्यक्ति करता है:

''सं गच्छध्वं सं वदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। समानो मन्त्रः समितिः समानी। समानं मनः सह चित्तमेषाम्।।

समानी व आक्तिः समाना हृदयानि वः। समानमस्तु वो मनो पथा वः सुसहासत्ति।।

इसका अर्थ है: ''साथ चलें, साथ बोलें, परस्पर मन के भावों को पहचानें। सबके मन्त्र समान हों। मन समान हों, साथ मन वाले हों। तुम्हारे सत्य संकल्प समान हों, तुम्हारे हृदय समान हों। तुम्हारे मन समान हों, जिससे तुम हर्ष और सामंजस्य के साथ रह सको।''8 देखा जाय तो उपर्लिखित भित्तिलेख प्रजातांत्रिक सिद्धांतों का सार प्रस्तुत करता है। यदि इन मूल्यों को शासन व्यवस्था के दैनिक कार्य कलापों में समाहित किया जाय तो निश्चय ही हमारा प्रजातंत्र समावेशी, सहभागी, सुदृढ़ एवं कालांतर तक हमारी अपेक्षाओं एवं स्वप्नों को वास्तविक रूप में लागू करेगा। अत: जरूरत इस बात की है कि इन भित्तिलेखों पर मन से विचार किया जाय तथा इन्हें लागू किया जाए।

हमारी संसद, संसदीय प्रजातंत्र की धुरी है तथा इसका सुचारू रूप से चलना अनिवार्य है। यह विदित है कि हमारा संविधान इसे व्यापक शक्तियाँ प्रदान करता है। साथ ही संसद भवन के भव्य गुम्बदों, मेहराबों कक्षों और अन्य स्थल पर उत्कीर्ण भित्तिलेख जो कि हमारी सभ्यता की विरासत से लिया गया है एक आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करती है। यह हमारे धरोहर एवं विरासत की समृद्धि को दर्शाता है। साथ ही जनप्रतिनिधि के आवश्यक गुण, कर्त्तव्यों एवं जन कल्याण की भावना की प्राथमिकता एवं महत्व पर भी प्रकाश डालता है। इसके अतिरिक्त भित्ति लेख, शासक के महत्वपूर्ण गुण, सत्य एवं सदाचार की अनिवार्यता को भी उद्धृत करता है। अत: आज के परिप्रेक्ष्य में हमारे जनप्रतिनिधियों के लिए यह काफी प्रासंगिक है कि वे इन भित्तिलेखों में उद्धृत उच्च आदर्शों को अपनाए तथा इन्हें जन कल्याण हेतु उपयोग में लाएँ। साथ ही इनका महत्व उन तमाम व्यक्तियों से है जो संसद में प्रवेश करते हैं। हालांकि अभी नए संसद भवन का निर्माण किया जा रहा है, देखना यह है कि क्या नए संसद भवन को भी सभ्यता की विरासत से लिए गए श्लोकों और सूक्तियों को उत्कीर्ण कर अलंकृत किया जाएगा? यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

संदर्भ :

1. भारतीय संविधान, अनुच्छेद 79.
2. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद : स्वतंत्र भारत की झलक, 1973, पृ. 37.
3. लोक सभा सचिवालय, कैलेण्डर 2018.
4. वही.
5. The Indian Express, 26th November, 2020, New Delhi, p.1 & 9.
6. महापरिनिर्वाण सूत्त (संख्या 16, दिघा निकाय) © IGNCA, 2002 (स्रोत: http://ignca.gov.in/coilnet/jatak018.html)
7. https://shabdbeej.com/yogah-karmasu-Kashalam-meaning-hindi/
8. लोकसभा सचिवालय संसद भवन में भित्तिलेख, कैलेण्डर, 2018
9. Austin, Granville (1985) The Indian Constitution: Cornerstone of a Nation, Oxford, Bombay, p. 144.
10. Vishwanathan, T.K. (Ed.) (2012). The Indian Parliament, Lok Sabha Secretariat, New Delhi, pp. 84-86.
11. Bakshi, P.M. (2015). The Constitution of India, Universal Law Publishing, New Delhi, pp. 130-132 & pp. 179-181.

❏❏❏

पूर्व कुल सचिव, राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान, जनपथ, नयी दिल्ली एवं वर्तमान में एशोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007

DA-194, शीशमहल अपार्टमेंट, शालीमार बाग, दिल्ली-110088 मोबाइल : 9899173167

ई-मेल : bkthakur1510@gmail.com

स्मृतिकालीन शिक्षा व्यवस्था (मनु एवं याज्ञवल्क्य स्मृति के विशेष संदर्भ में)

—डॉ. प्रशान्त कुमार
—डॉ. अजीत कुमार राव

किसी भी राष्ट्र की सांस्कृतिक विशेषता की पहचान उसकी शिक्षा व्यवस्था एवं साहित्य में प्रतिबिम्बित होती है। प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था विचारों एवं मूल्यों को व्यवहारिक रूप देने का माध्यम रही है। जिसके कारण भारत विश्व में गरिमामय स्थान बना सका। शिक्षा को प्रकाश स्त्रोत माना गया है जो मानव जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उत्तम मार्ग को प्रदर्शित करती है।

स्मृति साहित्य हिन्दुओं के प्राचीन धार्मिक एवं विधि से संबंधित ग्रन्थ हैं। स्मृति ग्रन्थों का रचना काल तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व से ईसा की पांचवी सदी तक माना जाता है। इन स्मृतियों में याज्ञवल्क्य स्मृति का प्रमुख स्थान है। इस स्मृति के अध्ययन से हमें तत्कालीन भारतीय संस्कृति के विषय में महत्वपूर्ण ज्ञान प्राप्त होता है। किसी भी राष्ट्र की सांस्कृतिक विशेषता की पहचान उसकी शिक्षा व्यवस्था एवं साहित्य में प्रतिबिम्बित होती है। प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था विचारों एवं मूल्यों को व्यवहारिक रूप देने का माध्यम रही है। जिसके कारण भारत विश्व में गरिमामय स्थान बना सका। शिक्षा को प्रकाश स्त्रोत माना गया है जो मानव जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उत्तम मार्ग को प्रदर्शित करती है। ज्ञान को मानव का तृतीय नेत्र भी कहा गया है, जो उसे समस्त तत्वों के मूल को समझने में सहायता प्रदान करता हैं। वह मनुष्य जिसके पास ज्ञान की ज्योति नहीं है, वह नेत्रविहीन समझा जाता है, ज्ञान से मानव जीवन के अनेक संशयों का निराकरण होता है और मनुष्य सही मार्ग का दर्शन कर सकता है। विद्याविहीन मनुष्य को पशु बताया गया। शिक्षा प्राप्त किए बिना व्यक्ति विप्रप्त प्राप्त नहीं कर सकता था। इस संदर्भ याज्ञवल्क्य स्मृति में कहा गया है कि –

"जन्मना जायते शूद्रः संस्कारद द्विज उच्यते।
विद्यया यति विप्रत्त्व त्रिमिः श्रोत्रिय उच्यते॥"

प्राचीन विद्वानों की मान्यता थी कि शिक्षा स्वभाव को शुद्ध और सुसंस्कृत बनाती है। शिक्षा ही सच्चे अर्थो में हमें मनुष्य बनाती है अर्थात शिक्षा से रहित जीवन व्यर्थ और मूल्य रहित है।

बीजशब्दः–मनु, याज्ञवल्क्य, स्मृति, शिक्षा

परिचयः–

प्राचीन भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के विकास में वेदों के बाद दूसरा महत्वपूर्ण स्थान स्मृति ग्रंथों का आता है। स्मृति ग्रंथों में मनु एवं याज्ञवल्क्य की स्मृतियां सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

भारतीय समाज में मनुष्य के लिए पुरुषार्थ के महत्व का विवेचन ही इन स्मृतियों का विषय रहा है। पुरुषार्थ अर्थात धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष के बिना मनुष्य और समाज का विकास नहीं हो सकता है। प्राचीन भारतीय समाज में शिक्षा को एक भिन्न दृष्टिकोण से देखा गया है जो विश्व के किसी अन्य देश में देखने को नहीं मिलता है। प्राचीन भारत में शिक्षा का अर्थ सुख-दु:ख, प्रिय-अप्रिय आदि के भावों में सामंजस्य स्थापित करने, इनको गंभीरतापूर्वक समझने से था।1 इसके अतिरिक्त अनुशासन का दूसरा नाम भी शिक्षा है। याज्ञवल्क्य और मनु दोनों ने ही उपरोक्त दोनों अर्थों को लेकर शैक्षिक कार्यों के विषय में निर्देश प्रदान किये हैं।2 यदि हम शिक्षा को व्यापक अर्थ में देखें तो ज्ञात होता है कि शिक्षा से तात्पर्य आत्म-परिष्करण एवं परिवर्धन की प्रवृत्ति से है और यदि शिक्षा को संकुचित अर्थों में देखें तो शिक्षा का तात्पर्य शिक्षण अवधि में विद्यार्थी के अध्यापन एवं अनुदेश से है। प्राचीन भारतीय ऋषि मुनियों के विचारों के संदर्भ में यदि हम शिक्षा के अर्थ देखते हैं तो ज्ञात होता है कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रमीय ज्ञान नहीं है, अपितु शिक्षा मनुष्य में अंतर्बोध, अंतर्दर्शन और संस्कार भी उत्पन्न करती है। परिणामस्वरूप विद्यार्थी आत्मनिर्भर होकर समाज का एक अच्छा नागरिक बनता है।3 शिक्षा के महत्व को समझाते हुए याज्ञवल्क्य कहते हैं कि निष्ठावान विद्यार्थी गुरु के समीप रहकर शरीर की साधना करते हुए विशेष प्रयत्न द्वारा इंद्रियों को विजय कर मोक्ष प्राप्त करते हैं।4

मनु एवं याज्ञवल्क्य स्मृति में वर्णित शिक्षा के उद्देश्य:-

स्मृतियों में शिक्षा का प्रथम उद्देश्य मनुष्य की धार्मिक भावनाओं को उजागर करना बताया गया है। 'धर्म' शब्द से तात्पर्य सभी उत्तम गुणों के सार से है। प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था में विद्यार्थियों में संस्कार, व्रत, पूजन तथा उत्सवों के माध्यम से धार्मिक भाव को उत्पन्न किया जाता था। याज्ञवल्क्य के अनुसार स्नान, अद्वैत मंत्र द्वारा परिष्कृत, प्राणायाम, सूर्य-पूजन, गायत्री मंत्र का जप करना ब्रह्मचारी का कर्तव्य था।5 इस विषय पर मनु का कहना है कि शौच, पवित्रता आचार, स्नान-क्रिया, अग्नि-कार्य और संध्या पूजन विद्यार्थी का धर्म था।6 शिक्षा का दूसरा प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों का उत्तम चरित्र-निर्माण करना था। गुरु उपनयन के द्वारा वेद तथा शौच के नियमों की शिक्षा से विद्यार्थियों के चरित्र को समृद्ध करता था। भारतीय शिक्षा व्यवस्था में चरित्र-निर्माण का महत्व इतना अधिक था कि वेदों का ज्ञाता भी उत्तम चरित्र के अभाव में तुच्छ समझा जाता था। इसके विपरीत केवल गायत्री मंत्र का ज्ञान रखने वाला व्यक्ति भी उत्तम चरित्र के कारण पूज्य था।7 शिक्षा का तीसरा उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण करना था। शिक्षा के विभिन्न नियमों के माध्यमों से मनुष्य का जीवन संयमित और सुनियोजित किया जाता था।8 विद्यार्थियों को इस ज्ञान का आभास कराया जाता था कि परलौकिक शक्तियां भी उनके कार्य की सफलता में सहयोग करेंगी यदि उनके द्वारा अपना कर्तव्य पालन पूर्ण निष्ठा से किया जाए। यही कारण था कि धनी तथा निर्धन सभी छात्र एक साथ भिक्षा मांगते थे।9 जिससे उनमें पारस्परिक सद्भाव का भाव उत्पन्न होता था। छात्रों में धर्म, दर्शन, तर्क, काव्य और साहित्य आदि विषयों से विवेक और न्याय का विकास होता था। शास्त्रार्थ में विद्यार्थियों को अपना विचार रखने के साथ ही उसका सत्यापन भी करना पड़ता था तथा दूसरे के विचारों का खंडन भी करना

होता था।10 अत: विद्यार्थी को अपने विचार प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता थी।यें सभी तत्व मिलकर विद्यार्थी के व्यक्तित्व का विकास करते थे। सामाजिक कर्तव्यों का अनुपालन करना शिक्षा का चौथा उद्देश्य था। ज्ञान प्राप्त कर लेने बाद विद्यार्थी केवल अपने हित का ध्यान नहीं रखता था अपितु वह अन्य विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा भी प्रदान करता था। याज्ञवल्क्य के अनुसार स्नातक ब्राह्मण हो या क्षत्रिय किसी का अपमान नहीं करता था एवं किसी को दुख नहीं देता था। सुख संपत्ति की आकांक्षा रखता हुआ भी मन, कर्म और वचन से धर्म का आचरण करता था और धर्म-विहित, लोक विरुद्ध कर्म और जिस कर्म से स्वर्ग की प्राप्ति ना हो उसे नहीं करता था।11

शिक्षा का एक अन्य उद्देश्य अपनी संस्कृति का विकास करना भी था। शिक्षा के द्वारा ही हमारी संस्कृति और परंपरायें वर्तमान में जीवित रहती हैं। वर्तमान पीढ़ी को पूर्व संस्कृति का अध्ययन कराकर आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान के प्रसार की भली-भांति व्यवस्था की जाती थी।12 प्राचीन शिक्षा का आधार वेद ज्ञान तथा उसका प्रचार-प्रसार हुआ करता था। विद्यार्थियों का मुख्य कर्तव्य था कि वेदों को कंठस्थ कर उन्हें अपने मस्तिष्क में सुरक्षित रखें। विद्यार्थियों पर वैदिक साहित्य को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हुआ करती थी। ब्राह्मण के लिए चारों वेदों को कंठस्थ करना तथा भावी पीढ़ी को कंठस्थ कराना धर्म माना जाता था।13 अलतेकर के अनुसार भिन्न-भिन्न व्यवसाय से सम्बन्धित प्रत्येक व्यक्ति अपने पुत्रों को अपने व्यवसाय की शिक्षा देता था। इस प्रकार अनेक पीढ़ियों का अनुभव नई पीढ़ी को प्रारंभ में ही सुलभ हो जाता था।14 सांस्कृतिक जीवन के विकास के लिए त्रिऋण की अनिवार्यता मानी गई।15 संसार में प्रत्येक व्यक्ति तीन ऋणों के साथ जन्म लेता है- देव-ऋण, ऋषि-ऋण और पितृ-ऋण। प्रत्येक मनुष्य इन तीनों ऋणों से मुक्त होना अनिवार्य समझता था।

शिक्षा से संबंधित संस्कार एवं नियम:-

भारतीय मनीषियों ने मनुष्य के जीवन में सोलह संस्कारों का वर्णन किया है। शिक्षा से संबंधित संस्कारो में विद्यारंभ संस्कार प्रथम है। विद्यारंभ संस्कार का आरंभ अक्षर ज्ञान की शिक्षा से होता था। विद्यारम्भ संस्कार के बाद ही वास्तविक रूप से शिक्षा प्रारंभ मानी जाती थी। विश्वामित्र के अनुसार यह संस्कार बालक की आयु के पांचवे वर्ष से होता था।16 यदि किसी कारणवश इसे स्थगित करना पड़ जाए तो, उपनयन के पूर्व इसे करना आवश्यक था। अर्थशास्त्र में उल्लेख है कि बालक के चौल-कर्म के साथ ही उसे लिपि ज्ञान भी कराया जाता था।17 विद्यारम्भ संस्कार के समय बालक गुरु की वंदना करता था और गुरु के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करता था। उपनयन संस्कार विद्यारंभ संस्कार के बाद होने वाला दूसरा शैक्षणिक संस्कार हुआ करता था। उपनयन संस्कार के बाद विद्यार्थी को गुरुकुल में रहकर शिक्षा लेनी पड़ती थी। गुरुकुल में उसे गुरु आज्ञानुसार, शौच तथा आचार व्रतों का पालन करते हुए विधि-विधानों के साथ वेदाध्ययन करना होता था।18 विद्यार्थी पलाश दंड, मृगचर्म, यज्ञोपवीत और मूंज की मेखला धारण करता था। विद्यार्थी को जीवन निर्वाह के लिए ब्राह्मणों के घर से भिक्षा मांगकर गुरु की आज्ञानुसार उसे ग्रहण करना होता था।19 मनु और याज्ञवल्क्य के अनुसार उपनयन संस्कार की आयु भी निर्धारित की गई थी। ब्राह्मण बालक का उपनयन संस्कार जन्म से आठवें वर्ष में, क्षत्रिय

बालक का ग्यारहवें वर्ष में, वैश्य बालक का बारहवें वर्ष में किया जाता था।20 उपनयन संस्कार के पश्चात विद्यार्थियों को दैनिक कर्म, शौच, स्नान, संध्या, गायत्री, अग्निकार्य, प्राणायाम, स्वाध्याय आदि की शिक्षा प्रदान की जाती थी। याज्ञवल्क्य ने गुरु और शिष्य दोनों को निर्देश दिया है कि गुरु और शिष्य दोनों को ही मन, वचन और कर्म से एक-दूसरे का हित करना चाहिए।21

सामान्य शिक्षा के पश्चात गुरु अपने शिष्यों को वेदों का ज्ञान देना प्रारंभ करता था जिसे वेदारंभ संस्कार के नाम से जाना जाता है। याज्ञवल्क्य स्मृति के अनुसार वेद अध्ययन का आरंभ श्रावण माह की पूर्णमासी को अथवा श्रावण-नक्षत्र से युक्त दिन को अथवा हस्त-नक्षत्र से युक्त श्रावण पंचमी को करना चाहिए।22 इस अवसर पर विद्यार्थी हवन कुंड के पश्चिम दिशा में बैठकर अग्नि के माध्यम से देवताओं को हवि प्रदान करता था। विद्यार्थी ब्राह्मणों, पुरोहितों आदि को दक्षिणा भी देता था और दक्षिणा देने के पश्चात ही वह वेदों का अध्ययन प्रारंभ करता था।23 वेदारम्भ संस्कार के पश्चात शैक्षणिक जीवन के अंतिम संस्कार समावर्तन संस्कार का प्रारंभ होता है। इस संस्कार के माध्यम से शिक्षा और ब्रह्मचारी की परिधि से विद्यार्थी बाहर हो जाता है। वेदाध्ययन के पश्चात घर की ओर विद्यार्थियों के प्रस्थान करने को ही समावर्तन संस्कार के नाम से जानते हैं। इस संस्कार के लिए निश्चित आयु नहीं होती है। वेद अध्ययन के पश्चात विद्यार्थी के सामने दो मार्गों में से किसी एक मार्ग का चयन करना पड़ता था। प्रथम मार्ग प्रवृत्ति मार्ग था, जिसमें विवाह के संपूर्ण उत्तरदायित्व को स्वीकार करते हुए सांसारिक जीवन में प्रवेश करना होता था। दूसरा मार्ग था निवृत्ति मार्ग, इस मार्ग को स्वीकार करने वाले सांसारिक मोह माया से विरक्त होकर मानसिक तथा शारीरिक तपस्या का जीवन व्यतीत करते थे। जो विद्यार्थी प्रथम मार्ग स्वीकार करते हैं उन विद्यार्थियों को ''कुर्वाण'' और दूसरा मार्ग चुनने वाले ''नैष्ठिक'' कहलाते थे।24

स्मृतिकालीन अध्ययन के विषयः-

याज्ञवल्क्य एवं कौटिल्य के अनुसार आत्मविद्या, दंडनीति, त्रययां (तीन वेदों का अध्ययन) एवं वार्ता शिक्षा के यह चार प्रमुख विषय होते हैं25 आत्मविद्या के अंतर्गत सांख्य, योग और भौतिक नियम आते हैं। इस विषय की शिक्षा के माध्यम से सुख-दुख के समय मस्तिष्क स्थिर रहता है इसी कारण यह विद्या विद्यार्थी को मन, वचन तथा कर्म करने में निपुण बनाती है।26 राजकीय प्रशासन को चलाने के लिए राजकुमारों को दंडनीति की शिक्षा दी जाती थी क्योंकि राज्य में दुराचारियों, अपराधियों तथा उदंड व्यक्तियों को नीति के आधार पर दंड देने के लिए इस शिक्षा को ग्रहण करने की आवश्यकता पड़ती थी। दंडनीति को सही प्रकार से प्रयोग करने से देवता एंव राक्षस मनुष्य से प्रसन्न रहते हैं तथा इसके विपरीत कार्य करने से वह मनुष्य से अप्रसन्न हो जाते हैं।27 कौटिल्य के अनुसार ''दंड को प्रतिपादित करने वाली नीति ही दंडनीति कहलाती है वह अप्राप्त वस्तुओं को प्राप्त कराती है, प्राप्त वस्तुओं की रक्षा करती है, रक्षित वस्तुओं की वृद्धि करती है और वही संवर्धित वस्तुओं को समुचित कार्यो में लगाने का निर्देश करती है। उस पर संसार की सारी लोक यात्रा निर्भर हैं। इसीलिए समाज को उत्कृष्ट मार्ग पर ले चलने की इच्छा रखने वाला राजा ही उचित दंडनीति का पालन करने के लिए प्रस्तुत रहे इसलिए राजा को दंडनीति की शिक्षा दी जाती थी।28 ऋक, यजुष एवं साम के मिश्रण को ही त्रययां कहा

गया है। इसके अंतर्गत ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेद का अध्ययन किया जाता है इस विषय को एक स्वतंत्र विषय की मान्यता मिली हुई है। भविष्य में इसमें अथर्ववेद को भी सम्मिलित किया गया है। इसके अध्ययन का समय उपनयन संस्कार के बाद ही माना गया है जिसका वर्णन याज्ञवल्क्य स्मृति में मिलता है।29 मनु के अनुसार ब्रह्मचारी का कर्तव्य है कि वह तीनों वेदों का अध्ययन करें यदि तीन वेदों का अध्ययन ना कर सके तो कम से कम दो वेदों का अध्ययन करना चाहिए। यदि यह भी नहीं कर सकता तो कम से कम एक वेद का अध्ययन करना अनिवार्य है। इसके पश्चात ही उसे गृहस्थ आश्रम में प्रवेश करना चाहिए।30 वार्ता के महत्व के कारण ही याज्ञवल्क्य स्मृति में कहा गया है कि वार्ता जैसे विषय का ज्ञान राजकुमारों के लिए अति आवश्यक होता था। कौटिल्य के अनुसार कृषि, पशुपालन और व्यापार वार्ता विद्या के विषय हैं। यह विद्या धान्य, पशु, हिरण्य, ताम्र आदि खनिज पदार्थों के साथ ही सेवक आदि देने वाली है। इस विद्या से अर्जित कोष और शक्ति के द्वारा राजा सभी पक्षोंको अपने वश में कर लेता है।31

उपरोक्त चार प्रमुख विषयों के अतिरिक्त भी याज्ञवल्क्य ने विभिन्न विषयों की चर्चा की है जिनमें पुराण, न्याय-मीमांसा, धर्मशास्त्र, व्याकरण आदि धर्म विद्याओं के साथ गणित को भी स्थान दिया हैं।32 प्राचीन भारतीय समाज में चौदह विद्याओं की शिक्षा का प्रचलन था जिसका उल्लेख याज्ञवल्क्य ने किया है। यज्ञविधि को भी अध्ययन के विषय के रूप में स्वीकार किया गया था।33

गुरु तथा शिष्य के गुण एवं कर्तव्यः-

भारतीय समाज में गुरु को बहुत ऊंचा स्थान प्रदान किया गया है। वह समाज को केवल शिक्षित ही नहीं करता बल्कि भौतिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान से भी अवगत करता था। वह छात्रों को अज्ञानता के अंधकार से निकाल ज्ञान रूपी सूर्य के प्रकाश में ले जाता था। इसीलिए गुरु को 'आचार्य देवोभवः' की संज्ञा से विभूषित किया गया है।34 याज्ञवल्क्य गुरु की महत्ता का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि गुरु वह होता है जो उपनयन तक की क्रियाएं कराकर ब्रह्मचारी को वेद की शिक्षा देता है, मात्र उपनयन संस्कार करके वेद की शिक्षा देने वाले को आचार्य कहते हैं।35 महाभारत में कहा गया है कि गुरु को विनयी, विनम्र, निष्पक्ष, शांतिचित्त, नैतिक-ब्रह्मचारी, विद्या-पारंगत आदि गुणों से युक्त होना चाहिए।36 गुरु को जीवन पर्यत्न विद्या अध्ययन करना चाहिए, जिसके कारण उसके ज्ञान भंडार में सदैव वृद्धि होती रहे। प्राचीन समय में गुरु को शिक्षा देने के बदले में वेतन का प्रावधान नहीं था, गुरु एवं उसके परिवार के भरण-पोषण और दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति का स्त्रोत केवल शिष्य के द्वारा लाई गई भिक्षा ही होती थी। इसके अतिरिक्त अभिभावक द्वारा अपने बालकों को पढ़ाए जाने के उपलक्ष्य में विद्या अध्ययन के अंत में जो धनराशि उन्हें देते थे वह भी उनकी जीविका का एक अंग हुआ करती थी। अतः गुरु की कोई निश्चित आय नहीं थी।37 याज्ञवल्क्य के अनुसार धन लेकर पढ़ाने वाले गुरू तथा धन देकर पढ़ाने वाले शिष्य दोनों को समाज में निम्न दृष्टि से देखा जाता था।38 इसका समर्थन मनु ने भी किया हैं।39

प्राचीन भारतीय समाज में शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार केवल तीन वर्णो को ही था, शुद्र वर्ण को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार नहीं था। उस समय शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्र स्वतंत्र था वह किसी भी गुरु को चुन सकता था। छात्र की शिक्षा उपनयन संस्कार के पश्चात शुरू

होती थी उपनयन संस्कार छात्र का दूसरा जन्म माना जाता था। उपनयन संस्कार के पूर्व छात्र शूद्र ही माना जाता था। उपनयन संस्कार के पश्चात् ही छात्र द्विज की श्रेणी में जाता था40 और यही कालखंड ब्रह्मचर्य आश्रम कहा गया है। शिक्षा के इस कालखंड में विद्यार्थी को ब्रह्मचर्य का पालन करने की सलाह दी गई है।41 इस आश्रम की आवश्यकता इसलिए भी थी कि छात्र एकाग्र होकर शिक्षा प्राप्त कर सकें। याज्ञवल्क्य के अनुसार विद्यार्थी को गुरु के मन, वाणी, और शरीर के अनुकूल कार्य ही करना चाहिए तथा उसकी आज्ञा से ही भोजन आदि करना चाहिए उन्होंने विद्यार्थियों के लिए मधु, मास, लेप, अंजन, झूठा भोजन, कठोर वचन, स्त्री, जीव हिंसा, सूर्यदर्शन, अश्लील भाषण, आदि बातें निषिद्ध मानी है।42 याज्ञवल्क्य तथा मनु दोनों ने ही अध्ययन काल के समय शिष्य और पुत्र दोनों के लिए स्नेह एवं प्यार की अपेक्षा कठोरता का प्रावधान किया था। यह प्रावधान उन विद्यार्थियों एवं पुत्रों के लिए किया गया था जिनके मन में अध्ययन एवं व्यवहार हेतु कुछ कमी हो यदि कठोरता के बाद भी विद्यार्थी अपने व्यवहार में परिवर्तन नही करता एवं उसकी बार-बार पुनरावृत्ति करता है तो उसे बांधकर दंड से पीटा भी जा सकता है।43

निष्कर्ष:-

उपरोक्त वर्णन के अनुसार कहा जा सकता है कि मनु एवं याज्ञवल्क्य की शिक्षा पद्वति में धर्मशास्त्रों के अध्ययन का अधिक महत्व था। इस शिक्षा पद्वति के माध्यम से भारतीय समाज का विकास एक विशेष रूप में हुआ जिसमें गुरू-शिष्य के मधुर सम्बन्धों के साथ ही ज्ञान की एक ऐसी श्रंखला का निर्माण करना था जिसमें विद्यार्थी के चरित्र निर्माण और शिष्टाचार को अधिक महत्व देते हुए सामाजिक कर्तव्यों के प्रति अपने दायित्वों का पालन कर सकें और समाज के अन्य नागरिकों को उनके कर्तव्यों के निर्वहन हेतु उनका मार्गदर्शन कर सकें। इस शिक्षा से भारत प्राचीन समय में विश्वगुरु के शिखर पर पहुंच सका और मनुष्य में सर्वे भवंतु सुखिन: की भावना को जागृत कर सका। इस प्रकार प्राचीन भारतीय शिक्षा ही विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित थी और इसमें राष्ट्र कल्याण के साथ ही विश्व कल्याण भी जुड़ा था।

सन्दर्भ:-

1. राजदेव दुबे : स्मृतिकालीन भारतीय समाज एवं संस्कृति, प्रतिभा प्रकाशन, 1988, पृ. 124
2. लक्ष्मीदत्त ठाकुर : प्रमुख स्मृतियों का अध्ययन, हिंदी समिति सूचना विभाग, लखनऊ, 1965, पृ. 126
3. कैलाशचन्द्रजैन : प्राचीन भारतीय सामाजिक एंव आर्थिक संस्थाएँ, मध्यप्रदेश ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 1971, पृ.158
4. याज्ञवल्क्य स्मृति : विज्ञानेश्वरप्रणीत 'मिताक्षरा' सहित (सं. उमेशचंद्र पाण्डेय), चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, पंचम संस्करण, 1994, 1/49-50
5. वही, 1/22
6. मनुस्मृति : (सं. जयकृष्णदास हरिदास गुप्त:), चौखम्भा संस्कृत सीरिज ऑफिस, बनारस, 1992, 2/69
7. वही, 2/118
8. याज्ञ. स्मृति, 1/23-33
9. वही,1 /29-30
10. कैलाशचन्द्र जैन : पूर्वोक्त, पृ.159
11. याज्ञ. स्मृति, 1/153,156

12. वही, 1/34-35
13. वही, 1/41-46
14. ए.एस.अलतेकर : एजुकेशन इन एन्शियंट इण्डिया, नंदकिशोर एंड ब्रदर्स एजुकेशनल पब्लिशर्स, बनारस, द्वितीय संस्करण, 1944, पृ.17
15. शतपथ ब्राह्मण (हिंदी अनु. पं. गंगाप्रसाद उपाध्याय), गोविन्दराम हासानन्द, दिल्ली, 2010, 1/5/5
16. राजदेव दुबे : पूर्वोक्त, पृ.127
17. अर्थशास्त्र (हिंदी अनु. वाचस्पति गैरोला), चौखंभा विद्याभवन, वाराणसी, 1952, 1/2
18. याज्ञ. स्मृति, 1/15
19. वही, 1/29-31
20. याज्ञ. स्मृति, 1/14 एवं मनु स्मृति, 2/36-37
21. वही, 1/26-27
22. वही, 1/142
23. राजबली पाण्डेय : हिन्दु संस्कार, चौखंभा विद्याभवन, वाराणसी, 1966, पृ.183
24. वही, पृ.188
25. याज्ञ. स्मृति, 1/311
26. अर्थशास्त्र , 1/1 (आन्वीक्षिकी त्रयी वार्ता दण्डनीतिश्चेति विद्या:)
27. याज्ञ. स्मृति, 1/356
28. अर्थशास्त्र, 1/3
29. याज्ञ. स्मृति, 1/142
30. मनु स्मृति, 3/2, (वेदानधीत्य वेदों वा वापि यथाकमम। अपिप्लुतब्रह्मचर्यो गृहस्थाश्रममावसेत)
31. अर्थशास्त्र,1/3, (कृविपशुपाल्ये वाणिज्या च वार्ता। घान्यपशुहिरण्य कुपयविप्त प्रदानाषकारिकी। तया स्वपक्ष ए वशीकरोति कोशदण्डाभ्याम।।)
32. याज्ञ. स्मृति, 1/3
33. वही, 1/40-48
34. तैत्तिरीय उपनिषदसायण भाष्य सहित (सं. पुष्पेन्द्र कुमार), नाग प्रकाशक, दिल्ली, 1998, 1/11
35. याज्ञ. स्मृति, 1/34
36. राजदेव दुबे : पूर्वोक्त, पृ.130
37. ए.एस. अलतेकर : पूर्वोक्त, पृ.57-58
38. याज्ञ. स्मृति, 1/223
39. मनु स्मृति, 3/156
40. याज्ञ. स्मृति, 1/10, 39, (जायते शुद्र: संस्काराहिजमिकत उच्चते, 11/5)
41. मनु. स्मृति, 2/180
42. याज्ञ. स्मृति, 1/15, 22, 25, 26-27, 31, 33
43. मनु. स्मृति, 8/299-300

❒❒❒

1. असिस्टेंट प्रोफेसर, इतिहास विभाग, हर्ष विद्या मन्दिर (पी.जी.) कॉलेज, रायसी, हरिद्वार
ई-मेल : prashantkumar.hvmpg@gmail.com
2. असिस्टेंट प्रोफेसर, इतिहास विभाग, हर्ष विद्या मन्दिर (पी.जी.) कॉलेज, रायसी, हरिद्वार, ई-मेल : dudeajit009@gmail.com

'वैवाहिक दुष्कर्म'-एक गंभीर चिंतन एवं बहुपक्षीय विश्लेषण का विषय

—अरुणा त्रिपाठी

भारतीय सांस्कृतिक व्यवस्था, विशेषकर हिंदू विवाह पद्धति अन्य देशों और अन्य धर्मों से बिल्कुल अलग है। यहाँ विवाह एक समझौता या अल्पकालिक कांट्रेक्ट नहीं है। यह एक जीवन पद्धति है, जहां पुरुषों और महिलाओं दोनों को एक दूसरे के प्रति सम्मान और प्रेम से रहने की अपेक्षा की जाती है। विवाह सोलह संस्कारों में से एक प्रमुख संस्कार है। विवाह के दौरान दिए जाने वाले 7 वचनों में दोनों की सुरक्षा और सम्मान का भाव निहित रहता है।

पिछले कुछ समय से वैवाहिक दुष्कर्म चर्चा और विमर्श के पटल पर है। समाजशास्त्रियों, कानूनविदों और साहित्यकारों की इस विषय पर अलग-अलग राय हैं। हाल में ही दिल्ली हाईकोर्ट ने भी भारतीय दंड संहिता में वैवाहिक बलात्कार को प्रदान किये गए अपवाद को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर एक विभाजित निर्णय दिया है। निर्णय देने वाले दोनों जजों की राय इस मसले पर भिन्न-भिन्न थी, इसलिए यह मामला या तो सुप्रीम कोर्ट में जाएगा या हाई कोर्ट की बड़ी बेंच में। याचिकाकर्ताओं ने धारा 375 के खंड 2 में दिए गए अपवाद की संवैधानिकता को चुनौती दी और वैवाहिक संबंधों में किए जाने वाले रेप को धारा 375 से मुक्त रखने के प्रावधान को खारिज करने की मांग की।

आईपीसी की धारा 375 दो अपवादों के साथ उन कृत्यों को परिभाषित करती है जो एक पुरुष द्वारा बलात्कार को परिभाषित करते हैं। धारा 375 के अपवाद 2 में कहा गया है कि 'किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ संभोग या यौन कृत्य, यदि पत्नी की उम्र पंद्रह वर्ष से कम नहीं है, बलात्कार नहीं है'। प्रथमदृष्टया यह मांग ठीक भी लगती है कि किसी भी महिला को रेप जैसे जघन्यतम अपराध का शिकार क्यों होना पड़े? आरोपी व्यक्ति के संबंध के आधार पर अपराध की प्रकृति का निर्धारण क्यों हो? लेकिन इस मामले को हमें तात्कालिक तथ्यों के आधार पर नहीं एक दीर्घकालिक और समन्वित रूप में देखने की जरूरत है।

भारतीय सांस्कृतिक व्यवस्था, विशेषकर हिंदू विवाह पद्धति अन्य देशों और अन्य धर्मों से बिल्कुल अलग है। यहाँ विवाह एक समझौता या अल्पकालिक कांट्रेक्ट नहीं है। यह एक जीवन पद्धति है, जहां पुरुषों और महिलाओं दोनों को एक दूसरे के प्रति सम्मान और प्रेम से रहने की अपेक्षा की जाती है। विवाह सोलह संस्कारों में से एक प्रमुख संस्कार है। विवाह के

दौरान दिए जाने वाले 7 वचनों में दोनों की सुरक्षा और सम्मान का भाव निहित रहता है। 2015 में संसद में भी इस विषय पर जब प्रश्न किया गया था तब वैवाहिक दुष्कर्म को यह कहते हुए खारिज किया गया कि भारतीय विवाह एक संस्कार और पवित्र परंपरा है।

आज 75 से भी अधिक देशों में वैवाहिक दुष्कर्म को कानूनी मान्यता दी गई है, किंतु यह कोई नई बात तो नहीं है, सैकड़ों मामलों में अलग-अलग देशों में अलग-अलग कानून हैं। वैसे भी भारतीय समाज और सामाजिक ढांचे के परिदृश्य का निर्धारण सिर्फ पश्चिमी देशों की परिभाषाओं के आधार पर तो नहीं किया जा सकता। प्रगतिशील और समाज-स्वीकार्य कानून बनाना हर देश का कर्तव्य भी है और जरूरत भी। जो परम्पराएं समय के हिसाब से रूढ़िवादी, गरिमा-विरोधी या संविधान विरोधी रहीं, उन पर समय-समय पर कानून बने हैं। उन पुरानी और रूढ़ परंपराओं को कानून द्वारा प्रतिबंधित भी किया गया है। दहेज प्रथा, सती प्रथा, बाल विवाह जैसी अनेक प्रतिगामी प्रथाओं का उन्मूलन इसके उदाहरण हैं। इन उन्मूलन कानूनों ने भी विवाह संस्था को मजबूत और आधुनिक बनाया है ।

वैवाहिक दुष्कर्म को जल्दबाजी में अपराध घोषित करवाने की जिद करने वालों को समझना चाहिए भारतीय समाज में महिलाओं की सुरक्षा और लैंगिक अपराधों से संरक्षण के लिए अनेकों कानून वर्तमान में हैं। जिनमें पति द्वारा किया जाने वाला दुष्कर्म भी सम्मिलित होता है। किसी भी महिला को एक सम्मानपूर्ण व गरिमायुक्त जीवन जीने की आजादी है। यदि उसका पति उस पर जबरन दुष्कर्म कर रहा है तो इसके लिए वह अनेक कानूनों के तहत केस दर्ज करा सकती है जैसे घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005। पीड़ित महिला के पास तलाक और गुजारा भत्ता प्राप्त करने का भी पर्याप्त और ठोस कानूनी अधिकार हैं। लेकिन वैवाहिक दुष्कर्म को जबरिया वैध बनाने के पीछे जिस प्रकार की जिद और अड़ियल रवैया कुछ विशेष विचारधारा वाले लोगों में दिखाई दे रहा है उसके पीछे महिलाओं के हित नहीं बल्कि भारतीय सभ्यता, संस्कृति और हिंदू परंपराओं को नुकसान पहुंचाने की मंशा झलकती है।

लैंगिक अधिकार को महिला अधिकार का पर्यायवाची समझने वाले भूल जाते हैं कि भारत में पुरुषों को लैंगिक आधार पर उत्पीड़न व शोषण से लगभग ना के बराबर अधिकार मिले हैं। जबकि पश्चिमी देशों में ऐसे कई समतावादी कानून हैं, इसलिए वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध की श्रेणी में रखे जाने से पहले वृहद विश्लेषण, विस्तृत अध्ययन और दूरगामी प्रभावों के सटीक आकलन की आवश्यकता है। बात सिर्फ व्यक्ति के निरपेक्ष अधिकारों की ही नहीं होनी चाहिए, परिवार, समाज और देश के लिए कुछ अधिकार तय होने चाहिए। कोई भी निर्णय इन तीनो संस्थाओं को किस प्रकार प्रभावित करेगा इस पर भी चिंतन-मनन होना चाहिए। महिलाओं की गरिमा की रक्षा-यह अति महत्वपूर्ण प्रश्न है और किसी सभ्य समाज में जबरदस्ती यौन संबंध बनाना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं हो सकता। लेकिन इस तरह की घटनाओं पर कानून बनाने से पहले उनकी प्रैक्टिकलिटी पर भी सोचना पड़ेगा। पति और पत्नी के बीच बनने वाले संबंध सामान्यत: एक बंद चहारदीवारी के भीतर होते हैं, उन संबंधों में किसी महिला के कहने के आधार पर अपराध को तय करना, साक्ष्य इकट्ठे करना और

उसकी वैधता का परीक्षण करना, एक जटिल काम होगा। इसलिए इस गंभीर मुद्दे पर अन्य मुद्दों की तरह त्वरित कानून नहीं पारित किया जा सकता या रातोंरात कोर्ट से आर्डर नहीं दिलवाया जा सकता। बेहतर होगा अगर एक विशेषज्ञों की समिति गठित करके, हर पक्ष पर विचार विमर्श हो और एक ठोस रूपरेखा सामने आए। हमें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि अच्छी मंशा से बनाए गए दहेज कानून, घरेलू हिंसा से संरक्षण कानून, कार्यस्थल पर सुरक्षा संबंधी कानूनों के दुरुपयोग के पर्याप्त मामले सामने आए हैं। यह मानने में कोई संदेह नहीं कि इस विषय पर कानून लिंगनिरपेक्ष ना होने के कारण भी इस प्रकार की समस्याओं का एक नया कारण बनेगा।

देश में किसी भी व्यक्ति को इस बात से ऐतराज नहीं है कि महिला सुरक्षा पर कड़े कानून नहीं होने चाहिए। समाज की सभी महिलाओं की चिंता के साथ-साथ, हर व्यक्ति को कम से कम अपनी मां, बहन और बेटी की तो चिंता है ही। यहां प्रश्न इस बात पर नहीं खड़ा किया जा रहा कि पति द्वारा किया जाने वाला दुष्कर्म अपराध माना जाना चाहिए या नहीं, सवाल इस बात का है कि विवाह जैसी संस्था को दांव पर लगाना और पति-पत्नी के सभी संबंधों पर तलवार लटका देना कितना सही है? सवाल यह भी है कि इस तरह के मामलों में जांच पड़ताल और दुरुपयोग को रोकने के लिए क्या प्रावधान संभव हो पाएंगे? साक्ष्यों की उपलब्धता और सहमति के महत्व का निर्धारण कैसे होगा? हम आधुनिक नारीवादियों के दबाव में आकर और पश्चिमी आधुनिकतावाद के पिछलग्गू बनकर हर चीज स्वीकार नहीं कर सकते। ध्यान देने योग्य बात यह भी है कि महिलाओं को अपने पति के साथ संबंध स्थापित करने पर उनकी स्वतंत्रता और सहमति का पर्याप्त ज्ञान है। राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण सर्वे-5 के आंकड़ों के अनुसार भी 80% से अधिक महिलाएं शारीरिक संबंध कायम करने के लिए अनुमति को आवश्यक मानती हैं।

वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध बनाने की पैरवी करने वालों का एक तर्क यह है कि महिलाओं के लिए उनका घर, परिवार, पति और बच्चे ज्यादा भावनात्मक मुद्दे हैं। इसलिए वे अपने विवाह को बचाने के लिए पुरुषों की तुलना में ज्यादा गंभीर होती हैं। इस कारण वे अपने पति के खिलाफ वैवाहिक दुष्कर्म के प्रावधान का गलत प्रयोग नहीं करेंगी। किन्तु दहेज संरक्षण और घरेलू हिंसा पर महिलाओं के संरक्षण के लिए बने हुए कानूनों के दुरुपयोग पर तो कई बार कोर्ट तक चिंता जता चुका है और गिरफ़्तारी को तर्कसंगत बनाने के निर्देश भी जारी कर चुका है। इसलिए उनका यह तर्क तथ्यों के आधार पर कहीं सही नहीं बैठता। एक पक्ष की भावनात्मकता या काल्पनिकता के आधार पर अपराध की एक नई किस्म का निर्धारण नहीं किया जा सकता।

पक्षकारों का यह भी मानना है घाना, जॉर्डन, नाइजीरिया, ओमान जैसे देशों में ही इसको कानूनी अपराध नहीं बनाया गया है जबकि अधिकांश यूरोपीय देशों में इसे अपराध की श्रेणी में ला दिया गया है। दरअसल इस तर्क को देने वाले वही लोग हैं जो भारत की हर चीज को यूरोपीय चश्मे से देखते हैं, उनके लिए भारत की हर व्यवस्था, हर पद्यति, हर प्रथा का मूल्यांकन पश्चिमी

मानदंडों के आधार पर होता है। अफ्रीका का बुरुंडी हो या दक्षिण अमेरिका का वेनेजुएला-हर देश की सामाजिक संरचना, संस्कृति, खानपान अलग है और विवाह उसी सांस्कृतिक ढांचे का एक अंग है। जिसका मूल्यांकन एक सार्वभौमिक पैमाने पर नहीं किया जा सकता। भारत भी एक स्वतंत्र, लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष, निष्पक्ष और प्रगतिशील देश है। यहां के कानून, यहां की जीवन-पद्धति सामाजिक संरचना पर ही आधारित बनाए जाएंगे न कि किसी देश की नकल करके।

कुछ लोगों को वैवाहिक दुष्कर्म का अपवाद संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों यथा अनुच्छेद 21 और अनुच्छेद 14 के विपरीत लगता है। दरअसल ऐसे लोगों को पूर्वाग्रह से बाहर निकलकर समझना चाहिए कि भारत के किसी कानून में वैवाहिक दुष्कर्म को वैध नहीं ठहराया गया या फिर बढ़ावा नहीं दिया जा रहा। इस तरह के अपराधों के लिए भी देश में और आईपीसी में अन्य बहुत से कानून और धाराएं हैं जहां एक महिला स्वतंत्र और निडर रूप से अपने पति के द्वारा की जाने वाली हिंसा या दुष्कर्म के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा सकती है। पीड़ित महिला को अनुच्छेद 14 के तहत समानता का भी अधिकार भी प्राप्त है और अनुच्छेद 21 के तहत गौरवपूर्ण जीवन जीने की स्वतंत्रता का भी।

यदि हम कानूनी नजरिए से भी देखें तो सरकार ने हाईकोर्ट में सबमिट किए गए अपने एफिडेविट में कहा था कि इस प्रावधान को हटाना विवाह संस्था को बर्बाद करने या पतियों को प्रताड़ित करने के लिए एक नए तरीके निर्माण करने के बराबर हो सकता है। इसके साथ ही कानूनों की वैधता के परीक्षण और जरूरत के अनुसार संस्तुति के लिए भारत में विधि आयोग जैसी संस्था है और विधि आयोग ने भी धारा 375(2) के प्रावधान को हटाए जाने की संस्तुति नहीं की है। इसके साथ-साथ हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने यह भी कहा था कि यह कोर्ट के दायरे से बाहर है कि वह एक नए कृत्य को अपराध घोषित कर दे, यह विधायिका का काम है। इसके लिए विधायिका को विस्तृत विचार-विमर्श करके, सभी हितधारकों की राय जानकर, अध्ययन विश्लेषण के लिए कमेटी गठित करके ही एक निर्णय लेना चाहिए।

एक तर्क यह भी दिया जाता है कि यह प्रावधान पति आश्रय के सिद्धांतों का समर्थक है, जिसके अनुसार एक महिला शादी के साथ ही अपनी पहचान और कानूनी अधिकार खो देती है, इससे यह उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन भी है। परंतु एक महिला की स्वतंत्रता की सुनिश्चितता के लिए अनेक नए कानून बने हैं और सुप्रीम कोर्ट ने भी इन मामलों पर अनेकों प्रगतिशील निर्णय दिए हैं जिसमें बेटी और बेटे को बराबर का दर्जा, संपत्ति में बराबर का हक, समान वेतन, निःशुल्क शिक्षा, समान काम का अधिकार और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान सम्मिलित हैं। इसलिए वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध बनाने के पीछे यह तर्क कमजोर साबित होता है। वैसे भी इसे कानूनी रूप से हल किए जाने से बेहतर सामाजिक जागरूकता से ठीक करने की जरूरत है। जैसे-जैसे महिलाएं अधिक शिक्षित होंगी, वर्कफोर्स में उनकी सहभागिता बढ़ेगी, आर्थिक रूप से स्वतंत्र होंगी; खेल राजनीति, प्रशासन, उद्यमिता में आगे बढेंगी, वैसे-वैसे दुष्कर्म की घटनाएं और वैवाहिक दुष्कर्म के मामले घटते जाएंगे। इसलिए पैरोकारों को

दुष्कर्म को रोकने का सटीक निदान, विवाह संस्था को बर्बाद करने से हटाकर महिलाओं की शिक्षा, समानता, रोजगार की ओर पहल करके खोजना चाहिए।

यह बात सही है कि महिलाएं लगभग हर मामले में पुरुषों से पीछे हैं। वे शोषण और अपराध की शिकार भी सामान्यत: ज्यादा ही हैं। उन्हें पुरुषों के बराबर स्वतंत्रता जमीनी स्तर पर हासिल नहीं है चाहे वह शिक्षा-स्वास्थ्य हो या जीवन अवसर, विवाह चयन या संपत्ति पर अधिकार। इसलिए महिलाओं के उत्थान के लिए बहुआयामी और समग्र नीति की आवश्यकता है। इसके साथ-साथ किसी भी तर्क से, किसी भी पुरुष को महिला के साथ यौन संबंध स्थापित करने का असीमित अधिकार भी नहीं है। इसलिए वैवाहिक दुष्कर्म की दिशा में सार्थक पहल की जानी चाहिए। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि महिलाओं के मुद्दों पर निर्णय करते समय या रिपोर्टिंग द्वारा पब्लिक ओपिनियन बनाते समय एक भावना भी काम करती है, जो कई बार अच्छे परिणाम भी देती है। लेकिन गंभीर मसलों में जल्दबाजी या भावना से काम नहीं चलता। किसी भी समाज में एक पक्ष को भावनाओं के आधार पर ही अपराधी नहीं मान लेना चाहिए। रोहतक गर्ल्स का मामला हो या दिल्ली की जसलीन कौर का, मीडिया ट्रायल प्रेरित पब्लिक ओपिनियन से आरोपियों का भविष्य बर्बाद हो गया। बाद में भले ही निर्णय सामान्य जनता की भावनाओं के विपरीत आए। महिलाओं के अत्याचार शोषण, बलात्कार आदि के आरोपी किसी भी कीमत पर बचने नहीं चाहिए, इसके लिए त्वरित कार्रवाई और कड़े कानूनों की आवश्यकता हमेशा महसूस की जाएगी। इसलिए दोषियों को अपराध की सजा मिले और कोई भी कानून निर्दोष के उत्पीड़न का कारण न बने हमें इन दोनों के बीच में संतुलन साधना होगा।

संदर्भ सूची-

1. नारीवादी राजनीति: संघर्ष एवं मुद्दे, आर्या, मेनन, लोकनीता, हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय (2001), पृष्ठ 176
2. वही, पृष्ठ 176
3. स्त्री चिंतन की चुनौतियाँ, रेखा कस्तवार, राजकमल प्रकाशन, (2006), पृष्ठ 52
4. भारत में स्त्री असमानता, गोपा जोशी, हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय (2006), 217
5. राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण सर्वे-5 (https://hi.prsindia.org/policy/vital&stats)
6. भारत का संविधान, बेयर एक्ट, यूनीक प्रकाशन, 2013, पृष्ठ 7
7. वही, पृष्ठ 13
8. भारतीय दंड संहिता, यूनीक प्रकाशन (2015), पृष्ठ 84-85
9. https://www.jagran-com/editorial/apnibaat-making-marital-molestation-a-crime-can-endanger-the-institution-of-marriage-jagran-special-22402074.html
10. https://gshindi.com/social-issues/marital-rape-and-women
11. https://www.amarujala.com-india-news/explainer-what-is-marital-rape-is-marital-rape-legal-in-india

❑❑❑

(लेखिका स्त्री चिंतक हैं और 'सिनेमा में स्त्रीविमर्श' पर शोध कर रही हैं)

रिसर्च स्कालर-SRF, दिल्ली विश्वविद्यालय

मोबाइल : 7982433034, 8920059925, ई-मेल : drarunatripathi@gmail.com

समाज में बढ़ते वृद्धा आश्रम का जिम्मेदार कौन?

—डॉ. पूजा सिंह

भारत में वृद्धाश्रम की आवश्यकता क्यों हुई इसको समझने के लिए हमें प्राचीन भारत की तरफ लौटना होगा। प्राचीन भारत में मनुष्य का जो लक्ष्य होता था वह मोक्ष होता था, और जो अपने नीचे के तीन चरणों के बाद आता था यानि धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष। धर्म के अंतर्गत वह शिक्षा ग्रहण करता था, अर्थात् अपने जीविकोपार्जन के लिए नाना प्रकार के कार्य करता था, काम अपनी संतति को आगे बढ़ाने के लिए और मोक्ष जब वह अपने तीनों दायित्वों से निवृत्ति के बाद तब वह मोक्ष की तरफ आगे बढ़ता। एक शब्द हमें प्राचीन संस्कृति में मिलता है वह 'मोक्ष' और 'वानप्रस्थ' आश्रम।

आज जिस तरीके से भारतीय परंपरा और संस्कृति तार-तार हो रही है वह किसी की दृष्टि से अछूता नहीं है इसे दुर्भाग्य कहें, विडंबना कहें, या हमारे अंतर्मन की कमजोरी जिसके कारण माता पिता और बच्चों के मध्य की सबसे सशक्त प्रेम की कड़ी कहीं ना कहीं कमजोर और ढीली पड़ती जा रही है। आज जिस तरीके से समाज में वृद्धाश्रम की बाढ़ सी आ गई है उसका जिम्मेदार कौन है?

हमारे और आप जैसे बहुत से लोग कहेंगे कि इस समाज में बढ़ते हुए वृद्ध आश्रम के जिम्मेदार आज की युवा पीढ़ी हैं, क्योंकि उसे ना तो अपने दायित्वों का भान है और ना तो ज्ञान, जिस तरीके से वह अपनी अलग दुनिया बसाते जा रहे हैं उसमें मां बाप के लिए कहीं कोई स्थान ही नहीं। पूछना चाहती हूं कि इस बदलाव का जिम्मेदार कौन है, इतना बड़ा परिवर्तन समाज में एकाएक तो नहीं आ सकता। मेरी तरह आप भी यही कहेंगे कदापि नहीं, क्योंकि इस परिवर्तन के बीज हमने स्वयं ही अपनी पीढ़ी के अंदर बोए हैं, और हम इसे झुठला भी नहीं सकते।

आपके मन में यह प्रश्न उठ रहा होगा कि ऐसा कैसे हो सकता है? यह कैसे संभव है? मां बाप अपने बच्चों के मन में ऐसे भावों को क्यों बोएंगे? किंतु आपका यह तर्क और आपकी धारणा दोनों ही निराधार है। आप माने या ना माने इस परिवर्तन के आप स्वयं ही जिम्मेदार हैं। जिस तरीके से हम महत्वकांक्षी बनते जा रहे हैं और उस महत्वकांक्षा को पूर्ण करने के लिए अपने कर्तव्यों की इतिश्री करते जा रहे हैं, तो उसका कुछ ना कुछ तो दुष्प्रभाव तो हमें सहना ही होगा। हम भूल जाते हैं कि जैसा बीज हम लगाएंगे वैसे ही फल हमारे सामने आएंगे।

आज वृद्धा आश्रम बढ़ रहा है तो हम हो हल्ला मचा रहे हैं, आज की पीढ़ी को अनैतिक, असंस्कारी अपने कर्तव्यों की तिलांजलि देने वाला और न जाने कितनी उपमाओं से सुशोभित कर रहे हैं। उन्हें कोसते हैं, उन्हें भला-बुरा कहते हैं किंतु हम भूल

जाते हैं कि जितनी तेजी से वृद्ध आश्रम समाज में बढ़ रहा है उसे चार गुना तेजी से 'डे केयर' बढ़ते जा रहे हैं। 'डे केयर' अर्थात जहां हम अपने बच्चों को छोड़कर अपने काम पर चले जाते हैं जहां बच्चे अपने मां बाप के लिए तरसते रहते हैं लेकिन हमें उसकी कोई परवाह नहीं होती है। हम उस डेकेयर के भरोसे अपने नन्हें से भविष्य को छोड़ कर आगे बढ़ जाते हैं, पर उस पर तो कोई बात नहीं करता ?

जहां बच्चे का बचपन सिसक सिसक कर बीतता है, जहां उसके बचपन की बाल लीलाएं दम तोड़ती हैं, जहां उसकी हंसी ठिठोली को ना कोई सुनने वाला है और ना कोई समझने वाला, वह नन्हीं सी जान अपनी जिंदगी कैसे जी रहा है इस पर कोई बात नहीं करता, क्योंकि उस पर बात करते ही यह स्पष्ट हो जाएगा जितना प्रेम, जितना अपनापन और जितनी आत्मीयता हम बचपन में अपने बच्चों को दे रहे हैं, उतना ही प्रेम उतना ही अपनापन और उतनी ही आत्मीयता वह हमें बुढ़ापे में वापस कर रहे हैं जब हम अपनी महत्वकांक्षा को पूर्ण करने के लिए उन्हे डेकेयर के भरोसे छोड़ कर चले जाते हैं, उन्हें उनके हाल पर छोड़ देते हैं, तो बड़े होने पर वह भी अपनी मंजिल की तरफ बढ़ जाते हैं, जिस प्रकार बचपन में हम उनके दर्द को महसूस नहीं कर पाते तो शायद बड़े होने पर वे भी हमारे दर्द हमारे अकेलेपन को नहीं समझ पाते। प्रकृति का नियम है जैसा देंगे वैसा ही हमें वापस मिलेगा, फिर आप बताइए इस वृद्ध आश्रम के लिए हमारी संतानें कैसे जिम्मेदार हो गई। इस वृद्ध आश्रम के लिए सिर्फ हम और हम दोषी हैं।

एक समय था जहां संयुक्त परिवार हुआ करता था जहां कई परिवार एक साथ एक छत के नीचे खुशी-खुशी रहा करते थे जहां किसी को किसी से कोई समस्या नहीं थी, ना कोई बंटवारा था और ना आपस में किसी को किसी से कोई दुख लेकिन वह समय आज इतिहास का हिस्सा बन चुका है। आज जिस तरीके से संयुक्त परिवार का स्थान एकल परिवार ने ले लिया है उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता किंतु यह परिवर्तन भी हमारे स्वार्थ और महत्वाकांक्षा के कारण ही आया और उसने वसुधैव कुटुंब की भावना को कितनी क्षति पहुंचाई है, कितना धराशाई किया है उसे कहने की आवश्यकता नहीं क्योंकि वसुधैव कुटुंब की भावना कहने के लिए नहीं, उसे अपने हृदय में धारण करने के लिए होती है।

भारत में वृद्धाश्रम की आवश्यकता क्यों हुई इसको समझने के लिए हमें प्राचीन भारत की तरफ लौटना होगा। प्राचीन भारत में मनुष्य का जो लक्ष्य होता था वह मोक्ष होता था, और जो अपने नीचे के तीन चरणों के बाद आता था यानि धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष। धर्म के अंतर्गत वह शिक्षा ग्रहण करता था, अर्थात् अपने जीविकोपार्जन के लिए नाना प्रकार के कार्य करता था, काम अपनी संतति को आगे बढ़ाने के लिए और मोक्ष जब वह अपने तीनों दायित्वों से निवृत्ति के बाद तब वह मोक्ष की तरफ आगे बढ़ता। एक शब्द हमें प्राचीन संस्कृति में मिलता है वह 'मोक्ष' और 'वानप्रस्थ' आश्रम। इन दोनों का बड़ा ही अद्‌भुत संयोग है जब व्यक्ति वृद्ध हो जाता, अपने सभी दायित्वों से निवृत हो जाता, अपने कर्तव्य को पूर्ण कर लेता तब उसे वानप्रस्थ का रास्ता प्राचीन ग्रंथों ने दिखाया था।

क्या सोच रही होगी उस समय के लोगों की, क्यों उन्होंने वानप्रस्थ आश्रम को चुना। उस समय के लोगों का मस्तिष्क इतना उर्वर था कि वह सोचते थे कि जब हमारा शरीर कमजोर हो जाएगा तो हम अपने परिवार के लिए कहीं ना कहीं एक जिम्मेदारी बन जाएंगे और हमारी सेवा

सुश्रुषा के लिए किसी ना किसी का हमारे आसपास होना आवश्यक हो जाएगा और कहीं ना कहीं हम किसी पर निर्भर हो जाएंगे इसलिए उन्होंने वानप्रस्थ को चुना। ताकि वह वानप्रस्थ में जाकर अपने बाकी जीवन को ईश्वर को समर्पित कर पाए अपने आप को आध्यात्मिकता से जोड़ पाए और उस परमात्मा को प्राप्त कर पाए और शनैः शनैः अपने शरीर का त्याग करें।

परंतु धीरे-धीरे मनुष्य की सोच में परिवर्तन आरंभ हुआ और यह परिवर्तन इतना विनाशकारी हुआ जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था जो कभी वानप्रस्थ हुआ करता था आज शायद वही वृद्ध आश्रम बन गया। और अर्थ जो मनुष्य की आवश्यकताओं के लिए बना था मनुष्य उसके मोह में इस तरीके से फँसने लगा कि उसे उसके अतिरिक्त और कुछ दिखाई ही नहीं देता मनुष्य की आवश्यकताएं है दिन प्रतिदिन बढ़ने लगी वह अर्थ और काम के पीछे इस तरीके से भागने लगा कि मोक्ष जैसे शब्द हमारे मन मस्तिष्क और समाज से धीरे-धीरे गायब से होने लगे जिसका परिणाम यह हुआ कि हम आज धर्म अर्थ और काम तक ही सिमट के रह गए, मोक्ष जो हमारा सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य था उससे कहीं ना कहीं हम आज भटक चुके हैं और शायद हमें याद भी नहीं कि इसी मोक्ष को प्राप्त करना हमारे जीवन का परम लक्ष्य था किंतु आज यह लक्ष्य कहीं पीछे छूट गया है। 1911 में केरल राज्य के त्रिशूर नामक स्थान पर पहला वृद्ध आश्रम खोला गया निसंदेह सबको पता था पता है कि उस समय अंग्रेज बहुत ज्यादा प्रभावशाली हो चुके थे और कहीं ना कहीं उनकी संस्कृति उनकी सभ्यता भी हम लोगों पर कहीं ना कही हावी होने लगी थी। उनका रहन-सहन उनका पोशाक हम लोग ग्रहण करने लगे ऐसे में जो लोग विदेश जाते वहां से एक सभ्यता लेकर आते कि क्यों ना बुजुर्ग लोगों ऐसे स्थान पर रख दिया जाए जिस जगह उनके लिए सारी सुख सुविधाएं हो, उनको देने के लिए भोजन हो, उनकी सेवा करने वाले लोग हो और वहां पर वह अकेले रहें और अपना जीवन यापन करें।

शायद इसी सोच के साथ वृद्ध आश्रम की शुरुआत हुई होगी यह ऐसा विचार शायद धनाढ्य लोगों के मन में उपजा होगा कि जो समय हम अपने बुजुर्गों के लिए बिताते हैं उनकी सेवा में लगाते हैं अगर वह समय भी हम धन कमाने में लगाएं तो हम और ज्यादा धन कमा सकते हैं। धनाढ्य लोगों ने जब यह सोचकर खोला होगा तो शायद उनकी सोच सही रही होगी वह अपने माता-पिता को वे सारी सुख सुविधाएं वहां देते होंगे और कहीं ना कहीं हफ्ते-हफ्ते में उनसे मिलने भी जाते होंगे ऐसा लिखा हुआ मिलता है। लेकिन जब भारत समाज में इसकी शुरुआत हुई तो यहां गलती क्या हुई यह भी एक विचारणीय प्रश्न है क्योंकि हमारा भारतीय परिवार संयुक्त परिवार में रहने का आदी था और इस वृद्धा आश्रम ने उस नींव को ही हिला दिया जिसका प्रभाव परिवार और समाज पर पड़ा जिसने परंपराओं और संस्कारों के संगम को तोड़ दिया। अतः हमें ऐसे 'डे केयर' और 'वृद्धाआश्रमों' को बंद करने की आवश्यकता है जो भारतीय संस्कृति को तार-तार कर रही हैं, लेकिन यह तभी सफल हो पाएगा जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति इस समस्या को समस्या की दृष्टि से देखेगा, नहीं तो नन्हें बालक माता-पिता के प्रेम के लिए तरसते रहेंगे और माता-पिता वृद्ध होने के बाद अपने संतानों के प्रेम के लिए?

❐❐❐

सनबीम वोमेंस कॉलेज ,वरुणा, वाराणसी।

आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना और राष्ट्रभाषा का प्रश्न

—डॉ. राजेश कुमार शर्मा

भाषा वैज्ञानिक सुनीति कुमार चटर्जी ने राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी का स्पष्ट समर्थन करते हुए कहते हैं कि-''एक संयुक्त एकीकृत भारत की एक भारतीय राष्ट्रभाषा होनी चाहिए जो देश की एकता का ज्वलंत प्रतीक हो, और हिंदी ही ऐसी एकमात्र भाषा है जो इस पद पर आरूढ़ हो सकती है।''

विकास की दृष्टि से 21वीं शताब्दी एशिया की शताब्दी मानी जा रही हैं एशिया की बात करते ही यह प्रश्न सामने आ जाता है कि इस महत्वपूर्ण विकासयात्रा में भारत का अपना स्थान क्या रहेगा? वर्तमान सदी में तीसरे दशक के जिस मोड़ पर हम आज खड़े हैं वहां से शासन और समाज के द्वारा सशक्त, आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न देखा जा रहा है। 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' आदि पहलों के माध्यम से एक विकसित नवीन भारत की संकल्पना दिखाई पड़ती है। जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अपेक्षित प्रगति दृष्टिगोचर हो रही है, तो क्या भारत अगले कुछ दशकों में विकसित देशों की प्रथम पंक्ति में अपना स्थान बना लेगा? सामान्यतः यदि आर्थिक, सामाजिक, सामरिक एवं भाषायी परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो निसंस्देह यह संभव होगा किंतु एक समृद्ध राष्ट्र के रूप में भारत की पहचान स्थापित होने में राष्ट्रभाषा का प्रश्न एक बड़ी बाधा खड़ी करता है। दरअसल, यह प्रश्न आज का नहीं है बल्कि 150 वर्षो से भी अधिक समय से बना हुआ है। 1947 की आजादी और 1950 में गणतंत्र बनने के साथ ही भाषा का प्रश्न हल कर लेना चाहिए था; पर ऐसा हो नहीं सका। इसके पीछे की समस्याओं से हम सभी अवगत हैं। हमारे कर्णधारों ने उस समय अनेक तरह के अड़ंगे लगाकर विदेशी भाषा को देश के कामकाज की भाषा बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाई। यद्यपि जनता का एक विशाल वर्ग राष्ट्रभाषा हेतु अपना स्वर बुलंद करता रहा है। संविधान की धारा 343 से 351 के मध्य संघ और प्रांतों के भाषा व्यवहार संबंधी प्रावधानों का उल्लेख किया गया है। इसके अंतर्गत संघ की राजभाषा के रूप में देश की सबसे बड़ी भाषा हिंदी को स्थान देकर कुछ हद तक इस समस्या का समाधान करने का प्रयास किया था। किंतु अंग्रेजी को सह-राजभाषा का दर्जा बनाए रखकर नेताओं ने भाषिक गुलामी से मुक्ति का एक स्वर्णिम अवसर गंवा दिया।

संघ की राजभाषा के रूप में कुछ हद तक आज भी हिंदी का व्यवहार हो रहा है पर अपेक्षा से बहुत कम। तो क्या यह माना जाए

कि इसमें हिंदी का कोई अपना दोष है ऐसा कहना सही नहीं होगा। एक राजभाषा अथवा एक राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यवहृत होती रही है। स्वतंत्रता के कुछ वर्षों बाद ही प्रसिद्ध आलोचक आचार्य देवेन्द्रनाथ शर्मा ने अपनी पुस्तक 'राष्ट्रभाषा हिंदी : समस्याएं और समाधान' में लिखा है कि-''भाषा के व्यवहार का अर्थ है कि वह प्रशासन, न्याय, शिक्षा, विदेशी संपर्क, ज्ञान, मनोरंजन, सूचना, वाणिज्य, व्यवसाय आदि की भाषा बन सके। जो भाषा जितने अधिक क्षेत्रों में प्रयुक्त होती है वह उतना ही व्यापक मानी जाती है। हिंदी थोड़ी या बहुत इन सभी क्षेत्रों में प्रयुक्त हो रही है। आवश्यकता इस बात की है कि आंशिक प्रयोग पूर्णता में परिणित हो जाए।''1

शासन-प्रशासन के कुछ पदों पर बैठा हुआ हमारे देश का बौद्धिक वर्ग राष्ट्रभाषा के सवाल पर अपेक्षाकृत उदासीन ही रहा है। इसकी अपेक्षा साधारण जनमानस का एक बड़ा हिस्सा अपनी शिक्षा, व्यवसाय, साहित्य, पत्रकारिता, मनोरंजन इत्यादि क्षेत्रों में हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं का प्रयोग प्रचुरमात्रा में लगातार कर रहा है। रेडियो, टेलीविजन, सिनेमा, पत्र-पत्रिकाएं, साहित्य-सृजन, आदि में आज भी जितना हिंदी भाषा का प्रयोग हो रहा है, उतना राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त करने के लिए पर्याप्त है। इस दिशा में कुछ प्रदेशों की गलत भाषायी राजनीति आड़े आ रही है। यही नहीं हिंदी देश के प्रभु वर्ग की उपेक्षा का शिकार भी पिछले 75 वर्षो से निरंतर बनती आ रही है।

नीति निर्धारक तबके ने स्वाधीनता प्राप्ति के आरंभ से ही अंग्रेजी को बेजा प्रश्रय दिया जबकि भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी आजीवन भाषिक मुक्ति के लिए संघर्ष करते रहे। 1909ई. के अपने महत्वपूर्ण ग्रंथ 'हिंद स्वराज' में ही उन्होंने स्पष्ट लिखा है कि-''करोड़ो आदमियों को अंग्रेजी पढ़ाना तो उन्हें गुलामी में फँसा देना है। मैकाले ने इस देश में जिस शिक्षा की नींव डाली वह सच पूछिये तो हमारी गुलामी की नींव थी। मैं यह नहीं कहता कि उसने ऐसा समझ कर, ऐसे इरादे से अपने निबंध लिखे। पर उसके कार्य का फल यही रहा। स्वराज्य की बात हम परायी भाषा में करते है। यह कैसी विवशता है।''2

इस विवशता के विरूद्ध महात्मा गांधी जीवनपर्यन्त लड़ते रहे। अंग्रेजी भाषा पर अधिकार रखने के बावजूद गांधी जी को जब भी जहाँ अवसर मिला, मसलन देशवासियों को जब भी संबोधित करने का मौका मिला राष्ट्रभाषा हिंदी में ही किया। 6 फरवरी 1916 ई. को काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी में आयोजित सम्मेलनको संबोधित करते हुए गांधी जी ने दो टूक शब्दों में अंग्रेजी का विरोध व राष्ट्रभाषा हिंदी का समर्थन किया था-''मैं कहना यह चाहता हूँ कि, मुझे आज इस पवित्र नगर में, इस महान विद्यापीठ के प्रांगण में अपने ही देशवासियों से एक विदेशी भाषा में बोलना पड़ रहा है। यह बड़ी शर्म की बात है। पिछले दो दिनों में यहाँ जो भाषण दिए गए यदि उनमें लोगों की परीक्षा ली जाए और मैं परीक्षक होऊं तो निश्चित है कि ज्यादातर लोग फेल हो जाएं, क्यों? इसलिए कि इन व्याख्यानों ने उनके हृदय नहीं छुए। मैं गत दिसंबर में राष्ट्रीय महासभा के अधिवेशन में मौजूद था। वहां बहुत अधिक तादाद में लोग इकट्ठा हुए थे। आपको ताज्जुब होगा कि बंबई के वे तमाम श्रोता केवल उन भाषणों से प्रभावित हुए जो हिंदी में दिए गए थे। ध्यान दीजिए यह बंबई की बात है, बनारस की नहीं जहाँ सभी लोग हिंदी बोलते हैं। बंबई प्रांत की भाषाओं और हिंदी में उतना फर्क नहीं है जैसा अंग्रेजी और भारतीय भाषाओं में है। और इसलिए वहाँ के श्रोता हिंदी में बोलने वाले की बात ज्यादा आत्मीय भाव से समझ सके।''3

स्वाधीनता आंदोलन के दौरान गांधी जी के अलावा अनेक अहिंदी भाषी विद्वानों और राजनीतिज्ञों ने राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी की आवश्यकता महसूस की थी और इसके प्रचार-प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई थीं। इसमें कुछ महत्वपूर्ण नाम सुनीति कुमार चटर्जी, केशवचन्द्र सेन, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, सरदारवल्लभ भाई पटेल आदि लिए जा सकते हैं। भाषा वैज्ञानिक सुनीति कुमार चटर्जी ने राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी का स्पष्ट समर्थन करते हुए कहते हैं कि-"एक संयुक्त एकीकृत भारत की एक भारतीय राष्ट्रभाषा होनी चाहिए जो देश की एकता का ज्वलंत प्रतीक हो, और हिंदी ही ऐसी एकमात्र भाषा है जो इस पद पर आरूढ़ हो सकती है।"4

यह विडंबना ही कही जाएगी कि जब राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी को कार्यान्वित करने का समय आया तो 'सुनीति कुमार चटर्जी' सहित अन्य कई अहिंदी भाषी नेताओं ने हिंदी का कड़ा विरोध किया। दरअसल होना तो यह चाहिए था कि स्वतंत्रता मिलते ही विदेशी भाषा का उपयोग तत्काल समाप्त कर दिया जाता। शासन-प्रशासन, न्याय, संस्कृति, शिक्षा आदि का माध्यम राष्ट्रभाषा हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं के रूप में अनिवार्य कर दिया जाता। आजादी के तुरंत बाद एक अमेरिकी पत्रकार बापू का साक्षात्कार अंग्रेजी में लेना चाहता था किंतु बापू ने ऐसा करने से स्पष्ट मना कर दिया और संदेश भेजा कि उनसे कह दो कि गांधी अंग्रेजी भूल गया।

न्याय और शिक्षा के माध्यम के रूप में भारतीय भाषाओं का उपयोग करने के पैरोकार गांधी बहुत पहले से ही रहे हैं। 1921 के 'नवजीवन' में लिखे एक लेख में वह कहते हैं कि-"अगर मेरे हाथों में तानाशाही सत्ता हो तो मैं आज से ही विदेशी माध्यम के जरिए दी जानेवाली हमारे लड़कों और लड़कियों की शिक्षा बंद कर दूं, और सारे शिक्षकों और प्रोफेसरों से यह यह माध्यम तुरंत बदलवा दूँ या उन्हें बर्खास्त कर दूँ। मैं पाठ्यपुस्तकों की तैयारी में इंतजार नहीं करूंगा, वे तो माध्यम के परिवर्तन के पीछे-पीछे अपने आप चली आयेंगी। वह एक ऐसी बुराई है जिसका इलाज होना चाहिए।"5

परंतु दु:खद पहलू यह है कि अंग्रेजी का शिकंजा ढीला होने के बजाय प्राय: जीवन के सभी क्षेत्रों में क्रमश: कसता ही गया। राष्ट्रभाषा हिंदी अपनी जनोपयोगी प्रवृत्ति के कारण अपना सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व बनाए रखने में बहुत हद तक सक्षम रही। विशाल हिंदी भाषी जनसमुदाय होने के कारण देशके कोने-कोने में ही नहीं बल्कि संसार के अनेक राष्ट्रों में एक महत्वपूर्ण भाषा के रूपमें समादर पाती रही है। वहीं दूसरी ओर अपने ही देश में नीति-नियंताओं की उपेक्षा का शिकार भी होती रही है। शिक्षा, न्याय, रोजगार के स्तर पर राष्ट्रभाषा हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं को पीछे ढकेलने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी गई है। उपेक्षा का यह दंश हिंदी को सैकड़ों वर्षों की विदेशी पराधीनता के समय में तो भोगना ही पड़ा, ओछी राजनीति के निहित स्वार्थों के कारण पिछले सात दशकों की अपनी शासन व्यवस्था में भी इसे उपेक्षित ही रहना पड़ा। हम पढ़े लिखे भारतीयों की मानसिकता तो इस हद तक पराधीन हो गई है कि हम अपनी ही भाषा बोलने में लज्जा और पिछड़ापन का अनुभव करते हैं, जबकि अंग्रेजी भाषा का व्यवहार करने में गौरव एवं संभ्रांतता की अनुभूति करते हैं। आचार्य देवेन्द्रनाथ शर्मा ने इस प्रवृत्ति पर अपनी टिप्पणी करते हुए कहा है कि-"संसार में कोई देश ऐसा नहीं है जहां के निवासी अपनी भाषा बोलने में संकोच का अनुभव करते हों पर भारत इसका अनोखा उदाहरण है। हम अपनी भाषा बोलने की अपेक्षा अंग्रेजी बोलने में अधिक आनंद तथा गर्व का अनुभव करते हैं, जो वस्तुत: खेद एवं ग्लानि का विषय है। हमें इस कमजोरी को दूर करने का प्रयास करना होगा तभी हमारी जीभ और कान भारतीय शब्दों से अभ्यस्त हो सकेंगे। भाषा अभ्यास की वस्तु है और हम जितना ही उसका व्यवहार करेंगे उतनी ही वह सुगम होगी।"6

इस तथाकथित पढ़े लिखे वर्ग की भाषाई मानसिकता बदले बिना सामाजिक, सांस्कृतिक स्वाधीनता का अनुभव करना बेमानी है आज जबकि हम अपने राष्ट्र की स्वाधीनता का अमृत महोत्सव विधि-विधान के साथ मना रहे हैं, साथ ही अगले 25 वर्षों के लिए आर्थिक, सामाजिक, विकास का एक नया खाका खींच रहे हैं तब भाषा का प्रश्न स्वाभाविक तौर पर सामने खड़ा हो जाता है। भाषिक बाधा के रहते अपनी विशाल युवा आबादी को आर्थिक एवं वैज्ञानिक विकास से जोड़ना संभव नहीं है। हमारा देश विश्व की महाशक्ति बनने के ओर निरंतर प्रयत्नशील है। दुनिया के सबसे अधिक युवाओं वाले राष्ट्र के लिए यह प्रयत्न गलत नहीं कहा जा सकता परंतु भाषिक पहलू का सवाल हल किए बिना आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को मूर्त रूप देना अपेक्षाकृत दुरूह प्रतीत होता है। इस संबंध में 'गगनांचल' पत्रिका के संपादक एवं कवि 'श्री आशीष कंधवे' ने कई वर्ष पहले ही लिखा था कि,''एक सबल तथा सक्षम राष्ट्रभाषा वाला देश ही आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक वैज्ञानिक एवं सामरिक रूप से महाशक्ति बन सकता है। उधार की भाषा, उधार की संस्कृति, उधार के विचार से किसी भी राष्ट्र का विश्व महाशक्ति बनने का सपना तारे तोड़ लाने जैसा ही प्रतीत होता है।''7

एक सबल और समृद्ध राष्ट्र के लिए राष्ट्रभाषा की अनिवार्य आवश्यकता महसूस करते हुए कंधवेजी अन्यत्र लिखते हैं कि,''आज हम स्वतंत्र हैं। हमारा सपना संविधान है। हम परमाणु संपन्न भी हैं, और हम अपने आपको एक नए विश्वशक्ति के रूप में स्थापित भी करना चाहते हैं लेकिन विडंबना यह है कि आजादी के 65 सालों के बाद भी हमारी कोई राष्ट्रभाषा नहीं है।''8

एक समृद्ध, सुदीर्घ संस्कृति संपन्न राष्ट्र के लिए उक्तटभाषा चिंता बिल्कुल उचित है। इस दिशा में आज भी अनेक व्यक्ति एवं संस्थान स्वभाषा को उपयुक्त स्थान दिलाने के लिए भरसक संघर्ष कर रहे हैं। परंतु इस तरह के संघर्ष को कामयाबी तब तक मिलनी कठिन है जब तक कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका तथा अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों के शीर्ष पर काबिज माननीयों की भाषायी पराधीनता वाली मानसिकता में अपेक्षित बदलाव नहीं आ जाता। दरअसल स्वाधीनता से पूर्व भाषा मुक्ति के लिए तो प्रयत्न किए जा रहे थे। स्वाधीनता के बाद इसमें अनेक कृत्रिम बाधाएं पैदा कर दी गई। हिंदी, उर्दू, हिंदी हिंदुस्तानी का विवाद तो देश विभाजन के साथ ही कुछ सीमा तक हल हो गया पर कई स्थानीय क्षेत्रपजो कि पहले अपने आपको राष्ट्रभाषा हिंदी का ध्वजवाक कहते थे, अब वही लोग प्रांतीय भाषाओं का मुद्दा उछालकर राष्ट्रभाषा हिंदी के मार्ग का सबसे बड़ा रोड़ा सिद्ध होने लगे। जबकि किसी भी प्रादेशिक भाषा में इतना विस्तार एवं गहराई नहीं थी कि वह पूरे देश की संपर्क भाषा बन सके, इस संदर्भ में आ. देवेन्द्रनाथ शर्मा मानते हैं कि,''वही एकमात्र भाषा थी जो सारे देश को एक सूत्र में बांध सकती थी। यदि इस महान उद्देश्य की सिद्धि के लिए हिंदी ग्रहण की गई तो किसी के अनुग्रह के कारण नहीं बल्कि अपनी अंर्तनिहित शक्ति के कारण।''9

फिर राष्ट्रभाषा विरोधी नेताओं ने एक दूसरा खेल खेला, उन्होंने राष्ट्रभाषा समर्थकों के दबाव में आकर 14 सितंबर 1949 को भारतीय संघ की राजभाषा हिंदी को बना दिया पर इसे शासन-प्रशासन के लिए कम सक्षम कहकर गुलामी की भाषा अंग्रेजी को भारतीय जनमानस पर जबरन थोप दिया। पहले तो अंग्रेजी अगले 15 वर्षों के लिए ही स्वीकार की गयी किंतु संसद के भाषा अधिनियम 1965 के जरिये उपर्युक्त व्यवस्था अनिश्चित काल के लिए उपर्युक्त्कर दी गई। इन घटनाओं के लिए कुछ हद तक दक्षिणी राज्यों के हिंसक भाषा आंदोलन को भी जिम्मेदार

ठहराया जा सकता है। किंतु जैसा कि स्पष्ट है राष्ट्रभाषा हिंदी का संघर्ष अन्य भारतीय भाषाओं से न होकर पराधीनता का प्रतीक एक विदेशी भाषा से है।

हालांकि हिंदी को राजकाज के लिए अधिक सक्षम बनाने हेतु राजभाषा आयोग, राजभाषा संबंधी स्थायी संसदीय समिति, पारिभाषिक शब्दावली आयोग एवं हिंदी निदेशालय निर्माण जैसे कई कदम उठाए जाते रहे हैं। इसके कुछ सार्थक परिणाम भी दिखाई पड़े किंतु धरातल पर कोई बड़ा भाषिक परिवर्तन सामने नहीं आया।

आज भी हिंदी विभिन्न स्तरों पर जैसे अंग्रेजी, अन्य भारतीय भाषाओं तथा अपनी ही उपभाषाओं तथा बोलियों से कमोवेश टकराने के लिए विवश हैं, वर्तमान में जहाँ बहुसंख्यक भारतीय समाज के द्वारा शिक्षा, व्यापार, कला-संस्कृति, साहित्य एवं मनोरंजन आदि के रूप में हिंदी को मजबूती से माध्यम बनाया हुआ है वहीं दूसरी ओर न्याय, विज्ञान, तकनीकि इत्यादि का माध्यम बनने के लिए हिंदी को लगातार जूझना पड़ रहा है। यह सुखद पहलू है कि कम से कम हिंदी प्रदेशों में शिक्षा आदि के माध्यम के रूप में हिंदी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं किंतु विभिन्न विषयों में स्तरीय पाठ्य पुस्तकों की अनुपलब्धता, कुशल अनुवाद की कमी और सबसे अधिक प्रशासनिक उपेक्षा के चलते हिंदी तथा दूसरी भारतीय भाषाओं को भी अपेक्षित विकास करने का वातावरण नहीं प्राप्त हो पा रहा है। स्थिति तब और भयावह दिखाई पड़ने लगती है जब हम दूर-दराज के गांव कस्बों में प्रायः कुकुरमुत्ते की तरह उगने वाली अंग्रेजी माध्यम की निजी विद्यालय रूपी दुकानें धड़ल्ले से दिखाई पड़ने लगी है। गरीब किसान एवं कामगार माता-पिता अपनी गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा अपनी संतानों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए खर्च कर देते हैं। जबकि उन भोले भाले अभिभावकों को यह नहीं पता कि अनुशासन, प्रबंधन एवं अकुशल अध्यापक के द्वारा उन नौनिहालों को न अंग्रेजी का ठीक ज्ञान मिल पायेगा, न ही अपनी भाषा का।

संसार के अनेक देश हमारे समक्ष इस बात का उदाहरण है कि अपनी भाषा में शिक्षा ग्रहण करके एक समृद्ध राष्ट्र का दर्जा प्राप्त किया जा सकता है। जर्मनी, फ्रांस, अरब, चीन, जापान जैसे अनेक राष्ट्र अपने भाषा के बल पर एक विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व की प्रथम पंक्ति में अपना स्थान बनाए हुए है। वहीं सर्वाधिक प्राचीन समृद्ध संस्कृति संपन्न हमारा राष्ट्र आज भी भाषिक पराधीनता की मानसिकता से उबर नहीं सका है। ऐसा लगता है कि पिछले एक हजार वर्षों की गुलामी ने इस देश के कर्णधारों के भीतर स्वातंत्र्यचेतना का अपेक्षित विकास नहीं होने दिया है। इन्हीं कर्णधारों की मानसिकता को लक्ष्य करते हुए महात्मा गांधी ने कहा था कि-"इससे बड़ी कंगाली की मैं कल्पना नहीं कर सकता, हम पर और हमारी प्रजा के ऊपर एक बड़ा आक्षेप यह है कि हमारी भाषा में तेज नहीं है। जिसमें विज्ञान नहीं है उसमें तेज नहीं है। जब हममें तेज आयेगा तभी हमारी प्रजा में और हमारी भाषा में तेज आयेगा। विदेशी भाषा द्वारा आप जो स्वातंत्र्य चाहते हैं वह नहीं मिल सकता, क्योंकि उसमें हम योग्य नहीं हैं।10

यह बिल्कुल सही है कि स्वभाषा उन्नति के बिना विशाल जनसंख्या वाले राष्ट्र की पूरी क्षमता का लाभ पाना असंभव है। स्वाभाविक चिंतन के विकसित हुए बिना विकास के अन्यान्य पक्ष कमजोर ही रह जाते हैं। इसका सूत्र आज से लगभग 150 वर्ष पूर्व ही आधुनिक हिंदी के जनक, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने सभी तरफ की उन्नतियों के मूल में भाषा की उन्नति को सर्वोपरि सिद्ध करते हुए कहा था कि-

निज भाषा उन्नत अहै, सब उन्नति कोमूल। बिन निज भाषा ज्ञान कै मिटत न हिय कोसूल।''11

वर्तमान भारतवर्ष आत्मनिर्भर राष्ट्र की पवित्र संकल्पना से ओत-प्रोत जान पड़ता है। आज नए सिरे से अपनी गौरवशाली सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक समृद्धि हेतु कटिबद्धता राजनीतिक, सांस्कृतिक नेतृत्व के भीतर दिखाई पड़ रही है। इस संबंध में भाषा का भी प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। शिक्षा, न्याय, रोजगार, शासन, प्रभृति अनेक क्षेत्रों में राष्ट्रभाषा हिंदी को उचित स्थान दिए बिना आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना पूरी नहीं हो सकती है। ध्यातव्य है कि वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था ने लंबे अरसे से चले आ रहे कई अत्यंत विवादित विषयों को सहजता पूर्वक सुलझाया है। नेतृत्व की यही दृढ़ता राष्ट्रभाषा हिंदी को उसका योग्य स्थान दिलाने में समर्थ सिद्ध हो सकती है। ऐसा करते समय भारत की अन्य प्रांतीय भाषाओं का भी ध्यान रखना आवश्यक होगा। हालांकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मातृभाषा संबंधी नीति के माध्यम से हमारे शासन की भाषा संबंधी गंभीरता का संकेत मिलता है। अभी यह देखना बाकी है कि धरातल पर उपर्युक्त भाषा नीति कितना लागू हो पाती है। इस संबंध में एक जागरूक समाज के तौर पर अपनी भाषा को उचित स्थान दिलाने में हमारी भी भूमिका महत्वपूर्ण साबित होगी।

आशा की जानी चाहिए कि सन् 2047 ई. में जब हम अपनी स्वाधीनता का शताब्दी वर्ष मना रहे होंगे तब राष्ट्रभाषा हिंदी राष्ट्र के सार्वजनिक जीवन में अपना समुचित स्थान बना चुकी होगी। भारत की जनता को उस समय तक हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में शिक्षा न्याय एवं रोजगार पाने में और अधिक सुगमता होगी।

संदर्भ ग्रंथ

1. हिंदी का प्रसार और प्रचार, पृ. 205, राष्ट्रभाषा हिंदी : समस्याएं और समाधान (आ. देवेन्द्रनाथ शर्मा), प्रकाशक-लोकभारती प्रकाशन
2. शिक्षा, पृ. 80, हिंद स्वराज मोहनदास करमचंद गांधी, प्रकाशक-सस्ता साहित्य मंडल
3. अंग्रेजी में बोलना हमारे लिए शर्म की बात, पृ. 04, गांधी और हिंदी (संपादक-राकेश पांडेय), प्रकाशक-राष्ट्रीय पुस्तक न्यास
4. हिंदी विरोधी तत्व, पृ. 198, राष्ट्रभाषा हिंदी : समस्याएं और समाधान (देवेन्द्रनाथ शर्मा), प्रकाशक-लोकभारती प्रकाशन
5. अगर मैं तानाशाह होता तो... पृ. 43, गांधी और हिंदी (संपादक-राकेश पांडेय), प्रकाशक-राष्ट्रीय पुस्तक न्यास
6. पारिभाषिक शब्दावली की समस्या, पृ. 69, राष्ट्रभाषा हिंदी : समस्याएं और समाधान (देवेन्द्रनाथ शर्मा), प्रकाशक-लोकभारती प्रकाशन
7. महात्मा गांधी की भाषा दृष्टि और वर्तमान का संदर्भ, आशीष कंधवे, पृ. 62 (वर्तमान परिदृश्य और गांधी-संपादक-डॉ. रमा, डॉ. विजय कु. मिश्र) प्रकाशक-संवाद मीडिया प्राइवेट लिमिटेड
8. वही, पृ. 65
9. भाषा और बोली, पृ. 153, राष्ट्रभाषा हिंदीरू समस्याएं और समाधान (आ. देवेन्द्रनाथ शर्मा), प्रकाशक-लोकभारती प्रकाशन
10. हिंदी के बिना हमारा स्वराज्य निरर्थक, पृ. 28, (गांधी और हिंदी राकेश पांडेय), प्रकाशक-राष्ट्रीय पुस्तक न्यास

❏❏❏

एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी विभाग, हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
मो.- 9968730090, ई-मेल- rajeshhrc@gmail.com

भक्तिकालीन साहित्य की पुनर्व्याख्या : मैनेजर पाण्डेय की आलोचना के संदर्भ में

—देबश्री सिन्हा

भक्ति काव्य की आलोचना, हिन्दी के सभी महत्त्वपूर्ण आलोचना के लिए एक चुनौती रही है। रामचन्द्र शुक्ल, हजारी प्रसाद द्विवेदी, रामविलास शर्मा, मुक्तिबोध, विजयदेव नारायण साही, नामवर सिंह और विश्वनाथ त्रिपाठी द्वारा विकसित आलोचनात्मक दृष्टियों की शक्ति और सीमा के तर्कसम्मत विवेचन के साथ मैनेजर पाण्डेय ने इस चुनौती के परिप्रेक्ष्य को स्पष्ट करते हुए भक्ति-काव्य की अपार सृजनात्मक समृद्धि और इस काल के रचनाकारों की पारस्परिक विशिष्टताओं और विविधताओं को चिन्हित किया है। तत्कालीन समाज में व्याप्त इन व्यावहारिक और वैचारिक संघर्षो के पीछे वे सभी सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दे थे जो पारम्परिक रूढ़ियों के चलते व्यापक जन-मानस की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा न कर पाने की असमर्थता से पैदा हुए थे। यह महज संयोग नहीं कि अपनी समस्त विशिष्टताओं और विविधताओं के साथ और भक्तिकाल के सभी रचनाकार लोक-मानस में न केवल सहज रूप से समाहित रहे हैं बल्कि भक्तिकालीन रचनाओं में व्यक्त जीवन-सत्य अपनी समग्र जीवन्तता के साथ जन-जीवन को निरन्तर राह दिखाता आया है। मैनेजर पाण्डेय के अनुसार भक्तिकालीन 'प्रयत्न' भारतीय काव्य में नया है, साथ ही भारतीय समाज में इस्लाम की मौजूदगी से पैदा हुई समस्याओं से मुठभेड़ का प्रतिफल है। यहाँ यह भी कहना जरूरी है कि इस 'प्रयत्न' की व्याख्या करनेवाली दृष्टि भी हिन्दी आलोचना में नई है, जो भक्ति काव्य संबंधी समझ का विकास करती है।

भक्ति काव्य संबंधी चिन्तन के विकास का दावा तो बहुतों के संदर्भ में किया जाता है, लेकिन जिसे मौलिक और सार्थक विकास कहेंगे, वह मैनेजर पाण्डेय के भक्ति विषयक लेखन में दिखता है। कुछ लोग भक्ति-काव्य का मूल्यांकन सिर्फ दार्शनिक और वैचारिक धरातल पर करते हैं और भूल जाते हैं कि वे

मैनेजर पाण्डेय भक्त कवियों की लोकवादिता को उनकी भाषा-दृष्टि में ढूंढ निकालते हैं। संस्कृत के आचार्यत्व के माहौल में जनभाषा में कविता करना मामूली बात नहीं थी। भक्त कवि संस्कृति के 'कूपजल' को नहीं, भाषा के बहते 'नीर को अपनाते हैं।

समाज-सुधार संबंधी साहित्य का नहीं, काव्य का मूल्यांकन कर रहे है। जाहिर है कि ऐसे लोगों के हाथ निराशा लगती है और तब भक्ति काव्य उनके लिए अप्रासंगिक लगने लगता है। मैनेजर पाण्डेय भक्ति काव्य की विचारधारा और संवेदना को दोनों दृष्टियों से जाँचते-परखते है। यही कारण है कि वर्ण-व्यवस्था समर्थक तुलसीदास के काव्य में उन्हें लोक-संवेदना भी दिखती है और स्त्री-विरोधी कबीर के पदों में स्त्री-जीवन के विरह की मार्मिक पीड़ा भी। उतनी ही प्रखरता के साथ उन स्थापनाओं का विरोध करते हैं, जो हिन्दी की मार्क्सवादी आलोचना में रूढ़ि बन गयी है।

पिछले कुछ वर्षों में इस देश में अनेक जन-आन्दोलन हुए हैं और मैनेजर पाण्डेय ने इन जन-आन्दोलनों को भक्तिकालीन काव्य से जोड़ा है। उनके अनुसार निश्चय ही उन आन्दोलनों में भक्त कवियों की याद आती रही है और उनसे शक्ति भी मिलती रही है। जब महाराष्ट्र के दलितों ने वर्ण-व्यवस्था और जातिप्रथा के विरूद्ध विद्रोह किया, तब उन्हें मराठी के भक्त कवि नामदेव, एकनाथ, तुकाराम आदि से प्रेरणा और शक्ति मिली होगी। हिन्दी क्षेत्र का दलित आन्दोलन कबीर से प्रेरित और प्रभावित होता रहा है। यहाँ दलित आन्दोलन के विकास के साथ कबीर और रैदास की लोकप्रियता बढ़ी है। वैसे कबीरदास पहले से ही दलित जन-समुदाय में अधिक लोकप्रिय रहे हैं। मैनेजर पाण्डेय के मतानुसार इधर जब से साम्प्रदायिकता की महामारी फैली है और मस्जिद-मंदिर का झगड़ा खड़ा हुआ है, तब से कबीरदास का महत्त्व साधारण जनता के साथ-साथ विद्वानों की भी समझ में आने लगा है। कबीर ऐसे कवि हैं जिन्हें किसी तरह की साम्प्रदायिकता और कट्टरता न तो अपना बना सकती है और न पचा सकती है। साम्प्रदायिकता, धार्मिक कट्टरता और अनेक दूसरी सामंती रूढ़ियों के विरूद्ध संघर्ष में प्रेरणा का एक अक्षय स्त्रोत है भक्त कवियों की कविता, इसलिए उसमें साधारण जनता के साथ-साथ बुद्धिजीवियों की भी दिलचस्पी बढ़ गई है।

मैनेजर पाण्डेय भक्ति आन्दोलन के व्यापक महत्त्व को दर्शाते हुए कहते हैं कि ''भक्ति आंदोलन के साथ भारतीय समाज, संस्कृति और साहित्य के विकास की नई अवस्था का आरंभ होता है। भक्ति आंदोलन व्यापक संस्कृति आंदोलन है; जिसकी अभिव्यक्ति दर्शन, धर्म, कला, साहित्य, भाषा और संस्कृति के दूसरे रूपों में दिखाई देती है। वास्तव में यह सामंती संस्कृति के विरूद्ध जनसंस्कृति के उत्थान का अखिल भारतीय आन्दोलन है।''[1] भक्ति आंदोलन के चरित्र की यह व्याख्या रामचन्द्र शुक्ल, हजारी प्रसाद द्विवेदी, रामविलास शर्मा आदि हिन्दी आलोचकों की व्याख्या का विकास है। लेकिन भक्ति आंदोलन के उद्भव के मूल में कौन-से कारण थे, इस संबंध में मैनेजर पाण्डेय भिन्न राय रखते हैं। उनका कहना है कि यह आन्दोलन संस्कृत से भारतीय भाषाओं की मुक्ति के कारण संभव हो पाता है। अगर लोक भाषाओं की मुक्ति संभव नहीं होती, तब न तो शिक्षा से वंचित दलित और पिछड़ी जातियों को रचनात्मक प्रतिभा के विकास का अवसर मिलता और न स्त्रियों की भागीदारी सुनिश्चित होती। मैनेजर पाण्डेय के अनुसार भक्तिकाल में देशी भाषाओं का यह विकास समाज, संस्कृति और साहित्य के नए युग के आरंभ का सूचक है। इस नए युग के आरंभ का कारण देशी भाषाओं का साहित्य की भाषा के रूप में विकास है। सामान्य जनता के जीवन व्यवहार की भाषा और कविता की भाषा के बीच कायम वह

एकता भी है जो भारतीय साहित्य के इतिहास में पहली बार भक्तिकालीन कविता में दिखाई देती है। मैनेजर पाण्डेय ऐसे आलोचक हैं जिनकी आलोचना-दृष्टि में इस बात का आग्रह है कि साहित्यलोक और मनुष्यलोक में एकता स्थापित हो। उन्हें इस एकता की गूँज भक्तिकाव्य की भाषा में भी मिलती है। मैनेजर पाण्डेय लिखते हैं-''भारतीय साहित्य के इतिहास में पहली बार भक्तिकालीन कविता में सामान्य जनता के जीवन-व्यवहार की भाषा और कविता की भाषा के बीच एकता कायम हुई।''[2]

मैनेजर पाण्डेय भक्त कवियों की लोकवादिता को उनकी भाषा-दृष्टि में ढूंढ निकालते हैं। संस्कृत के आचार्यत्व के माहौल में जनभाषा में कविता करना मामूली बात नहीं थी। भक्त कवि संस्कृति के 'कूपजल' को नहीं, भाषा के बहते 'नीर को अपनाते हैं। मैनेजर पाण्डेय जब लिखते हैं-''भक्तिकाल की कविता लोकभाषा में लोकजीवन की कविता है।''[3] तब इस कथन से वे भक्तिकाव्य की लोकवादिता को सामने लाते ही हैं, पर साथ ही लोकसंस्कृति की रक्षा का रास्ता दिखाते हैं क्योंकि लोकभाषा में लोक संस्कृति की अनुगूँज होती है। आज हम जिस भाषाई संकट से गुजर रहे हैं, ऐसे त्रासद समय में संस्कृत के विरूद्ध लोकभाषा को स्थापित करने वाले भक्तकवियों की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है।

भक्ति आंदोलन के उद्‌भव के मूल में इस्लाम और मुसलमानी शासन की कोई भूमिका है या नहीं इस पर पर्याप्त मतभेद हैं। कुछ लोग भक्ति आंदोलन को इस्लाम की प्रतिक्रिया मानते हैं और कुछ लोग उसका सीमित प्रभाव स्वीकार करते हैं। लेकिन भक्ति काव्य पर इस देश में मुसलमानों की मौजूदगी से क्या असर पड़ा, इसकी प्रायः उपेक्षा होती है। मैनेजर पाण्डेय मानते हैं कि मुसलमानी शासन की ऐतिहासिक वास्तविकता का प्रभाव भक्ति काव्य पर पड़ा। मीरा पर यह प्रभाव न के बराबर है। सूर और तुलसी के काव्य में यह प्रभाव है। शब्द और संगीत के रूप में यह प्रभाव उनके काव्य में देखा जा सकता हैं।

मैनेजर पाण्डेय मध्यकालीन साहित्य में नारी-विवाह के कारणों की तलाश करते हैं और सामन्ती व्यवस्था में नारी की दुर्दशा की प्रत्यक्ष अनुभूति ढूँढते हैं। भक्ति काव्य के सन्दर्भ में नारी विषयक भक्त कवियों की दृष्टि और संवेदना की सूक्ष्मता से वे पड़ताल करते है। हिन्दी क्षेत्र में सामंती मूल्यों और रूढ़ियों का जितना अधिक प्रभाव है, उतना देश के किसी अन्य भाग में शायद ही कहीं हो। इसलिए यहाँ स्त्रियों का जैसा शोषण, दमन और उत्पीड़न है, वैसा अन्यत्र कहीं नहीं। यहाँ हत्या और आत्महत्या से बचा हुआ स्त्री-जीवन आग के दरिया से गुजरने के समान है। इस पराधीनता से स्त्रियों के मुक्ति का जो आन्दोलन हिन्दी क्षेत्र में अब आरंभ हुआ है, वह मीराबाई के जीवन और काव्य के विद्रोही स्वरों को पहचान रहा है।

मीरा के काव्य में राजसत्ता, पुरूषसत्ता, लोकरूढ़ि और कुलीनता के विरूद्ध विद्रोह का स्वर जैसा प्रखर है, वैसा उस काल के किसी अन्य कवि के यहाँ नहीं है। यही कारण है की राजस्थान में दिवराला के सतीकांड के बाद इस नृशंस सामंती प्रथा के विरूद्ध जो आवाज उठी और आंदोलन चला उसमें मीराबाई को बार-बार याद किया गया होगा। यह स्वाभाविक और जरूरी भी था। आज भी भारतीय नारी को गुलाम बनाए रखने में राजसत्ता, पुरूषसत्ता, लोकरूढ़ि और

कुलीनता की बहुत बड़ी भूमिका है। मीरा के काव्य और जीवन से इन चारों के विरूद्ध संघर्ष की प्रेरणा मिलती है।

मैनेजर पाण्डेय के अनुसार अभी हिन्दी आलोचना में मीराबाई के वास्तविक महत्त्व की खोज और पहचान बाकी है। अनेक आलोचक तो उन्हें भक्ति काल के कवियों में गिनने के लिए भी तैयार नहीं है, लेकिन जब इस देश में नारी-स्वाधीनता का आन्दोलन पूरी तरह विकसित होगा, वह शहरों से बढ़कर गावों तक पहुँचेगा और यहाँ का स्त्री-समुदाय सचमुच स्वतंत्र होगा तब मीराबाई हिन्दी ही नहीं, गुजराती जनता के बीच भी सबसे अधिक लोकप्रिय होगी। इस तरह हिन्दीभाषी जनता ने अपने जीवन-संघर्ष की प्रक्रिया में भक्त कवियों के महत्त्व को पहचाना है।

मीरा की भक्ति और प्रेम के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए मैनेजर पाण्डेय ने उस समय के पुरूष प्रधान समाज की मीरा को निर्भीक एवं साहसी स्त्री के रूप में दर्शाया है, जो सामंती रूढ़ियों का डटकर सामना करती है और अपनी अस्तित्व की रक्षा करती हुई निरंतर संघर्षशील रहती है। वे मीरा की आवाज को सजग स्त्री-स्वर कहते हैं-''जिसमें आक्रोश की अनुगूंज है, किसी पीड़ित की चीख या पुकार नहीं। इससे यह भी स्पष्ट है कि संकल्प और आस्था के साथ अपनी अस्मिता और स्वतन्त्रता के लिए संघर्षशील अबला भी पुरुष-प्रभुत्व के लिए चुनौती बन सकती है। अपने प्रेम की रक्षा के लिए मीरा का संघर्ष चौतरफा है। उसके विरोध में राणा की राजसत्ता है और सिसोदिया कुल की मर्यादा (कुल-कानि) भी, पुरूष-प्रभुत्व की सत्ता है और सामंती समाज की रूढ़ियाँ (लोक-लाज) भी। इनमें से कोई भी एक स्त्री की स्वतंत्र चेतना की हत्या करने में सक्षम है। फिर जहाँ चारों एकत्र हों वहाँ आतंक का क्या कहना। मीरा ने इन सबका सामना किया है और कभी-कभी आगे बढ़कर उन्हें ललकारा भी है।''[4]

मैनेजर पाण्डेय की यह धारणा तर्कसम्मत है कि मीरा का विद्रोह, एक विकल्पविहीन व्यवस्था में अपनी स्वतंत्रता के लिए विकल्प की खोज का संघर्ष है। उनको विकल्प की खोज के संकल्प की शक्ति भक्ति से मिली है। यह भक्ति-आन्दोलन का क्रान्तिकारी महत्त्व है। मीरा की कविता में सामन्ती समाज और संस्कृति की जकड़न से बेचैन स्त्री-स्वर की मुखर अभिव्यक्ति है। वे मीरा के संघर्ष को कबीर के संघर्ष से भी कठिनतर मानते हैं। मीरा की कविता का सजग और विशिष्ट स्त्री स्वर कबीर, जायसी, सूर और तुलसी से बहुत अलग है। भक्तिकाव्य में मीरा का काव्य एक स्त्री की आँखों से देखा और भोगा हुआ काव्य है। मैनेजर पाण्डेय लिखते है-''उनकी कविता में एक ओर सामंती समाज में स्त्री की पराधीनता और यातना की अभिव्यक्ति है तो दूसरी ओर उस व्यवस्था के बंधनों का पूरी तरह निषेध और उससे स्वतंत्रता के लिए दीवानगी की हद तक संघर्ष भी है।''[5]

भक्ति-आंदोलन के साथ जो नया लोकधर्म विकसित हुआ, वह सभी कवियों के यहाँ एक जैसा नहीं है। दूसरी भारतीय भाषाओं के भक्तिकाव्य के लोकधर्म की स्थानीय विशेषताओं को छोड़ दें और केवल हिन्दी के भक्तिकाव्य को देखें तो भी यह समझना बहुत कठिन न होगा कि कबीर, जायसी, सूर, तुलसी और मीरा के लोकधर्म का रूप एक-सा नहीं है। भक्ति-आंदोलन के प्रत्येक कवि के लोकधर्म का रूप उसकी विश्वदृष्टि के अनुरूप है और कवि की विश्वदृष्टि पर

उस वर्ग या समुदाय की जिंदगी की वास्तविकताओं और आकांक्षाओं की छाप है, जिसका वह सदस्य है। वही विश्वदृष्टि प्रत्येक कवि की भक्तिभावना, सामाजिक चेतना और काव्यरचना के विशिष्ट स्वरूप का निर्माण करती है। कबीर जिस लोकधर्म का विकास कर रहे थे, उसका मुख्य लक्ष्य है मानुष सत्य या मनु यत्व का विकास। आचार्य शुक्ल ने ठीक ही लिखा है कि ''कबीर ने मनुष्यत्व की सामान्य भावना को आगे करके निम्न श्रेणी की जनता में आत्म-गौरव का भाव जगाया।''[6] मनुष्यत्व की भावना को ही आगे रखकर कबीर एक ओर हिन्दू समाज के जातिभेद, धार्मिक रूढ़िवाद, अंधविश्वास आदि की आलोचना करते हैं तो दूसरी ओर मुसलमान समुदाय के धार्मिक बाह्याचारों और रस्मों-रिवाज का विरोध करते हैं। यह आलोचना जनता को जगाने वाली है और रूढ़िवादियों का विरोध वाली। साथ ही यह आलोचना जनता के मन से शास्त्र के भय और सामाजिक रूढ़िवाद के भ्रम को दूर करके उसमें मनुष्यत्व की भावना जगाने वाली है। इस संदर्भ में मैनेजर पाण्डेय के कथन पूर्णतया सटिक है।

मैनेजर पाण्डेय लिखते हैं-''कबीर मनुष्य की स्वतंत्रता के कवि हैं। वह चाहते हैं कि मनुष्य अपनी आस्था, विश्वास और क्षमता के अनुसार अपना जीवन जिये या भक्ति करे। वे मनुष्य की स्वतंत्रता को सीमित करने वाली हर बात का विरोध करते हैं, चाहे वह सामाजिक हो या धार्मिक। वे गौतम बुद्ध की तरह कहते हैं कि अपना दीपक स्वयं बनो।''[7]

सूर काव्य में चित्रित प्रेम के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए मैनेजर पाण्डेय उसे आज के सामाजिक संदर्भ में भी प्रेरणाप्रद पाते हैं। इसका कारण यह है कि आज का भारतीय समाज भी प्रेम संबंधी उन समस्याओं और रूढ़ियों से मुक्त नहीं हो पाया है। उन्हीं रूढ़ियों के कारण मैनेजर पाण्डेय मानते हैं कि 'प्रेम यहाँ आज भी जीवन का उत्सव नहीं, एक अपराध या मानवीय कमजोरी है।' उन्होंने आचार्य शुक्ल के हवाले से एक बार फिर जोर देकर कहा है कि भक्ति-काव्य में केवल शास्त्र और लोक का द्वन्द्व देखना काफी नहीं है, लोक के आन्तरिक अन्तर्विरोध की पहचान जरूरी है।

सूरदास की कविता की आलोचना के संदर्भ में आचार्य शुक्ल के मत को उद्धृत करते हुए मैनेजर पाण्डेय ने लिखा है-''आचार्य शुक्ल जिसे मर्यादा कहते हैं वह वास्तव में रूढ़ि है। रूढ़ियाँ केवल शास्त्र की नहीं होतीं, लोक की भी होती हैं। लोक की रूढ़ियाँ शास्त्र की रूढ़ियों से कम दमनकारी नहीं होतीं। समाज में प्रचलित रीति-रिवाज, मान-मर्यादा, कुल-कानि आदि से उपजा लोकभय प्राय: लोकधर्म बनकर मानवीय भावों और सम्बन्धों के स्वतन्त्र विकास को, खासतौर से प्रेम की दुनिया को छिन्न-भिन्न कर डालता है। गोपियों का प्रेम निर्द्वन्द्व एवं निर्भीक है। वह शास्त्र की रूढ़ि और लोक के भय से मुक्त हैं।''[8]

सूरदास संबंधी अपनी पुस्तक के दूसरे संस्करण के अवसर पर मैनेजर पाण्डेय ने उसके आरम्भ में 'भक्ति काव्य और हिन्दी आलेचना' तथा अन्त में 'सूर का काव्य और किसान-जीवन' शीर्षक अध्याय जोड़कर पूरी पुस्तक को नये नाम 'भक्ति आन्दोलन और सूरदास का काव्य' (1993) से छपवाया। इस पुस्तक के प्रकाशन से पहले प्राय: विद्वानों का यह मानना रहा है कि सूरदास श्रीकृष्ण की भक्ति और लीलागान में इतना तन्मय रहे कि अपने समय और समाज के यथार्थ सन्दर्भों की ओर उनकी दृष्टि गई ही नहीं। मार्क्सवादी आलोचक रामविलास शर्मा भी यह

मानते थे कि जिस तरह तुलसीदास के काव्य में किसान जीवन से जुड़ी संवेदना अपने पूरे उत्कर्ष में दिखाई पड़ती है, सूर के काव्य में वैसा नहीं है। मैनेजर पाण्डेय ने पहली बार अपनी पुस्तक के माध्यम से यह बताया है कि सूरदास के काव्य में ब्रज के लोकजीवन की छवियां तो उजागर हुई ही हैं, कृषि-संस्कृति और किसान-जीवन से जुड़ी संवेदना का भी उनमें अभाव नहीं है। 'किसान जीवन और सूरदास' शीर्षक अध्याय में वे न सिर्फ अलक्षित सूर को प्रस्तुत करते हैं, बल्कि किसान जीवन के सन्दर्भ में सूर-काव्य के सौन्दर्य और उसकी मार्मिकता का उद्घाटन भी करते हैं।

मैनेजर पाण्डेय ने 'सूर के काव्य में चित्रित किसान-जीवन' का विश्लेषण किया है और जोर देकर कहा है, 'सूर का काव्य अपने समय और समाज से जुड़ा हुआ काव्य है। उन्होंने अपने विचारों की पुष्टि के लिए सूर-साहित्य से अनेक उदाहरणों को प्रस्तुत करके यह निष्कर्ष निकाला है कि सूर का काव्य किसान-जीवन का बोध कराने में सक्षम है। मैनेजर पाण्डेय के अनुसार 'सूर के काव्य में खेती से जुड़ी हर छोटी-बड़ी बात का जितना आत्मीय ज्ञान है, वह किसान-जीवन से तादात्म्य के बिना सम्भव नहीं।' इसके प्रमाण के रूप में उन्होंने सूर का निम्नलिखित पद उद्धृत किया है-

''प्रभु जू यौं किन्ही हम खेती।
बंजर भूमि गांउ हर जोते, अरू जेती की तेती।।
काम क्रोध दोउ बैल, बली मिलि, रज तामस सब कीन्हौं।
अति कुबुद्धि मन हांकनहारे, भाया जुआ दीन्हौं।।
इन्द्रिय मूल किसान, महाजन अग्रज बीज बई।
जन्म-जन्म को विषय वासना, उपजत लता नई।।
कीजै कृपादृष्टि की बरषा, जन की जाति लुनाई।
सूरदास के प्रभु सौ करियै, होई न कान-कटाई।।''[7]

उपर्युक्त पद्यांश में खेती से संबंधित आवश्यक बातें की गई हैं; खेती के साधन, उसकी प्रक्रिया, कठिनाइयाँ और किसान के श्रम को कभी सार्थक, कभी निरर्थक बनाने वाली वर्षा भी।' इसी तरह उन्होंने सूर-काव्य से उन मुहावरों, लोकोक्तियों, उपमानों को भी उद्धृत किया है, जिनसे सूर के किसान-जीवन से संबंधित ज्ञान का पता चलता है। जैसे-

1. सूखति सूर धान अंकुर सी, बिनु बरसा ज्यों मूल तुई।
2. सूरदास तीनों नहिं उपजत धनियाँ धान कुम्हाड़े।
3. जैसे प्रथम अषाढ़ आजु तृन खेतिहर निरखि उपाटत।

किसान-जीवन के श्रम-संघर्ष और खेती की तमाम प्रक्रियाओं का अप्रस्तुत के रूप में प्रयोग करते हुए सूर ने उस सामन्ती व्यवस्था के अत्याचार का भी चित्रण किया है, जो किसान-जीवन को दुर्वह बनाता है। निर्धनता के कारण लगान देने में किसानों की असमर्थता, सामन्तों की लूट, कर्मचारियों के अनाचार के वर्णन के लिए सूर ने जो सांगरूपक प्रस्तुत किया है, वह उनके अनुभवात्मक ज्ञान का अद्भुत उदाहरण है-

''अधिकारी जम लेखा मांगै, ताते हौं आधीनौ।
घर गया नहिं भजन तिहारौ, जौन दिये मैं छूटौं।

धर्म जमानत मिलै न चाहै, ताते ठाकुर लूटौ।
अहंकार पटवारी कपटी, झूठी लिखत बही।
लागै धरम, बतावै अधरम, बाकी सबै रही।।''[10]

मैनेजर पाण्डेय के अनुसार सूरदास ने किसानों की दुर्दशा का मार्मिक चित्रण किया है। सूर के काव्य में चित्रित किसान जीवन सामंती व्यवस्था के संदर्भ में है। सामंती व्यवस्था में किसान की लूट से भरी जिन्दगी का एक पद में रूपक के सहारे बड़ा ही जीवन्त वर्णन है – 'अधिकारी जम लेखा मांगे, तातैं हौं आधीनों।' लगान और सूदखोरी में फँसे किसान की व्यथा से सूरदास भली-भांति परिचित हैं। मैनेजर पाण्डेय के मतानुसार सूरदास के मन में ऋण प्रथा की क्रूरता का गहरा प्रभाव था। जिसके अभिव्यक्ति गोपियों की विरह-वेदना के लाक्षणिक उपयोग से करते हैं, 'सूर मूर अक्रूर लै गयो, ब्याज निबेरत ऊधो।''

तुलसीदास को किसान जीवन का प्रतिनिधि कवि कहने वाले आलोचकों पर व्यंग्य करते हुए मैनेजर पाण्डेय ने कहा है कि ''लगता है भक्ति काव्य में ज्ञान से भक्ति का स्थाई विरोध भले न हो, लेकिन भक्ति काव्य की हिन्दी आलोचना में भक्ति का ज्ञान से स्थाई विरोध जरूर है।''[11]

किसान-जीवन का कृषि-कर्म के अतिरिक्त एक पक्ष पशुपालन भी है। सूर के काव्य में गोचारण का 'मनोरम दृश्य' तो है ही, पशु-प्रकृति का गहरा ज्ञान भी है। गावों के रूप, रंग और उसके स्वभाव का न सिर्फ ज्ञान, बल्कि विशद वर्णन भी 'सूर सागर' में भरा पड़ा है। 'अपनी-अपनी गाई ग्वाल सब आनि करौं इक ढौरी' में गायों के नाम और स्वभाव का बड़ा ही जीवन्त वर्णन है। किसान जीवन स्वाभाविक रूप से प्रकृति से जुड़ा होता है। प्रकृति किसान के सुख-दु:ख में शामिल रहती है। 'सूर सागर' में वर्णित सारी कृष्ण कथा प्रकृति के गहरे साहचर्य में घटित होती है। प्रकृति का अत्यंत मनोहारी रूप 'सूर सागर' में है। कृष्ण और गोपियों के प्रेम में लोक बंधनों के अस्वीकार का कारण प्रकृति का खुला और स्वच्छन्द वातावरण है। मैनेजर पाण्डेय के विवेचन से स्पष्ट है कि सूर के काव्य में किसान जीवन की वास्तविकता प्रत्यक्ष और परोक्ष दोंनो रूपों में है।

सूरदास के काव्य में एक बड़ी विशेषता है-गाँव और शहर के द्वन्द्व की अभिव्यक्ति। उनके लिए सगुण गाँव का प्रतीक है तो निर्गुण शहर का। सूर की कविता से यह भी पता चलता है कि निर्गुण भक्ति का ''ज्यादा प्रचार शहरों में था और काशी उसका केन्द्र भी-जे गाहक निरगुन के ऊधौ, ते सब बसत ईसपुर कासी।''[12]

उनके काव्य में 'शहर और गाँव के बीच नैतिक द्वन्द्व भी है।' भ्रमरगीत प्रसंग में ब्रज गाँव सच्चाई, ईमानदारी और सहजता का प्रतिरूप है तो मथुरा शहर छल-प्रपंच, अत्याचार और शोषण का। यह मथुरा माया नगरी है, जो गोपियों का सर्वस्व हर लेती है। 'नगर मथुरा निरमोही' कहनेवाली गोपियाँ नगर की तुलना में गाँव के सहज प्रेम पर जोर देती हैं। मैनेजर पाण्डेय इस प्रसंग में अंतिम रूप से टिप्पणी करते हुए कहते है कि ''शहर और गाँव के बीच द्वन्द्व की जो चेतना सूर के काव्य में है, वह उस युग के किसी अन्य कवि के यहाँ शायद ही मिले। इस द्वन्द्व में सूर की सहानुभूति गाँव के साथ है।''[13]

भक्त कवियों की रचनाओं की गहन छानबीन के बाद जो सवाल बाकी बचता है वह भक्ति-आन्दोलन की विफलता का सवाल है। मैनेजर पाण्डेय के मतानुसार वैसे यह कहना कठिन

है कि भक्ति-आन्दोलन विफल रहा। वास्तव में बृहत्तर भारतीय समाज में जो लचीलापन और सामंजस्य की क्षमता दिखाई देती है उसमें भक्ति-आन्दोलन की प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष भूमिका रही है। इतना अवश्य कहा जा सकता है कि भक्ति-आन्दोलन ने जिन सामाजिक-सांस्कृतिक लक्ष्यों को सामने लाया, उन्हें पाने के लिए भारतीय समाज द्वारा किया जा रहा प्रयास अब भी अधूरा है। मैनेजर पाण्डेय ने लिखा है-"आधुनिक भारतीय भाषाओं के निर्माण और आधुनिक भारतीय साहित्य के विकास में भक्ति-आन्दोलन की भूमिका को देखते हुए यह कहना सही नहीं होगा कि वह पूरी तरह विफल हो गया, लेकिन यह भी सच है कि उसका सामाजिक उद्देश्य पूरा न हो सका।"[14]

मैनेजर पाण्डेय भक्तिकाव्य की पुनर्व्याख्या करके भारत के भक्तिकालीन स्वर्णिम इतिहास से अवगत कराते हैं। आज भी भक्तिकाव्य जनमानस की भावना में मौजूद है क्योंकि पहली बार भक्तिकाव्य भारतीय सामंती व्यवस्था की वास्तविकता के बोध के साथ-साथ धार्मिक रूढ़िवाद से उपजे भेदभाव को हटाकर मानवीय स्तर पर व्यापक एकता की पहचान और प्रतिष्ठा का प्रयत्न कराता है। पाण्डेयजी का भक्तिकाव्य और सूरदास पर किया गया नवीन मूल्यांकन परवर्ती आलोचकों और साहित्यकारों को निश्चय ही मार्गदर्शित करती है।

संदर्भ :

1. भक्ति आन्दोलन और सूरदास का काव्य-मैनेजर पाण्डेय, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, आवृति संस्करण: 2012, प्रथम संस्करण की भूमिका
2. वही
3. शब्द और कर्म -मैनेजर पाण्डेय, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, परिवर्द्धित संस्करण : 1997 पृ. 113
4. भक्ति आन्दोलन और सूरदास का काव्य-मैनेजर पाण्डेय, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, आवृति संस्करण: 2012, पृ. 41-42
5. वही पृ. 27
6. हिन्दी साहित्य का इतिहास-आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, मलिक एण्ड कम्पनी प्रकाशन, प्रथम कार्यालय-नई दिल्ली, संस्करण : 2009, पृ. 64
7. हिन्दी कविता का अतीत और वर्तमान-मैनेजर पाण्डेय, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण : 2013, पृ. 14
8. भक्ति आन्दोलन और सूरदास का काव्य-मैनेजर पाण्डेय, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, आवृति संस्करण: 2012, पृ. 39
9. वही पृ. 295
10. वही पृ. 297
11. वही पृ. 296
12. वही पृ. 304
13. वही पृ. 305
14. अनभै साँचा-मैनेजर पाण्डेय, पूर्वोदय प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण : 2002, पृ. 28

❑❑❑

हिन्दी अध्यापिका, अधरचाँद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिलचर, असम

संत अक्षर अनन्य का दार्शनिक चिन्तन

—अरुण कुमार द्विवेदी

प्राचीन काल से ही दर्शन मानव जीवन का अभिन्न अंग रहा है। हजारों विचारकों, साधकों तथा तत्वदर्शी चिन्तकों ने कठोर तपश्चर्या का अनुसरण करते हुए अपनी ज्ञानाभा से दार्शनिक तथ्यों का जो रहस्योद्घाटन किया है, वह उनकी साधना एवं चिंतन का ही परिणाम था। प्राचीन काल से चली आ रही चिन्तन की यह परम्परा वेद, उपनिषद् आदि धर्मग्रन्थों के साथ-साथ सम्पूर्ण मध्यकाल में भी अक्षुण्ण बनी रही। प्राय: समीक्षकों ने मध्यकाल में जन्में संतों के संबंध में यह स्पष्ट किया है कि इनके द्वारा अर्जित ज्ञान उनकी स्वानुभूति पर केन्द्रित थे। इन दार्शनिक संतों ने अपने ज्ञान चक्षु से परमतत्व को देखने में सफलता प्राप्त की थी। इस संबंध में कहा गया है कि, ''जैसे आँख आकाश को देखती है, वैसे ही साधक लोग परमात्मा के उच्चतम निवास स्थान को सदा देखते हैं।''[1] इनके द्वारा अनुभूत ब्रह्म, जीव, जगत तथा माया का स्वरूप इस प्रकार प्रस्तुत है-

ब्रह्म :

समस्त धर्म ग्रन्थों जैसे वेद, उपनिषद्, गीता आदि में ब्रह्म की पूर्ण प्रतिष्ठा है। इन ग्रन्थों में ब्रह्म को सम्पूर्ण जगत का सार तथा सृष्टि का निर्माता घोषित किया गया है। इस भौतिक जगत में जो कुछ दिखाई दे रहा है वह पहले कभी नहीं था, जो कुछ भी नहीं है, वह भी पहले नहीं था। 'ऋग्वेद' में ब्रह्म को हजारों सिर वाला तथा हजारों नेत्रों वाला बताया गया है जिसका प्रयोग वह सृष्टि के संचालन हेतु करता है। वह सम्पूर्ण पृथ्वी पर अपनी सत्ता को स्थापित किये हुए है और वह उससे भी दस अंगुल आगे है-

''सहस्रशीर्षा पुरुष: सहस्राक्ष: सहस्रपात्।
स भूमिं विश्वतो वृत्वात्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम्।।''[2]

ब्रह्म के स्वरूप के संबंध में 'कठोपनिषद्' में भी विस्तार से चर्चा की गई है। इसमें ब्रह्म को शब्द रहित, स्पर्श रहित, रस रहित, गन्ध रहित, अनादि, अखण्ड तथा असीम बताया गया है तथा वह इन्द्रियों की पहुँच से भी परे है। इसका ज्ञान होते ही मनुष्य जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्त हो जाता है-

कबीर का मत है कि माया दीपक के समान है तथा जीव की स्थिति पतंगे जैसी है। माया से ग्रस्त होने के कारण संसारी जीव विषय वासनाओं में संलिप्त रहते हैं तथा माया को ही सत्य मानकर उसके आगे-पीछे गिरते पड़ते हैं। शायद ही ऐसा कोई मनुष्य हो जो गुरु ज्ञान के प्रभाव से इस माया रूपी मोहिनी से स्वयं को बचा सका हो-
''माया दीपक नर पतँग, भ्रमि भ्रमि इवै पड़ंत। कहै कबीर गुर ग्यान थैं, एक आध उबरंत।।''

''अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययं तथारसं नित्यमगन्धवच्च यत्।

अनाद्यनन्तं महतः परं ध्रुवं निचाय्य तन्मृत्युमुखात् प्रमुच्यते।।''[3]

ब्रह्म स्वयं में पूर्ण है, यह जगत भी उस परब्रह्म से पूर्ण है क्योंकि यह पूर्ण उस पूर्ण पुरुषोत्तम से उत्पन्न हुआ है। उस ब्रह्म से पूर्ण के निकल जाने पर भी पूर्ण ही शेष रहता है-

''ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।।''[4]

मध्यकालीन दार्शनिक संतों ने भी ब्रह्म के संबंध में अत्यन्त सूक्ष्मता से चिन्तन किया है। संत कबीर ने ब्रह्म को 'मूलतत्व' या 'सार' की उपाधि से विभूषित किया है। इनके मतानुसार वह ब्रह्म न तो आँखों द्वारा देखा जा सकता है और न ही उसे इन्द्रियों द्वारा प्राप्त ही किया जा सकता है। न उसका कोई आकार है और न ही उसकी कोई रूपरेखा है, न तो वह दृश्य रूप में है और न ही अदृश्य रूप में। वह प्रकट और गुप्त रूप में भी नहीं है-

''अलख निरंजन लखै न कोई, निरभै निराकार है सोई।

सुंनि असथूल रूप नहीं रेखा, द्रिष्टि अद्रिष्टि छिप्यौ नहीं पेखा।।''[5]

ब्रह्म के संबंध में कबीर का मत है कि, ''वह परमतत्व निर्गुण एवं सगुण इन दोनों से परे की वस्तु है और वह अनुभव में आने पर भी अनिर्वचनीय है।''[6]

उपर्युक्त विचारों के परिप्रेक्ष्य में आलोच्य संत अक्षर अनन्य की ब्रह्म विषयक मान्यताओं को प्रस्तुत करना सार्थक जान पड़ता है। इन्होंने निर्गुण ब्रह्म विषयक विचारों को सरल, रुचिकर एवं सर्वग्राह्य बनाने के उद्देश्य से ही साहित्य सर्जना की थी। ये शाक्त मतावलंबी थे तथा शिव शक्ति को ही अपना आराध्य मानते थे। अतः जहाँ कहीं भी ब्रह्म का संकेत करने की आवश्यकता पड़ी है वहाँ अनन्य ने 'शिव शक्ति' शब्द का ही प्रयोग किया है। इनके मतानुसार शिव शक्ति रूप परमतत्व ही जगत के कण-कण में समाया हुआ है। इस संसार की समस्त वस्तुओं पर उसी का आधिपत्य है। चूंकि अक्षर अनन्य समन्वयवादी विचारधारा के पोषक थे इसलिए इनकी दृष्टि में राम-रहीम, ईश्वर-खुदा में केवल नाम मात्र का ही भेद परिलक्षित होता है, वास्तविक रूप से उनमें कोई तात्विक भेद नहीं है। जिस प्रकार 'आतिश' और 'आग' भिन्न-भिन्न नामों से अभिहित एक ही तत्व है उसी प्रकार भिन्न-भिन्न रूपों में विद्यमान ब्रह्म भी एक मात्र परम सत्य है-

''वेद कतेब प्रमान यहै, मरजाद यहै नहिं तत्त जुदा है।

आतिस आग ''अनन्य'' भनै, जग जोई सदा सिव सोई खुदा है।''[7]

महात्मा अक्षर अनन्य एकदेवोपासना के समर्थक थे तथा अवतारों के प्रति इनके हृदय में न तो कोई श्रद्धा थी और न ही विश्वास था। इनके मतानुसार भिन्न-भिन्न नामों से पुकारा जाने वाला तत्व 'शिवशक्ति' ही है। उस परमतत्व को राम, परनाम, कान्ह, गोपाल, अरिहंत, भगवंत आदि किसी भी नाम से पुकारा जा सकता है। तत्वदर्शी ज्ञानियों की दृष्टि में वही परमतत्व शिवशक्ति ही भिन्न-भिन्न रूपों में प्रतिभाषित होता हुआ एकमात्र परम सत्य है-

''कोउ राम कहै परनाम कहै, कोउ कान्ह गुपाल जुबानत है।

अरिहंत कोऊ भगवंत कहै, कोउ दत्त अलेख बखानत है।

वह ईस्वर एक अनेक मतै, अपने अपने उर आनत है।

गज अंधनि गाथ ''अनन्य'' भनै, यह भेद सुजान सुजानत है।।''[8]

अक्षर अनन्य ने शिवशक्ति रूप परब्रह्म के अद्वय रूप को ही मान्यता दी है। इनकी दृष्टि में जीव अज्ञानता वश ब्रह्म के सगुण एवं निर्गुण दो भिन्न रूपों की कल्पना करता है तथा श्रद्धानुसार अपने-अपने मान्य रूपों की सर्वोच्चता सिद्ध करने का प्रयास करता है लेकिन इनके मतानुसार सगुण और निर्गुण में कोई तात्विक भेद नहीं है बल्कि इनका कहना था कि केवल शास्त्रीय वाद-विवादों में पड़ने के कारण ही इस अभेद तत्व में भेद दिखाई देने लगता है जबकि वही शिवशक्ति ही निर्गुण, सगुण, शून्य, ज्योति रूप में सर्वत्र विद्यमान है। वास्तव में जीव, ईश्वर, ब्रह्म तथा माया सब उसी परमतत्व के ही रूप हैं-

''आपु ही निर्गुन आपु ही सगुन, आपु ही निर्गुन भेद बताया।
आपु ही सुन्न है आपु ही जोति है, आपु ही व्यापि चराचर काया।
आपु ही मन्त्र ''अनन्य'' भनै, सिव सक्ति अखंड परापर छाया।
आपु ही जीव है आपु ही ईस्वर, आपु ही ब्रह्म है आपु ही माया।।''[9]

इसी प्रकार गोस्वामी तुलसीदास ने भी सगुण और निर्गुण में किंचित अंतर न मानते हुए अपना मत इस प्रकार स्पष्ट किया है-

''सगुनहि अगुनहि नहिं कछु भेदा। गावहिं मुनि पुरान बुध वेदा।।''[10]

अक्षर अनन्य ने परम शिव शक्ति तत्व को ही शुद्ध चेतन स्वरूप माना है तथा इच्छा, ज्ञान, क्रिया तीनों शक्तियाँ इसी की हैं। इनकी दृष्टि में शिव शक्ति तत्व के अतिरिक्त कहीं कुछ भी नहीं है। वही शून्य है तथा वही ज्योति स्वरूप है। वही ब्रह्म, माया, ईश्वर, जीव, देव, दानव सभी में विद्यमान है-

''परिपूरन सिव सक्ति अखंडित पर हू अपर निहारौ।
वहै सून्य वह ज्योति सरूपी, वहै बिबिधि बिस्तारौ।
वहै ब्रह्म माया वह ईस्वर, जीव वहै निरधारौ।
वहै देव दानव पुनि वहई, वहै अवनि अवतारौ।
लख चौरासी जीव जन्तु सब, वहै समस्त प्रकारौ।[11]

जहाँ अन्य संतों ने ब्रह्म को मन्दिर-मस्जिद से निकालकर गगन मण्डल या उससे भी परे होने की कल्पना की है तथा उसे पर्वत से भी बड़ा और राई से भी छोटा होने का दावा किया है, वहीं अनन्य द्वारा प्रस्तुत विचारों से ब्रह्म के सगुण एवं निर्गुण दोनों रूप स्वत: ही स्पष्ट हो जाते हैं। अनन्य के संबंध में श्री अम्बाप्रसाद श्रीवास्तव जी का मत है कि, ''न तो वे निर्गुण के निरूपण में ही इतने अधिक लीन हो गये कि उसके सगुण रूप का खण्डन हुआ हो और न सगुण रूप के प्रतिपादन में ही वे इतने रस-विभोर हुए कि निर्गुण का निराकरण हुआ हो। इन दोनों का अत्यन्त सधे हुए और सुलझे रूप में ही वर्णन किया गया है।''[12]

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि अक्षर अनन्य की ब्रह्म विषयक मान्यता अत्यन्त स्पष्ट एवं तर्कसंगत प्रतीत होती है। जहाँ अन्य संतों ने ब्रह्म को घट-घट वासी मानते हुए सगुण-निर्गुण से परे बैकुण्ठवासी या उससे भी परे होने की कल्पना की है वहीं अक्षर अनन्य इससे इतर ब्रह्म के निर्गुण निराकार रूप का प्रतिपादन करते हुए उसे धरती पर जनमानस के सम्मुख लाकर खड़ा कर दिया है। नि:सन्देह अनन्य की ब्रह्म विषयक मान्यता लोगों के मन में व्याप्त संशय को दूर करने में पूर्णत: सक्षम हैं।

जीवात्मा :

जीवात्मा वर्णन की परम्परा वैदिक काल से दृष्टिगोचर होती है। विभिन्न धर्म ग्रन्थों एवं हिन्दू दर्शनों में जीव को ब्रह्म का अंश माना गया है तथा उसे अजन्मा, शाश्वत एवं नित्य कहा गया है। वास्तव में जीव और आत्मा अद्वय रूप हैं। 'ऋग्वेद' में जीवात्मा तथा परमात्मा को शरीर रूपी वृक्ष का आश्रय लेकर हृदय रूपी घोंसलें में रहने वाले दो पक्षियों के समान बताया गया है। इनमें से जीव विषयासक्त होने के कारण कर्मफलों का भोग करता है जबकि परमात्मा इन विषय भोगों से पूर्णत: मुक्त रहता है–

''द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया, समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरन्य: पिप्पलं स्वाद्वत्तय, नश्नन्नन्यो अभिचाकशीति।।''[13]

वास्तव में यह जीव ब्रह्म रूप में है तथा ब्रह्म ही जीव रूप में विद्यमान है लेकिन माया के प्रभाव से जीव अपनी वास्तविक स्थिति को भूलकर कर्मफलों में बँधा रहता है। 'श्वेताश्वतरोपनिषद्' में इसके संबंध में कहा गया है कि यह जीवात्मा न तो स्त्री रूप में है और न ही पुरुष या नपुंसक है। यह जिस समय किसी शरीर में प्रवेश करता है तत्समय वैसा ही रूप परिवर्तित कर लेता है–

''नैव स्त्री न पुमानेष न चैवायं नपुंसक:। यद् यच्छरीरमादत्ते तेन तेन स युज्यते।।''[14]

'श्रीमद्भगवद्गीता' में आत्मा के संबंध में वर्णित है कि यह आत्मा न तो जन्म लेता है और न मरता है। वह भूत, वर्तमान तथा भविष्य में भी जन्म लेने वाला नहीं है। वह अजन्मा, नित्य तथा पुरातन है, इसलिए शरीर के नष्ट होने पर भी वह मरता नहीं है–

''न जायते म्रियते वा कदाचिन् नायं भूत्वा भविता वा न भूय:।
अजो नित्य: शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।''[15]

जीवात्मा के संबंध में चिन्तन की यह परम्परा मध्यकाल में भी दिखाई पड़ती है। संत कबीर ने आत्मा और परमात्मा के अद्वय रूप को स्वीकार करते हुए कहा है कि जिस प्रकार जलाशय में स्थित कुंभ के अंदर और बाहर जल में कोई अन्तर नहीं होता है क्योंकि घड़े के फूटने पर दोनों जल आपस में समान प्रतीत होते हैं उसी प्रकार ब्रह्म और जीव में भी कोई अंतर नहीं है–

''जल मैं कुंभ कुंभ मैं जल है, बाहरि भीतरि पानी।
फूटा कुंभ जल जलहिं समानाँ, यह तत कथौ गियानी।।''[16]

''जीव ब्रह्म निज जाति एक है यह संदेह न मानौ।
मिलै अविद्या जीव भयौ मिलि विद्या ब्रह्म बखानौ।
विद्या नाम पढ़न कौ नाहीं नहिं पोथी न पुराना।
जैसे कौं तैसौ ही समझौ यह विद्या विग्याना।।''[17]

इसी प्रकार गोस्वामी तुलसीदास ने भी जीव को ईश्वर का ही अंश माना है–

''ईस्वर अंस जीव अबिनासी। चेतन अमल सहज सुखरासी।।''[18]

अनन्य के मतानुसार माया तथा पंच कंचुकों के प्रभाव के कारण जीव अपनी वास्तविक स्थिति को भूलकर स्वयं को सांसारिक बंधनों में बंधा हुआ महसूस करता है लेकिन शुद्ध विद्या के प्रसार होते ही जीव ईश्वर के रूप में परिणित होकर शक्ति सम्पन्न बन जाता है। इनका मत है कि

जिस प्रकार राजा, किसान तथा सिद्ध पुरुष तीनों ही समान रूप से मनुष्य हैं उसी प्रकार जीव, ईश्वर तथा शिव शक्ति में भी कोई तात्विक भेद नहीं है–

''साधै ब्रह्म विद्या विद्यमान होइ ग्यान रूप, ब्रह्म पद पावै तब आवै निज आब है।
भूपति किसान सिद्ध नर ज्यौं 'अनन्य' भनै, एक आतमा के तीन करनी खिताब है।।''[19]

इसी प्रकार अन्यत्र भी अक्षर अनन्य ने जीव के अज्ञानी होने का उल्लेख किया है। इनके मतानुसार अविद्या ग्रस्त जीव भ्रमवश जाति, भेष आदि के बंधनों में उलझा रहता है और आत्म स्वरूप से अपरिचित रहता है लेकिन जैसे ही अविद्या का आवरण हटता है वैसे ही समस्त भ्रम दूर हो जाता है और वह जीव ब्रह्म पद को प्राप्त करने में या तादात्म्य स्थापित करने में समर्थ हो जाता है–

''ऐसे जीव अंस ईस्वर के, परे अबिद्या माहीं।
मानि रहे भ्रम जाति भेष क्रम, आपै जानत नाहीं।
बाघ समान मिलै जब सत गुरु, तब सब भरम भजावै।
कहै अबिद्या बिद्यमान ह्वै, जीव ब्रह्म पद पावै।।''[20]

स्पष्ट है कि अक्षर अनन्य ने जीव को शिव शक्ति के अद्वय रूप में स्वीकार किया है। प्राय: सभी सन्तों ने जीव को ईश्वर का अंश मानते हुए उसके अद्वय रूप को ही मान्यता दी है। इस संबंध में अक्षर अनन्य का मत भी अन्य संतों के मत से साम्य रखता है तथा एक मत से यह स्वीकार किया है कि अविद्या ग्रस्त जीव में विद्या का प्रसार होते ही जीवात्मा परमात्मा से तादात्म्य स्थापित करने में समर्थ हो जाती है।

जगत :

सृष्टि के प्रादुर्भाव से ही मनुष्य अपने चारों ओर विद्यमान प्राकृतिक दृश्यों एवं अलौकिक सौन्दर्य के कारण उसकी ओर आकर्षित होता रहा है। हजारों योजन में फैले नीले आकाश, सूर्य तथा चन्द्रमा को देखकर मनुष्यों का ध्यान इसकी उत्पत्ति एवं स्थिति पर जाना स्वाभाविक था। विभिन्न धर्म ग्रन्थों एवं तत्वदर्शी चिन्तकों ने इस दृश्यमय जगत की उत्पत्ति एवं स्थिति के संबंध में अपने-अपने मत सूक्ष्मता से स्पष्ट किये हैं।

'प्रश्नोपनिषद्' में जगत की उत्पत्ति एवं विकास क्रम का उल्लेख प्रमुखता से वर्णित हैं। इसमें कहा गया है कि पुरुष ने सर्वप्रथम प्राण का सृजन किया, तत्पश्चात् प्राण से श्रद्धा, आकाश, वायु, जल, ज्योति, पृथ्वी, इन्द्रिय तथा अन्न को निर्मित किया। इसके पश्चात् अन्न से वीर्य, तप, मन्त्र, कर्म एवं लोक को विकसित किया, साथ ही लोक में नाम की सृष्टि की–

''स प्राणमसृजत प्राणाच्छ्रद्धां खं वायुर्ज्योतिराप: पृथिवीन्द्रियं
मनोऽन्नमन्नाद्वीर्यं तपो मन्त्रा: कर्म लोका लोकेषु च नाम च।।''[21]

'श्रीमद्भगवद्गीता' में भी सृष्टि की उत्पत्ति के संबंध में विस्तार से चर्चा की गयी है। इसमें भगवान श्री कृष्ण ने कहा है कि यह प्रकृति मेरी प्रमुख शक्तियों में से एक है जो कि मेरी अध्यक्षता में समस्त कार्यों को निरन्तर करती रहती है जिसके परिणाम स्वरूप समस्त चर-अचर प्राणियों का जन्म होता है। इसके अधीन ही यह दृश्यमय जगत बनता और नष्ट होता रहता है–

''मयाध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरम्। हेतुनानेन कौन्तेय जगद्विपरिवर्तते।।''[22]

जगतोत्पत्ति के संबंध में मध्यकालीन दार्शनिक संतों ने भी अपने मत स्पष्ट किये हैं। संत कबीर ने अद्वैतवादियों के 'ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या' सिद्धान्त के आधार पर इस दृश्यमय जगत को मिथ्या एवं सारहीन कहा है। इन्होंने जगत की तुलना सेमर फूल से की है। इनका तर्क था कि जिस प्रकार यह फूल अल्प समय में ही अपनी आभा खो देता है उसी प्रकार यह जगत भी क्षणभंगुर एवं अस्थायी है–

''यहु ऐसा संसार है, जैसा सैंबल फूल। दिन दस के व्यौहार में, झूठै रंगि न भूल।।''[23]

संत रविदास ने भी इस जगत को मिथ्या, सारहीन एवं प्रपंचमय बताया है तथा इसकी तुलना इन्होंने काजल की कोठरी एवं अहंकार रूपी कुएँ से की है। इनकी दृष्टि में अहंकार संसार को भ्रमित कर उसे खा जाता है–

''यहु संसार काजलि कूं कोठरी, अरु विस हऊं रा कूवा।
कहि 'रविदास' हौमें जग खाया, ज्यौं नलिनी भू सूवा।।''[24]

इस परंपरा में अक्षर अनन्य की जगत संबंधी मान्यताएँ स्पष्ट एवं तर्कसंगत हैं चूंकि अक्षर अनन्य शाक्त धर्म को मानने वाले थे, इस दृष्टिकोण से इन्होंने जगत को शिव शक्ति तत्व से पूर्णतया अभिन्न माना है। वेदान्त दर्शन ईश्वर को जगत का निमित्त एवं कारण दोनों मानता है जबकि शाक्त मतानुसार कार्य रूप जगत कारण रूप शिव शक्ति में निरन्तर वर्तमान रहता है।

अक्षर अनन्य अपनी जगत संबंधी मान्यताओं को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि जिस प्रकार वृक्ष के मूल बीज में डाल, पत्ते, फल, फूल आदि पहले से ही समाहित रहते हैं उसी प्रकार परमतत्व शिव शक्ति में यह दृश्यमय जगत सूक्ष्म रूप में समूल विद्यमान रहता है–

''बिस्व सकल सिव सक्ति महं, सूच्छम रूप समूल।
ज्यौं तरुवर के बीज महं, डार पात फल फूल।।''[25]

अनन्य के मतानुसार सृष्टि की उत्पत्ति के पश्चात् भी जगत की सत्ता परमतत्व से पृथक् नहीं होती अपितु वह उसी परमशक्ति में विद्यमान रहता है। जिस प्रकार समुद्र में उठने वाली लहरों की स्थिति जल से अलग संभव नहीं है उसी प्रकार इस चराचर जगत की उत्पत्ति और लय भी उसी परमतत्व शिव शक्ति के अधीन है। उससे पृथक् जगत की कल्पना करना भी असंभव है–

''जैसैं समुद्र लहरैं सुभाइ, त्यौं करता महं संसार आइ।
करता के बहु गुन रूप जानि, जे भाँति भाँति पाछैं बखानि।।''[26]

अक्षर अनन्य ज्ञानमार्गी श्रेष्ठ सन्त थे तथा इनमें प्रतिभा अत्यन्त प्रखर थी। इनका मत है कि जिस प्रकार स्वर्ण और उससे निर्मित वस्तुओं में कोई अंतर नहीं होता, साथ ही लकड़ी और उससे बनी वस्तुओं में तथा भूमि और भवनों में भी कोई तात्विक भेद नहीं होता, उसी प्रकार परमतत्व शिव शक्ति एवं जगत में भी कोई तात्विक भेद नहीं है–

''कंचन सो भूषन जो भूषन सो कंचन है, कंचन सौं भूषन सौं भेद न लगत है।
धरनि सो मन्दिर जो मन्दिर सो धरनि अहै, मन्दिर धरनि सौं न अन्तर खगत है।

रंग ही चतेवर चतेवर सो रंग जानि, रंग ही चतेवर कौ रंग ज्यों रँगत है।

एक ही अनेक यौं अनेक एक भिन्न नहीं, ''अक्षर अनन्य'' ब्रह्म मूरत जगत है।।''[27]

अत: स्पष्ट है कि अक्षर अनन्य ने सम्पूर्ण चराचर जगत को शिव शक्ति के अद्वय रूप में ही मान्यता दी है साथ ही जगत को कार्य रूप में मानते हुए कारण रूप शिव शक्ति में वर्तमान रहने का मत भी प्रस्तुत किया है। इनके मतानुसार शिव शक्ति और जगत में कोई तात्विक भेद दृष्टिगोचर नहीं होता है।

माया :

भारतीय वाङ्मय में माया का विस्तारित रूप प्रमुखता से वर्णित है। वैदिक संहिताओं, ब्राह्मण ग्रन्थों, उपनिषदों तथा पुराणों के साथ-साथ तत्वदर्शी चिन्तकों ने भी माया के स्वरूप को स्पष्ट करने का प्रयास किया है। 'श्वेताश्वतरोपनिषद्' में प्रकृति को माया तथा ईश्वर को परम मायावी कहा गया है-

''मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्। तस्यावयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वमिदं जगत्।।''[28]

'श्रीमद्भगवद्गीता' में अज्ञानता को माया रूप कहा गया है अर्थात् सम्पूर्ण जगत सत्, रज तथा तम् तीनों गुणों के प्रति अनुरक्त रहता है जिसके परिणामस्वरूप जीव अव्यय रूप परम ब्रह्म की वास्तविक स्थिति से पूर्णत: अनभिज्ञ रहता है-

''त्रिभिर्गुणमयैर्भावैरेभि सर्वमिदं जगत्। मोहितं नाभिजानाति मामेभ्य: परमव्ययम्।।''[29]

धर्म ग्रन्थों एवं तत्वदर्शी चिन्तकों की दृष्टि में जीव ब्रह्म का ही अंश है लेकिन जीव माया के वशीभूत होने के कारण वह इस सत्य से अपरिचित रहता है। माया के संबंध में इस प्रकार कहा गया है, ''यह न 'सत्' है न 'असत्'। सत् इसलिए नहीं है कि ब्रह्म का ज्ञान होने पर इसका ज्ञान बाधित हो जाता है। किन्तु यह 'असत्' भी नहीं है क्योंकि 'असत्' वस्तु की प्रतीति नहीं होती जबकि माया की प्रतीति होती है।''[30]

मध्यकालीन संतों ने माया को अपने चिंतन का अभिन्न अंग माना है। सर्वप्रथम संत कबीरदास ने माया को महाठगिनी या महामोहिनी कहा है जो जीव को भ्रमित कर शीघ्र ही अपने वश में कर लेती है।

कबीर का मत है कि माया दीपक के समान है तथा जीव की स्थिति पतंगे जैसी है। माया से ग्रस्त होने के कारण संसारी जीव विषय वासनाओं में संलिप्त रहते हैं तथा माया को ही सत्य मानकर उसके आगे-पीछे गिरते पड़ते हैं। शायद ही ऐसा कोई मनुष्य हो जो गुरु ज्ञान के प्रभाव से इस माया रूपी मोहिनी से स्वयं को बचा सका हो-

''माया दीपक नर पतँग, भ्रमि भ्रमि इवै पड़ंत। कहै कबीर गुर ग्यान थैं, एक आध उबरंत।।''[31]

इसी प्रकार संत मलूकदास ने भी माया को काली नागिन कहा है जिसने संपूर्ण संसार को अपनी माया शक्ति से डस लिया है-

''माया काली नागिनी, जिन डसिया सब संसार हो।''[32]

सन्त कवि अक्षर अनन्य का माया सम्बन्धी विचार अत्यन्त स्पष्ट एवं सारगर्भित है। इन्होंने माया के संबंध में शाक्त दर्शन में वर्णित सिद्धान्त को ही मान्यता दी है। कवि का मत है कि जिस प्रकार भूमि और मिट्टी में, जल और समुद्र में, दीपक और ज्वाला में तत्वतः कोई भेद नहीं है उसी प्रकार ब्रह्म और माया में भी कोई तात्विक भेद नहीं है–

''माटी की भूमि है भूमि सु माटी है, माटिहि भूमिहि भेद न भाया।
पानी कौ सिंधु है सिंधु कौ पानी है, पानिहि सिंधुहि द्वै न बताया।
यों अनभेद ''अनन्य'' भनै, कहिबे महं भेद गुरू समुझाया।
दीपक ज्वाल है ज्वाल सु दीपक, माया सु ब्रह्म है ब्रह्म सु माया।।''[33]

अनन्य के मतानुसार माया शिव शक्ति रूप होने के कारण चैतन्य रूपिणी हैं फिर भी माया शक्ति के रूप में वह स्वयं को स्वयं से आवृत्त किये रखती है जो जीव को भ्रमित कर वास्तविक सत्य से परे रखती है। माया शक्ति के कारण ही जीव को भिन्नता दिखाई पड़ती है। इनका मत है कि जिस प्रकार अग्नि को ज्वाला कहने पर स्त्री का तथा वैश्वानर कहने पर पुरुषवाची होने का आभास होता है, साथ ही शरीर को देह और काया कहने पर क्रमशः स्त्रीलिंग और पुल्लिंग का संकेत मिलता है जबकि इनमें कोई तात्विक भेद नहीं है, ठीक उसी प्रकार ब्रह्म और माया में भी केवल नाम मात्र का ही भेद दृष्टिगोचर होता है। वास्तविक रूप से माया ब्रह्म का ही अंश है–

''ज्वाला कहैं जुवती सी लगै, वैसान्दुर में पुरुषारथ आया।
देह कहैं नर नाम लगै, अरु नारि लगै जब ही कहौ काया।
यों अनभेद ''अनन्य'' भनै, हठि मूढ़नि बादहि बाद बढ़ाया।
एकहि तत्त की माड़ सबै, भल वाही सौं ब्रह्म कहौ भल माया।।''[34]

अतः स्पष्ट है कि अक्षर अनन्य ने माया शक्ति को शिव शक्ति का ही अद्वय रूप कहा है। इनके मतानुसार संसारी जीव माया से प्रभावित होने के कारण इस दृश्यमय जगत को देखकर चित् तत्व शिव शक्ति को भूल जाते हैं और उन्हें तनिक भी भान नहीं रहता कि जगत के रूप में सत्–चित्–आनन्द रूप शिव शक्ति तत्व ही सर्वत्र विद्यमान है। जिस प्रकार ज्वाला और अग्नि में, देह और काया में तथा मिट्टी और भूमि में कोई अंतर नहीं है उसी प्रकार ब्रह्म और माया एक ही परमतत्व के दो नाम है।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि अक्षर अनन्य का दार्शनिक चिन्तन अत्यन्त प्रभावपूर्ण, स्पष्ट एवं सारगर्भित है। इन्होंने ब्रह्म, जीव, जगत, माया जैसे सभी दार्शनिक विषयों पर अत्यन्त सूक्ष्मता से विचार करते हुए अपनी मान्यताओं को जनमानस के सम्मुख स्पष्ट किया है। इनके द्वारा प्रस्तुत विचार तर्क पूर्ण एवं वैज्ञानिकता से युक्त हैं। कहीं पर भी उनमें शिथिलता नहीं दिखाई पड़ती। निःसंदेह इनकी दार्शनिक मान्यताएँ मानव मन में व्याप्त संशय को दूर करने तथा उनकी जिज्ञासा को शान्त करने में पूर्ण सक्षम हैं।

सन्दर्भ :

1. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् : धर्म और समाज, राजपाल एण्ड सन्ज, दिल्ली, संस्करण 1975, पृ. 43
2. ऋग्वेद 10/90/1
3. कठोपनिषद् 1/3/15
4. ईशावास्योपनिषद्, शान्तिपाठ, पृ.1
5. श्यामसुंदर दास : कबीर ग्रंथावली–रमैंणी (बड़ी अष्टपदी रमैंणी), पंचशील प्रकाशन, जयपुर, संस्करण 2016, पृ. 213

6. परशुराम चतुर्वेदी : कबीर-साहित्य की परख, भारती भंडार, प्रयाग, संस्करण 2011, पृ. 92
7. अम्बाप्रसाद श्रीवास्तव : अक्षर अनन्य-जीवनी, साधना सिद्धान्त एवं ग्रन्थावली- द्वितीय खण्ड, ज्ञान पञ्चासिका, मध्यप्रदेश शासन साहित्य परिषद्, भोपाल, संस्करण 1969, पद 18, पृ.63
8. वही, पद 19, पृ. 63
9. वही, पद 13, पृ. 62
10. तुलसीदास : श्रीरामचरितमानस-बालकाण्ड, गीताप्रेस, गोरखपुर, संवत् 2065 वि., पद 1/116
11. अम्बाप्रसाद श्रीवास्तव : अक्षर अनन्य-जीवनी, साधना सिद्धान्त एवं ग्रन्थावली-द्वितीय खण्ड, गुणान बत्तीसी, मध्यप्रदेश शासन साहित्य परिषद्, भोपाल, संस्करण 1969, पद 23, पृ. 465-466
12. वही, प्रथम खण्ड, पृ. 219
13. ऋग्वेद 1/164/20
14. श्वेताश्वतरोपनिषद् 5/10
15. श्रीमद्भगवद्गीता 2/20
16. श्यामसुंदर दास : कबीर ग्रंथावली, पद-राग गौड़ी, पंचशील प्रकाशन, जयपुर, संस्करण 2016, पद 44, पृ.124
17. अम्बाप्रसाद श्रीवास्तव : अक्षर अनन्य-जीवनी, साधना सिद्धान्त एवं ग्रन्थावली, अक्षर अनन्य के चिट्ठा-6/15, मध्यप्रदेश शासन साहित्य परिषद्, भोपाल, संस्करण 1969, पृ. 25
18. तुलसीदास : श्रीरामचरितमानस-उत्तरकाण्ड, गीताप्रेस, गोरखपुर, संवत् 2065 वि., पद 1/117
19. अम्बाप्रसाद श्रीवास्तव : अक्षर अनन्य-जीवनी, साधना सिद्धान्त एवं ग्रन्थावली, उपासना बोध, मध्यप्रदेश शासन साहित्य परिषद्, भोपाल, संस्करण 1969, पद 10, पृ. 52
20. वही, अनन्य प्रकाश, पद 96, पृ. 142
21. प्रश्नोपनिषद् 6/4
22. श्रीमद्भगवद्गीता 9/10
23. श्यामसुंदर दास : कबीर ग्रंथावली-चितावणी कौ अंग, पंचशील प्रकाशन, जयपुर, संस्करण 2016, पद 13, पृ. 62
24. रामनिवास : संत शिरोमणि गुरु रविदास ग्रन्थावली, वाङ्मय प्रकाशन, जयपुर, संस्करण 2016, पद 133, पृ. 219
25. अम्बाप्रसाद श्रीवास्तव : अक्षर अनन्य-जीवनी, साधना सिद्धान्त एवं ग्रन्थावली, साखी, मध्यप्रदेश शासन साहित्य परिषद्, भोपाल, संस्करण 1969, पद 317, पृ. 424
26. वही, अनन्य प्रकाश, पद 38, पृ. 134
27. वही, पद 43, पृ. 135
28. श्वेताश्वतरोपनिषद् 4/10
29. श्रीमद्भगवद्गीता 7/13
30. राम चन्द्र तिवारी : कबीर-मीमांसा, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण 1995, पृ. 125
31. श्यामसुंदर दास : कबीर ग्रंथावली, साखी-गुरुदेव कौ अंग, पंचशील प्रकाशन, जयपुर, संस्करण 2016, पद 20, पृ. 48
32. मलूकदास की बानी, मन और माया के चरित्र-शब्द-1, बेलवीडियर प्रिंटिंग वर्क्स, इलाहाबाद, संस्करण 2011, पृ. 8
33. अम्बाप्रसाद श्रीवास्तव : अक्षर अनन्य-जीवनी, साधना सि)ान्त एवं ग्रन्थावली, ज्ञान पञ्चासिका, मध्यप्रदेश शासन साहित्य परिषद्, भोपाल, संस्करण 1969, पद 14, पृ. 62
34. वही, पद 15, पृ. .62

❒❒❒

शोध-अध्येता, हिन्दी विभाग, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

जयनंदन की कहानियों में मूल्यबोध

—सरिता कुमारी

जयनंदन ने अपनी कहानियों में सामाजिक मूल्यों के बदलते रूप का तथ्यात्मक वर्णन किया है। आज वर्तमान समय में मनुष्य के लिए निजी स्वतंत्रता ही महत्व रखती है। परिवार की महत्ता घटती जा रही है। माता-पिता, पति-पत्नी, भाई-भाई, भाई-बहन जैसे संवेदनात्मक रिश्तों के जगह बौद्धिकता ने ले ली है। परिवार में मौजूद वृद्धों का महत्व आज के समय में सबसे बड़ा संकट बना हुआ है।

जयनंदन समकालीन कथा-साहित्य के एक ऐसे कथाकार हैं, जिन्होंने अपनी कहानियों में वर्तमान समय में व्याप्त मानव जीवन से मूल्यों के ह्रास को दर्शाया है और उनमें नवीन संस्करण की अग्रदर्शी बोध से साकार करने की कोशिश भी करते हैं। इनकी रचनाएँ उनके जीवन के भोगे हुए यथार्थ का अनुभव है। जयनंदन ने अपनी कहानियों में दर्शाया है कि मानव जीवन में 'मूल्य' वह आधारशिला है, जिस पर मानव अपने विचार, अनुभव और चिंतन को नियंत्रित करता है। इनकी कहानियों द्वारा स्पष्ट होता है कि 'मूल्य' मानव हृदय के भावों को नियंत्रित करने के साथ-साथ दिशा निर्देशक का भी कार्य करता है। इनकी कहानियों की कथावस्तु से स्पष्ट होता है कि मानव जीवन के हर क्षेत्र में चाहे वह परिवार, समाज, नीति, प्रेम, संस्कृति, अर्थ, धर्म आदि हो उनमें मूल्यों की विचारधारा निरंतर गतिशील रहती है। लेखक ने अपनी कहानियों के विविध पात्रों द्वारा दर्शाते हुए इस बात की ओर संकेत किया कि मानव का शुद्ध आचरण समाज को सुव्यवस्थित बनाता है। जयनंदन अपनी कहानियों के विविध प्रसंगों से दर्शाते हैं कि आज के परिवर्तनशील दौर में मानव मूल्यों का ह्रास हो रहा है। बड़ी बेबाकी के साथ इनकी कहानियाँ यह स्पष्ट करती हैं कि भारत में जिस तरह से पश्चिमी संस्कृति को अपनाने की होड़ लगी हुई है उसमें यह देखा गया है कि हमारे परम्परागत मूल्यों का पतन हुआ है और इसके प्रभाव ने हमारे जीवन को अनियंत्रित बना दिया है। जयनंदन अपनी लेखनी के द्वारा समाज में व्याप्त विसंगतियों का पर्दाफाश करके नीतिपरक मूल्यों की प्रतिष्ठा करने की कोशिश करते हैं।

बीज शब्द : मूल्य, आधुनिकीकरण, बौद्धिकता, आर्थिक उदारीकरण, भूमंडलीकरण

प्रस्तावना :

जयनंदन की कहानियों में आधुनिक मानव जीवन के कठिन परिस्थितियों का वास्तविक विवरण है तो वही उन्होंने अनागत

के प्रति व्याकुल मानव हृदय के भीतर जीवन को जीने के लिए एक नई आशा की किरण को जागृत करते हैं। इसी संदर्भ में शंभु गुप्त लिखते हैं कि-"जयनंदन ने स्वंय अपना लक्ष्य निर्धारित किया था; मानवीय मूल्यों के ह्रास और उपहास की बहुत ही यथार्थ पकड़ और इस यथार्थ का सूक्ष्म विश्लेषण उनकी कहानियों में शुरू से आज तक मिलता है। यथार्थ को पकड़ने और उसके सूक्ष्म विश्लेषण की उनकी यह कोशिश दरअसल समकालीन परिदृश्य का एक ऐसा शोध-पूर्ण रचनात्मक अध्ययन है, जो एकदम अछूते और अंदरूनी तथ्यों से हमारा कलात्मक परिचय कराता है। जयनंदन बहुत जिज्ञासु और समर्पित भाव से यथार्थ की पतली अँधेरी सुरंग में घुसते हैं और उसका हर-एक कोना-अँतरा जाँच-पड़ताल बेहद आश्वस्ति और आत्मविश्वास के साथ उससे बाहर निकलते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में पाठक एक गवाह की तरह उनके साथ रहता है।"1 जयनंदन अपनी रचनाओं में समाज को उसी तरह से पेश करते हैं, जिसे पाठक देख और सुन रहा है।

जयनंदन की कहानियों के केंद्र में गाँव मुख्य रूप से रहा है। गाँव की विवशता को उन्होंने अपने बाल्यकाल से ही देखा है। अपनी आजीविका चलाने के लिए उन्हें गाँव को छोड़कर शहर आना पड़ा किंतु गाँव के प्रति उनका मन हमेशा व्यथित रहा है। गाँव के बदलते रूप को देखकर उनके ग्रामीण हृदय में उथल-पुथल मच जाती है। शहरीकरण के कारण गाँव का परिवेश अब दूषित हो चुका है। परिवार में स्नेह, सौहार्द और आत्मीयता की जगह स्वार्थ का महत्व बढ़ चुका है। गाँव में पनप रही स्वार्थपरत राजनीति, घिनौनी चाल, अपनी प्रतिष्ठा कायम रखने के लिए अनैतिक कार्य, इन सारी विसंगतियों के विरूद्ध लेखक अपनी कहानियों के द्वारा जन को सचेत करते हैं। इसी संदर्भ में आशुतोष कुमार झा लिखते हैं कि "जयनंदन का कथा संसार अनुभव के ठोस यथार्थ पर आधारित है। खेत-खलिहान, किसानी-पशुपालन से होते हुए ग्रामीण समाज के तमाम अंतर्द्वंद्व, सामंती जकड़, सवर्ण अकड़ और परंपरा के नाम पर पाखंड पोषण-यह सब कुछ उनकी कहानियों के वर्ण्य विषय है।"2 'छोटा किसान' शीर्षक कहानी में कृषकों के कृषि के प्रति उदासीन भावना को दर्शाते हुए लिखते हैं-"मारवाड़ियों को देखिए, पूरे देश में फैलकर धंधा कर रहे हैं और क्या ठाट-बाट की जिंदगी बसर कर रहे हैं। उनके पास खेत होने की जरूरत भी क्या है?"3 'कवच' और 'माटी के बलमुंआ' शीर्षक कहानियों में पारिवारिक संत्रास को दिखलाया गया है। इन कहानियों में लेखक ने गाँव में व्याप्त जमीन हथियाने की सच्चाई से रू-ब-रू करवाया है। 'हनकी बूढ़ी' और 'नेटहा काका' ऐसे ही पात्र है जो अपने ही परिवार वालों के हाथों शोषित हैं।

जयनंदन ने अपनी कहानियों में सामाजिक मूल्यों के बदलते रूप का तथ्यात्मक वर्णन किया है। आज वर्तमान समय में मनुष्य के लिए निजी स्वतंत्रता ही महत्व रखती है। परिवार की महत्ता घटती जा रही है। माता-पिता, पति-पत्नी, भाई-भाई, भाई-बहन जैसे संवेदनात्मक रिश्तों के जगह बौद्धिकता ने ले ली है। परिवार में मौजूद वृद्धों का महत्व आज के समय में सबसे बड़ा संकट बना हुआ है। वृद्ध माता-पिता अपने ही संतानों द्वारा प्रताड़ित हो रहे है। 'केंचुल', 'लावारिस पिता', 'खेत की मूली', शीर्षक कहानियों में लेखक वृद्धों पर हो रहे अनकहे अत्याचारों को वर्णित करते हैं। 'केंचुल' शीर्षक कहानी में एक वृद्ध पिता को अपनी ही बहू के हाथों

अपमानित होना पड़ता है। जिस बेटे को पिता ने अभाव में भी रहकर नौकरी के लायक बनाया। आज उसी से मदद मांगने के लिए जब वह उसके फ्लैट पर जाते हैं तो उनकी बहू चंदा की नजर पड़ती है तो उसने अपने नाक-मुंह यू बंद कर लिये जैसे कोई सड़ी चीज देख ली हो। चेहरे पर ढेर सारी हिकारत लाकर दांत पीसते हुए कहा उसने – "भिखमंगों जैसे कपड़ों में यहां आते आपको शर्म नहीं आयी? अच्छा-अच्छा तो बैल खरीदने के लिये भीख मांगने आये हैं। चले जाओ यहां से। इस लिबास में कोई देखेगा तो हमारी इज्जत मिट्टी में मिल जायेगी। साफ-साफ सुन लो यहां कोई पैसे का गाछ नहीं है कि हिलाया और तोड़ लिया।"4 वहीं भूमंडलीकरण के प्रभाव से स्त्री-पुरूष के संबंधों में भी बदलते रूप सामने आए है। दाम्पत्य संबंध अपनी पवित्रता को खोता जा रहा है। समाज में यौन संबंधों के प्रति भी बदलाव आया है। विवाहेत्तर यौन संबंध तथा लिव इन रिलेशनशिप का दौर काफी तेजी से हमारे समाज में फैल रहा है। लेखक ने 'भतरछाड़ी' की 'सतिया' जो अपनी यौन तृष्णा मिटाने के लिए बार-बार अपने पति के घर से भाग जाती है और 'भोमहा' की 'पूनियाँ' अपनी यौन तृष्णा मिटाने के लिए अपने ही पति को घर से निकाल देती है। तो वहीं 'क्षणभंगुर' की नायिका सुगंधा अपने पति के पुंसत्व खो जाने से वह किसी दूसरे पुरूष के साथ यौन सुख प्राप्त करती है। 'सूखते स्त्रोत' शीर्षक कहानी में लिव इन रिलेशनशिप को दिखलाया है कि आज की युवा पीढ़ी विवाह के बंधन में न बंधकर स्वतंत्र रूप में स्त्री-पुरूष एक साथ रहना अपने कैरियर के लिए उचित समझते हैं। संधिनी अपने पुत्र निर्झर और उसकी प्रेमिका लिपी से विवाह करने के लिए कहती है तो लिपी उससे कहती है – "आप जल्दी चाहती हैं, इस खबर से निर्झर ने मुझे अवगत करा दिया है। मैं इस बारे में इतना ही अर्ज करना चाहूँगी कि कृपया हम पर कोई हड़बड़ी न थोपिए। शादी करके हम अपनी सुख-शांति को उर्वर नहीं बनाना चाहते हैं। अभी की स्थिति इस रूप में हमारे लिए सुविधाजनक नहीं है, हम इसे अनुकूल होने का इंतजार कर रहे हैं। हम इस मायने में कोई जोखिम उठाना नहीं चाहते कि इस समय हम जितना खुश हैं, इतनी खुशी भी हमारे पास न रह जाए।"5

आधुनिकीकरण के प्रभाव के कारण मानव जीवन से ग्रामीण संस्कृति विलुप्त होती जा रही हैं। जयनंदन अपनी कहानियों में ग्रामीण संस्कृति के प्रति अपने पात्रों के द्वारा संघर्ष करते हुए उसे पुनर्जीवित करने की कोशिश करते हैं। लोक नृत्य, लोक गीत, उत्सव, लोक कथाएँ आदि ये सारे जीवन के धरोहर है। जयनंदन अपनी कहानी 'नचनिया चोखेलाल' का नायक 'चोखेलाल' और 'रफू मियां नाचवाला' के नायक 'रफू' के माध्यम से लोकजीवन के ये सांस्कृतिक मूल्यों को बचाए रखना चाहते हैं। लेखक इस बात पर भी पाठक को सोचने के लिए मजबूर करते हैं कि अब ये सांस्कृतिक धरोहर कुछ लोगों तक ही सीमित रह गई है। कहानी 'नचनिया चोखेलाल' का नायक 'चोखेलाल' अपने गाँव में लौण्डा नाच के लिए एक प्रसिद्ध फनकार है। लेकिन आज के परिवर्तनशील दौर में प्रहसन, लौण्डा नाच, नौटंकी इत्यादि लोककलाएँ विलुप्त होती जा रही हैं। तकनीकि प्रगति के प्रभाव से चोखेलाल की कला का समाज में अब कोई स्थान नहीं रह गया है। उसे अब खेतों में मजदूर बनकर अपनी आजीविका चलानी पड़ती है। जयनंदन ऐसे फनकारो के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए लिखते हैं कि-"इनकी यह दशा इसीलिए हो गई कि तुम जैसे

जाहिलों और गँवारों के बीच ये फँसकर रह गए। अनाड़ियों ने कोयला समझ लिया और इनकी परख करने के लिए जौहरी इन्हें मिला नहीं। इनमें वो सिफत थी कि बड़े घर में पैदा होते तो बिरजू महाराज बन जाते, जिसे भारत सरकार पद्मश्री से सम्मानित करती और कई बड़े शहरों में इनकी नृत्यशालाएँ चलतीं। इन्हें पंडितजी कहकर पुकारा जाता और इनसे सीखने वालों की लाइन लगी रहती। लोग इनसे सीख-सीखकर धन्य-धन्य महसूस करते। टीवी पर इनका गुणगान और इंटरव्यू प्रसारित होता, अखबारों में आए दिन इनके बयान छपते, इनकी छींक-खाँसी भी खबर बन जाती। बड़े मंचों पर इनका गायन होता और 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' में इनका भी चेहरा दिखाया जाता। अवसर और पहुँच का नाम बिरजू महाराज, लता मंगेशकर और किशोर कुमार होता है दोस्त, वरना इस देश में हजारों बिरजू महाराज, लता मंगेशकर और किशोर कुमार विभिन्न गलियों में, झोंपड़ियों में, खोलियों में इसी तरह तुम जैसे अपने सगे लोगों द्वारा प्रताड़ित होकर बरबाद हो जाते हैं।"6

जयनंदन वर्तमान समय के भारत के गाँव और शहर में व्याप्त आर्थिक स्थिति का वर्णन करते हुए मानव जीवन में आए परिवर्तन को दिखलाते हैं। इनकी कहानियों के पात्र वर्तमान आर्थिक स्थितियों से जूझते हुए नजर आते हैं। कठोर परिश्रम करने के बाद भी उन्हें उचित पारिश्रमिक नहीं मिलता। स्वाधीन होने के बाद भी समाज का एक ऐसा वर्ग है जो अपने जीवन को जीने के लिए मामूली सुविधाओं से भी वंचित है। इसी संदर्भ में डॉ. आशुतोष कुमार झा लिखते है – "कथाकार जयनंदन की यह विशेषता है कि वे शहरी तथा ग्रामीण दोनों परिवेशों की कहानियों में आर्थिक परिदृश्य का सूक्ष्मता से चित्रण कर लेते हैं। ग्रामीण परिवेश का चित्रण करते वक्त वहाँ की परिस्थितियों में मानवीय संबंधों में टकराव और बदलाव के विभिन्न आर्थिक संदर्भ उनकी कहानियों में दृष्टिगोचर होते हैं।"7 जयनंदन अपनी कहानियों में शोषित वर्ग के लोगों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त करते हुए उन्हें इन शोषणचक्र से बाहर निकलने का मार्ग भी दिखलाते हैं। लेखक 'पानी बिच मीन पियासी' शीर्षक कहानी में औद्योगिक मजदूरों के शोषण को दिखलाते हैं। आर्थिक उदारीकरण की नीति के कारण देश के बहुसंख्यक कारखानों में अत्याधुनिक मशीनें लगाई गई। अर्थात लोगों के स्थान पर मशीनों का बोलबाला हो गया। जिसके कारण कारखानों से मजदूरों की छँटनी होने लगी। कारखानों के प्रबंधन का व्यवहार मजदूरों के प्रति और भी ज्यादा रूढ़ होने लगा। लेखक लिखते हैं-"देखते-ही-देखते विदेशों से लाकर कंप्यूटराइज्ड न्यूमेरीकल कंट्रोल्ड मशीनें बैठायी जाने लगीं। अब पचास मजदूरों के काम निपटाने में एक मशीन ही काफी होगी। ऑफिस के लिए भी कम्प्यूटर आ चुका था। भारी तादाद में कारखाने के मजदूर और ऑफिस के बेतेल-पानी वाले कुछ बाबू सरप्लस होने वाले थे। इनकी छँटनी सुनिश्चित थी। यह कैसा अजीब हादसा था कि मुफ्तखोर मालिक को मुनाफे के ऊपर और मुनाफा चाहिए, मगर मेहनतकश मजदूरों को जहालत के ऊपर और जहालत।"8 वहीं ' घर फूंक तमाशा' शीर्षक कहानी में लेखक ने आज के समय के सबसे बड़ी चुनौती को सामने लाते है कि जो लोग गाँव से भागकर शहर की ओर रोजगार की तलाश में आकर इन कारखानों में मजदूर के रूप में बस चुके थे, वे अब कहाँ जाएँगे। लेखक कहानी के नायक टेकलाल के द्वारा मजदूरों के छँटनी की त्रासदी को दिखलाते हुए लिखते हैं कि – "पहले दूरदराज के शहरों या

गाँवों से लोग इस औद्योगिक शहर में आते थे और उन्हें उनकी काबिलियत के लायक बड़े या फिर छोटे कारखानों में प्राय: काम मिल जाता था। आज इस औद्योगिक शहर से विस्थापित हो कर काम की तलाश में दूसरी गैरऔद्योगिक जगह जाना पड़ रहा है। क्या आर्थिक उदारीकरण का लक्ष्य इसी रसातल स्थिति पर पहुंचना था कि देश के तमाम मजदूरी के अवसर और मजदूरों की खुशियों में एक साथ सेंध लग जाये?"9 इस आर्थिक परिवर्तन का प्रभाव समाज के कुछ ऐसे लोगों को भी प्रभावित किया है जो मानव जीवन के दैनिक क्रिया-कलापों से अपना पेट भरते थे। लेखक 'विश्व बाजार का ऊँट' शीर्षक कहानी में इस आर्थिक परिवर्तन के प्रभाव को दिखलाते हुए लिखते है कि - "बीस साल पहले के हमारे रहन-सहन में भारी बदलाव आया है। तब हमारे पास आज की भौतिक सुविधाएँ - फ्रिज, स्कूटर, वाशिंग मशीन, मिक्सी, गैस-चूल्हा, इलेक्ट्रिक-आयरन, एयर-कूलर, टीवी, वीसीआर नहीं थे। इन उपकरणों के कारण परम्परागत पेशे चलानेवाले कई लोगों की हमारे घरों पर निर्भरता खत्म हो गयी। हम कपड़े घर में ही धो लेते हैं; बाल सैलून में जाकर कटवाते हैं।''10

जयनंदन अपनी कहानियों में स्वाधीन भारत में व्याप्त राजनीतिक व्यवस्था को व्यक्त करते हैं और राजनेताओं के निजी स्वार्थ को दिखलाते हैं। स्वाधीनता प्राप्ति के पश्चात राजनेताओं ने देशवासियों को जो सपना दिखाया था, वह सारे झूठ साबित हुए। राजनेताओं ने आम जनता के अधिकारों का हनन और अपनी जेब को भरना ही ज्यादा फायदेमंद समझा। इस मूल्यहीन विचार के कारण शहर और गाँव दोनों ही प्रभावित हुए है। आज वर्तमान समय की राजनीति में भ्रष्टाचार, अवसरवादी, बेईमानी, कपट आदि का ही बोलबाला है। उम्मीदवार के रूप में ऐसे ही व्यक्ति को सामने लाया जाता है, जिसकी नीति ही भ्रष्ट होती है। भारत में मौजूद इस मूल्यहीन वोट की क्रिया-कलापों के विरूद्ध लेखक ने आम जनता को सचेत किया है। उनकी 'नागरिक मताधिकार' शीर्षक कहानी में इसी वोट प्रक्रिया को दिखलाया गया है। लेखक ने कहानी के नायक 'मास्टर रामरूप शरण' के माध्यम से पूरे देशवासियों को यह संदेश देते हैं कि उम्मीदवार का सही चयन करना ही आम जनता के भविष्य को सुरक्षित करना है। परंतु हमारे देश का दुर्भाग्य यह है कि जिन्हें सोचने-समझने की परख है वे ही इन सब बातों से अपना पलड़ा झाड़ लेते है। जब 'मास्टर रामरूप शरण' गाँव के मुखिया, इन्दद्रनाथ सिंह, वकील साहब, प्रोफेसर साहब और बृजकिशोर पांडे को बुलाकर अपना विचार रखते हुए कहते हैं कि - "यही मानसिकता हमलोगों को लगातार क्षतिग्रस्त कर रही है। वक्त आता है और हम व्यक्तिगत रूप से किसी को बगैर जाने-समझे वोट दे देते हैं। भुलावे में डालनेवाले पार्टी की विचारधाराओं और नीतियों से आकर्षित होकर उसके नाम पर खड़े माटी के माधो को भी वोट डाल देते हैं। लेकिन जरूरत है हमें यह समझने की कि नागरिक अधिकारों में मताधिकार सबसे महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है, जिसका उचित, सटीक एवं विवेकपूर्ण प्रयोग न होने से व्यक्ति एवं समाज के भूत-वर्तमान-भविष्य तीनों प्रभावित होते हैं। यही कारण है कि आज सर्वत्र अच्छाइयों का लोप हो रहा है, बुराइयाँ हर क्षेत्र में जड़ पकड़ रही हैं।"11 वोट प्रक्रिया के साथ-साथ लेखक राजनीति में व्याप्त भाई-भतीजावाद की नीति का भी पर्दाफाश करते है। 'सन्नाटा भंग' शीर्षक कहानी में इस सच्चाई की ओर इशारा किया गया है कि नेताओं के परिवार जनों को वह सारी सुविधाएँ सहज रूप में प्राप्त होती है, जिसके लिए आम जनता को काफी संघर्ष करने के बाद भी

प्राप्त होना मुश्किल होता है। कहानी का नायक 'रंजन' के बड़े भाई को मंत्री का पद मिलते ही उनके परिवार के प्रति भी समाज का रवैया बदल जाता है। उन्हें हर स्थान पर प्राथमिकता मिलनी लगती है। इस तरह समाज के बदले हुए रवैये को देखकर रंजन सोचता है – "बड़े भैया जनतंत्र के मंत्री बने थे या किसी राजतंत्र के राजा। हर आदमी की निगाह में हमारे पूरे परिवार के लिए असाधारण भाव; हर जगह हमारे लिए रास्ते साफ; हर मुकाम हमारे लिए सुविधा और सहूलियत लिये हुए तैयार खड़ा। यहां तक कि हमारे नये बहाल नौकर तक को देखकर हाट-बाजार और दुकान आदि में भीड़ एक तरफ हो जाती थी; बसों की सीटें तक छोड़ दी जाती थीं। क्रम का कोई मतलब नहीं, किसी काम के लिए आखिरी भी हो तो प्राथमिकता बिन मांगे उपलब्ध।"12

निष्कर्षतः जयनंदन ने अपनी कहानियों को आधार बनाकर मानव जीवन में मूल्यबोध को निरंतर गतिमान रखा है। उनकी लेखनी में आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता एवं उनकी गहन वैचारिक पक्षधरता है। उनकी रचनाओं में उपस्थित मूल्य उनके विचारों की ही उपज है। वर्तमान भौतिक एवं तकनीकी समृद्धि और आपाधापी भरे सामाजिक जीवन के बीच खोते हुए मूल्यबोध तथा तत्संबंधी सांस्कृतिक मूल्य कहीं विलुप्त से होते जा रहे हैं। दरअसल, जयनंदन बहुत पैनी अंतर्दृष्टि के द्वारा उन्हें पुनः खोजने एवं प्रतिष्ठापित करने का रचनात्मक प्रयास करते हुए नजर आते हैं। गहराई से देखा जाए तो इन्हीं मूल्यों के द्वारा सामासिक संस्कृति एवं चारित्रिक प्रोन्नति का मार्ग निकलता है, जो कि जयनंदन के कथादेश में गहराई से फैला हुआ है। इस वैचारिक मनोभूमि एवं सामाजिक संदर्भ सहित इनके कथा प्रसंगों से गुजरना मूल्यबोध भरी एक महान वैचारिक पृष्ठभूमि से रू-ब-रू होना है।

संदर्भ सूची :

1. गुप्त शंभु, कहानी यथार्थवाद से मुक्ति, प्रथम संस्करण : 2016, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, पृ. 225
2. सिंह कुमार अविनाश (सं.), इस्पातिका (पत्रिका), संयुक्तांक 6-7, जुलाई-दिसंबर 2013 : जनवरी-जून 2014 पृ. 169
3. जयनंदन, मायावी क्षितिज, पहला पेपरबैक संस्करण : 2021, प्रलेक प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, मुम्बई, पृ. 27
4. जयनंदन, दाल नहीं गलेगी अब, प्रथम संस्करण : 2005, पुस्तक भवन, नई दिल्ली, पृ. 151-152
5. जयनंदन, सूखते स्त्रोत, पहला संस्करण : 2003, भारतीय ज्ञानपीठ, नयी दिल्ली, पृ. 21
6. जयनंदन, गांव की सिसकियां, प्रथम संस्करण : 2012, पुस्तक भवन, नई दिल्ली, पृ. 91-92
7. झा डॉ. आशुतोष कुमार, कथाकार जयनंदन, प्रथम संस्करण : 2017, साहित्य संसद, नई दिल्ली, पृ. 127
8. जयनंदन, सन्नाटा-भंग, प्रथम संस्करण : 1993, दिशा प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 54-55
9. जयनंदन, घर फूंक तमाशा, प्रथम संस्करण : 2004, ज्ञान भारती, दिल्ली, पृ. 9
10. जयनंदन, विश्व बाजार का ऊँट, प्रथम संस्करण : 1997, दिशा प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 21
11. जयनंदन, भितरघात, पहला संस्करण : 2013, भारतीय ज्ञानपीठ, नयी दिल्ली, पृ. 78
12. जयनंदन, सन्नाटा-भंग, पृ. 11

❏❏❏

1. सहायक प्राध्यापिका, हिन्दी विभाग, बलरामपुर कॉलेज, पुरूलिया, पश्चिम बंगाल
2. पी-एच.डी. शोधार्थी, हिन्दी विभाग, काज़ी नजरूल विश्वविद्यालय, आसनसोल, पश्चिम बंगाल

मृदुला गर्ग का नारी-दृष्टिकोण

—अंजना कनौजिया

मृदुला गर्ग हिन्दी कथा साहित्य की विभिन्न विधाओं की वैसी सिद्ध हस्तशिल्पी हैं जिन्होंने अपनी रचनाओं में नारी पात्रों का सृजन करते समय "मैं इस पुरुष के लिए क्या हूँ?" के बजाय "मैं क्या हूँ?" प्रश्न को नारी की स्वतंत्रता और सार्थकता की तलाश के संदर्भ में अनवरत रूप से परिभाषित किया है। उनका संपूर्ण रचना संसार मानवीय संवेदनाओं और अनुभूतियों के अत्यंत सूक्ष्म विश्लेषण से परिपूर्ण है जो महिलाओं की मनस्थितियों का विभिन्न परिवेशों और परिस्थितियों में आकलन करता है। बींसवीं सदी के सत्तर के बाद के दशकों में स्त्री-विमर्श विचारधारा की पृष्ठभूमि में परिवर्तनशील भारतीय समाज के स्वरूप का भारतीय जीवनशैली पर जो प्रभाव पड़ा उसके अनुरूप भारतीय नारी के चिंतन, मानसिकता और व्यवहार में आये परिवर्तन मृदुला गर्ग की रचनाओं के केंद्र बिंदु रहे हैं।

अपने बोल्ड और स्वतंत्र लेखन के फलस्वरूप वे स्त्री-विमर्श काल की प्रमुख नारी प्रवक्ता के रूप में सामने आती हैं।

मृदुला जी ने भारतीय नारी के संदर्भ में अपना रचना संसार दो भागों में विभक्त किया है। इसका एक पक्ष पारंपरिक जीवनशैली का निर्वहन करती आदर्श भारतीय नारी को प्रस्तुत करता है तो दूसरा आधुनिक समाज में तेजी से आए परिवर्तनों को स्वीकारती और उसके अनुरूप जीवनशैली में ढली एक स्वच्छंद नारी को। जहाँ आदर्श नारी का प्रस्तुतीकरण आता है वहाँ मृदुला जी की नारियां एक अच्छी बेटी, सुगढ़ सहधर्मिणी, आदर्श माँ, अच्छी मित्र, उपयुक्त सलाहकार, करुणामयी समाज सेविका, पारंपरिक रिश्तों का सम्मान करने वाली, लेखिका दूसरों की मदद को तत्पर नारी आदि के रूप में सामने आती हैं। वहीं दूसरी ओर उसके अमर्यादित, उन्मुक्त जीवन शैली की अनुगामिनी, स्वनिर्णय क्षमता सम्पन्न, जीवनशैली का चुनाव स्वेच्छा से करने वाली, परंपरागत रीति-रिवाजों और संबंधों को नकारने वाली,यौन शुचिता को महत्व न देते हुए पर पुरुषों से संबंध बनानेवाली, विवाह प्रथा को नकारती, स्वतंत्र सोच रखनेवाली और स्पष्टवादी स्वरूप के दर्शन होते हैं।

बींसवीं सदी के सत्तर के बाद के दशकों में स्त्री-विमर्श विचारधारा की पृष्ठभूमि में परिवर्तनशील भारतीय समाज के स्वरूप का भारतीय जीवनशैली पर जो प्रभाव पड़ा उसके अनुरूप भारतीय नारी के चिंतन, मानसिकता और व्यवहार में आये परिवर्तन मृदुला गर्ग की रचनाओं के केंद्र बिंदु रहे हैं।

मृदुला जी की ऐसी नारियां एक उत्कट लालसा से प्रेरित हैं जो संभावनाओं को तलाशती और अनायास प्राप्त क्षणों का सर्वेक्षण से उपभोग करने की क्षमता रखती हैं। नारी के इस परिवर्तित स्वरूप का यह अर्थ कदापि नहीं है कि मृदुला जी ने एक वासनोस्कित, कर्तव्यहीन, संस्कारहीन और उत्श्रृंखल नारी का चित्रण अपनी रचनाओं में किया है। उनकी कृतियों का गहन अध्ययन यह प्रदर्शित करता है कि उनके नारी पात्र आधुनिकता के तीव्र प्रवाह में बहते हुए भी पारिवारिक दायित्वों से मुँह नहीं मोड़ते। वे शिक्षित और आत्मनिर्भर हैं। उनकी निर्भीकता उन्हें आपदपूर्ण मार्ग पर चलने से नहीं रोक सकती। वे कुछ नया हीं करना चाहती हैं। पुरुष की परछाई बन मन-वचन-कर्म से उसके क्रिया-कलापों का अनुसरण न कर वे उनसे कंधे से कंधा मिलाकर अपनी सामाजिक छवि को सुधारने में व्यस्त रहती हैं। वे अपने अधिकारों के प्रति सजग हैं और अपने लिए न्याय मांगने के लिए कटिबद्ध हैं।

भारतीय नारी के इस द्विपक्षीय स्वरूप को मृदुला जी ने अपनी रचनाओं में स्थान दिया है। अत: उनकी रचनाओं को संदर्भित करते हुए इस बोल्ड लेखिका के नारी दृष्टिकोण को निम्न बिंदुओं की व्याख्या के आधार पर समझा जा सकता है :-

नारी का शैक्षणिक स्तर : शिक्षा ने स्त्री को यह बताया है कि वह हीन, भोग्या या सिर्फ उपयोग में लाई जाने वाली वस्तु नहीं है जिसे जब चाहे जैसे उपयोग में लाया जा सके। शिक्षा नारी के आत्मविश्वास की अभिवृद्धि करती है। मृदुला जी की रचनाओं के अधिकांश नारी पात्र उच्च शिक्षित हैं। इसका एक कारण यह भी है कि लेखिका स्वयं उच्च शिक्षित हैं और उन्होंने अपने जीवनकाल में शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम किया है। इसकी स्पष्ट छाप उनकी रचनाओं में परिलक्षित होती है। उनकी 'खरीदार' शीर्षक कहानी की नायिका नीना साधारण शक्ल-सूरत की होते हुए भी शिक्षा की बदौलत ही आई.ए.एस. पदाधिकारी बन पायी है और स्वयं को भोग्या या बिकाऊ माल की स्थिति से उबारकर खरीदार की स्थिती तक ला पाई है। उपचुनाव करने की उसकी बारी है। एक अन्य 'कहानी दुनिया' का कायदा की नायिका रक्षा कॉलेज में लेक्चरर है, शिक्षा उसे अपने बौद्धिक विकास के लिए जरूरी लगती है जबकि कॉलेज में पढ़ाना अपनी सार्थकता।

नारी में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता : इस संबंध में मृदुला गर्ग लिखती हैं ''भरी सभा में समाज में अथवा घर में निडर होकर स्त्री जब अपनी बात कहती है तो यही स्त्री विमर्श की पहचान होगी....उसकी प्रबुद्ध चेतना ही उसके परिवर्तन का द्योतक होगा।''1 आत्मनिर्भरता ही नारी में आत्मविश्वास जगाती है। उनके उपन्यास 'उसके हिस्से की धूप' की त्रिकोणीय प्रेम संबंध में फंसी नायिका के जीवन में एक ऐसा समय भी आता है कि वह अपने दोनों प्रेमी पात्रों से विलग अपने 'स्व' की चिंता करती है। वह सोचती है कि क्या उसके स्वयं का कोई अस्तित्व नहीं है? अपने 'निज' की तलाश उसके अंदर की स्त्री को उस से मिलवाती है और जीवन मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। उनकी एक अन्य रचना 'तीन किलो की छोरी' की शारदाबेनगांव में जच्चा-बच्चा केंद्र की सेविका है। वह एक नवजात तीन किलो की छोरी को जो उसके माता-पिता की तीसरी कन्या संतान है और वे उसे स्वीकारने में अपनी अरुचि प्रदर्शित करते है, को देखते हुए स्वयं उसके लालन-पोषण का निर्णय लेती है। शारदाबेन निर्धन जरूर है परंतु वह पैसे कमाने वाली एक आत्मनिर्भर स्त्री है और यही आत्मनिर्भरता उसके अंदर छोटे बच्चे को पाल सकने का आत्मविश्वास जगाती है।

स्वनिर्णय की क्षमता : मृदुला गर्ग ने अपने नारी पात्रों का सृजन करते समय उन्हें निर्भीक, भविष्य में आने वाली समस्याओं से जूझने के लिए मानसिक और शारीरिक तौर पर शक्ति संपन्न और तर्क-वितर्क एवं घात-प्रतिघातों से स्वतंत्र होकर स्वेच्छा से अपने प्रति निर्णय लेने की क्षमता विकसित की है। उनके नारी पात्र स्वयं निर्णय लेने के परिणामस्वरूप आगत दुखों को झेलने की दृढ़ इच्छाशक्ति अपने हृदय में संजोए रखते हैं। उनकी एक चर्चित रचना 'मेरा' की नायिका मीता मातृत्व को झेलती अपने स्त्रीयोचित धर्म का पालन करना चाहती है परन्तु उसकी माँ, पति और अन्य उसके इस नैसर्गिक कर्तव्य में बाधक हैं। वे अपनी-अपनी स्थितियों और मानसिकताओं से घिरे स्वार्थ के वशीभूत होकर उसे गर्भपात कराने के लिए प्रेरित करते हैं। किंकर्तव्य विमूढ़ मीता अंतत: इसके लिए तैयार भी हो जाती है परन्तु जब लेडी डॉक्टर गर्भपात कराने के निर्णय की एक पक्षता का वर्णन करते हुए उसे सूचित करती है कि यह केवल और केवल माता का ही अधिकार है कि वह अपना बच्चा रखें या गिराये, तो मीता के अंदर आत्मविश्वास जगता है। वह आगत समस्याओं का आकलन करती है और अपने भौंचक पति की अवहेलना करते हुए बच्चे को जन्म देने का स्वनिर्णय लेती है। मृदुला जी इसे सकारात्मक चिंतन की संज्ञा देती है।

नैतिक मानदंडो की अवहेलना करती नारी : मृदुला गर्ग के नारी पात्र अपने स्वतंत्र व्यक्तित्व को बनाए रखने के लिए मूल्यों, मानदंडों, नियमों और आदर्शों को, जो केवल स्त्री के लिए ही बनाए गए हैं, से अपने को अलग करना चाहती है। नैतिक मानदंडो और स्त्री पुरुष संबंधों को बनाए रखने का भार सिर्फ वह ही वहन करना नहीं चाहती है। पुरुषों से भी अपने ही समकक्ष नैतिकता की वह आकांक्षी हैं। परंतु स्थिति विशेष में मृदुला जी के नारी पात्र विवाहेत्तर पर पुरुष संबंधों को सहजता से स्वीकार करती नजर आती हैं। उनकी कहानी 'अवकाश' की नायिका पति के सामने सहजता से इसका उल्लेख करती है-''मैं समीर से प्यार करती हूँ, मुझे तलाक चाहिए।''2 इसी प्रकार 'रुकावट' कहानी की नायिका रीता अपने विवाह पूर्व प्रेमी से दैहिक संबंध रखने से नहीं हिचकिचाती। परंतु यह दोनों नारी पात्र वैवाहिक बंधन में बंधी हैं। वे अपने पति, पुत्र और परिवार के उत्तरदायित्व के प्रति सजग है। अपने यौन सुख के लिए पर पुरुष संबंध को वे अपनी जरूरत समझ निभाती आ रही हैं। ये नारी पात्र अपनी नैतिकता की परिभाषा आप दे रही हैं। इस संबंध में मृदुला जी कहती हैं-''पिछले दो दशकों में इस स्थिति में तब्दीली आनी शुरू हुई है। मैं समझती हूँ कि मेरी पीढ़ी की लेखिकाओं का एक वृहत् योगदान यह रहा है कि उन्होंने स्त्री की इंसानी और सामाजिक गरिमा को व्याख्यायित करके आने वाली पीढ़ी के लिए रास्ता साफ किया है कि वे नए संस्कार बनाने के काम को आगे बढ़ा सकें।"3 अंतत: यह कहना सही होगा कि नारी के लिए नैतिकता का दृष्टिकोण बड़ी तेजी से बदल रहा है जिसको मृदुला जी ने अपनी रचनाओं में समर्थन दिया है।

स्वेच्छापूर्ण जीवन जीने की क्षमता : जब कोई स्त्री प्रतिकार और प्रतिरोध की भाषा को अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम बनाती है तो इसका अर्थ यह होता है कि वह अपने अनुसार अपना जीवन जीना चाहती है। लेखिका की एक अन्य रचना 'बीच का मौसम' में इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखकर मृदुलाजी ने चार सहेलियों के जीवन का वर्णन किया है। नायिका माया एक तलाकशुदा नारी है जो अपनी सहेली क्षिप्रा के पति ओबोम के साथ जुड़ी हुई है। पर ओबोम उसके अलावा और किसी तीसरे के साथ भी जुड़ा हुआ है। माया उम्र के जिस मोड़ पर

है वहाँ उसे पूरक-पुरुषों की जरूरत कम होने लगी है। दिन भर काम करने के बाद शाम दोस्तों, परिचितों के सहारे अथवा अकेले पढ़ते-लिखते भी खुशी से कट जाती है। ओबोम को लेकर वह ज्यादा नहीं सोचना चाहती है। वसंत के छोटे से वक्फे को वह मौसम की तरह जीना चाहती है। लेखिका लिखती है-''दुनिया में कितने लोग हैं देखने करने को, दिलचस्प लोग, दर्शनीय स्थान, अधूरे उद्देश्य। सच पुरुष के साथ कदम मिलाकर चलने के किस्से में बहुत कुछ छूट जाता है जीवन में।"5 यदि हम अपने आस-पास देखें तो जीवन को अपनी शर्तो पर जीने की अभिलाषा पालने वाली अनेकों स्त्रियों को समाज में ढूँढ सकते हैं। उनका कार्यक्षेत्र कुछ भी हो सकता है- राजनैतिक, सामाजिक, पारिवारिक या इससे अन्यतर। वे अपने परिवेश से जो चाहे व्यापार, नौकरी, जीव-जंतु या खेलकूद हो, में ऐसी रम जाती है कि पुरुष पात्रों का उनके जीवन में विशेष महत्व नहीं रह जाता है। वे अगर आते भी हैं तो मित्र यह सहकर्मी के रूप में अधिक।

जिजीविषा से परिपूर्ण नारी : कहा गया है कि ''जिंदगी जिंदादिली का नाम है मुर्दा दिल क्या खाक जिया करते हैं'' इस तथ्य को मृदुला जी ने अपनी 'हरी बिंदी' शीर्षक रचना में दिखाया है। कहानी की नायिका नीना को जीवन में एक दिन ऐसा मिलता है जिसका उपयोग उसकी स्वेच्छा पर निर्भर है। ऐसी परिस्थिति में उसकी प्रसुप्त कामनाएं आकार लेने लगती है। वह पिंजरे से छूटे पंछी की मानिंद सभी बंधनों से मुक्त हो स्वतंत्र उड़ान भरने को आतुर हो उठती हैं। अत: वह अपना इस समय इत्मीनान से सोने, नहाकर तैयार होने, बेमेल हरी बिंदी लगाने और चांदी के बड़े झुमके पहने सैर-सपाटा करने निकल पड़ती है। अपरिचित विदेशी के साथ फ़िल्म देखती, कॉफी पीती और टैक्सी में उसके साथ अपने घर तक आती है। अपने अपरिचित साथी के साथ बिताये सुखकर क्षणों की अनुभूति उसमें हर्ष और विवाद के सम्मिलित भाव उत्पन्न करती है। ऐसे नारी पात्र अपने स्वतंत्र व्यक्तित्व, जो दूसरों से कुछ अलग और आकर्षक हों, के प्रति सचेष्ट रहती हैं।

आधुनिक परिवेश के अनुकूल नारी : मृदुला जी ने अपनी रचनाओं में आधुनिक जीवन शैली को अपनाती नारी पात्रों का वर्णन किया है। ऐसे नारी पात्र उन्मुक्त जीवन जीते अपने माहौल को अपनाते जाते हैं। वे रूढ़िवादिता और दकियानूसी पारंपरिक संस्कारों से खुद को अलग करते जाते हैं और आधुनिक बनने की चाह में मर्यादा का उल्लंघन करते जाते हैं। 'कितनी कैदें' कहानी की नायिका मीना ऐसी ही एक नारी है जो अपने विगत जीवन में एक साधारण सी घरेलू लड़की थी। परन्तु कॉलेज में बिताए समय में उसका संबंध मौज-मस्ती करने वाले एक ग्रुप से हो जाता है। वह मॉडर्न बनने के प्रयास में अपना पहनावा बदलती है, तौर-तरीकों में भी बदलाव लाती है और अंतत: सिगरेट से शुरू होकर ड्रग तक जा पहुंचती है। उसकी पराकाष्ठा उसके सामूहिक बलात्कार और उससे उत्पन्न पारिवारिक बंदिशों और यातनाओं में होती है। मृदुला जी की कुछ अन्य कहानियाँ जैसे - 'रुकावट' और 'अवकाश' के नारी पात्र भी आधुनिक सोच से जुड़े हैं। वे व्यवस्थित परिवार से जुड़े होकर भी अपनी इच्छा पूर्ति के लिए पर पुरुषों से संबंध बनाए रखती हैं और इस स्थिति को सहजता से स्वीकार भी करती हैं। ऐसे नारी पात्र यौन-संबंधों में अपनी संलिप्तता पुरुष के समकक्ष मानती हैं। मृदुला जी ऐसी स्त्रियों को अत्यंत महत्वाकांक्षी मानती हैं।

विद्रोही नारी : मृदुला जी ने अपनी रचनाओं में विद्रोही नारियों को दो वर्गो में रखा है। एक वर्ग सस्वर अपने प्रति किए गए अनाचार, शोषण और अपमान का विरोध करता नजर आता है

जबकि दूसरा वर्ग पूर्णरूपेण अंतर्मुखी हो जाता है। ऐसी स्थिति में केवल उसकी भाव-भगिमाएं ही उसके विरोध को अभिव्यक्त करती हैं। अपनी कहानी 'दुनिया का कायदा' में रक्षा के माध्यम से सामाजिक कुप्रथाओं पर लेखिका ने सस्वर कुठाराघात किया है। अपनी जेठानी की मृत्यु पर रक्षा दुख के प्रदर्शन का अतिरंजित और उपहासात्मक दृश्य देखती है। उस दृश्य की पृष्ठभूमि में ही अपने जेठ के पुनर्विवाह की योजना बनते भी देखती है। जेठानी के लड़के का भार किसी को न लेते देख वह इसका प्रतिवाद करती है और जिम्मेवारियों के निर्वहन का विचार प्रकट करती है। इसी कहानी में अपने विवाह के उपरांत अपने पति सुनील द्वारा अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए पत्नी के प्रयोग का वह प्रतिकार करती है। इसके विपरीत मृदुला जी की एक अन्य रचना 'वितृष्णा' में नायिका शालिनी अपने पति दिनेश द्वारा लंबे समय से उपेक्षित रहने के कारण अंतर्मुखी हो जाती है। संप्रेषण के अभाव में और भावनात्मक स्तर पर न जुड़ पाने के कारण पति के प्रति वह पूर्णरूपेण संवेदनहीन हो जाती है। उसके मन में पति के प्रति वितृष्णा भरी हुई है जिसे वह अपने व्यवहार और भाव-भंगिमा से निशब्द निरंतर व्यक्त करती रहती है। शालिनी के इस मौन यंत्रवत रूप में उसकी उपेक्षाओं का बदला लेने की प्रवृत्ति दिनेश के लिए जानलेवा बन जाती है । हताश दिनेश कहना चाहता है -"अब जो कुछ कहना है हमें एक-दूसरे से ही कहना है। इस तरह चुप्पी साधे रहने से जिंदगी कैसे चलेगी? वह सोचता है वह चीखे...उसके कंधे दबोच लेगा और तब तक उसके बदन को झटके देता रहेगा जब तक वह चीख न पड़े।"5 इस प्रकार मृदुला जी नारी मन के इस रूप को उसके अस्तित्व के हनन और उसके प्रति किए गए अत्याचार के प्रतिकार के रूप में प्रस्तुत करती हैं।

मातृत्व सुख पाने की चाह : नारी जीवन की पराकाष्ठा उसके माँ बनने में है। माँ शब्द उसे पूर्णता प्रदान करता है और पारिवारिक-सामाजिक स्तर पर प्रतिष्ठित करता है। इस लालसा को सभी स्त्रियों अपने जीवनकाल में फलीभूत होते देखना चाहती हैं। 'एक चीख का इंतजार' में भाभी अपनी देवरानी के प्रसव वेदना के क्षणों में उसके पास निरंतर बनी रहती है। वह उसे बार-बार सांत्वना भी देती रहती है। बच्चा जनते समय जच्चा की चीख का उसे इंतजार है। लेबर रूम में देवरानी को ले जाये जाने के बाद प्रत्येक क्षण उसे भारी लगता है और वह अत्यधिक तनाव से घिर जाती है। मृदुला जी ने भाभी के रूप में एक ऐसी नारी पात्र का सृजन किया है जो अपनी देवरानी के प्रसव में अपना मातृत्व तलाशती नजर आती है।

नारी अधिकारों के प्रति जागरूकता : स्त्रियों के अधिकार क्षेत्र असीमित है। ये पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, कानूनी, शैक्षिक, राजनैतिक और इससे अन्य दर भी हो सकते हैं। ये अधिकार स्त्री को उसके दोयम दर्जे वाली मानसिकता से उबारकर समाज में उसके 'स्व' को प्रतिष्ठित करने में सहायक होते हैं। मृदुला जी के नारी पात्र इन अधिकारों की प्राप्ति के लिए सजग दिख पड़तें हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर का कथन है-"भारतीय समाज व्यवस्था में स्त्री दलितों में भी दलित है। इस व्यवस्था ने न केवल उसकी अस्मिता को नकारा है अपितु उसे हमेशा दोयम दर्जा दिया है। ज्ञानक्षेत्र से लेकर धर्मक्षेत्र तक उसका प्रवेश वर्जित था। हजारों वर्षो से यह स्त्री उपेक्षिता जीवन जी रही थी।"डॉ. अंबेडकर के कथन के अनुरूप समाज में चली आ रही व्यवस्था के विरोध को मृदुला जी ने अपनी-अपनी नारी पात्रों के माध्यम से अभिव्यक्ति दी है। वह चाहे एक कुशल प्रशासनिक अधिकारी के रूप में 'खरीदार' की नीना हो या एक लेक्चरर के

रूप में 'दुनिया का कायदा' की रक्षा हो। मृदुला जी का इस संबंध में अपना कथन है–''इस सांस्कृतिक, सामाजिक परिवेश में, राजनीतिक सत्ता में स्त्री की हिस्सेदारी बहुत महत्वपूर्ण हो उठती है। जब कुछ स्त्रियाँ स्थानीय राज्य सत्ता का प्रतिनिधित्व करने वाली ग्राम पंचायत की सदस्य बनीं तो उसके मन में अपनी दृष्टि को लेकर परिवर्तन आया। उन्हें महसूस हुआ कि वे महती महत्वपूर्ण निर्णय ले सकती हैं। पुरुषों के वर्चस्व और स्त्रियों को नामचारे के लिए सदस्य बनाए जाने के प्रसंगों के बावजूद आंशिक रूप से ही सही, स्त्री निर्णायक शक्ति बनी। राज्य सत्ता में भागीदारी के लिए शुरू में स्त्री को आरक्षण की आवश्यकता पड़ सकती है।''7 समाज में अपने अधिकारों की प्राप्ति और उनके संरक्षण के प्रति नारी की कटिबद्धता उसकी प्रतिष्ठा का मानदंड हैं। यह निश्चित करता है कि नारी की वर्तमान स्थिति क्या है? अतः महिलायें अपने अधिकारों के प्रति जितनी सचेष्ट और मुखर होंगी वे उतना ही अग्रसर हो पायेंगी।

इस प्रकार हम देख पाते हैं कि भारतीय नारी के स्वरूप को मृदुला गर्ग जी ने अपनी रचनाओं में विविधता प्रदान की है। उनकी नारियां अपने अधिकारों के प्रति सजग और बड़े आत्मविश्वास के साथ निरंतर अग्रसर है। इनमें संवेदनाएं भरी हुई है। परन्तु ना ये लाचार है और ना उनमें बेचारी हैं। इनमें से कुछ नारियां दाम्पत्य तनाव को झेलती नजर आती हैं परंतु वे सभी परिस्थितियों में समझौता नहीं करतीं। उनका स्वाभिमान और अस्मिता ही उनके लिए सबकुछ है। वे इसकी बलि देकर सुरक्षित जीवन जीना भी नहीं चाहती। अब भारतीय नारी अपनी पहचान खुद बनाने के लिए कटिबद्ध हैं। वे अपने व्यक्तित्व को इतना उठा चुकी हैं कि उसे दबाना संभव नहीं है। अब अपराधबोध उन्हें नहीं ग्रसता। परिवार के दायित्व की पूर्ति के लिए वे पुरुषों के सहयोग की आकांक्षी हैं। उन्होंने अनावश्यक तनाव से बचते हुए सहज रूप से जीवन जीने की कला सीख ली है। ऐसी स्त्रियाँ आपदापूर्ण मार्ग पर भी चलने में संकोच नहीं करती। मृदुला जी ने अपनी रचनाओं में चित्रित नारी को स्वस्थ, दर्पयुक्त, आत्मविश्वासी, जीवन को सार्थक करनेवाली, आत्मनिर्भर, अपनी विशिष्ट पहचान बनानेवाली, दबंग, सामाजिक दायित्व निभाने वाली और उसके लिए हर चुनौती स्वीकारने का साहस रखने वाली स्त्री के रूप में दिखाया है। यह स्त्री सहारा नहीं ढूंढती बल्कि औरों को सहारा देनेवाली हैं। अब वह सुंदर, स्वच्छ विचारों वाली विवेकशील, सफलताओं-दुर्बलताओं से युक्त मानवीय स्त्री है। यह मृदुला जी के भारतीय नारी के संदर्भ में व्यापक दृष्टिकोण को इंगित करता है।

संदर्भ :

1. चूकते नहीं सवाल, मृदुला गर्ग, पृ. 73
2. चर्चित कहानियाँ, अवकाश, मृदुला गर्ग, पृ.10
3. समागम, मृदुला गर्ग, पृ. 32-133
4. चर्चित कहानियाँ, डैफोडिल जल रहे हैं, मृदुला गर्ग, पृ. 97
5. समागम, बीच का मौसम, मृदुला गर्ग, पृ. 108
6. चर्चित कहानियाँ, वीतृष्णा, मृदुला गर्ग, पृ. 134-135
7. चूकते नहीं सवाल, मृदुला गर्ग, पृ. 71

❏❏❏

शोधार्थी, हिंदी विभाग, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा, झारखण्ड-833201.

स्वानुभूति का साहित्य : दलित साहित्य

—डॉ. पोर्शिया सरकार

दलित विमर्श एक ऐसा विमर्श है जिसने सम्पूर्ण भारतीय समाज और साहित्य में एक आन्दोलन का रूप धारण कर लिया है। जिसके मूल में अस्मिता मूलक जनक्रांति है। 1997 में हंस पत्रिका में धारावाहिक रूप में प्रकाशित ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा 'जूठन' ने साहित्य में दलितों के जीवन से जुड़ी कड़वी सच्चाई को दुनिया के सामने प्रकट किया था। यही से दलित साहित्य विमर्श का मुद्दा बना। इस संदर्भ में अगर हम दलित लेखन की बात करें तो हमें पता चलेगा कि सम्पूर्ण हिंदी साहित्य में इस वर्ग की पीड़ा और दु:ख का उल्लेख होना कोई नया विषय नहीं है। इससे पहले भी हिंदी साहित्य में दलित सम्वेदनाओं को थोड़ी बहुत मात्रा में देखा जा सकता है। पर दलित वर्ग के दु:ख और पीड़ा की तुलना में यह कुछ भी नहीं है। बौद्ध काल से ही इस वर्ग की उपस्थिति साहित्य में रही। वैसे इसका इतिहास काफी पुराना है। 13वीं शताब्दी में संतों की वाणी में इसे महसूस किया जा सकता है। जिनके विचारों पर सिद्धों, नाथों एवं योगियों का प्रभाव था। जिन्होंने अपनी निर्गुण वाणियों में सामाजिक असमानता, जाति-पाति, ऊँचनीच, भेदभाव, कर्मकाण्ड, कुरीतियाँ एवं ब्राह्मणवाद के शोषणपूर्ण रवैए पर चोट करते हुए उनका विरोध किया और समानता, भाईचारा और सद्भावना पर जोर दिया। दलित संतो के इस युग को एक प्रकार से आध्यात्मिक क्रांति का युग मानना चाहिए। इस युग में प्राचीन समय से चली आ रही अध्यात्मिक चेतना एवं मूल्य का विरोध किया गया जो मनुष्य-मनुष्य से भेद को स्वीकारता था। उन संतो का एक मात्र लक्ष्य था सभी को समता का अधिकार प्राप्त हो। इस श्रृंखला में महाराष्ट्र के संत नामदेव, संत एकनाथ, संत तुकाराम, दादू पलटदास, सुन्दरदास, रज्जब आदि संतों ने सरल वाणी में मूर्तिपूजन, अवतारवाद, धार्मिक ढकोसलों, धार्मिक कट्टरवादों का खुलकर विरोध किया।

महात्मा फुले और अम्बेडकर का मानना है कि शिक्षा व ज्ञान के अभाव के कारण ही दलितों को इतना दु:ख झेलना पड़ा एवं उनकी स्थिति इतनी दयनीय हो गई। आज दलित लेखन पर्याप्त मात्रा में हो रहा है। जिसने मानो एक आन्दोलन का रूप धारण कर लिया है। आज का युग एवं साहित्य सही माइने में नवजागरण का युग एवं साहित्य है। दम तोड़ती मानवता आज फिर से जीवित होने का अनुभव कर रही है।

रैदास के काव्य में समता के सौंदर्य को इस रूप में देखा जा सकता है–

''रविदास ब्राह्मण मति पूजिए, जउ होवै गुणहीन। पूजिहिं चरन चंडाल के, जउ होवै गुन प्रवीण॥[1]

आधुनिक युग के हिंदी साहित्यकारों में प्रेमचंद, निराला, दिनकर, अज्ञेय एवं यशपाल के साहित्य में भी दलित सम्वेदनाओं की अभिव्यक्ति मिलती है। कुछ साहित्यकार एवं आलोचक हिंदी में दलित साहिय का आरम्भ 1914 में 'सरस्वती पत्रिका' के सितम्बर अंक में प्रकाशित हीरा डोम की कविता 'अछूत की शिकायत' से मानते हैं। इस कविता में एक दलित आत्मा की गहन पीड़ा और दु:ख को महसूस किया जा सकता है। जिसमें तत्कालीन सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक विसंगतियों एवं विद्रूपताओं का बड़ा ही मर्मस्पर्शी चित्रण है–

''हमनी के राति दिन दुखवा भोगत बानी, हमनी के सहेब से मिनती सुनाइबि।
हमनी के दुख भगवानओं न देखता ते, हमनी के कबले कलेसवा उठाइबि।''[2]

सुप्रसिद्ध दलित साहित्यकार शरणकुमार लिंबाले ने इस कविता के विषय में कहा है कि इसे दलित सोच की वर्तमान धारा की पहली रचना कहा जा सकता है चूँकि इसमें केवल दलितों की शिकायत या व्यथा ही दर्ज नहीं की गई बल्कि आक्रोश और विरोध भी जताया गया है। दलित शब्द का शाब्दिक अर्थ है जिसका दलन या दमन हुआ है। विभिन्न विचारकों एवं विद्वानों ने दलित शब्द को अपने ढंग से परिभाषित किया है। 'दलित' शब्द भारतीय समाज में एक खास वर्ग के लिए प्रयुक्त होता है जिसका अर्थ हिंदी शब्दकोश में ''मसला, रौंदा या कुचला''[3] हुआ बताया गया है। हमारा भारतीय समाज विभिन्न जातियो में विभाजित होने के कारण कुछ जातियों का सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक शोषण कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से हमेशा के लिए अलग कर दिया गया। जिसका फल वे आज तक भोग रहे हैं। दलित विचारक कँवल भारती ने दलित शब्द को इन शब्दों में परिभाषित किया है–''दलित वह है जिस पर अस्पृश्यता का नियम लागू किया गया है। जिसे कठोर और गंदे कार्य करने के लिए बाध्य किया गया है। जिसे शिक्षा ग्रहण करने और स्वतंत्र व्यवसाय करने से मना किया गया और जिस पर सछूतों ने सामाजिक निर्योग्ताओं की संहिता लागू की, वही और वही दलित है।''[4] डॉ. एनी बीसेंट ने दलित एवं शोषित के लिए 'डिप्रेस्ड' शब्द का प्रयोग किया था। दलित पैंथर्स के घोषनापत्र में ''बौद्ध, अनुसूचित जाति, कामगर, भूमिहीन मजदूर, गरीब, किसान, खनाबदोश जाति एवं नारी समाज को दलित कहा गया। मानव समाज का हर उस व्यक्ति को दलित माना गया जिसका किसी प्रकार से शोषण या दलन हुआ है। वह वर्ग भी दलित की श्रेणी में आते है जिसका सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक, धार्मिक, आर्थिक एवं मानवीय अधिकारों का हनन हुआ है या जिस पर किसी भी प्रकार का अन्याय हुआ है।''[5] दलित उद्धार को अपने जीवन का उद्देश्य मानने वाले डॉ. अम्बेडकर का मूलमंत्र ही है–'शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो'। जिन्होंने रही रूप में दलितों में एक वैचारिक क्रांति ला दी और जिन्होंने इनमें समता और बराबरी के भाव को जगाया और दलित संघर्ष को तेज किया। साधारण शब्दों में दलितों द्वारा अपने जीवन और अपनी समस्याओं को केंद्र में रखकर साहित्य में उसे प्रस्तुत करना दलित साहित्य कहलाता है। उत्तर आधुनिकतावाद के इस युग में अन्य विमर्शों में दलित विमर्श ने काफी जोर पकड़ा है। दलित साहित्य आज एक ऐसा विमर्श बन चुका है जिसका अध्ययन किए बिना आज हिंदी साहित्य को पढ़ना और समझना कठिन है। सबसे पहले महाराष्ट्र के लेखकों ने दलित लेखन की शुरूआत की तत्पश्चात सम्पर्ण

भारतीय भाषाओं में दलित लेखकों ने अपनी आवाज बुलंद की। इस समाज ने कुलीन वर्ग और उच्च जातियों द्वारा जिस पीड़ा, शोषण और अपमान का जीवन जिया है एवं जी रहे हैं। उसका अंदाजा लगाना कठिन है। लोकतंत्र में जहाँ हर नागरिक को समानता का अधिकार, अवसर, न्याय एवं स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है। परंतु फिर भी दलित एवं तथाकथित निम्न जाति एवं वर्णों में उत्पन्न लोगों पर आज भी अमानवीय व्यवहार किया जाता है। मार्क्सवाद जिस शोषण की बात करते हैं। भारतीय दलित समाज उसी अर्थ में प्रताड़ित है। आजादी के बाद दलित साहित्य लिखने वाले चर्चित रचनाकारों में मार्कण्डेय, अमरकांत, राजेन्द्र यादव, नैमिशराय, ओमप्रकाश वाल्मीकि, पुन्नी सिंह, प्रेम कपाड़िया, डॉ. दयानंद बटोही, डॉ. तेज सिंह, बाबूलाल खंडा, रामचंद आदि हैं। महिला रचनाकारों में उषा चंद्रा, रमणिका गुप्ता, रजत रानी 'मीनू' मैत्रेयी पुष्पा, सुभद्रकुमारी आदि शामिल है। दलित पीड़ा और ग्लानि को दलित साहित्यकारों ने अपनी आत्मकथा, कविता, कहानी और उपन्यास आदि विधाओं में व्यक्त किया। सदियों से अपने अंतस में छिपी गहरी पीड़ा, तड़प, कुण्ठा, खीज, ग्लानि, अपमान बोध को कागजों पर उतारने का साहस करना किसी आन्दोलन से कम नहीं है। इस परिप्रेक्ष्य में कुछ महत्त्वपूर्ण दलित रचनाएँ जैसे ओम प्रकाश वाल्मीकि का 'जूठन' (आत्मकथा), पच्चीस चौका डेढ़ सौ (कहानी), 'ठाकुर का कुआं' (कविता), तुलसी राम का 'मुर्दहिया' (आत्मकथा), मोहनदास नैमिशराय का 'अपना गाँव' (कहानी), मलखान सिंह की 'सुनो ब्राह्मण' (कविता), जयप्रकाश कर्दम का 'नो बार' (कहानी), असंगघोष का 'मैं दूंगा माकूल जवाब' (कविता), कौशल्या वैसन्त्री का 'दोहरा अभिशाप' (आत्मकथा), सुशीला टाकभौरे का 'शिकंजे का दर्द' (आत्मकथा) आदि हैं। इनके लेखन में हजारों साल के उत्पीड़न के आक्रोश की झलक है। अपने शरीर और जीवन को अस्पृश्य और अपवित्र मानने के लिए मजबूर करना किसी अभिशाप से कम नहीं है। सैकड़ों साल से अपने निवास स्थान को अपना न कह पाने का दर्द, भारतीय नागरिकता न प्राप्त करने की यंत्रणा, निजि सम्पत्ति का दस्तावेज का न होना कितनी पीड़ादायक है उसे बता पाना कठिन है। उदाहरण के तौर पर-''चूल्हा मिट्टी का/मिट्टी तालाब की/तालाब ठाकुर का'' पंक्तियों में भाषा की सरलता और अर्थ की गंभीरता किसी भी हृदय को भेद कर सकता है। सदियों से साहित्य को सम्वेदना और सहानुभूति से उत्पन्न माना जाता रहा है। भीख पर मिली सम्वेदना और सहानुभूति को यह वर्ग अब घृणा करता है। जातीय दंश से जर्जरित हाशिए पर रखा गया यह समाज अब अपना जीवन, अपना साहित्य और अपना इतिहास खुद रचने के लिए तैयार खड़ा है। अब उसे किसी की सहानुभूति की आवश्यकता नहीं है। अब उसे भाग्य के सहारे जीना कतई स्वीकार नहीं है। बौद्ध दर्शन का एक कर्म सिद्धांत सूत्र वाक्य ''अप्प दीपो भव:'' अर्थात अपना प्रकाश स्वयं बनो का मंत्र आज हर दलित आत्मा का मूल मंत्र बन चुका है। अब वह जान चुका है समाज को बदलने के लिए पहले साहित्य की शक्ति के द्वारा इंकलाव लाना होगा।

किसी भी देश का साहित्य उसके इतिहास में घटनेवाली सारी गतिविधियों, संघर्षों एवं क्रांतियों की गवाह है। परंतु इस बात में कितनी सच्चाई है यह गवेषणा का विषय है। ऐसा माना जाता है कि साहित्यकार एक संवेदनशील प्राणी होता है वह अपने आस-पास जो भी कुछ अनुभव करता है उसे वह अपने शब्दो में व्यक्त करता चला जाता है। आचार्य शुक्ल के अनुसार ''जब कि

प्रत्येक देश का साहित्य वहाँ की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिंब होता है, तब यह निश्चित है कि जनता की चित्तवृत्ति के परिवर्तन के साथ-साथ साहित्य के स्वरूप में भी परिवर्तन होता चला जाता है। आदि से अंत तक इन्हीं चित्तवृत्तियों की परम्परा को परखते हुए साहित्य परम्परा के साथ उसका सामंजस्य दिखाना ही। 'साहित्य का इतिहास' कहलाता है।''[6] प्रेमचंद ने साहित्य को जीवन की आलोचना माना है। परंतु क्या समाज की सारी सच्चाई हमारे साहित्य में प्रतिध्वनित होती है। समाज में हरेक पल बहुत कुछ ऐसा घटता चला जाता है जिसे घटित नहीं होना चाहिए पर वह घटता जाता है। परंतु जिसका विरोध भी करनेवाला कोई नहीं होता है। और धीरे-धीरे वह समाज व्यवस्था का हिस्सा बन जाता है। इस तरह जीवन का कलुषित पक्ष धीरे-धीरे और कलुषित होता चला जाता है। यहाँ से कई कुप्रथाओं एवं मान्यताओं का जन्म होने लगता है। पर क्या वास्तव में हमारी समाज व्यवस्था में जो कुछ घट रहा होता है उसका प्रतिबिम्ब साहित्य में पड़ता है। सदियों से हमारा भारतीय दलित समाज नाना सामाजिक कुरीतियों, जातिवाद और धार्मिक कट्टरवाद का शिकार होकर दम तोड़ रहा है परंतु उसका सही माइने में विरोध पहले कभी दिखाई नहीं दिया। दलितों के मसीहा डॉ. अम्बेडकर की प्रेरणा से कुछ दलित लेखकों ने अपने दु:खों एवं आपबीती को शब्दों में लिपिबद्ध करने की चेष्टा की। जिससे प्रेरित होकर सैकड़ों दलित भाईयों ने अपने अधिकारों की रक्षा की गुहार लगाई। सही माइने में इस आन्दोलन को नवजागरण और वैचारिक जागरण का सच्चा रूप मानना चाहिए। अपने अधिकारों के लिए संघर्ष का दूसरा नाम ही दलित साहित्य है। परंतु हिंदी के तमाम आलोचकों को यह साहित्य महत्त्वहीन, कलाविहीन एवं अप्रासंगिक लगता है। बहुत लोगों का इस बात में मतभेद है कि आखिर दलित साहित्य किसे मानना चाहिए। दलित साहित्य के विषय में आलोचकों के दो मत हैं। एक वर्ग दलितों पर लिखा गया साहित्य को दलित साहित्य मानते हैं। चाहे उसका लेखक किसी भी वर्ण का क्यों न हो। इसके विपरीत दूसरा वर्ग दलित लेखकों द्वारा दलितों के लिए लिखा गया साहित्य को ही दलित साहित्य की श्रेणी में रखते हैं। प्रेम कुमार मणि का मानना है कि-''दलितों द्वारा दलितों के लिए लिखा जा रहा साहित्य दलित-साहित्य है।''[7] दलित साहित्य के विषय में मोहनदास नैमिशराय का कथन यहाँ दृष्टव्य है-''दलित साहित्य पीड़ा, वेदना, मुक्ति का ही साहित्य नहीं बल्कि अपने अधिकारों, अस्मिता और पहचान के लिए संघर्ष करने वालों का भी साहित्य है।''[8] जिसमें उन्होंने इस साहित्य का एक मात्र उद्देश्य अस्मिता की पहचान माना है जिसे स्वाभिमान से ही हासिल किया जा सकता है। अपने न्यायपूर्ण अधिकार हक की लडाई से ही मिल सकता है। कलम और कागज इसका सशक्त माध्यम है। वरिष्ठ साहित्यकार ओम प्रकाश वाल्मीकि का मानना है-''दलित साहित्य जन साहित्य है, यानी मास लिटरेचर (mass literature) सिर्फ इतना ही नहीं लिटरेचर ऑफ एक्शन (literature of Action) भी है जो मानवीय मूल्यों की भूमिका पर सामंती मानसिकता के विरुद्ध आक्रोश जनित संघर्ष है। इसी संघर्ष और विद्रोह से उपजा है दलित साहित्य।''[9] डॉ. रामचंद्र का मानना है कि ''एक ऐसी परिघटना जिसने साहित्य के माइने और मानदंडों को रूपायित और अर्थातरित कर दिया है।''[10] आगे उन्होंने इसे सामाजिक और राजनैतिक आन्दोलन के बराबर चलनेवाला एक राष्ट्रीय आन्दोलन माना है। इसमें अभिव्यक्त वेदना एवं चेतना ने भाषा और क्षेत्र की दीवारों को तोड़ दिया है। इस आंदोलन को विश्व बंधुता और स्वतंत्रता की नई संस्कृति का बीजारोपण माना है।

साहित्य का सृजन अनेक प्रकार से होता है परंतु सबसे अधिक भावात्मकता एवं सम्वेदनात्मकता का साहित्य स्वानुभूति से उत्पन्न साहित्य ही है। दलित साहित्य के परिप्रेक्ष्य में अगर समग्र भारतीय साहित्य को देखें तो हम पाएँगे कि बहुत लम्बे समय तक एक बहुत बड़ा वर्ग शोषण, अमानवीयता और नारकीय अंधकार में दम तोड़ रहा था। जिनकी दु:ख और पीड़ा को सुननेवाला कोई नहीं था। सदियों से यह वर्ग गुमनामी के अंधरों में भटक रहा था। ये लोगे क्या खाते हैं? कहाँ रहते हैं? किस तरह का जीवन जीते हैं? क्या सोचते हैं? उनकी इच्छाएँ कौन सी है? आदी बातों को बाहर की दुनिया न के बराबर जानती है। भारतीय वर्ण व्यवस्था जो कि प्रारम्भ में कर्म पर आधारित थी। पहले कर्म से ही व्यक्ति की जाति की पहचान होती थी बाद में उसके जन्म से उसकी जाति की पहचान होने लगी। अब जाति व्यक्ति से हमेशा के लिए चिपक गई। कालांतर में उसी जाति के आधार पर उसे ब्राह्मण या शूद्र और जिन्हें अस्पृश्य और अछूत माना जाने लगा और उन्हें वेद पाठ एवं अन्य ज्ञान की प्राप्ति से सर्वदा वंचित रखा गया। अपने वर्चस्व को बचाए रखने के लिए यह उच्चवर्णों का एक प्रकार से षड़यंत्र था। ताकि ज्ञान के प्रकाश से यह वर्ग कभी आलोकित न हो पाए और ऐसा ही हुआ पीढ़ी दर पीढ़ी यह वर्ग शोषित, पीड़ित और अवहेलित होता चला गया। इस सम्बंध में अनेक बातों का अध्ययन किया जा सकता है। परंतु जातिवाद में पिसनेवाली असंख्य जीवन की तड़प, दु:ख, ग्लानि, अपमानबोध को शायद ही पूरी तरह महसूस किया जा सकता हैं? मूलत: भारतीय वर्ण व्यवस्था ने हमारे समाज को जिन जातियों में विभाजित किया है। वह असमानता, शोषण और वर्चस्व पर आधारित है। भारत का दलित समाज चिरकाल से शोषित एवं पीड़ित है। भारतीय प्राचीन समाज में दलित वर्ग को हर प्रकार के अधिकारों से वंचित रखा जाता था। उनके पास न पेट भरने को भोजन था, न रहने के लिए कोई अच्छी जगह और न पीने को पानी। मनुष्य होने का सम्मान भी उन्हें प्राप्त नहीं था। उनके बच्चों को शिक्षा का अधिकार न था। उन्हें किसी से मिलने जुलने का अधिकार न था और उनके आवास भी गाँव से बाहर गंदी बस्तियो में होता था। उनकी सामाजिक स्थिति की ओर इंगित करते हुए एस. सी दुबे ने लिखा है–''समाज में इनको हर वक्त अपमानित किया जाता था यदि कोई इन्हें छू जाता तो उसे कपड़े समेत स्नान करना पड़ता था। यहाँ तक कि अछूत जाति के लोगों को अपना घर, सवर्णों के घर से दूर बनाने का निर्देश था तथा मंदिर और गाँव की निश्चित सीमा के अंदर प्रवेश करने का अधिकार नहीं था।''[11]

कुलीन समाज ने सदियों से इन्हें पहचान नहीं दी और इनकी आवाज भी अनसुनी कर दी गई। जिनकी शक्ल भर देखने पर जिनका दिन खराब हो जाता था। परंतु इनके घर, आँगन और खेतों का काम इनके बगैर नहीं चलता था। यह कैसी विडम्बना है कि आज भी अधिकांश भारतीय गाँवों और कसबों की यही कहानी है। आजादी के 60 साल बाद भी आज हमारी 90 प्रतिशत आबादी को यह जानकारी ही नहीं है कि दलित और अस्पृश्य कहलाने वाले इन लोगों के परिश्रम और त्याग के कारण ही हम सड़कों, स्टेशनों, पार्कों को साफ सुथरा तरीकों से उपभोग करते हैं। उनके कारण ही हम सही रूप से साँस लेते हैं। वर्ना हमारा जीवन दुर्भर हो जाता।

आधुनिक दलित साहित्य को एक प्रकार से नवजागरण से अनुप्रेरित साहित्य मानना चाहिए। हिंदी के इस नवजागरित युग को एक प्रकार से इन विमर्शों से ही उत्पन्न स्वानुभूति का साहित्य मानना चाहिए। दलित विमर्श आज के युग का एक ज्वलंत मुद्दा है। वास्तव में

सदियों से जिन शक्तियों को अछूत एवं अस्पृश्य कहकर दबाया गया है और जा रहा है वास्तव में यही भविष्य की शक्तियाँ है। आज सम्पूर्ण भारतीय साहित्य में दलित साहित्य पढ़ा एवं लिखा जा रहा है। इसके पीछे महान विचारकों, चिंतकों एवं सच्चे समाज सुधारकों का हाथ हैं। जिसमें दलित संत ज्योतिबा फुले, स्वामी अछूतानंद हरिहर एवं बाबा अम्बेडकर आदि शामिल है। जिनके अथक परिश्रम, संघर्ष एवं मागदर्शन ने दलित नामक जिस शक्ति को आठवे दशक में पहली बार महाराष्ट्र में प्रकट होने और फलने-फूलने का अवसर प्रदान किया उसका आज समग्र भारतवर्ष में इतना प्रचार-प्रसार हो चुका है कि आज हर पिछड़ा व शोषित को बोलने का हक मिल गया है। हर वह व्यक्ति जो कि अपने आप को बाकी दुनिया से अलग रखने के लिए मजबूर था, आज अपनी सम्वेदनाओं को दूसरों तक बिना किसी डर के प्रकट कर रहा है। जिस अमानवीयता को ये जातियाँ सदियों से झेल रही थी। उसका अब वे डटकर विरोध कर रहे हैं। वे विचारक एवं मनीषियाँ जिन्होंने इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया उनका समग्र मानव जाति आभार प्रकट करती हैं। महात्मा फुले और बाबा अम्बेडकर का मानना है कि शिक्षा व ज्ञान के अभाव के कारण ही दलितों को इतना दु:ख झेलना पड़ा एवं उनकी स्थिति इतनी दयनीय हो गई। आज दलित लेखन पर्याप्त मात्रा में हो रहा है। जिसने मानो एक आन्दोलन का रूप धारण कर लिया है। आज का युग एवं साहित्य सही माइने में नवजागरण का युग एवं साहित्य है। दम तोड़ती मानवता आज फिर से जीवित होने का अनुभव कर रही है।

संदर्भ सूची :

1. सुभाषचंद्र : संत रविदास, आधार प्रकाशन, पंचकूला, (हरियाणा) 2012, पृष्ठ-157
2. हिरा डोम अछूत की शिकायत, https://hindisamaym.com
3. वर्मा, रामचंद्र, प्रमाणिक हिंदी कोश लोक भारती प्रकशन, नई दिल्ली, 1997, पृष्ठ-391
4. वाल्मीकि ओमप्रकाश, दलित साहित्य का सौन्दर्य शास्त्र, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 2014, पृष्ठ संख्या-11
5. हिंदी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल) दलित विमर्श विकिपुस्तक hi.m.wikibooks.org
6. शुक्ल रामचंद्र, हिंदी साहित्य का इतिहास, लोक भारती प्रकाशन, तृतीय संस्करण 2010, पृष्ठ संख्या-(काल विभाग)
7. प्रतियोगिता दर्पण, नवम्बर 2005
8. नैमिशराय मोहनदास, हिंदी दलित साहित्य, साहित्य एकेडेमी प्रकाशक, 2018, पृष्ठ संख्या-13
9. वाल्मीकि ओमप्रकाश, दलित साहित्य का सौन्दर्य शास्त्र, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 2014, पृष्ठ संख्या-15
10. डॉ. रामचंद्र, दलित साहित्य : आशय, आन्दोलन और अवधरणा, http.//w.w.w. igntu.ac.in
11. Dube Shyama Charan, Indian Society, National Book Trust Publisher, 1990 Page. 57

❐❐❐

सहायक प्राध्यापिका, हिंदी विभाग, निस्तारिणी कॉलेज पुरुलिया, पश्चिम बंगाल

पता-हाईलैंड गार्डन, टावर-III, G-6 , देशबंधु रोड, पुरुलिया, पश्चिम बंगाल-723101

मोबाइल : 9832153804, 8250202978 ई-मेल : portiasarkar1@gmail.com

ओमप्रकाश वाल्मीकि के साहित्य में दलित चेतना

—जीभवानी कुमार रजक
—डॉ. रत्नेश विश्वक्सेन

ओमप्रकाश वाल्मीकि एक ऐसा नाम है, जिसने अपनी रचनाओं के माध्यम से कुलीनता और कुलीन संस्कृति के मूल्यों का निर्माण किया है। उन्होंने साहित्य की सदियों पुरानी जड़ता को तोड़ दिया और समाज की तरह उपेक्षित दलितों को साहित्य के केंद्र में लाकर साहित्य के दायरे से बाहर लाये। ओमप्रकाश वाल्मीकि की बातें और लेखन बुद्ध, ज्योतिबा फुले, सावित्री बाई फुले और बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के दर्शन में निहित हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी रचनाओं में मध्यकालीन संत कवियों कबीर और रैदास (रविदास) का अदम्य साहस भी है।

हिन्दी दलित साहित्य के विकास में ओमप्रकाश वाल्मीकि का योगदान अतुलनीय है। प्रारम्भिक दौर में उनकी अभिव्यक्ति का माध्यम कविता रही है। एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय रहने के साथ-साथ कविताओं की ओर उनका झुकाव लगातार बढ़ता गया। हताशा और निराशा के समय कविताओं ने उन्हें सम्बल प्रदान किया। दलित वर्ग के कुलीन वर्ग द्वारा पर्याप्त सहयोग की कमी, महिलाओं को दुनिया के पर्याप्त प्रतिनिधित्व की कमी, आर्थिक दुनिया और शिक्षा में कमजोर और दलित साहित्य को सरकारी संरक्षण की कमी का पूरा सच हमें ओमप्रकाश वाल्मीकि जी के साहित्य में देखने को मिलता है। ओमप्रकाश वाल्मीकि ने अपने साहित्य में दलित जीवन की विभिन्न समस्याओं, यातनाओं एवं अत्याचारों को अभिव्यक्त करते हुए दलित समाज को जाग्रत करने का प्रयास किया है। शोषित मानव की आह ही उनकी कविता है। ओमप्रकाश वाल्मीकि अपनी कविताओं में चारों वर्णो के समाज द्वारा थोपे गए नियमों को चुनौती देते हैं। भाग्य, ईश्वर, नियति के विरूद्ध वाल्मीकि उनके पीछे व्याप्त स्वार्थ एवं षड्यन्त्र को उजागर करते हैं। प्रस्तुत शोध विषय का उद्देश्य ओमप्रकाश वाल्मीकि जी के साहित्य में दलित चेतना को विस्तार से जानना है। प्रस्तुत शोध में समाजशास्त्रीय शोध पद्धति का प्रयोग किया जाएगा। एक प्राथमिक स्रोत के रूप में इनकी मूल रचनाएँ और दूसरे स्रोत के रूप में शोध विषय से संबंधित महत्वपूर्ण पुस्तकों, पत्रिकाओं, ब्लॉगों, वेबसाइटों में प्रकाशित लेखों का प्रयोग किया जाएगा।

मुख्य शब्द: दलित जीवन, संघर्ष, समाज, साहित्य, सदी, अभिव्यक्ति, चेतना।

प्रस्तावना

ओमप्रकाश वाल्मीकि का जन्म 30 जून 1950 को मुजफ्फरपुर (उत्तर प्रदेश) जिले के बरला गांव में एक अछूत

वाल्मीकि परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा अपने गांव और देहरादून से प्राप्त की। उनका बचपन सामाजिक और आर्थिक कठिनाइयों में बीता। पढ़ाई के दौरान उन्हें कई आर्थिक, सामाजिक और मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वाल्मीकि जी कुछ समय महाराष्ट्र में रहे। वहां वे दलित लेखकों के संपर्क में आए और उनकी प्रेरणा से डॉ. भीमराव अम्बेडकर के कार्यों का अध्ययन किया। इससे उनकी रचनात्मक दृष्टि में मौलिक परिवर्तन आया। ओमप्रकाश वाल्मीकि ने हिंदी में दलित साहित्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अपने लेखन में जाति-अपमान और उत्पीड़न का जीवंत वर्णन किया है और भारतीय समाज के कई अनछुए पहलुओं को पाठकों के सामने प्रस्तुत किया है। उनका मानना है कि दलित ही दलित की पीड़ा को बेहतर ढंग से समझ सकता है और केवल वही उस अनुभव को प्रामाणिक रूप से व्यक्त कर सकता है। उन्होंने रचनात्मक साहित्य के साथ-साथ आलोचनात्मक लेखन भी किया है। उनकी भाषा सरल, तथ्यपरक और आवेगपूर्ण है। अभिनय और नाटकों के निर्देशन में भी उनकी रुचि है। अपने प्रारंभिक जीवन में उन्हें जिन आर्थिक, सामाजिक और मानसिक कष्टों का सामना करना पड़ा, उन्हें उनके साहित्य में व्यक्त किया गया है। वाल्मीकि कुछ समय महाराष्ट्र में रहे। वहां वे दलित लेखकों के संपर्क में आए और उनकी प्रेरणा से डॉ. भीमराव अंबेडकर के कार्यों का अध्ययन किया। इससे उनकी रचनात्मक दृष्टि में मौलिक परिवर्तन आया।[1]

हिंदी कहानी की दुनिया में ओमप्रकाश वाल्मीकि एक ऐसा नाम है, जिनकी अनुपस्थिति में हिंदी दलित साहित्य की बात करना बेईमानी लगती है। वाणी प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'ओमप्रकाश वाल्मीकि-व्यक्ति, विचारक और सृजक' के संपादकीय में प्रख्यात लेखक जयप्रकाश कर्दम लिखते हैं- 'ओमप्रकाश वाल्मीकि एक ऐसा नाम है, जिसने अपनी रचनाओं के माध्यम से कुलीनता और कुलीन संस्कृति के मूल्यों का निर्माण किया है। उन्होंने साहित्य की सदियों पुरानी जड़ता को तोड़ दिया और समाज की तरह उपेक्षित दलितों को साहित्य के केंद्र में लाकर साहित्य के दायरे से बाहर लाये। ओमप्रकाश वाल्मीकि की बातें और लेखन बुद्ध, ज्योतिबा फुले, सावित्री बाई फुले और बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के दर्शन में निहित हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी रचनाओं में मध्यकालीन संत कवियों कबीर और रैदास (रविदास) का अदम्य साहस भी है।

ओमप्रकाश वाल्मीकि ने हिंदी क्षेत्र के दलितों को अपनी आवाज दी है। उनकी आत्मकथा 'जूठन' उनके जन्म का एक आत्मकथात्मक लेख है और 1950 के दशक के नए स्वतंत्र भारत में एक अछूत, दलित के रूप में भारत में एक अंदरूनी सूत्र के दृष्टिकोण से दलित जीवन के पहले चित्रणों में से एक है। उन्होंने अपने जीवन के कड़वे अनुभवों को साहस के साथ 'जूठन' में शामिल किया है। इसमें वाल्मीकि जी ने कहा है कि 'हजारों वर्षों से चली आ रही दलित जीवन की कहानी हमारे समाज का कृष्ण पक्ष है।' उन्होंने अपने लेखन से दलितों को एक नई दिशा दी है। इस कारण उनका योगदान सराहनीय है। समकालीन भारतीय हिंदी साहित्य में उनका योगदान महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्होंने अपने लेखन के माध्यम से दलित लेखकों में स्वाभिमान की भावना जगाकर दलित लेखन की धारा को एक नया मोड़ दिया है।[2]

ओमप्रकाश वाल्मीकि के रचना संसार

ओमप्रकाश वाल्मीकि दलित साहित्य को जनसाहित्य मानते थे। दलित जीवन की पीड़ा और उसका संघर्ष दलित साहित्य में प्रमुख है। इसलिए दलित साहित्य में दलित जातियों की पीड़ा की वास्तविकता उसकी चेतना की आवाज को तेज करती है।

दलित साहित्य के इस अग्रणी की विशेषता यह थी कि उन्होंने साहित्य जगत में एक नई दुनिया की तलाश नहीं की, बल्कि उन सत्यों को साहसपूर्वक सार्वजनिक किया जिन्हें द्विज साहित्य सैकड़ों वर्षों से छिपाने की कोशिश कर रहा था। अर्थात् साहित्य के पारंपरिक स्वरूप को बदलने का प्रयास ओमप्रकाश वाल्मीकि की रचनाओं का मुख्य उद्देश्य था। उन्होंने दलित साहित्य को परिभाषित करते हुए दलित साहित्य को प्रेम, मित्रता और मानवता का साहित्य बताया। वह दलित शब्द के लिए स्पष्ट रूप से कहते हैं कि 'दलित एक सामूहिक शब्द है, जिसमें वे जातियाँ शामिल हैं जिन्हें पीढ़ियों से दबा दिया गया है'।

वर्तमान प्रकाशन से वर्ष 1989 में उनकी प्रारंभिक कृति 'सदियों का संताप' काव्य संग्रह के रूप में प्रकाशित हुई। उन दिनों स्थिति आज जैसी नहीं थी। जागरूकता का भी अभाव था। इसलिए, उन्होंने स्वयं अपनी कविता के इस संग्रह को बेचने का निश्चय किया। ऐसा करके वह अपने लेखन के माध्यम से समाज को बदलने के लिए भूमि तैयार कर रहे थे। यह संग्रह 1974 और 1989 के बीच लिखी गई उनकी कविताओं का संग्रह है, जो जातिवादी व्यवस्थागत भेदभाव और उत्पीड़न को व्यक्त करते हैं। इसी संकलन में संकलित 'सदियों का संताप' कविता में वह लिखते हैं –

"दोस्तों! /इस चीख को जगाकर पूछो/ कि अभी और कितने दिन/इसी तरह गुमसुम रहकर /सदियों का संताप सहना है।"

ओमप्रकाश वाल्मीकि का दूसरा कविता संग्रह 1997 में 'बस्स बहुत हो चुका' (वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली) आया। भारतीय समाज में सामाजिक असमानता के विरुद्ध आवाज को एक पंक्ति देते हुए वे लिखते हैं कि

"झाड़ू थामे हाथों की सरसराहट/ साफ सुनाई पड़ती है भीड़ के बीच / बियाबान जंगल में सनसनाती हवा की तरह / गहरी पथरीली नदी में/ असंख्य मूक पीड़ाएँ / कसमसा रही हैं / मुखर होने के लिए/ रोश से भरी हुई।"

ओमप्रकाश वाल्मीकि का तीसरा काव्य संग्रह 'अब और नहीं' वर्ष 2009 में प्रकाशित हुआ था। अपनी इस कविता संग्रह में वह दलित जीवन की आवाज को मुखर तरीके से अभिव्यक्त करते हैं। जैसे कि –

"छद्मवेशी शब्दों का प्रताप जारी है / सुन चुके अर्थहीन तर्क भी /बहुत दिन जी चुके हताशा और नैराश्य के बीच/कलाबाजी और चतुराई भरे शब्दों को / खेल हो चुका /अब और नहीं।"

दलित साहित्य का लेखन संघर्ष का लेखन है। लेकिन जब कुछ आलोचकों ने ओमप्रकाश वाल्मीकि के कामों को काल्पनिक होने का आरोप लगाया, तो उन्होंने भी बेबाकी से जवाब दिया।

उनका चौथा कविता संग्रह- 'शब्द झूठ नहीं बोलते' वर्ष 2012 में प्रकाशित हुआ था। इस संकलन में शामिल अपनी एक कविता में उन्होंने अपने आलोचकों को जवाब देते हुए लिखा था कि -

"मेरा विश्वास है/तुम्हारी तमाम कोशिशों के बाद भी/शब्द ज़िन्दा रहेंगे/समय की सीढ़ियों पर/अपने पाँव के निशान/गोदने के लिए/बदल देने के लिए/हवाओं का रुख...क्योंकि, शब्द कभी झूठ नहीं बोलते!"

ओमप्रकाश वाल्मीकि की महत्वपूर्ण आलोचनात्मक पुस्तकें "दलित साहित्य का सौंदर्य शास्त्र' और 'दलित साहित्य - अनुभव, संघर्ष एवम यथार्थ' हैं। उन्होंने अपनी आलोचनात्मक पुस्तक में दलित साहित्य की परिभाषा का विस्तार करते हुए लिखा है कि 'दलित साहित्य जन साहित्य है। इतना ही नहीं, लिटरेचर ऑफ एक्शन भी है, जो मानवीय मूल्यों की भूमिका पर सामंती मानसिकता के खिलाफ एक अपमानजनक संघर्ष है। इसी संघर्ष और विद्रोह से दलित साहित्य का जन्म हुआ है।

ओमप्रकाश वाल्मीकि को जो ख्याति कथा-कविता आदि के कारण मिली, वह आलोचना के क्षेत्र में वह नहीं पा सके, लेकिन उनका आलोचनात्मक दृष्टिकोण समाज-शास्त्रीय पद्धति के करीब है। उनकी आलोचना दलित साहित्य के सौंदर्यशास्त्र के संबंध में है, जो एक हवाई किला नहीं बल्कि एक भारतीय सामाजिक वास्तविकता है। ओमप्रकाश वाल्मीकि ने अपनी आलोचना में स्पष्ट रूप से कहा है कि 'दलित साहित्य प्रेम का साहित्य है, और प्रेम विश्वास से अर्जित होता है।' वास्तव में ओमप्रकाश वाल्मीकि उन तथाकथित आलोचकों को भी दिशा देते हैं, जो दलित कथाओं का पाठ न पढ़कर किसी भी रचना और रचनाकार के लिए पहले से ही अपना मन बना लेते हैं। उनका मानना था कि प्रेमचंद को दलित साहित्य के सामने रखने वाले आलोचक किस हद तक सही हैं? यह एक साधारण सी बात है कि 1990 के दशक में हिन्दी दलित साहित्य का आगमन हुआ और ऐसे में दलित लेखकों को नकारने के लिए प्रेमचंद को उठाना कहाँ तक सही है? प्रेमचंद के संदर्भ में वे कहते हैं कि 'मैंने भी प्रेमचंद को पढ़कर कहानियाँ लिखी हैं। लेकिन मेरा सुझाव है कि आप प्रेमचंद को दलित कहानियाँ पढ़कर पढ़ें।[3]

स्त्री विमर्श

ओमप्रकाश वाल्मीकि की कहानी 'जंगल की रानी' में भी हमें दलित स्त्री विमर्श देखने को मिलता है। सबसे पहले डिप्टी साहब के चंगुल से स्कूल की शिक्षिका कमली अपनी पहचान तो बचाती है लेकिन जान नहीं बचा पाती। ओमप्रकाश वाल्मीकि की कहानियों 'अंधेरी बस्ती' और 'यह अंत नहीं है' में नई पीढ़ी के युवाओं को अपने परिवार और समाज की महिलाओं पर होने वाले शारीरिक हमलों के खिलाफ लड़ने की ताकत है, तो कहानी 'रीत' का नायक अपने पूर्वजों से चली आ रही उस सांमती रीत को तोड़ता है जिसमें नवविवाहित को पहली रात जमीदार के घर गुजारनी पड़ती है। 'यह अंत नहीं है' में हीरोइन बिरमा के साथ रेप की नीयत से की गई छेड़छाड़ का पर्दाफाश होता है। यहां महिला को महिला होने के कारण अपमानित नहीं किया जा रहा है। उनके पीछे मुख्य कारण दलित महिला का होना है।[4]

दलित चेतना

एक कहानीकार के रूप में, ओमप्रकाश वाल्मीकि जाति व्यवस्था की आंतरिक परतों में प्रवेश करते हैं और इसकी संरचना और इसके गठन में योगदान करने वाले कारकों का जायजा लेते हैं। उनकी कहानियाँ बताती हैं कि 21वीं सदी का कुलीन और अभिजात वर्ग जाति की जड़ता को तोड़ने में विफल रहा है। जाति-आधारित और जाति-आधारित लामबंदी ने न केवल समाज को विभाजित किया, बल्कि लोकतंत्र को भी चुनौती दी। जाति और जाति लामबंदी के गठजोड़ ने न केवल दलितों और महिलाओं को अंतिम पायदान पर धकेल कर उनके अधिकारों के दायरे को सीमित कर दिया था, बल्कि उन्हें मानवीय स्थिति से वंचित करने का भी बीड़ा उठाया था। 'सलाम' जातिवाद और सामंतवाद की जुगलबंदी की भीतरी परतों का जायजा लेने वाली कहानी है। जहां जाति संरचना दलितों को शक्तिहीन कर देती है, वहीं सामंती व्यवस्था दलितों का दमन करती है। प्रभु वर्ग ने ऐसे नियम और परंपराएँ बनाई कि दलितों को सार्वजनिक रूप से और उनके रिश्तेदारों की उपस्थिति में अपमानित किया जा सकता था। सामंतवादी ताकतें दलितों के सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में हस्तक्षेप करती रही हैं और उन्हें नियंत्रित करती रही हैं।

ओमप्रकाश वाल्मीकि ने 'सलाम' कहानी में अमानवीय परंपराओं और जातिवाद के भयानक रूप को प्रस्तुत किया है। कहानी का एक पात्र कमल उपाध्याय अपने दोस्त हरीश की शादी में शामिल होने के लिए शहर से गांव आता है। कमल उपाध्याय के दोस्त हरीश भंगी समुदाय से हैं। हरीश की बारात एक ऐसे गांव में आई जहां के माहौल में जातिवाद और सामंतवाद का मेल है। कमल उपाध्याय जब सुबह चाय पीने के लिए गाँव की दुकान पर गए, तो उनका शहरी रूप देखकर चाय बनाने वाले बूढ़े ने उनसे पूछा कि क्या बाबू शहर से आए थे? कमल उपध्याय ने जवाब में कहा कि कल देहरादून से जो बारात आई थी, वह उसी में आया है। यह सुनकर चाय वाले ने कहा कि वह बारात तो चूहड़ों के घर आई है। उसने कहा कि तुम चूहड़े और भंगी हो और हम चूहड़ों-चमारों को चाय नहीं पिलाते। कमल उपाध्याय ने बूढ़े से कहा कि वह चूहरा-चमार नहीं, बल्कि ब्राह्मण है, लेकिन बूढ़े ने उसकी बातों पर विश्वास नहीं किया। यह बूढ़ा आदमी इस बात की बानगी है कि कैसे हिंदुत्ववादी ताकतों ने जनता के मन में जातिवाद के जहर को घोल दिया है।

इस प्रकार ओमप्रकाश वाल्मीकि की कहानियाँ समाज के हर तबके से आती हैं। उनकी अधिकांश कहानियाँ दलितों के शोषण और भेदभाव को उजागर करने का महत्वपूर्ण काम करती हैं। ओमप्रकाश वाल्मीकि की कहानियों के दलित पात्र, चेतना से लैस, शोषण और अन्याय का विरोध और प्रतिकार करते हैं। उनके कहानी लेखन में ब्राह्मणवादी और जाति व्यवस्था के प्रति गहरा आक्रोश है। इस कहानीकार की कहानियों में पहचान समानता के स्रोत दिखाई देते हैं। इस कथाकार की कहानियों में सामाजिक न्याय के पक्ष में जबर्दस्त लामबंदी है। शायद यही गुण ओमप्रकाश वाल्मीकि को हाशिए पर पड़े समाज का प्रतिनिधि कहानीकार बनाता है।[5]

ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा 'जूठन' में दलित चेतना

वाल्मीकि की आत्मकथा 'जूठन' में दलित समुदाय पूरी तरह से अपमानित और उत्पीड़ित है। उनके अनुसार दलित जीवन अत्यंत पीड़ादायक है, जो साहित्यिक रचना में स्थान प्राप्त नहीं कर पाता है। हम एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था में पले-बढ़े हैं जो दलितों के प्रति बेहद क्रूर, अमानवीय और करुणामय है। 'जूठन' में जातिगत भेदभाव का चित्रण करते हुए वाल्मीकि जी कहते हैं कि 'जाति' भारतीय समाज का एक महत्वपूर्ण तत्व है। उन्होंने बताया कि 'जाति' जन्म लेने वाले के वश में नहीं होती। अगर यह नियंत्रण में होता, तो मैं भंगी परिवार में क्यों पैदा होता? जो लोग खुद को इस देश की सांस्कृतिक विरासत के मानक कहते हैं, क्या वे तय करते हैं कि वे किस घर में पैदा होंगे - उच्च या निम्न? वाल्मीकि ने 'जूठन' के माध्यम से संदेश दिया है कि 'जाति' ही व्यक्ति की पहचान क्यों है? इस सच्चाई को उजागर करने के लिए उन्होंने 'जूठन' में कई ऐसी घटनाओं और घटनाओं का चित्रण किया है जो एकदम सच साबित होती हैं। जाति के कारण ओमप्रकाश वाल्मीकि को अपने जीवन में कई बार अपमानित और प्रताड़ित होना पड़ा। उनकी आत्मकथा 'जूठन' में एक दलित जीवन के दर्दनाक अनुभवों को चित्रित किया गया है, जिनकी महत्वपूर्ण घटनाएँ और प्रसंग इस प्रकार हैं- ओमप्रकाश वाल्मीकि एक दलित समुदाय की 'चुहड़ा' जाति के हैं, जिनका काम गंदगी साफ करना, झाड़ू लगाना, सूअर चराना आदि था, जिसके कारण उन्हें अपमानित महसूस करना पड़ता था। ऐसे में उनके बचपन का माहौल ऐसा था कि चारों तरफ गंदगी थी. इतनी दुर्गंध कि एक मिनट में सांस घुट जाएगी। वाल्मीकि का बचपन तंग गलियों में घूमते सूअर, नंगे बच्चे, कुत्ते, रोज की लड़ाई आदि जैसे गंदे वातावरण में बीता। वाल्मीकि जी ने 'जूठन' के माध्यम से उस समय के संदर्भ को बताने की कोशिश की है जो दलित जीवन की त्रासदी को उजागर करता है। बात उस समय की है जब ओमप्रकाश वाल्मीकि के घर में छोटे-बड़े सभी सदस्य कोई न कोई काम करते थे। फिर भी उन्हें रोटी के लिए सफाई से लेकर खेती और तागा के घरों में सभी काम करने पड़ते थे। यहां तक कि रात-रात बंधुआ मजदूरी भी करनी पड़ती थी, जिसके बदले में कोई पैसा या अनाज नहीं था। यदि जबरन मजदूरी पर रोक लगा दी जाती तो प्रताड़ना और गाली-गलौज भी नहीं होती। किसी भी सवर्ण जाति को नाम लेकर पुकारने की आदत नहीं थी। इसलिए उम्र में बड़े होने पर उन्हें 'ओ चुहड़े' जैसे नाम से संबोधित करके उनका अपमान किया जाता था और उम्र में छोटा या बराबर होने पर 'अबे चुहड़े'।

ओमप्रकाश से जुड़ा 'वाल्मीकि' शब्द जातिगत हीनता का नहीं बल्कि उसकी अपनी जातिगत पहचान और पहचान के प्रतीक के रूप में उभरा है, जो जाति व्यवस्था और घृणा को विफल कर रहा है। स्पष्ट है कि यह आत्मकथा 'वाल्मीकि' उपनाम के जातिगत भाव की आत्म-स्वीकृति की लंबी यात्रा का वर्णन करती है, जिसमें दलित जीवन की विडंबनापूर्ण परिस्थितियों, जाति व्यवस्था से उत्पन्न अस्पृश्यता के दंश, यातना, यातना के विभिन्न

पहलुओं को उजागर किया गया है। आत्मकथा ओमप्रकाश के आत्म-संघर्ष के साथ उनके उपनाम 'वाल्मीकि' के विवाद के साथ समाप्त होती है और यह उपनाम उनके संघर्षों और चिंताओं का एक साथी बन गया, इसलिए उन्हें बहुत आत्मीय महसूस हुआ। कुछ मित्रों को 'वाल्मीकि' उपनाम आकर्षक लगा तो कुछ को 'जाति' भाव की हीनता की तरह लगा। सच तो यह है कि हमारे देश में आज भी सम्मान को 'जाति' से जोड़ा जाता है, क्योंकि जाति का नाम जानने के बाद लोगों का व्यवहार और आचरण दोनों बदल जाता है। ऐसा कहने वालों में ज्यादातर हमारी ही जाति के पढ़े-लिखे लोग, परिवार के सदस्य, रिश्तेदार हैं। तथाकथित दलित साहित्यकार भी।[6]

निष्कर्ष -

ओमप्रकाश वाल्मीकि की प्रवाहमयी भावाभिव्यक्ति उनकी रचनाओं को विशिष्ट और बहुआयामी बनाती है। उनकी रचनाओं में यथास्थिति के विरूद्ध बार-बार आक्रोश उभरता नजर आता है। उनकी रचनाओं के प्रतीकों में उपस्थित हिंसा व मानवीय घृणा समाज में समता, स्वतन्त्रता और बन्धुता को बढ़ाने हेतु आवश्यक है। वे अन्याय के पक्षधर जातिवादी व्यवहारों पर सख्ती से पेश आते हैं। उनकी दलित रचनाओं में भाव पक्ष की प्रधानता है, लेकिन ओमप्रकाश वाल्मीकि की रचनाओं का सौन्दर्य जाति, धर्म, लिंग, स्थान आदि में न होकर मानवीय गुणों के संघर्ष में है। उनकी रचना शोषण के जाने-माने हथियारों से निर्मित सामाजिक ताने-बाने को नकारकर, न्यायपरक समाज का पुनर्निर्माण करती नजर आती है। इस प्रकार उनके काव्य-सृजन में आन्तरिक यथार्थ स्पष्ट नजर आता है। उन्होंने अपनी रचनाओं में दलित चेतना एवं स्त्री विमर्श को बहुत ही अच्छे ढंग दिखलाया है। दलितों की हमारे देश में जो स्थिति रही है वह आज तक बहुत दयनीय रही है अत: हम कह सकते हैं कि यदि कोई दलितों की स्थति को जानने की इच्छा रखता है तो वह नि:संकोच ओमप्रकाश वाल्मीकि के साहिय का अध्ययन कर सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. ओमप्रकाश वाल्मीकि- परिचय, अधिकारिक वेबसाईट http://gadyakosh.org
2. जीनगर, अमृत लाल, ''दलित जीवन की त्रासदी'', माधव विश्वविद्यालय, पृष्ठ: 1-3।
3. चौधरी, कार्तिक, ''ओमप्रकाश वाल्मीकि, जिन्हें पीढ़ियां याद रखेंगी', फॉरवर्ड प्रेस, 2021, पृष्ठ: 1-4।
4. कुमार, आशीष एवं कामिनी, ''हिन्दी दलित कहानियो में दलित नारी का अवलोकन'', उत्तरवार्ता, 2017, पृष्ठ: 1-7।
5. कुमार, सुरेश, ''दलित कहानियां और जातिवाद के बीहड़ इलाके (संदर्भ-ओमप्रकाश वाल्मीकि)'', फॉरवर्ड प्रेस, 2021, 1-4।
6. जीनगर, अमृत लाल, ''दलित जीवन की त्रासदी'', माधव विश्वविद्यालय, पृष्ठ: 1-3।

❑❑❑

शोधार्थी, हिंदी विभाग, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोबाइल : 9523706139, ईमेल : jibhawanikumarrajak@gmail.com
शोध निर्देशक, प्रोफेसर हिंदी विभाग, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय

हिन्दी व्यंग्य उपन्यास परम्परा में आश्रितों का विद्रोह

—बिन्दु डनसेना
—डॉ. बी.एन. जागृत

व्यंग्य उपन्यास की इस परम्परा में श्रीलाल शुक्ल का कालजयी व्यंग्य उपन्यास 'राग दरबारी' 1968 ई. में प्रकाशित हुआ। हिन्दी साहित्य में इस व्यंग्य उपन्यास को मील का पत्थर माना जाने लगा। रामचंद्र तिवारी इस उपन्यास के विषय में लिखते हैं-"यह एक विशिष्ट उपन्यास है। लेखक ने पूरा उपन्यास व्यंग्यात्मक शैली में लिखा है। कथा का केंद्र शिवपाल गंज है। लेकिन यह कथा भारत के किसी भी गाँव की हो सकती है।"

साहित्य समाज का न सिर्फ प्रतिछाया होता है, अपितु वह समाज के वास्तविक मार्गदर्शक की भूमिका का निर्वहन भी करता है। सदैव से ही समकालीन सामाजिक परिस्थितियाँ साहित्यकारों को प्रभावित करती रही हैं। यही वजह है कि उनकी रचनाओं के केन्द्र में मानव समाज, राष्ट्र की विकृत समस्याएँ, वास्तविक स्थितियां ही रही हैं। सहयात्री बनकर साहित्यकार वर्तमान समय की घटनाओं, द्वन्द, तनाव, अन्तर्विरोध को स्वयं अनुभव करते हुए वास्तविक यथार्थ को रचनात्मक स्वरूप प्रदान करते हैं। इन यथार्थ को उजागर करने के लिए कभी-कभी साहित्यकार को व्यंग्य का सहारा लेना आवश्यक हो जाता है। व्यंग्य को माध्यम बनाकर शासन और समाज की विसंगति और विकृतियों का यथार्थ चित्र प्रस्तुत किया जाता है। साहित्य में व्यंग्य की तेज पैनी धार जीवन की विसंगतियों के मुखर अभिव्यक्ति का एक महत्वपूर्ण साधन है। इसी कड़ी में नरेन्द्र कोहली का व्यंग्य उपन्यास 'आश्रितों का विद्रोह' है जिसमें शासन और समाज की यथार्थ जीवन की स्पष्ट झलक देखने को मिलती है। इस उपन्यास की व्यंग्यात्मक संवेदना शासन विरोधी है। उपन्यास की कथावस्तु राजनीतिक-सामाजिक परिधियों को छूती हुई यथार्थ जन-जीवन की विसंगतियों, समस्याओं का चित्रण के साथ ही समाधान भी प्रस्तुत करती है।

मूल शब्द : साहित्य, समाज, शासन, व्यंग्य, विसंगति, यथार्थ, उपन्यास।

प्रस्तावना-

"केवल मनोरंजन न कवि का कर्म होना चाहिए।
उसमें उचित उपदेश का भी मर्म होना चाहिए।।"1

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी की यह पंक्ति समाज और साहित्यकार के मध्य घनिष्ठ सम्बन्ध को व्यक्त करती है। साहित्यकार अपनी रचनाओं में न केवल समाज के गुण-दोषों को प्रकट करता है, अपितु उनमें आवश्यक सुधार का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। साहित्यकार का जिस समाज में रह निवास

होता है, उसकी समस्त परिस्थितियों से वह भलीभांति परिचित होता है। यही करण है कि पाठक उनकी रचनाओं से तादात्म्य स्थापित कर समाज के यथार्थ जन-जीवन के दर्शन करते हैं। साहित्य की विविध विधाओं के माध्यम से साहित्यकार द्वारा समाज के यथार्थ को अपनी रचनाओं में समाहित करने का प्रयास किया जाता रहा है। उपन्यास एक यथार्थवादी सशक्त विधा है, जो समाज और जन जीवन के समग्र पहलुओं का चित्रण इस प्रकार करता है, कि वह उनके मानस पटल पर पूरी तरह अंकित होने के साथ ही मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी गहरी छाप छोड़ती है। शुरूआती दौर में उपन्यासों का सृजन मनोरंजन, ऐयारी और समाज को उपेदश प्रदान करने के लिए हुआ। वर्तमान में उपन्यास का प्रत्यक्ष सम्बन्ध जीवन के यथार्थ बोध से है। इसी यथार्थ को अपनी रचनाओं में समेटने के दौरान एवं लेखन कार्य के पश्चात् उपन्यासकार के समक्ष विविध (सामाजिक आलोचना, क़ानूनी समस्याएँ) अवरोध उत्पन्न होते हैं। अत: लेखक को वास्तविक यथार्थ को समाज तक पहुँचाने के लिए व्यंग्य की सहायता लेना आवश्यक हो जाता है। व्यंग्य समाज की विसंगतियों, भ्रष्टाचार, प्रशासनिक नीतियों, वर्तमान राजनीति के गिरते स्तर पर तंज कसता है। व्यंग्य के प्रस्फुटन के विषय में डॉ. नरेन्द्र कोहली लिखते हैं-"अनासक्त विवेक जब न्याय के पक्ष में अपने आक्रोश को कलात्मक रूप में अभिव्यक्त करता है, तो व्यंग्य का जन्म होता है। व्यंग्य की आत्मा है, उसकी प्रखरता और तेजस्विता। हास-परिहास, विनोद, कटाक्ष इत्यादि उसके सहयोगी हो सकते हैं।"2

आजादी के पश्चात् परिवर्तित होते हुए परिवेश और उसमें गहराती सामाजिक, राजनीतिक विसंगतियों ने हिन्दी व्यंग्य विधा को मुखर अभिव्यक्ति प्रदान की है। इसके पूर्व भारतेंदु युग और छायावादी-युग में भी व्यंग्य का प्रयोग हुआ किन्तु परिवेश की समग्र विकृतियों को भोगने और अभिव्यक्त करने का कार्य आजादी के बाद ही अधिक हुआ है। आजादी के उपरांत समाज के हर क्षेत्र (राजनीतिक, सामाजिक, प्रशासनिक, धार्मिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और व्यक्तिगत) में विसंगति और विकृतियों ने अपने पैर पसारें हैं, जिससे व्यंग्य विधा को और अधिक विकसित होने का अवसर प्राप्त हुआ। व्यंग्य का जन्म आक्रोश, क्षोभ, विद्रोह, विसंगतियों और विकृतियों के फलस्वरूप होता है। व्यंग्य समाज सुधार का एक साधन है, जो अपने तीखे और कटु प्रहार से सोए हुए समाज को जाग्रत करता है। व्यंग्य एक विशेष परिस्थिति की मांग करता है, जिसमें सामाजिक विसंगतियां, विषमताएं, शोषण, पीड़ा, अनीति, अत्याचार, अन्तर्विरोध तथा सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यक्तिगत मूल्यों का ह्रास तेजी से होता है। आजादी के पश्चात् इस प्रकार की विसंगतियों को और अधिक फलने फूलने का अवसर प्राप्त हुआ। गहराती समस्याओं के मध्य साहित्यकारों ने अपने आक्रोश व क्षोभ की अभिव्यक्ति का मुखर माध्यम के रूप में व्यंग्य को चुना। प्रारम्भ में व्यंग्य का उपयोग सभी विधाओं में किया गया जैसे-व्यंग्य नाटक, व्यंग्य निबन्ध, व्यंग्य उपन्यास, व्यंग्य कहानी आदि। इस प्रकार व्यंग्य ने स्वतंत्र अस्तित्व के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। भारतीय जन-जीवन में फैली कुरीतियाँ, विसंगतियां, भ्रष्टाचार, शोषण और फैली अव्यवस्थाओं को अभिव्यक्त करने का माध्यम व्यंग्य उपन्यास के रूप में समाने आया। सम्पूर्ण युग की पीड़ा, टूटन, संत्रास को

पूर्णत: उजागर करने का सक्षम प्रयास आजादी के बाद के व्यंग्य उपन्यासकारों ने किया। हिंदी उपन्यासों में व्यंग्य को दो प्रकारों से व्यक्त किया गया। एक ऐसे उपन्यास जिसमें व्यंग्य को पूर्णत: केंद्र तत्व बना सम्पूर्ण कथानक का सृजन व्यंग्य को आधार बनाकर किया गया दूसरा वे उपन्यास जिसमें सिर्फ व्यंग्य की झलक ही प्रस्तुत कर समस्त क्षेत्रों की विसंगतियों को लेकर अप्रत्यक्ष व्यंग्य किया गया। व्यंग्य स्वतंत्रता पश्चात कल की देन है, व्यंग्य का अस्तित्व हिंदी साहित्य में आदिकाल से लेकर आज तक के विभिन्न कालखंडों में विविध रूप में देखने को मिलता है। प्रेमचन्द से लेकर भगवती चरण वर्मा के उपन्यासों में व्यंग्य को एक सहायक के रूप में उपयोग कर आवश्यक प्रसंगों में ही व्यंग्य का प्रयोग किया गया किन्तु आजादी के पश्चात् व्यंग्य उपन्यासों की सम्पूर्ण परम्परा सामने आयी। 1952 ई. में प्रकाशित रांगेय राघव की उपन्यास 'हुजूर' जिसमें नायक के रूप में एक कुत्ते को लिया गया है। वहीं राधाकृष्ण की 1954 ई. में प्रकाशित उपन्यास 'सनसनाते सपने' जिसकी कथा के केंद्र में निराश बेटों की कथावस्तु का व्यंग्यात्मक अभिव्यक्ति हुई है। इसी काल का एक प्रसिद्ध उपन्यास कढ़ी और कोयला प्रकाशित हुई जिसमें पाण्डेय बेचेन शर्मा 'उग्र' ने व्यंग्यात्मक शैली में कलकत्ता के मारवाड़ी समुदाय की उन सभी विकृतियों को उजागर किए हैं, जो अनायास धन आगमन के साथ आती है। व्यंग्य शिरोमणि हरिशंकर परसाई के लघु उपन्यास 'रानी नागफनी की कहानी' एवं 'तट की खोज' 1961 ई. में प्रकाशित हुई, जिसमें फैंटेसी शैली के माध्यम से समाज में फैली शिक्षा व्यवस्था एवं राजनीति के क्षेत्र में फैली विसंगतियों का यथार्थ चित्रण प्रस्तुत किया गया है।

उन्होंने स्वयं भूमिका में इस तथ्य को स्वीकार किए हैं "फैंटेसी के माध्यम से मैंने आज की वास्तविकता के कुछ पहलुओं की आलोचना की है।"3

समस्त भारतीय जनता द्वारा आजादी पूर्व देखे गए सपने खंडित हो चुके थे, पास थी तो बिखराव, टूटन और संत्रास, इन सभी की अभिव्यक्ति हरिशंकर परसाई ने अपने व्यंग्यात्मक, मर्मस्पर्शी परिहास द्वारा कटु एवं तीव्र प्रहार किए हैं। 1962 ई. में प्रकाशित उपन्यास चांदी का जूता विंध्याचल प्रसाद गुप्त का जिसमें फैंटेसी शैली के माध्यम से घूसखोरी, भ्रष्ट अफसरों की कार्यप्रणाली पर करारा व्यंग्य किया गया है।

व्यंग्य उपन्यास की इस परम्परा में श्रीलाल शुक्ल का कालजयी व्यंग्य उपन्यास 'राग दरबारी' 1968 ई. में प्रकाशित हुआ। हिन्दी साहित्य में इस व्यंग्य उपन्यास को मील का पत्थर माना जाने लगा। रामचंद्र तिवारी इस उपन्यास के विषय में लिखते हैं-"यह एक विशिष्ट उपन्यास है। लेखक ने पूरा उपन्यास व्यंग्यात्मक शैली में लिखा है। कथा का केंद्र शिवपाल गंज है। लेकिन यह कथा भारत के किसी भी गाँव की हो सकती है। मुख्य समस्या शिवपालगंज कॉलेज की है किन्तु अन्य समस्याएँ स्वार्थ, मूल्यहीनता, अमानवीयता, अवसरवाद, छल प्रपंच, नैतिक गिरावट, कुत्सित राजनीति-इसी के साथ जुड़ी हैं।"4

"राग दरबारी उपन्यास का शिवपाल गंज एक विशेष गाँव न होकर समूचा भारत है। क्योंकि भारत गांवों में बसा है और भारत के समस्त गाँव शिवपालगंज की तरह है। आजादी के बाद भारत का हर गाँव स्वयं पूर्ण विकसित होने वाला था जहाँ न कोई छोटा होगा न बड़ा। साथ ही सारी सुख

सुविधाएँ गाँव में ही मुहैय्या होने वाली थी पर आजादी के बाद शहर के पास बसने वाला गाँव शिवपालगंज, शहरी प्रगति से कोसों दूर है। शहरी पात्र रंगनाथ स्वास्थ्य लाभ करने के लिए ऐसे गाँव में आता है, जहाँ हर व्यक्ति मानसिक दृष्टि से अस्वस्थ है। यहाँ का कॉलेज युवा वर्ग को सुशिक्षित करने की बजाए गुटबंदी के दांव पेंच की दीक्षा दे रहा है, सत्ता की राजनीति के बल पर सनीचर जैसा विदूषक ग्राम सभा का प्रधान हो जाता है। गाँव वालों की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस निरपराधों को पकड़ती है, व्यवस्था ऐसी कि गरीब (लगड़) के न्याय की पुकार मखौल बनकर रह जाती है।"5

इस उपन्यास में व्यंग्य चरमावस्था पर है, प्रतीक शैली अपनाते हुए लेखक ने वर्तमान शिक्षा पद्धति, समाजिक विकृतियों और दूषित एवं भ्रष्ट राजनीति का यथार्थ चित्र को उधेड़ कर रख दिया है। राग दरबारी के पश्चात् अन्य व्यंग्य उपन्यासों का प्रकाशन हुआ, जिसमें डॉ. श्याम सुन्दर घोष ने अपने उपन्यास 'एक उलूक की कथा' 1970 ई. में एक उल्लू को आधार बना वर्तमान समाज का वास्तविक व यथार्थ चित्रण प्रस्तुत किया है। उल्लू के माध्यम से लेखक समाज में हो रहे घटनाओं, विसंगतियों का सूक्ष्म वर्णन किए हैं जैसे चोरी के माल में हिस्सा लेते नेता, समाज में भैया लोगों की दादागिरी, समाचार पत्र के सवांददाता और संपादक, निजी जासूसों की असंगतियों को अपने व्यंग्य का विषय बनाया है। 1971 ई. में प्रकाशित 'एक चूहे की मौत' बदीउज्जमा का व्यंग्य उपन्यास है। जिसमें उपन्यासकार ने चूहे की मौत को नाम रहित, पहचानहीन वर्तमान जन जीवन का प्रतीक माना है। चूहा फ़ाइल का प्रतीक है, चूहेखाना सरकारी दफ्तरों का चूहे मारने वाला क्लर्क से लेकर भ्रष्ट अफसरों का प्रतीक है। इस उपन्यास का प्रमुख उद्देश्य सरकार एवं प्रशासन वर्तमान व्यवस्था तंत्र पर प्रहार करना है। बदीउज्जमा का ही उपन्यास 'छठा तन्त्र' 1977 ई. में प्रकाशित हुआ, इस उपन्यास में एक बिल्ली एवं चूहे के उपदेशात्मक कथावस्तु को आधार बना समाज को जगाने का सफल प्रयास किया गया है। यह आजादी के पश्चात् भारत में निवासरत आम आदमी की विसंगतियों एवं निरर्थक जीवन व्यतीत करने की नियति का प्रमाणिक दस्तावेज है।

इसी कड़ी में डॉ. शंकर पुणताम्बेकर का व्यंग्य उपन्यास 'एक मंत्री स्वर्गलोक में' फैंटेसी शैली का उपयोग करते हुए मंत्री पद के विसंगति एवं प्रशासन का वास्तविक स्वरूप का चित्रण किया गया है। डॉ. श्रवणकुमार गोस्वामी अपने उपन्यास 'जंगल तन्त्रम्' की रचना पंचतन्त्र की कहानियों को आधार बनाकर किए हैं। इस उपन्यास के प्रमुख पात्रों के लिए उन्होंने मोर, नाग, चूहा और सिंह का चुनाव किया है। इन्हीं का दूसरा उपन्यास 'दर्पण झूठ न बोले' है। इस उपन्यास में लोकतंत्र में प्रशासन, शासकीय कर्मचारी, कार्यालय, पुलिस, सत्तारूढ़ दल एवं विपक्षी दल पर व्यंग्य आकृतियों के माध्यम कटाक्ष किए हैं। 1977 ई. में प्रकाशित यश कोठारी का व्यंग्य उपन्यास 'यश का शिकंजा' आया। आबिद सुरती का व्यंग्य उपन्यास 'काली किताब' में शैतान की परिकल्पना द्वारा वर्तमान भारतीय परिस्थितियों का प्रस्तुतिकरण किया गया है।

व्यंग्य उपन्यास की इस कड़ी को आगे बढ़ाने का कार्य डॉ. नरेन्द्र कोहली के व्यंग्य उपन्यास 'पांच एब्सर्ड' और 'आश्रितों का विद्रोह' है। पांच एब्सर्ड उपन्यास का प्रकाशन वर्ष 1971 ई. है हिंदी व्यंग्य साहित्य में पांच एब्सर्ड उपन्यास सर्वथा नवीन प्रयोग है। जिसमें वर्तमान समाज की वास्तविकता का यथार्थ चित्रण प्रस्तुत किया गया है। इस उपन्यास में पांच कहानियां समाहित हैं,

जिसमें लेखक ने आत्मकथ्य शैली का प्रयोग करते हुए समकालीन अर्थहीन जीवन पर करारा व्यंग्य किए हैं। कथ्य एवं शिल्प की दृष्टि से यह व्यंग्य उपन्यास एक नवीनतम प्रयोग है।

'आश्रितों का विद्रोह' का प्रकाशन वर्ष 1973 ई. है। यह उपन्यास कॉलेज के अहाते से गुजरती हुई दिल्ली नगर में रहने वाले आम जनता के विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक परिधि को छूती हुई, वहाँ की विविध समस्याएँ-राशन, पानी, बिजली, दूध, यातायात आदि के साथ जूझने की कथा का यथार्थ चित्रण किया गया है। इस व्यंग्य उपन्यास की संवेदना प्रशासन विरोधी है। फैंटेसी शैली का प्रयोग करते हुए वर्तमान शासन व्यवस्था की विसंगतिपूर्ण स्थिति के विरुद्ध करारा व्यंग्य इस उपन्यास में किया गया है। इस व्यंग्य उपन्यास का मूल उद्देश्य शासन की विसंगतियों को उजागर करना है। सम्पूर्ण हिंदी व्यंग्य साहित्य में संभवत: पहली बार प्रशासन के विरुद्ध विद्रोह की संभावना को चित्रित किया गया है। इस उपन्यास में यह दिखाया गया है कि कैसे आमजनता का जीवन त्रस्त है, दैनिक उपभोग की आवश्यक वस्तुओं की उचित व्यवस्था न हो पाने की वजह से सर्वत्र अव्यवस्था फैली हुई है। इस व्यंग्य उपन्यास में हर वर्ग शासन के विरुद्ध विद्रोह करने को तैयार खड़ा है जैसे-कॉलेज के छात्रों द्वारा परिवहन व्यवस्था के विरुद्ध, राशनिंग की अव्यवस्था के विरुद्ध मि. कालिया का विद्रोह, दुग्ध व्यवस्था के विरुद्ध चेतन के द्वारा विद्रोह की भावना को दिखाया गया है। शासन द्वारा 'आश्रितों के विद्रोह' को दबाने के लिए कारगर उपाय है आपात स्थिति घोषित कर सम्पूर्ण अधिकार अपने हाथ ले लेना। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के निवासी इस स्थिति से भलीभांति परिचित हैं। यह बात पूर्णत: सत्य सिद्ध होती है कि लेखक अतीत और वर्तमान ही नहीं भविष्य का भी सृष्टा होता है यथा-1973 में प्रकाशित यह उपन्यास और 1975 ई. का सरकारी दमन प्रत्यक्ष है, इससे व्यंग्य की सार्थकता और उपयोगिता सिद्ध होती है।

महानगरों के परिवहन एवं सड़कों के गड्ढों पर कटाक्ष करते हुए लेखक लिखते हैं कि - "दिल्ली की सड़कें चक्की का निचला पाट है और ऊपरी पाट के रूप में यहाँ अनेक ट्रक और बसें घूमती रहती हैं। कुछ दाने जो कुछ असावधान होते हैं और उन सड़कों को 'बाबुल का अंगना' समझते हैं।"6

वर्तमान समय की भ्रष्ट राजनीतिक व्यवस्था में शासक वर्ग द्वारा जिस प्रकार लोकतंत्र के नाम पर लोगों को प्रताड़ित किया जाता है, निम्न वर्ग तथा दलित वर्ग का शोषण करते हुए उन्हें निर्धनता में ही जीवन व्यतीत करने के लिए आवश्यक परिस्थितियों का निर्माण करते हैं। प्रशासन पर आश्रित जनता सरकारी व्यवस्था के विरुद्ध अपना विद्रोह प्रकट करने पर विवश हो जाती है, पर राजनीति उसे फिर से अपने छल प्रपंच द्वारा बर्गला कर पुन: प्रशासन तंत्र पर आश्रित होने को मजबूर कर देती है। राजनीति और भ्रष्ट नेताओं पर व्यंग्य करते हुए डॉ. नरेन्द्र कोहली लिखते हैं-"विप्लवी व्यावहारिक राजनीति का मर्मज्ञ था और देश के नेताओं के पद-चिन्हों पर पूरी तरह चल रहा था। न्याय अन्याय या सिद्धांतों से अधिक महत्वपूर्ण चीज इलेक्शन थी। गधा बनकर भी इलेक्शन जीता जा सके तो जीतेगा, जैसाकि अपने देश का रिवाज है। वह अपने देश के रिवाजों के विरुद्ध कैसे जा सकता था, देशभक्त जो ठहरा।"7

इसी प्रकार दिनों दिन गिरती जा रही देश की आर्थिक प्रगति और महंगाई एवं जीवन के सामान्य पक्ष का वर्णन तथा उसके माध्यम से सामाजिक समस्याओं के विरुद्ध तंज कसते हुए लिखते

हैं–"पत्नी की खांसी। वे कुछ चैतन्य हुए। पत्नी का स्वास्थ्य देश की आर्थिक स्थिति के समान बिगड़ता जा रहा था; विशेष रूप से उसकी खांसी दिनोदिन महंगाई के समान बढ़ती जा रही है।"8

इस व्यंग्य उपन्यास में डॉ. कोहली ने विशाल सामाजिक व्यवस्था में बदलाव लाने की मंशा से विद्रोह की भावना को वाणी प्रदान नहीं की है। अपितु इनके विद्रोह का मुख्य उद्देश्य भ्रष्ट और निष्क्रिय प्रशासन व्यवस्था को बदलकर सक्रिय बनाना है।

हिन्दी व्यंग्य परम्परा में अशोक शुक्ल का व्यंग्य उपन्यास 'प्रोफ़ेसर पुराण' भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली पर करारा व्यंग्य है, यह महाविद्यालयों की स्थिति और अध्यापकों की नियुक्ति से साक्षात्कार कराता है। 'हड़ताल हरिकथा' इस उपन्यास में शैक्षणिक जगत की विसंगतियों को उजागर किया गया है। हंसराज रहबर का 'किस्सा तोता पढ़ाने का' मनोहर श्याम जोशी का कुरू कुरू स्वाहा, डॉ. सुदर्शन मजीठिया का कागजी सुल्तान, के.पी. सक्सेना का श्री गुलसनोवर की यात्रा, डॉ. सरोजनी प्रीतम का बिके हुए लोग 1986 ई. में सम्मान की लालसा तथा आर्थिक लाभ प्राप्ति के इच्छुक साहित्यकारों की यादों का पोस्टमार्टम किया गया है।

मुद्राराक्षस का प्रपंचतन्त्र, डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी ने नरक यात्रा, बारामासी, अलग, मरीचिका और हम न मरब आदि व्यंग्य उपन्यासों के द्वारा समाज के कटु सत्य जो पर्दे के पीछे छुपा रहता है उसे परत दर परत उघाड़ते हुए यथार्थ चित्रण किया गया है।

वर्तमान काल में अनेक व्यंग्यकारों के व्यंग्य उपन्यास प्रकाशित हुए, जिन्होंने अपने व्यंग्य उपन्यासों से सामाजिक राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, धार्मिक आदि क्षेत्रों की विसंगतियों पर तीखा प्रहार कर हिन्दी व्यंग्य उपन्यासों की परम्परा को और अधिक सुविकसित किए हैं।

निष्कर्षत: व्यंग्य उपन्यासों की इस श्रृंखला में 'आश्रितों का विद्रोह' अपनी सार्थकता लिए हुए है। आधुनिकता के इस युग में परम्परागत मूल्यों का ह्रास और उनके स्थान पर नवीन मूल्यों की स्थापना में संघर्ष एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बनती जा रही है। आधुनिकता के रंग में सराबोर व्यक्ति, समूह, समाज और प्रशासन अपने व्यवहार में जिन प्रवृत्तियों को ग्रहण कर रहा है, उनमें अवसरवादिता, रिश्वतखोरी, बेईमानी, विसंगतियां और विकृतियाँ आदि समाज के स्वरूप को कुरूपता प्रदान कर सामाजिक व्यवस्था की जड़ों को नष्ट करते जा रही है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. www.rachnakar.org, सुरेन्द्र वर्मा, मैथिलीशरण गुप्त की मूल्य चेतना।
2. नरेन्द्र कोहली, त्राहि–त्राहि (समग्र व्यंग्य–2), भूमिका।
3. हरिशंकर परसाई, रानी नागफनी की कहानी लेखक की बात, पृ. 76.
4. रामचन्द्र तिवारी, हिंदी का गद्य साहित्य, पृ. 293.
5. सं. रामवृक्ष सिंह और डॉ. बालेन्दु शेखर तिवारी, रागदरबारी व्यंग्य सन्दर्भ की परख (पुरोवाक्)।
6. नरेन्द्र कोहली, त्राहि–त्राहि (समग्र व्यंग्य 2), पृ. 279.
7. नरेन्द्र कोहली, त्राहि–त्राहि (समग्र व्यंग्य 2), पृ. 252.
8. नरेन्द्र कोहली, त्राहि–त्राहि (समग्र व्यंग्य 2), पृ. 279.

❑❑❑

शोधार्थी, शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महा. राजनादगांव (छ.ग.)

शोध निर्देशक, सहा. प्रा., शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महा. राजनादगांव (छ.ग.)

हिन्दी कविता में ग़ज़लों की स्थिति

—दीपमाला

आज अगर हिन्दी कविता के लोग आवारा, पागल, दीवाना, मस्ताना आदि तखल्लुस का इस्तेमाल कर रहे हैं तो वह भी ग़ज़ल की ही देन है। यही नहीं अगर कविता में कुछ लोग दर्द की कहानियां कह रहे हैं तो इसके पीछे भी कहीं न कहीं ग़ज़ल की ही मौजूदगी है। कुछ अगर ग़जल को इश्क और मुहब्बत, शराब-शबाब और मंचीय गायकी तक सीमित रखकर ग़ज़ल में नहीं उतर सके, उनमें ग़ज़ल की कसक अभी बरकरार है।

मशहूर शायर डॉ. बशीर बद्र का एक शेर है –

नज़्म, ग़ज़ल, अफ़साना, गीत, एक तिरा ही गम था जिसको हमने
कैसा–कैसा नाम दिया है, कैसे–कैसे बाँट लिया है।

इस शेर में डॉ. बशीर बद्र साहब ने भले नज़्म (कविता) और ग़ज़ल को एक ही सीमा में बांधा हुआ है पर जब कविता और ग़ज़ल की परिभाषाएं पढ़ते हैं तो अनेक अर्थ और मान्यताएं सामने आती हैं।

उर्दू के बड़े समीक्षक डॉ. अर्शद ज़माल ने अपने एक लेख में जिक्र किया है–

'स्वर्गीय रघुपति सहाय उर्फ़ फ़िराक गोरखपुरी साहब ने ग़ज़ल की बड़ी ही भावपूर्ण परिभाषा लिखी है–'जब कोई शिकारी जंगल में कुत्तों के साथ हिरन का पीछा करता है और हिरन भागते–भागते किसी ऐसी झाड़ी में फंस जाता है, जहां से वह निकल नहीं सकता, उस समय उसके कंठ से एक दर्द भरी आवाज़ निकलती है। उसी करूण स्वर को ग़ज़ल कहते हैं। आगे अपनी बात जोड़ते हुए डॉ. ज़माल लिखते हैं–'इसलिए विवशता का दिव्यतम रूप में प्रगट होना, स्वर का करुणतम हो जाना ही ग़ज़ल का आदर्श है।

दूसरी तरफ जब कविता के बारे में फिराक साहब से पूछा जाता है तो बात कुछ और निकलकर सामने आती है।

हिन्दी के बड़े समालोचक स्वर्गीय डॉ. प्रभाकर श्रोत्रीय की आलोचनात्मक किताब 'कवि परम्परा–तुलसी से त्रिलोचन' के पहले ही अध्याय, जो कि तुलसीदास जी पर ही है, उसका शीर्षक है–'ध्यान से सुनना सदियाँ बोल रही हैं'। यह शीर्षक, रघुपति सहाय उर्फ़ फ़िराक गोरखपुरी की ग़ज़ल का ही एक मिस्रा है। तुलसीदास जी पर लिखी जा रही समालोचना में फ़िराक गोरखपुरी के मिस्रे का जिक्र और वह भी शीर्षक के रूप में, सबको चौंकाता है। चौंकाने वाली बात यह भी है कि इस किताब के पहले पेज का पहला पैराग्राफ ही उर्दू भाषा से

भरा हुआ है। पहले पैराग्राफ के सातवें शब्द माहिरेनक्कीद से लेकर अजीमुश्शान, हकीक़तआश्ना, तनकीएताम, मुसाहिबे, तुर्शज़बान जैसे अनेक ठेठ और कठिन उर्दू शब्दों का प्रयोग साहित्य की गंगा जमुनी तहजीब का परिचायक तो है ही, कविता में ग़ज़ल की स्थति को भी बखूबी स्पष्ट करता है।

दरअसल फिराक गोरखपुरी साहब की जन्मशती पर 'वागर्थ' पत्रिका के लिए डॉ. प्रभाकर श्रोत्रीय जी को कुछ विशेष सामग्री देनी थी। इसके लिए उन्होंने, उनके अजीज दोस्त रेवतीलाल शाह से मदद माँगी। 'वागर्थ' के इस अंक में रेवतीलाल शाह साहब का भी एक संजीदा मगर दिलकश लेख शामिल था। श्री शाह के इस लेख में हिंदी के जाने माने ललित निबंधकार श्री उमाकांत मालवीय द्वारा फिराक गोरखपुरी साहब से लिए गए एक साक्षात्कार का हवाला दिया गया था। चूँकि फिराक गोरखपुरी साहब हिंदी, उर्दू, अरबी और फारसी भाषा के बहुत बड़े जानकार थे, गोरखपुर में जन्मे होने के कारण संस्कृत पर भी पकड़ रखते थे। उर्दू में लिखते थे और अंग्रेजी के प्राध्यापक थे और शायरी की हर भाषा को गहरे तक जानते थे। उमाकांत मालवीय जी उनसे एक सवाल पूछते हैं – 'आप इतनी भाषा के काव्य से परिचित हैं, किसी एक कवि का नाम जबान पर आएगा तो किसका आएगा?'

उत्तर था – 'तुलसीदास का और किसका?'

आगे पूछा गया–'आपको लगता है कि आप उनके सहयात्री हैं?'

किंचित उत्तेजित होकर फ़िराक साहब ने उत्तर दिया –

'क्या मूर्खतापूर्ण बात करते हो, मैं सूर, तुलसी, कबीर और मीरा के करोड़ मील दूर तक ग़ालिब, इकबाल और टैगोर को नहीं मानता तो मेरी तो बिसात ही क्या है।

खुद रेवतीलाल शाह साहब ने एक बार फ़िराक से तुलसी के बारे में उनकी राय जानना चाही थी, तो कहने लगे थे :

'मियाँ एक लाख फ़िराक मिलकर भी तुलसी का मुकाबला नहीं कर सकते। तुलसी की कविता जब कान में पड़ती है तो ऐसा लगता है कि एक-एक शब्द के साथ कान में अमृत टपक रहा हो।

फिराक साहब ने ताउम्र अधिकाँशत: ग़ज़लें कहीं। उर्दू से अतिशय प्रेम के कारण अपना नाम तक रघुपति सहाय से फिराक गोरखपुरी रख लिया फिर उन्हें तुलसी जी में क्या मिल गया, जो अंग्रेजी, उर्दू, अरबी, फारसी और दूसरी ज़बानों में नहीं था।

कारण साफ़ है कि जब तुलसीदास के सम्पूर्ण जीवन को आत्मसात करने पर उसके मंथन से जो रस टपकता है , उस रस से सिर्फ़ कविता बनती है और जब भागते-भागते जीवन, किसी ऐसी झाड़ी में फंस जाता है, जहां से वह निकल नहीं सकता, पर जीने की उम्मीद बरकरार रहती है, तब वो दर्द भरी आवाज़ ग़ज़ल कही जाती है, ग़ज़ल, कविता का एक प्रकार हो सकती है पर कविता नहीं। यानि अलग से कोई इसका रूप नहीं हो सकता।

हालांकि कविता के विकास में ग़ज़ल की भूमिका, कविता की रस सत्ता में जबरदस्त मिठास घोलती है। यही नहीं तुलसी, मीरा, सूर और कबीर से आगे आते हुए छायावाद की चौखट से थोड़ा अंदर घुसने के बाद जब सचिदानंद हीरानन्द वात्स्यायन अज्ञेय रास्ते में खड़े मिलते हैं, वहां कुछ समय के लिए कविता की गीत धारा टूटती हुई दिखाई पड़ती है और वहीं कहीं बेनज़र दुष्यंत कुमार हिंदी ग़ज़ल के रूप में एक अलग से विशाल मकान तैयार कर रहे होते हैं, जहां कविता को छंद की हल्की सी ताकत मिलती है और धीरे-धीरे ये ताकत कविता को नए प्राण देती है।

दुष्यंत के समय में हिन्दी कविता एक नया रूप अख्तियार कर रही होती है। ऐसे नाजुक दौर में दुष्यंत एक अवसर लेकर ग़ज़ल को हिन्दी में लिखने का प्रयास करते हैं। वो गज़ल कहते नहीं, लिखते हैं इसलिए बहर से बेपरवाह हो जाते हैं पर निराला के गीतों की तरह छंद के आसपास रहते हैं। वे ग़ज़ल के श्रोता नहीं, पाठक तैयार करते हैं और ग़ज़ल के माध्यम से कविता के विकास की नयी इबारत लिखते हुए दिखाई पड़ते हैं।

दुष्यंत कुमार की मात्र 52 ग़ज़लों के सिर्फ एक संकलन 'साये में धूप' ने ग़ज़ल का वह माहौल पैदा किया कि समकालीन अन्य कविताओं की प्रवृतियां वह असर पैदा नहीं कर सकीं। दुष्यंत कुमार के लेखन की शुरुआत नई कविता से हूई। उन्होंने गीत और कहानियां भी लिखीं लेकिन शोहरत हासिल हुई ग़ज़ल से। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि दुष्यंत कुमार ने ही हिंदी कविता को गज़ल के लहजे से जीवनदान दिया। तत्कालीन कवियों ने भले उस समय दुष्यंत को न कवि ही और न शायर ही माना हो मगर आज अगर ग़ज़लकारों की इतनी लम्बी फहरिस्त है और दिन पर दिन बढ़ती जा रही है तो वह दुष्यंत की ही देन है। सरदार मुजावर की आज से 21 बरस पहले 2001 में प्रकाशित कृति 'हिन्दी ग़ज़ल का वर्तमान दशक' के अनुसार सन् 1990 के बाद हिन्दी ग़ज़लों की एक बाढ़ सी आई प्रतीत होती है। अगर दुष्यंत से पहले के बड़े रचनाकारों अमीर खुसरो, कबीर, भारतेंदु हरिश्चंद्र, जयशंकर प्रसाद और निराला को छोड़ भी दिया जाए तब भी दुष्यंत के बाद के बड़े कवियों प्रयाग शुक्ल और रामदरश मिश्र जैसे कवियों का ग़ज़ल में उतरना कविता के विकास में ग़ज़ल की बड़ी दखल है। यहाँ तक कि मंच पर अपनी हास्य कविताओं से सबको लुभाने वाले बड़े कवि अशोक चक्रधर, सुरेंद्र शर्मा, अल्हड़ बीकानेरी और माणिक वर्मा सरीखे कवि ग़जल लिखते रहे हैं /लिख रहे हैं तो यह भी कविता को आगे बढ़ाने में ग़ज़ल का एक अप्रतिम योगदान है।

माणिक वर्मा के ग़जल संग्रह 'ग़ज़ल मेरी इबादत है' की भूमिका लिखते हुए मशहूर शायर डॉ. बशीर बद्र ठीक ही लिखते हैं-'कवि सम्मेलनों में व्यंग्य कविता पढ़कर इन्होंने वो मक़बूलियत हासिल की, जो लोग व्यंग्य और उसकी एक्टिंग करके हासिल करते हैं।.......नए ज़माने की खूबसूरत शायरी तजुर्बो में बसी होती है और ऐसी ग़ज़ल बन जाती है, जो हिन्दी के सरमाये में इजाफा करती है।' यहां डॉ. बशीर बद्र का हिन्दी से आशय हिंदी कविता से है। अगर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. श्यौराज सिंह बेचैन अपने नाम के आगे 'बेचैन' तखल्लुस के रूप में इस्तेमाल

करते हैं तो वह भी कहीं ग़ज़ल की ही परिणिति है। आज अगर हिन्दी कविता के लोग आवारा, पागल, दीवाना, मस्ताना आदि तखल्लुस का इस्तेमाल कर रहे हैं तो वह भी ग़ज़ल की ही देन है। यही नहीं अगर कविता में कुछ लोग दर्द की कहानियां कह रहे हैं तो इसके पीछे भी कहीं न कहीं ग़ज़ल की ही मौजूदगी है। कुछ अगर ग़जल को इश्क और मुहब्बत, शराब-शबाब और मंचीय गायकी तक सीमित रखकर ग़ज़ल में नहीं उतर सके, उनमें ग़ज़ल की कसक अभी बरकरार है।

समकालीन कविता जो एक समय अपनी भाषा शैली, असहजता और छल के कारण समाज से कट गई थी। उस वातावरण में गजल ने अपने खूबसूरत अंदाज, शिल्प, एक अलग तरह की भाषा और लहजे में सामाजिक शोषण और विषमता के खिलाफ अपनी जबरदस्त उपस्थिति दर्ज की। सबसे बड़ी बात यह भी है कि गजल में निहित उसके प्रेम तत्व ने एक बड़े युवा वर्ग को सदा अपनी तरफ खींचकर रखा। हालांकि प्रेम और प्रकृति के तत्व कहीं न कहीं छायावाद की कविताओं में भी था, लेकिन माना जाता है कि छायावादी कवि मिथक और कल्पना में अधिक जीते थे। शायद इसीलिए दिनकर जी ने भी छायावाद के खिलाफ स्वच्छंदतावाद की बुनियाद रखी और यथार्थ की ओर आने का संकेत दिया। ग़ज़ल अपने लबों, लहजों, अपनी तकनीक अपने मुहावरों, कहन और गीतात्मकता के कारण पाठकों और श्रोताओं की पहली पसंद बन गई। उर्दू गजल में जिस प्रेम का जिक्र था, हिंदी गजल में आकर वह मानव प्रेम में बदल गया। यही वजह है कि भारतेन्दु भी इसे नजरअंदाज नहीं कर सके और उन्होंने ग़ज़लों के साथ साथ ग़ज़ल के अंदाज में कई रचनाएं लिखीं।

हिंदी गजल पर यह आरोप भी धीरे-धीरे मिटता चला गया कि वह काव्य तत्व से दूर थी। वहां जो प्रेम था उसमें पाकीज़गी थी। प्रयोगवादी कविता की तरह वहां रक्त खौला देने वाली बात नहीं थी। लेकिन यह भी मानना होगा कि गजल कोई भी बात खुलकर नहीं कहती। एक शेर के हजार अर्थ होते हैं। पाठक या श्रोता अपने हिसाब से उसका अर्थ निकालता है।

हमने माना कि ये पत्थर का शहर है लेकिन
ये जरूरी तो नहीं खुद को बनालो पत्थर। —ज्ञान प्रकाश विवेक

पूरे बदन पर सलवटें ही सलवटें हैं
चलो रब के घर कपड़े बदलते हैं। —राम अवतार बैरवा

ग़ज़ल ने हिंदी कविता को विकसित ही नहीं किया, कविता को नयी पहचान भी दिलाई। कई शायरों ने जीवन में एक ही अच्छा शेर कहा मगर अमर हो गए। लोग उन शायरों के नाम नहीं जानते पर शायरी के मुरीद हैं-

जब सारा जीवन बीत गया वनवासी जीवन को ढोते
तब पता चला इस दुनिया में सोने के हिरण नहीं होते। —अनाम

हिन्दी में ग़ज़ल कहने या लिखने वाले अलग से नहीं पहचाने जाते, उन्हें अभी कवि ही कहा जाता है।

पर शायद अन्य विधाओं में साथ-साथ लिखने वाले ये अवश्य महसूस करते हैं कि ग़ज़ल का एक शेर वह बयां कर देता है, जो एक पूरा उपन्यास नहीं कह पाता। अगर शेर में एक पूरा उपन्यास कहने की ताकत नहीं तो वह शेर दूर तक नहीं पहुंच सकता। इसीलिए लोकप्रिय शायर रामअवतार बैरवा कहते हैं -

तेरी तर्जे-तहरीर मुझको तब कहीं रूहानी लगे,
तू कहानी कहे तो कविता लगे, कविता कहे तो कहानी लगे।

एक अनाम शेर कैसे मुकम्मल जिंदगी बयां कर जाता है-

बेलिबास आए थे इस जहान में,
एक कफन के लिए इतना संघर्ष करना पड़ा। —अनाम

हां यह भी है कि ग़ज़ल में एक शेर को समझने के लिए दूसरे शेर को पढ़ने की कतई जरूरत नहीं होती पर कविता की स्थिति थोड़ी भिन्न है। बिना पूरी कविता पढ़े इस निष्कर्ष पर पहुंचना कठिन हो जाता है।

भाषाई दृष्टि से एक बात और लाजिमी है कि अगर उर्दू हिन्दी को एक करके देखा जाए तो ग़ज़ल, कविता की जुड़वां बहन दिखाई पड़ती है। खुद दुष्यंत ने भी लगभग 20 प्रतिशत शब्द उर्दू के इस्तेमाल किए हैं। विख्यात कथाकार कमलेश्वर ने 2006 में अपने सम्पादन में उर्दू, हिन्दी के 100 से अधिक श्रेष्ठ शायरों का जो संकलन राजपाल प्रकाशन से प्रकाशित हुआ है, उसे 'हिन्दुस्तानी ग़ज़लें' नाम दिया है। अगर भारत के पूर्व महामहिम राष्ट्रपति श्री के. आर. नारायणन द्वारा 1999 में दिए गए अभिभाषण का जिक्र किया जाए तो उन्होंने भी यह बात कही थी 'उर्दू भारत की सामासिक संस्कृति का ख़जाना है। इस प्रकार उर्दू भाषा विविधताओं भरे हमारे विशाल देश में राष्ट्रीय एकता और अखंडता, साम्प्रदायिक सौहार्द और सामाजिक एकता का एक सौम्य और सशक्त साधन हो सकती है।' कहना और सार्थक होगा कि भारत के तीन बड़े हिन्दी भाषी प्रदेश उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और राजस्थान के लोगों की ज़बान में 20 प्रतिशत शब्द उर्दू के समाहित होते हैं। हिन्दी कविता तक जीवन, दुकान, ताजा, कत्ल, अखबार आदि विदेशी भाषाओं के सहारे पूर्ण हो पाती है, जब कि उर्दू तो हमारी खुद की बनाई, बढ़ाई भाषा है और जब हिन्दी ग़ज़ल की बात आती है तो दुष्यंत 'साये में धूप' की भूमिका लिखते हुए खुद स्वीकार करते हैं-कि उर्दू और हिन्दी अपने-अपने सिंहासन से उतरकर जब आम आदमी के बीच जाती है तो उसमें फर्क कर पाना बड़ा मुश्किल होता है। मेरी नियत और कोशिश यही रही है कि इन दोनों भाषाओं को और करीब ला सकूं। इसलिए ये ग़ज़लें उस भाषा में लिखी गई हैं, जिसमें मैं बोलता हूँ।

हालांकि जब गूगल पर सर्च करते हैं तो दुष्यंत की 'साये में धूप' किताब का स्वरूप 'कविताएं' मिलता है और ग़ज़ल को यहां विधा कहा गया है। फिर डॉ. बशीर बद्र का जिक्र किया जाए तो उन्होंने अपनी किताब 'अमीर खुसरो-ता-बशीर बद्र' में लिखा है-'कालीदास, मीरा, कबीर, मीर और गालिब किसी भाषा के नहीं बल्कि शायरी के नाम हैं।'

निस्संदेह गजल ने अपने सौंदर्य, लचीलेपन, भाव भंगिमा और संगीत से कविता को नया आयाम दिया है। आलोचक भले गजल को कविता मानने से इनकार करते रहे, पर पाठकों और श्रोताओं की स्वीकृति उसे हरदम मिलती रही। आलोचकों ने तो तब भी और आज भी दुष्यंत कुमार को ग़ज़लकार नहीं माना जब कि दुष्यंत के कारण या यूं कहें कि हिन्दी ग़जल के कारण कविता और ग़ज़ल का भेद मिटा।

दुष्यंत की ग़ज़लें भले पूरी तरह बहर में न हों पर उनकी गजल के साथ ही लगभग एक दशकीय अज्ञेयवादी हिन्दी कविता के समांतर कविता में छंद की वापसी हुई। हालांकि दुष्यंत ने भी नयी कविताएं खूब लिखी। बल्कि यूं भी कह सकते हैं कि अपने ग़ज़लों में नयी कविता के शिल्प को उतारकर देखा और बहुत सफल हुए।

दुष्यंत की ग़ज़लों ने हर सुख-दुख को, हर्ष-विषाद को आशा-आकांक्षा को अपना विषय बनाया। डॉ. आर पी शर्मा महर्षि के अनुसार ग़ज़ल समसामयिक जीवन में उपयोगी तथा अपनी धरती और परिवेश से जुड़ी हुई है। इसलिए हम पक्के तौर पर कह सकते हैं कि हिंदी गजल जिस सामाजिक चिंता से गुजरती है, वह उसे दीर्घ जीवी बनाती है। किसी भी कविता का जनजीवन का सरोकार जितना गहरा होता है, वह रचना उतनी प्रभावी होती है। ग़ज़ल के बारे में डॉ. इंद्रनाथ सिंह का मानना है छांदसिकता, गीतात्मकता आदि कारकों के साथ जीवन के सभी पक्षों को सहजता के साथ अभिव्यक्त करने की अद्‌भुत क्षमता ने ही हिंदी कविता में ग़जल के मार्ग को सुगम किया। एक बात और कि ग़ज़ल लिखना इतना सरल नहीं है पर उसका अपना एक अंदाज है, एक ढांचा है और अगर वह प्रभावित न कर सके तो ग़ज़ल भी नहीं है। डॉ. सरदार मुजावर का विचार है कि नई कविता की छंदमुक्तता, गद्यमयता और सपाट बयानी से निजात दिलाने का काम गजल ने किया। वास्तव में हिंदी कविता में गजल वह काव्य विधा है, जिसमें सबसे पहले युगीन परिवेश और सामाजिक जीवन का यथार्थ साक्षात्कार दिखाई देता है। समीक्षक डॉ. अनिरुद्ध सिन्हा लिखते हैं कि ग़ज़ल मनुष्यता को केंद्र में रखकर ही अपनी बात कहती है।

यह भी कहना जरूरी है कि दुष्यंत से पहले भी हिन्दी में ग़ज़लें लिखी गई हैं। अमीर खुसरो, कबीर, भारतेंदु मिश्र, जयशंकर प्रसाद और निराला सरीखे रचनाकारों ने ग़ज़ल कही हैं मगर ग़ज़ल लिखने का अनूठा प्रयास निस्संदेह दुष्यंत कुमार ने ही किया है। हिंदी ग़ज़ल जब अमीर खुसरो से राम अवतार बैरवा तक पहुंचती है तो उसमें कई नए आयाम, उपमाएं और अलंकार जुड़ जाते हैं। यहां तक कि वो दरबार से निकलकर घर बाहर तक पहुंचकर जन-जन की भाषा बन जाती है। यही कारण है कि चानन गोविंदपुरी को कहना पड़ा कि गजल वह जानदार बूटा है जो हर प्रकार की जमीन में उगने और हर मौसम में विकसित होने का सामर्थ्य रखता है।

आज हिंदी गजल आंदोलन के रूप में खड़ी है। हिंदी में अच्छी ग़ज़लें लिखी जा रही हैं, जिसमें शिल्पगत सौंदर्य भी है और भावगत सौंदर्य भी। हिंदी के कई गज़लगो हैं, जिन्होंने दुष्यंत की परंपरा को सलीके से संभाल रखा है। समकालीन हिंदी के समृद्ध ग़ज़लकारों में जहीर कुरैशी, विनय मिश्र, विज्ञान व्रत, राजेश रेड्डी, रामकुमार कृषक, अदम गोंडवी, पवन कुमार और रामअवतार बैरवा आदि के नाम महत्वपूर्ण हैं।

हिंदी कविता में ग़ज़ल आज अपनी ताकत, संप्रेषण कौशल, प्रस्तुतीकरण और गहराई के कारण फल-फूल रही है। हर आदमी ग़ज़ल का दीवाना है। बड़ा कारण यह भी है कि ग़ज़ल के हर शेर में आम जन को अपनी आवाज सुनाई देती है। हिंदी के कुछ महत्वपूर्ण ग़ज़लकारों के शेर भी इस संदर्भ में देखे जा सकते हैं-

दीवारों पर दस्तक देते रहिएगा, दीवारों में दरवाज़े बन जाएंगे। -डॉ. कुंवर बेचैन

जब जब जोड़ लगाता हूं। अक्सर खुद घट जाता हूं। -विज्ञान व्रत

कोई शिल्पी उसे यूं छोड़ गया, वह न मूरत है अब न पत्थर है। - हरेराम समीप

मुझको उस वैद्य की विद्या पर तरस आता है, भूखे लोगों को जो सेहत की दवा देता है।

-गोपाल दास नीरज

तमाम शहर में घूमकर आ गए बादल, कहाँ बरसते हर तालाब में झुग्गियां हैं।

बिगड़ता है इंसां सुधरते-सुधरते, सुधरती है ग़ज़ल बिगड़ते-बिगड़ते। - रामअवतार बैरवा

कहना न होगा कि अपनी इसी विशेषताओं के कारण हिंदी कविता में ग़ज़ल अपनी स्थिति को दिन पर दिन बढ़ाते और बनाए हुए है। इसका लबो लहजा, अंदाज़ प्रस्तुतीकरण और बुनियादी ढांचा इसे सबसे अलग और सबसे बेहतर असर बनाता है। हिन्दी काव्य मंच पर तो स्थिति यह है कि हर कवि बिना शायरी के अपनी कविता कहता ही नहीं। ग़ज़ल ने भले 'वाह-वाह' शब्द ही उत्पन्न किए हों, परन्तु बहुत से शायर 'आह' शब्द भी उत्पन्न करते हैं। हिन्दी ग़ज़ल अभी भले 50 बरस की ही हुई हो पर जल्द ही वह इस प्रौढ़ता से आगे बढ़ेगी और कविता के 'आह' तक पहुंचकर नए आकाश चूमेगी।

संदर्भ :

1. नचिकेता वर्ष 2014, अष्टछाप पृष्ठ 8, फोनिम पब्लिकेशन दिल्ली 53
2. श्री आरपी शर्मा महर्षि, वर्ष 2005, ग़ज़ल लेखन कला, पृष्ठ 15, मीनाक्षी प्रकाशन दिल्ली 92
3. श्री माणिक वर्मा, ग़ज़ल मेरी इबारत है, वर्ष 2010, डायमंड बुक्स, दिल्ली
4. डॉ. प्रभाकर श्रोत्रीय, कवि परम्परा रू तुलसी से त्रिलोचन, भारतीय ज्ञानपीठ
5. डॉ. नरेश, वर्ष 2004, हिंदी गजल दशा और दिशा पृष्ठ 85, वाणी प्रकाशन दिल्ली
6. सरदार मुजावर, वर्ष 2001, हिन्दी ग़ज़ल का वर्तमान दशक तथा 2007, हिंदी की छायावादी गजल, वाणी प्रकाशन दिल्ली
7. अनिरुद्ध सिन्हा वर्ष 2009 हिंदी ग़ज़ल का सौंदर्यात्मक विश्लेषण, पृष्ठ 20, जवाहर पब्लिकेशर्स नई दिल्ली 16
8. अमीर खुसरो-ता-बशीर बद्र, वाणी प्रकाशन, सन् 2000
9. विज्ञान व्रत, 2018, जैसे कोई लौटेगा पृष्ठ 76 अयन प्रकाशन नई दिल्ली
10. दुष्यंत कुमार नया संस्करण वर्ष 2014 साए में धूप, राधाकृष्ण प्रकाशन दिल्ली
11. राम अवतार बैरवा के ग़ज़ल संग्रह 1. सुबह 2. दोपहर
12. गूगल सर्च

❑❑❑

शोधार्थी (हिन्दी विभाग), दिल्ली विश्वविद्यालय

सुरेश्वर त्रिपाठी की कहानियों में चित्रित ग्रामीण जीवन

—मंजू देवी

सुरेश्वर त्रिपाठी की कहानियों में गाँव के लोग अभावग्रस्त जीवन जीते हुए भी प्रकृति की गोद में विशाल आकाश के नीचे शांतिप्रिय जीवन राजी-खुशी बिताते हुए दिखाई देते हैं। आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए खेती व मजदूरी ही उनके मुख्य साधन है। उनके पास एक अन्य विकल्प गाँव से पलायन है। शहरों में जाकर जीविका कमाना और अपना जीवन निर्वाह करना लोगों को सही लगता है। "अतिथि देवों भवः' परम्परा को गाँव में लोग आज भी जिन्दा रखे हुए हैं।

अपने जीवन का अनमोल हिस्सा गांव में व्यतीत करने वाले सुरेश्वर त्रिपाठी ने अपने कथा साहित्य में ग्रीण जीवन का सजीव एवं यथार्थ वर्णन किया है। त्रिपाठी जी ने अपनी कहानियों में ग्रामीण परिवेश, बोलचाल, रहन-सहन, रीति-रिवाज, जीवन में व्याप्त अनेक समस्याओं को शब्द चित्र द्वारा हर रंगरूप में रेखांकित किया है। खेतों में दूर-दूर तक लहराती फसलें, कड़ी धूप और खुले आसमान के नीचे काम करता किसान, घरों की भागदौड़ संभालती तथा खेतों में मजदूरी करती स्त्रियां, बरगद की जड़ों में बैठी लोगों की मण्डली तथा चारा खाते मवेशी आदि के सजीव चित्र गांव के प्रति त्रिपाठी जी की संवेदना तथा उनके गहन अनुभव को दर्शाते हैं। ग्रामीण अंचल में जन्में त्रिपाठी जी ग्रामीण जीवन की नस-नस से परिचित है। भरतीय ग्रामीण जीवन को उन्होंने सम्पूर्ण यथार्थ के साथ चित्रित किया है।

हमारे साहित्यकार ग्रामीण यथार्थ से अवगत हैं। वर्तमान समय में ग्रामीण संस्कृति में आ रहें उथल-पुथल को वे समझते हैं। इसलिए उनकी रचनाओं में ग्रामीण समाज की वास्तविकता का अंकन देखने को मिलता है। 'बड़की मामी', 'बन्द होठों की चीत्कार', 'छोटी सी भूल', 'कौए की चोंच', 'महुए का पेड़', 'परबतिया के आंसू', 'रतनपुरा की बसंती', 'रिखऊ बाबा', 'मत छूना मुझे', 'जासूस' आदि कहानियों में ग्रामीण परिवेश तथा संस्कृति के हर रंग रूप तथा पहलू के दर्शन होते हैं। बड़की मामी कहानी की शुरूआत में ही ग्रामीण परिवेश की झलक देखने को मिल जाती है – "घर के बाहर ही जामुन, आम, अमरूद, आंवले, नींबू आदि के पेड़ों के कारण वहां काफी हरियाली बनी रहती थी और बड़े पेड़ों की घनी छांव-चारपाइयों पर लेटकर-बैठकर लोग आपस में बातें किया करते थे। वहां का माहौल ऐसा था कि केवल मामा के घर के ही नहीं गांव के आस-पास के लोग भी आकर समय बिताया करते थे। दरवाजे पर ही नाद बने हुए थे जिनके सामने गाय-बैल

और भैंसे बंधी रहती थी। मनोज को देखते ही (बाबू-लाल) ने एक चारपाई बिछायी और गुड़-पानी लाकर दिया।"[1]

लेखक ने बड़की मामी, बुधिया की माई तथा सुरेश की मां आदि मुख्य नारी पात्रों को इन्हीं नामों से संबोधित किया है। इन पात्रों के अपने मूल नाम नहीं हैं। लेखन ने ऐसा ग्रामीण परिवेश तथा संस्कृति को ध्यान में रखकर ही किया है क्योंकि गांव में विवाहित स्त्री को मूल नाम से नहीं पुकारा जाता बल्कि उसके बच्चों के नाम से पुकारा जाता है। लेखक ने 'बन्द होठों की चीत्कार' तथा रिखऊ बाबा कहानी के माध्यम से ग्रामीण लोगों की दिनचर्या पर प्रकाश डाला है।

"लोग भोर से ही दिनचर्या शुरू कर देते हैं। मवेशियों की संख्या के अनुसार श्रम भी करना पड़ता है। जिनके यहां अधिक मवेशी होते हैं, उनके यहां काम भी ज्यादा होता है। रिखऊ बाबा भोर में ही उठ जाते हैं। पहले दरवाजे पर रातभर में मवैशियों द्वारा किये गए गोबर को वे खांची से उठाते, उसे ले जाकर एक गड्ढे में डालते हैं। ये गोबर या तो कंपोस्ट खाद बनाने के काम आता है या इसके उपले बनाये जाते हैं। इसके बाद वे सूखी अरहर से बनी एक लंबी झाड़ू से पूरा दरवाजा साफ़ करते और वह कूड़ा भी खेतों में ले जाकर फेंकते हैं। चारा मशीन से हरा चारा काटकर रखने के बाद नादों में भूसा डालते, उसमें थोड़ा हरा चारा मिलाते और फिर मवेशियों को झोंपड़ी से निकालकर नाद की ओर लाया जाता। कभी-कभी रात में घर के बचे खाने और खीर आदि को मिलाकर मवेशियों के नाद में डाला जाता। यह उनके लिए स्वीट डिश की तरह होता था।"[2]

गांव के लोगों का आर्थिक जीवन प्राय: खेती पर ही निर्भर होता है। अधिकांश लोग खेती करके अपने परिवार का पेट पालते हैं। किसान पूरा दिन मेहनत करके अपना ही नहीं बल्कि पूरे देश के लोगों का पेट भरते हैं। खेतों में लहराती फसलें किसानों में उम्मीद की किरण जगा देती हैं। यही उम्मीद किसान को और अधिक मेहनत करने के लिए उत्साहित करती है। लेखक ने कहीं गेहूं, मटर व चने की फसलों को हरे रंग की चादर में लिपटे हुए दिखाया है तो कहीं गन्ने और अरहर की फसलों को खेतों में लहराते हुए दिखाया है। 'रिखऊ बाबा' कहानी में लेखक ने फसलों की जुताई तथा बुआई का सजीव वर्णन किया है - "खेतों की बुआई के पहले सारे खेतों की जुताई होती। एक दो बार जुताई के बाद पाटा चलाकर मिट्टी को समतल किया जाता। ऐसे समय भोर में ही उठना होता। गाय भैंसों के चारे का नंबर बाद में आता। चूंकि पहले खिला-पिलाकर तैयार करना होता। खेतों की तैयारी के बाद बुआई शुरू होती। जिस खेत में धान की रोपनी करनी होती उसमें पानी का लबालब भरा होना जरूरी होता। बरसात ने कृपा कर दी तो ठीक नहीं तो ट्यूबवेल से पानी भरकर धान की रोपनी करनी पड़ती। दिन भर कीचड़ में इधर-उधर भागना पड़ता।"[3] लेखक ने गन्ने के रस से गुड़ बनाने की पूरी प्रक्रिया का सजीव वर्णन भी अपनी कहानियों में किया है।

गांव वासियों के लिए परम्पराओं तथा रीति-रिवाजों का उनके जीवन में महत्त्वपूर्ण स्थान होता है। वे हर छोटी-छोटी से रस्मों को पूरे विधि-विधान तथा उत्साह के साथ करते हैं। लेखक ने 'छोटी सी भूल' कहानी में विवाह के समय निभाई जाने वाली वररक्षा, तिलक की रस्म, दहेज, द्वारपूजा, आदि रस्मों को लेखक ने दर्शाया है। शादी की सबसे पहली रस्म वररक्षा (बरक्षा) होती है। जिसमें लड़की वालों की तरफ से कुछ लोग लड़के वालों के घर आकर लड़के की छोटी सी पूजा करके उसकी बुकिंग कर लेते हैं। पास-पड़ोस में मिठाई बाँटकर विवाह तय होने की सूचना

दे दी जाती है। उसके बाद तिलक की रस्म होती है। तिलक के अवसर पर लड़की वाले तरफ से लड़के वालों को समान तथा दान-दहेज दिया जाता है ं गांव के लोग दहेज लेना और देना गलत नही मानते। "गांव में देने वाले खुशी से दे रहे थे और लेने वाले शान से सिर उठाये दहेज ले रहे थे। इस कुप्रथा के खिलाफ बोलना तो दूर, सोचना भी गांव के उस माहौल में संभव नहीं था।"[4] तिलकोत्सव के दौरान औरतें तथा लड़कियां तरह-तरह के गीत गाती हैं। तिलक की रस्म के बाद लोगों को रात का भोजन करवाया जाता है। 'बड़की मामी' कहानी में लेखक ने लड़के के छ: दिन का होने के बाद मनाई जाने वाली 'छठियार का रस्म' पर भी प्रकाश डाला है। उस दिन पूजा-पाठ तथा भगवत् गीता का महापाठ कराया जाता है। घर में त्यौहार जैसा माहौल होता है। पूजा के बाद गाँवों के लोगों को भोजन करवाया जाता है जिसमें तरह-तरह के पकवान तथा मिठाईयां बनाई जाती हैं।

गाँव में लड़का तथा लड़की की शादी के लिए उनसे सलाह लेना जरूरी नहीं समझा जाता। परिवार के पुरुष स्वयं ही मिल बैठकर रिश्ता पक्का कर देते हैं। लड़का या लड़की दोनों में किसी की हिम्मत नहीं होती कि वे अपनी मर्जी से विवाह कर सकें। 'छोटी सी भूल'- कहानी में यही होता है। अपनी शादी तय होने की बात पर रवि अपने दोस्त उदय से कहता है "अरे नहीं यार, मैं तो उस लड़की को न तो जानता हूं और न ही देखा हूं।"[5]

ग्रामीण समाज में अनेक तरह की समस्याएं दिखाई देती हैं जैसे शिक्षा की समस्या, चिकित्सा की समस्या, यातायात से संबंधित समस्याएं तथा असुरक्षा की भावना आदि। त्रिपाठी जी ने अपने कहानियों में गांव की अभावग्रस्त जिन्दगी का यथार्थ चित्रण किया है। सुरेश्वर ने 'बन्द होठों की चीत्कार' कहानी में गांव में चिकित्सा सुविधा के अभाव की समस्या को दर्शाया है। गांव में अस्पताल न होने के कारण गांव के लोग शहरों में जाकर इलाज कराते हैं। गांव से अस्पताल तक कई घण्टों का रास्ता था। सुनैना के पति को जहरीले सांप ने काट लिया, जिस कारण उसकी जान खतरे में थी "जल्दी ही अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करनी होगी, तय किया गया कि चारपाई को ही चार लोग उठाकर रामनगर तक ले चलेंगे और वहां से कार से पाहुन को गोरखपुर अस्पताल पहुंचा दिया जायेगा। तीन किलोमीटर का रास्ता तय करने में लगभग एक घंटा लगा। एक आदमी आगे से दूसरा पीछे से टॉर्च जलाते हुए चल रहा था। रामनगर से पाहुन को पिछली सीट पर लिटाया गया। करीब डेढ घंटे में ही लोग गोरखपुर पहुंच गये। वहीं असपताल के आईसीयू में पाहुन को भर्ती करा दिया गया।[6]

गाँवों में यातायात की अच्छी सुविधाएं नहीं हैं। गांवों में सड़कों की कमी के कारण यातायात में बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न होती है। गाँवों में पक्की सड़क और यातायात के साधन न होने के कारण लोगों को बहुत कष्ट सहने पड़ते हैं। त्रिपाठी ने 'छोटी सी भूल', 'महुए का पेड़', 'बन्द होठों की चीत्कार', 'तुम जिन्दा नहीं हो' आदि कहानियों में यातायात की समस्या को उठाया है। यातायात के साधनों तथा सड़कों की कमी के कारण दो या तीन किलोमीटर की दूरी तय करने में भी कई घण्टे लग जाते हैं। तुम जिन्दा नहीं हो कहानी में लेखक इसी समस्या पर प्रकाश डालते है - "बडहलगंज से जोगिंदर सिंह के गांव जाना भी अत्यंत दुरुह और रोमांचक होता था। वहां से लगभग बीस किलोमीटर दूर पटना घाट जाना पड़ता। खड़ंजे की सड़के से हिचकोले खाते हुए पटना घाट से लगभग तीन किलोमीटर पहले ही उतर जाना

पड़ता। वहां से पैदल तीन किलोमीटर पैदल और फिर नाव से राप्ती पार करने में कभी–कभी तीन–चार घण्टे लग जाते थे। राप्ती पार करने के बाद एक किलोमीटर फिर पैदल और तब मिलती थी जीप। जीप वाले आदमियों को भेड़ बकरियों की तरह ठूंस–ठूंस कर भरते तभी जीप आगे बढ़ती। पांच–छह आदमी जहां बैठ सकते वहां चौदह पंद्रह आदमी जीप पर लादे जाते। जीप जोगिंदर सिंह के गांव से लगभग डेढ किलोमीटर पर छोड़नी पड़ती। वहां से फिर पैदल चलने पर जोगिंदर सिंह का गांव आता।[7]

गरीबी गांव के विकास की सबसे बड़ी एवं पहली बाधा है। अनेक मुसीबतों को झेलते हुए दयनीय जीवन बिताने के लिए विवश ग्रामीणों का चित्रण सुरेश्वर त्रिपाठी ने अपनी कहानियों में किया है। आजादी के इतने वर्षों के बाद भी ग्रामीण समाज में कोई सुधार नहीं आया है। गरीबी के कारण ग्रामीण को दैनिक जीवन में अनेक यातनाओं को सहना पड़ता है। 'उपकार का बदला', 'बुधिया की माई', 'परबतिया के आंसू', 'महुए का पेड़' 'रतनपुरा की बसंती' आदि कहानियों में लेखक ने गरीबी की मार झेल रहे ग्रामीण परिवारों का वास्तविक वर्णन किया है। 'परबतिया के आंसू' कहानी में मंगरू पंडित का परिवार दरिद्रता के बीच जीवन बिता रहा था। मंगरू का खपड़ैल का घर गिर जाने के बाद वे झोपड़ी में रहने लगे थे। गरीबी ने उन्हें इतना मजबूर कर दिया कि वे हरिजनों की बस्ती में जाकर रहने लगे। परबतिया अपनी पढ़ाई को बीच में ही छोड़कर अपनी मां के साथ मिलकर मजदूरी करती थी ताकि अपने छोटे भाई बहनों को पेट भर सके। "मंगरू पंडित की बड़ी नतिनी परबतिया गांव की अकेली लड़की थी जो ब्राह्मण की बेटी होते हुए भी खेतों में मजदूरी करती थी। घर की दरिद्रता ने लोक लाज त्यागकर उसे गोंड, पासी, दुसाद, नाऊ और हरिजन जैसी जाति की लड़कियों–औरतों के साथ मजदूरी करने के लिए बाध्य कर दिया था। परबतिया की सहेलियों में एक भी ब्राह्मण घर की लड़की नहीं थी। कमला, चमेली और गुलाबों उसकी प्रिय सहेलियां थी।"[8]

त्रिपाठी जी ने गांवों में जातिगत राजनीति पर भी प्रकाश डाला है। 'महुए का पेड़' 'परबतिया के आंसू', 'तुम जिन्दा नही हो' आदि कहानियों में जातिगत राजनीति देखने को मिलती है। परबतियां के आंसू कहानी में गांव का माहौल जातिगत राजनीति में डूबा हुआ है। हरिजन पण्डितों से बदला लेने के लिए गरीब पण्डित की बेटी परबतिया की इज्जत लूट कर हिसाब–किताब बराबर करना चाहते हैं। "कैलाश हरिजन युवकों के बीच एक नेता के रूप में उभर रहा था। वह एक राजनीतिक दल से जुड़ा था, जहां दिन–रात एक बात सबको सिखाई जाती थी कि ब्राह्मणों ने उसके साथ बहुत अन्याय किया है। उसके मन में यह बात भर दी गयी थी कि उनकी बहू–बेटियों की इज्जत जब चाहते हैं, ये ब्राह्मण लूट लेते हैं। कैलाश ने बहुत दिनों पहले ही योजना बनायी कि वह किसी ब्राह्मण की लड़की की इज्जत लूटकर हिसाब–किताब बराबर कर देगा। इसके लिए सबसे उपयुक्त उसे परबतिया ही लगी।[9] 'तुम जिन्दा नही हो', कहानी में भी ब्राह्मण और ठाकुरों के अलग–अलग गुट थे और कस्बों में इन गुटों के आदमी थे जिनमें कुछ खुले तौर पर तो कुछ गोपनीय ढंग से अपने–अपने गुट के नेता के समर्थन में मरने–मारने को तैयार रहते थे।

लेखक ने गांवों में फैले लोकविश्वास और मिथकों का भी कहानियों में चित्रण किया है। 'कौए की चोंच' कहानी गांवों में प्रचलित अंधविश्वास पर आधारित हैं गांवों में लोगों का यह

लोकविश्वास है कि कौआ अगर किसी के सिर पर चोंच मार दे तो बहुत बड़ा अपशकुन हो जाता है। "इस अपशगुन को मिटाने का एक ही रास्ता है, जिस व्यक्ति को कौए ने चोंच मारी हो, उसके किसी परिजन को पहले उसके मरने की खबर दे दी जाय और जब वह आंसू बहा ले, तब उसे बता दिया जाए कि वास्तव में कोई मरा नहीं है बल्कि कौए ने चोंच मारी है।"[10] तुम जिन्दा नहीं हो "कहानी में यह लोकविश्वास है कि यदि किसी लड़की के मन में पति के रूप में किसी लड़के की छवि बन गयी तो वह आजीवन ही उसे अपना पति मानेगी। कहानी में आशा भी शादीशुदा नीलाभ को मन ही मन अपना पति मान लेती है और अपने माता-पिता से कह देती है कि वह शादी करेगी तो नीलाभ से ही करेगी नहीं तो अपनी जान दे देगी।

सुरेश्वर त्रिपाठी की कहानियों में गाँव के लोग अभावग्रस्त जीवन जीते हुए भी प्रकृति की गोद में विशाल आकाश के नीचे शांतिप्रिय जीवन राजी-खुशी बिताते हुए दिखाई देते हैं। आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए खेती व मजदूरी ही उनके मुख्य साधन है। उनके पास एक अन्य विकल्प गाँव से पलायन है। शहरों में जाकर जीविका कमाना और अपना जीवन निर्वाह करना लोगों को सही लगता है। "अतिथि देवों भवः' परम्परा को गाँव में लोग आज भी जिन्दा रखे हुए हैं। गाँवों के लोगों की छोटी-छोटी खुशियाँ, मन-मुटाव, एक-दूसरे से ईर्ष्या तथा क्रोध, संस्कार मान-मर्यादा, रिश्ते नातों का बन्धन, ग्रामीण लोक भाषा, किसानी-संघर्ष, आदि सभी पहलू कहानियों में देखने को मिलते हैं। गाँव की छोटी से छोटी घटनाओं को लेखक ने पूरी संजदगी से उठाकर पाठकों के सामने प्रस्तुत किया है।

निष्कर्ष : हम कह सकते हैं कि सुरेश्वर त्रिपाठी जी ग्रामीण के टूटते-बिखरते और जीवित मानवीय संबंधों के कथाकार हैं। त्रिपाठी जी ने ग्रामीण समाज के हर पहलू को उजागर किया है। जिसमें ग्रामीण समाज की लोक संस्कृति, ग्रामीण समाज के भविष्य के प्रति चिन्ता, ग्रामीण समाज में जीवित आत्मीयता स्त्री जीवन, रिश्तों में एकता का भाव, आपसी द्वेष, प्रेम प्रसंग, लोक परम्परा का महत्त्व, अंचल विशेष का वर्णन आदि सभी को देखा जा सकता है।

संदर्भ :

1. सुरेश्वर त्रिपाठी : मैं सिवात्री नहीं हूँ (कहानी संग्रह), पृ. 12
2. सुरेश्वर त्रिपाठी : गीली रेत का घरौंदा (कहानी संग्रह), पृ. 135
3. वही, पृ. 136-137
4. वही, पृ. 26
5. वही, पृ. 24
6. सुरेश्वर त्रिपाठी : बन्द होठों की चीत्कार (कहानी संग्रह), पृ. 22-23
7. सुरेश्वर त्रिपाठी : गीली रेत का घरौंदा (कहानी संग्रह), पृ. 69-70
8. सुरेश्वर त्रिपाठी : परबतियां के आँसू, पृ. 44
9. वही, पृ. 47
10. सुरेश्वर त्रिपाठी : गीली रेत का घरौंदा, पृ. 36

❑❑❑

पीएचडी, शोधार्थी, उच्च शिक्षा और संस्थान, हैदराबाद
दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास, खैरताबाद, हैदराबाद-500004

मृत्युबोध के परिप्रेक्ष्य में तेजेन्द्र शर्मा की प्रतिनिधि कहानियाँ

—प्रो. प्रदीप श्रीधर
—चारू अग्रवाल

तेजेन्द्र जी की कहानियाँ सच्ची घटनाओं पर आधारित हैं। उनकी कहानियों में मानव मन की विभिन्न स्थितियों, परिस्थितियों एवं मनोवृत्तियों का चित्रण किया गया है। उन्होंने मृत्यु को भी अपनी कहानियों का एक सशक्त विषय बनाया है। तेजेन्द्र शर्मा किसी एक विधा से जुड़े साहित्यकार नहीं हैं, बल्कि वे एक कहानीकार, कवि ग़ज़लकार, मंच अभिनेता निर्देशक, सिनेमा कलाकार, टी.वी. सीरियल कलाकार, सम्पादक होने के साथ-साथ कथा (यू.के.) संस्था के महासचिव भी हैं।

तेजेन्द्र शर्मा आधुनिक हिन्दी साहित्य जगत् के एक ऐसे प्रतिभाशाली रचनाकार हैं, जिन्होंने अपनी रचनाशीलता और साहित्य सृजन के माध्यम से हिंदी साहित्य जगत् में एक नई पहचान हासिल की है। तेजेन्द्र शर्मा समकालीन कहानी विधा का एक ऐसा उभरा और प्रतिष्ठित नाम है, जो विदेश में रहकर भी हिन्दुस्तान की मिट्टी से जुड़े हुए हैं। तेजेन्द्र जी लगभग पिछले चार दशक से हिन्दी कहानी लेखन में सक्रिय हैं। तेजेन्द्र जी एक ऐसी पृष्ठभूमि और परिवेश के रचनाकार हैं, जिनकी तुलना अन्य किसी रचनाकार या साहित्यकार से करना कठिन हैं। मानवता की समग्र वेदना तथा करूणा उनकी कहानियों में दृष्टिगत होती है। शर्मा जी की कहानियाँ एक नये थीम और नई विषय-वस्तु को हमारे सामने लेकर आती हैं। तेजेन्द्र जी की कहानियों में मृत्यु बार-बार आती है। शर्मा जी ने न सिर्फ मृत्यु को काफी नजदीक से देखा, बल्कि उसे अनुभव और महसूस भी किया। उनकी कहानियों में मृत्यु के अलग-अलग रूप देखे जा सकते हैं।

तेजेन्द्र जी स्वयं इस संबंध में कहते हैं-"मैंने मौत को बहुत करीब से देखा है। पहले पिताजी की दिल की बीमारी से मृत्यु और फिर इंदु जी की कैंसर से मौत। इसके पहले भी विमान दुर्घटना में 329 यात्रियों की मौत जैसे हादसे किसी भी लेखक को लिखने के लिए मजबूर कर देंगे।"1

बीज शब्द : मृत्यु बोध, यथार्थ

प्रस्तावना :

प्रवासी साहित्य आज के समय में कोई नवीन अवधारणा नहीं है। आज प्रवासी साहित्य अपनी एक विशिष्ट पहचान एवं मुकाम बना चुका है। प्रवासी साहित्यकारों से तात्पर्य उन साहित्यकारों से है, जो विभिन्न कारणों से भारत से बाहर रहकर हिंदी साहित्य की रचना कर रहे हैं। प्रवास में रहते हुए उन लोगों

ने अपने संघर्ष, कठिन परिश्रम और अथक प्रयास से विभिन्न देशों में एक अलग और नई पहचान निर्मित की है। प्रवासी परिवेश में रहते हुए भी यह लोग आज भी न सिर्फ भारत बल्कि विदेशी सभ्यता और संस्कृति से जुड़े हुए हैं। इन्होंने अपने साहित्य के माध्यम से भारत और प्रवासी देश के परिवेश और वहाँ की संस्कृति का साझा चित्रण प्रस्तुत किया है। इनका साहित्य विभिन्न संस्कृतियों का संगम है। प्रवास में रह रहे इन भारतीयों ने जब अपनी अनुभूतियाँ हिन्दी के माध्यम से व्यक्त की तो, उनके साहित्य में न केवल प्रवासी भारतीय समाज को जीवंत किया, अपितु उनकी अनुभूतियाँ और व्यथाओं ने व्यापक स्तर पर मानव मन को भी स्पर्श किया। भारत में वास करने वाले लोगों का और प्रवासी लोगों की परिस्थितियाँ और परिवेश अलग और भिन्न हो सकता है, किन्तु उनका तनाव, मानव मन की मूलभूत प्रवृत्तियाँ और मनोव्यथाएँ बिल्कुल एक सी होती हैं।

तेजेन्द्र शर्मा का संक्षिप्त साहित्यिक परिचय :

तेजेन्द्र शर्मा आधुनिक हिन्दी साहित्य जगत् के उन अभूतपूर्व रचनाकार में से एक हैं, जिन्होंने हिंदी साहित्य जगत् में एक अलग और विशेष पहचान हासिल की है। समकालीन कहानी विधा को रोचक लोकप्रिय और सशक्त बनाने में तेजेन्द्र जी ने अपनी एक अहम और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तेजेन्द्र जी हिन्दी के उन बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न रचनाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपनी कहानियों को एक नये धरातल पर लाकर खड़ा किया है। इनकी कहानियाँ काल्पनिक नहीं हैं। तेजेन्द्र शर्मा ने अपनी कहानियों का सृजन यथार्थ के धरातल पर किया है। इन्होंने अपनी कहानियों के माध्यम से समाज में घटित हुई घटनाओं और विसंगतियों का चित्रण प्रस्तुत किया है। तेजेन्द्र शर्मा बहुमुखी प्रतिभा के धनी तो हैं ही, इसके साथ ही साथ वे एक अच्छे कथाकार, अनुवादक, सम्पादक और अनेक साहित्यिक गतिविधियों से भी जुड़े हुए हैं। तेजेन्द्र शर्मा एक ऐसे प्रसिद्ध और सफल कथाकार हैं, जो जन-मानस के विविध पात्रों को लेकर उनके दु:ख-दर्द और उनकी आन्तरिक व मार्मिक दशा को इस प्रकार प्रस्तुत करते हैं कि, वह पात्र काल्पनिक होते हुए भी सजीव हो उठते हैं।

तेजेन्द्र जी की कहानियाँ सच्ची घटनाओं पर आधारित हैं। उनकी कहानियों में मानव मन की विभिन्न स्थितियों, परिस्थितियों एवं मनोवृत्तियों का चित्रण किया गया है। उन्होंने मृत्यु को भी अपनी कहानियों का एक सशक्त विषय बनाया है। तेजेन्द्र शर्मा किसी एक विधा से जुड़े साहित्यकार नहीं हैं, बल्कि वे एक कहानीकार, कवि ग़ज़लकार, मंच अभिनेता निर्देशक, सिनेमा कलाकार, टी.वी. सीरियल कलाकार, सम्पादक होने के साथ-साथ कथा (यू.के.) संस्था के महासचिव भी हैं। तेजेन्द्र जी हिंदी साहित्य जगत् के एक सफल और प्रसिद्ध कहानीकार के रूप में ख्याति प्राप्त कर चुके हैं। समकालीन कहानी विधा में तेजेन्द्र शर्मा का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं हैं। इनके प्रसिद्ध कहानी संग्रह 'ढिबरी लाइट', 'देह की कीमत', 'कब्र का मुनाफा', 'बेघर आंखें', 'काला सागर', 'यह क्या हो

गया, 'दीवार में रास्ता',और 'सपने मरते नहीं' आदि। शर्मा जी की कहानियों के विषय में वरिष्ठ कथाकार कृष्णा सोबती लिखती हैं-"तेजेन्द्र शर्मा की कहानियों से गुजरते हुए हम यह शिद्दत से महसूस करते हैं कि लेखक अपने वजूद का टेक्स्ट होता है, उसके पात्र जिन्दगी की मुश्किलों से गुजरते हैं और नया रास्ता तलाश करते हैं।"2 तेजेन्द्र जी की कहानियाँ मृत्यु बोध से प्रेरित एवं सत्य घटनाओं पर आधारित हैं। उन्होंने मृत्यु को अपनी कहानियों का सशक्त विषय बनाया है।

मृत्युबोध :

तेजेन्द्र जी ने मृत्युबोध पर लगभग 26 कहानियाँ लिखी हैं, उनकी कहानियों में 'कैंसर', 'काला सागर', 'देह की कीमत', 'अपराध बोध का प्रेत', 'शव-यात्रा', 'कब्र का मुनाफा' और 'सीली आंखों में भविष्य' आदि।

1. **मृत्यु जीवन का शाश्वत सत्य :** वैसे तो जीवन में जो आता है, उसका जाना तय है। हमारे दर्शन में मृत्यु पर बहुत कुछ लिखा जा चुका है। मृत्यु हर इंसान को होती है, लेकिन उसके आने के तरीके विभिन्न और अलग होते हैं। कुछ लोग मृत्यु से डरते हैं, तो कुछ लोग उसे अंतिम सत्य मानकर स्वीकार कर लेते हैं।
2. **जन्म और मृत्यु दोनों का एक दूसरे से अन्यान्योश्रित पारस्परिक संबंध :** इस दुनिया में जो भी मनुष्य आया है, उसका मरना भी तय है, जो मरा है, उसका फिर दुबारा जन्म लेना भी सुनिश्चित है। जन्म और मृत्यु दोनों का ही आपस में एक दूसरे से पारस्परिक संबंध रहा है। वैसे तो कुछ लोगों ने मृत्यु को भी उदात्त बताया है। इस जीवन के जितने पहलू हैं, उतने ही पहलू मृत्यु के भी है। मृत्यु के आने के भी अलग-अलग तरीके होते हैं, यह मौत। कभी आत्महत्या से, तो कभी दुर्घटना से, कभी जल कर तो कभी पानी में डूबकर। कभी जीवन से हताश होकर, तो कभी बलिदान देते हुए आती है। मृत्यु हमेशा अलग-अलग तरीके से इन्सान के जीवन में आती है।
3. **मृत्यु की भयावहता :** तेजेन्द्र जी की कहानियों में मृत्यु का भयावह रूप हमें देखने को मिलता है। इनकी कहानियों में मृत्यु को बड़ी बारीकी से देखा जा सकता है। तेजेन्द्र जी ने अपने परिवार और पत्नी की मृत्यु के यथार्थ और सजीव रूप को अपनी कहानियों के माध्यम से चित्रित किया है। तेजेन्द्र जी की कहानियाँ मृत्यु के ईर्द-गिर्द घूमती हैं और उनकी कहानियों में मृत्यु के अलग-अलग रूपों को देखा जा सकता है।
4. **मृत्यु मात्र शरीर की ही नहीं भावनाओं की भी :** मृत्यु हमेशा शरीर की ही नहीं होती है, अपितु कभी-कभी वह मन, विचारों और भावनाओं की भी होती है और ऐसे समय में इंसान मृत्यु से घबराता नहीं, बल्कि उसमें समा जाने की भरसक कोशिश करता रहता है। तेजेन्द्र शर्मा की कई कहानियों में हमें मृत्यबोध दिखाई पड़ता है। इसकी वजह शायद उनकी पत्नी

और उनके परिवार के सदस्य भी हो सकते हैं, क्योंकि उन्होंने अपनी पत्नी की मृत्यु को बहुत करीब से देखा है। इसलिए तेजेन्द्र जी उन भावनाओं से भली-भांति परिचित हैं।

तेजेन्द्र शर्मा की कहानियों में मृत्युबोध :

तेजेन्द्र शर्मा की कहानियाँ मृत्यु के इर्द-गिर्द ही केन्द्रित हैं। उनकी कहानियाँ सच्ची और वास्तविक घटनाओं पर आधारित हैं।

तेजेन्द्र जी ने कुछ कहानियों में मनुष्य का सजीव और जीवंत रूप प्रस्तुत किया है। वैसे तो शर्मा जी की कई कहानियों में हमें मृत्युबोध दिखाई पड़ता है, लेकिन कुछ कहानियों में जहाँ मृत्यु के अलग और विभिन्न रूप देखने को मिलते हैं, तेजेन्द्र जी एक संवेदनशील मनुष्य हैं, जो अपनी पत्नी इंदु से बेहद प्रेम करते थे और उनके असमय निधन से वे टूटे तो जरूर, लेकिन उनकी कहानियों में मृत्यु एक नया आकार लेने लगी जो उनको भी पता नहीं चला। तेजेन्द्र जी की कुछ कहानियों में जहाँ मृत्युबोध का सजीव और प्रत्यक्ष रूप मुझे देखने को मिलता है, उनमें से कुछ कहानियों का स्पष्टीकरण इस प्रकार है -

कैंसर :

तेजेन्द्र शर्मा की कहानी 'कैंसर' मृत्युबोध पर आधारित कहानी है। वैसे तो अधिकांश पाठक जानते हैं कि, तेजेन्द्र जी की पत्नी इन्दु जी को कैंसर जैसी असाध्य बीमारी के कारण ही मृत्यु ने असमय ही अपने आगोश में ले लिया था। इस कारण तेजेन्द्र जी बिल्कुल टूट ही नहीं गए, बल्कि खुद को बहुत असहाय महसूस करने लगे। उन्होंने स्वयं लिखा भी है कि 'इंदु' की बीमारी के दौरान बहुत से ऐसे अनुभव हुए, जो मेरी विभिन्न कहानियों में देखे जा सकते हैं। इस कहानी में मृत्यु से पहले का भय, तनाव, द्वंद्व, निराशा, दु:ख और मार्मिकता का साफ और सटीक चित्रण देखने को मिलता है। नरेन को जब यह पता चलता है कि, उसकी पत्नी पूनम को ब्रेस्ट कैंसर है, तो वह अपनी पत्नी के दुरूख को और उसकी ओर बढ़ती मृत्यु के कदमों की आहट को महसूस करता है, चूँकि अभी पूनम की उम्र ही क्या है, मात्र 35 वर्ष। दो छोटे बच्चे। हालांकि नरेन अपने मन को बहलाता है कि, अभी कैंसर आरम्भिक अवस्था में है। पड़ोस की चावला आंटी कैंसर के बावजूद लंबा जीवन जीने वाली ही नहीं बल्कि खुश भी है। नरेन अपने मानसिक द्वंद्व से जूझता है। उसे कभी ख्याल आता है कि जब पूनम के लेफ्ट ब्रेस्ट का आपरेशन होगा, तो सपाट छाती के साथ पूनम कैसे रहेगी? वह खुद से ही सवाल करता है "क्या विवाह का 10 वर्षो का प्रेम छातियों के कारण है ?"3

कई लोग उन्हें अलग-अलग तरह के सुझाव देते हैं। टोना टोटका भी किया जाता है, चमत्कार की कल्पना की जाती है। कोई सरसों के तेल की मालिश की सलाह देता है, तो कोई चने खाने की। इस कहानी में कैंसर के कारण एक ओर पति-पत्नी के संबंधों में आए बदलाव की ओर इशारा किया गया है, वहीं दूसरी ओर समाज में फैली बुराई को कैंसर के रूप में दिखाया

गया है और उसका भयावहता की ओर संकेत किया गया है। पूनम नरेन से सवाल करती है- "मेरा पति मेरे कैंसर का इलाज दवा से करने की कोशिश कर सकता है मगर जिस कैंसर ने उसे चारों ओर से जकड़ रखा है-क्या उस कैंसर का कोई इलाज है?"4

देह की कीमत :

तेजेन्द्र शर्मा की कहानी 'देह की कीमत' मौत के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। हमारे देश की युवा पीढ़ी रोजगार पाने के लिए विदेश जाती है। अपने दोस्तों के घर वालों या रिश्तेदारों को देखकर विदेश जाने का सपना हरदीप ने अपने मन में संजोया है। हरदीप अपने पिता के कारोबार होते हुए भी अवैध तरीके से जापान चला तो जाता है। वहाँ होटल में एक वेटर की मामूली नौकरी करके पैसा कमाता है। हरदीप भारत आकर विवाह कर लेता है और अपनी नवविवाहित पत्नी के साथ पांच महीने बिता कर फिर जापान चला जाता है। वहाँ जाकर हरदीप की एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है। अवैध तरीके से वहाँ रहने के कारण कोई भी शव की शिनाख्त कर नहीं पाता है। हरदीप की लाश की शिनाख्त उसके दोस्तों से करवायी जाती है। उसके दोस्त, उसकी लाश को भारत भेजना चाहते हैं। उसके लिए तीन लाख का चन्दा इकट्ठा करते हैं। शव को भेजना ज्यादा महंगा होने के कारण उसके दोस्त सोचते हैं कि हरदीप का सारा क्रिया-कर्म जापान में ही कर उसके लिए इकट्ठा किया पैसा उसकी पत्नी के लिए भेज दें। यह फैसला वे उसके घरवालों पर ही छोड़ देते हैं लेकिन उन पैसों को पाने की होड़ माँ और भाइयों में लग जाती है। बेटे की मृत्यु का दर्द पैसों के सामने फीका पड़ने लगता है। माँ सारे पैसे बहु के बजाय अपने पास रखना चाहती है। भाई भी माँ का साथ देते हैं। पत्नी भी चुपचाप रहकर एक तरह से पैसों की ओर ही इशारा कर देती है। आखिर माँ अपने छोटे बेटे कुलदीप से अपनी बहू पर चादर डलवाना चाहती है, ताकि पैसे घर पर ही रहें।

"उसने तीन लाख रुपये का ड्राफ्ट उठाया। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि, यह उसके पति की देह की कीमत है या उसके साथ बिताए पाँच महीने की कीमत।"5

देह की कीमत तो यहाँ माँ, भाई और पत्नी को मिल जाती है, लेकिन इंसानियत शर्मशार हो जाती है। ऐसे कई हादसे दुनिया में होते रहे हैं। कभी मुआवजे के तौर पर तो कभी दवा के कारण मरने वालों के घरवालों को पैसा मिल जाता है। ऐसे में पैसों के लिए झगड़ते घरवाले दिखाई देते हैं। समाज का वास्तविक वर्णन इस कहानी में दर्शाया गया है।

काला सागर :

'काला सागर' तेजेन्द्र शर्मा की एक सच्ची और वास्तविक घटना पर आधारित कहानी है। ये कहानी घोर यथार्थवादी कहानी है। इस कहानी में दुर्घटना में मारे गए 329 यात्रियों की मौत और उनके घर परिवारों के सदस्यों की अमानवीयता को उन्होंने उघाड़ कर रख दिया है। हर व्यक्ति उस दुर्घटना में मारे गए अपने परिजन के बदले ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने का प्रयास करता दिखाई देता है। यह कहानी संवेदनहीनता का चरम बिन्दु है जहाँ लोग अपने

स्वार्थ सिद्ध करने के लिए मृत्यु जैसी दुर्घटना को भुलाने में भी कोई संकोच नहीं करते हैं। उनकी दिलचस्पी और रुचि इस बात में है कि, परिजनों की मृत्यु पर किसको कितना मुआवजा मिलेगा। यही नहीं अपितु विदेश जाने की ललक और विदेशी वस्तुओं के प्रति अतिरिक्त मोह उनकी मनुष्यता को तार-तार कर देता है। "एक यात्री विमल महाजन तक पहुँचा-मिस्टर महाजन खाना-पीना तो ठीक है, पर हमें कुछ अलाउंस बगरैह भी दिलवाने का प्रबंध कर दें। तो अच्छा होगा।"6

इस कहानी को पढ़ते हुए हमारे मन में इतनी वितृष्णा हो जाती है कि, कैसे लोग अपने स्वार्थ के चलते हुए अपने परिजनों की मौत से दुःखी होने के स्थान पर अधिक से अधिक मुआवजा पाने या लाभ उठाने की सोचते हैं।

सपने मरते नहीं :

'सपने मरते नहीं' कहानी तेजेन्द्र शर्मा की मृत्युबोध से ओत-प्रोत एक ऐसी कहानी है, इस कहानी में इला अपने 'स्टिल बॉर्न' यानी मृत पैदा हुए बच्चे को देखकर मानो बुत सी हो गई है। इसका असर उसके मन पर ही नहीं, बल्कि शरीर पर भी पड़ रहा है। इला की याददाश्त तक कमजोर होती जा रही है। डॉक्टर उसे काउन्सिल करवाने की सलाह देते हैं ताकि वह इस डिप्रेशन से बाहर आ सके। उसका पति नीलेश "इला को यह भी नहीं समझा पा रहा था कि, उसका दर्द इला से कई गुना अधिक है। बच्चा तो दोनों का मरा है। मगर नीलेश को इस दुःख के साथ-साथ इला का दुःख भी बर्दाश्त करना था। न केवल बर्दाश्त करना था, उसे अपने दुःखों को दूर करने के लिए प्रयास करना था और साथ ही साथ दुःखों को एक तरफ सरकाते हुए परिवार को पटरी पर भी लाना था।"7

इस कहानी में बच्चे की मौत से दोनों के जीवन में आये बदलाव को तो दर्शाया ही गया है, इसके साथ ही साथ बच्चे की मौत से दोनों की जिन्दगी किस तरह प्रभावित हो रही है और उनके सपनों को चकनाचूर कर डालती है।

सीली आंखों में भविष्य :

'सीली आंखों में भविष्य' कहानी का अक्षत अपने बड़े भाई प्रतीक की वर्षो पहले एक्सीडेंट में हुई मौत को भूल नहीं पा रहा है। उसके माँ-बाप भी लम्बे अरसे तक अपने बेटे की असामयिक मौत के दुःख को भूल नहीं पाए। प्रतीक को मोटर साइकिल लेनी है, लेकिन उसके माता-पिता अभी नहीं चाहते थे कि, वो अभी मोटर साइकिल ले। बेटे की खुशी के आगे जतिन और शील हार गए और प्रतीक ने मोटर-साईकिल ले ही ली। अचानक से एक फोन ने हँसते खेलते घर की खुशियाँ छीन ली, फोन शील ने उठाया था और रोते हुए जतिन को आवाज लगाई " 'जतिन, प्रतीक....। क्या हुआ प्रतीक को ?' और शील बस रोती चली गई, जतिन ने शील के हाथ से मोबाइल फोन लेकर हैलो कहा, दूसरी तरफ से पुलिस की सधी हुई भावनाओं रहित

आवाज थी, भौचक सा अक्षत भी अपने माँ–बाप की तरफ ताके जा रहा था, उसे कैसे समझाते कि, उसके भाई की मृत्यु हो गई है।"8

इस कहानी में यह दिखाया गया है कि, शील, जतिन और अक्षत के ऊपर प्रतीक की मौत के बाद क्या प्रभाव पड़ा और उनका जीवन पल भर में किस तरह से बिखर सा गया, लेकिन शील और जतिन अब अक्षत के माध्यम से खुशियाँ बटोरने की कोशिश कर रहे हैं।

निष्कर्ष :

तेजेन्द्र शर्मा की कहानियों में मृत्यु से पूर्व और मृत्यु के बाद होने वाले प्रभावों को भली–भाँति दर्शाया गया है। मृत्यु की यादें इन्सान को किस तरह झंकझोर रख देती हैं। मृत्यु की बातें इंसान के मन को दहला देती हैं और उसकी आने वाली जिंदगी पर किस तरह से प्रभाव डालती हैं। इसी का सजीव और यथार्थ रूप हमें तेजेन्द्र शर्मा की कहानियों में देखने को मिलता है। तेजेन्द्र शर्मा की कहानियाँ मृत्युबोध को तो दर्शाती ही हैं, इसके साथ ही साथ मानव जीवन के विविध पहलुओं को भी उजागर करती हैं। तेजन्द्र शर्मा ने बहुत सटीक तरीके से मनुष्य के मन में चलने वाले विचारों को प्रस्तुत किया है। उन्होंने अपनी कहानियों में पात्रों के विचारों को ऐसे प्रस्तुत किया है, जैसे कि वो पात्र उनके सामने खड़ा हो। किसी के भी घर में होने वाली मृत्यु उसके परिवार के जीवन में बहुत गहरा प्रभाव डालती है। कुछ समय के लिए ऐसा लगने लगता है, मानो जैसे जिंदगी थम सी गई हो, पर जीवन एक चक्र है, जो घूमता रहता है। यहाँ कोई व्यक्ति अपने प्रिय के मृत्यु के कारण दु:खी है। कभी कभी जीवन में ऐसा समय भी आता है कि लोग अपने परिवार के सदस्य के लिए अपने दु:ख को भुलाकर आगे बढ़ते हैं। क्योंकि चलने का नाम ही जिंदगी है। जीवन कभी भी किसी के लिए नहीं रुकता है। हम अपने जीवन से दूर जाने वाले उस सदस्य को कभी भी नहीं भूल पाते हैं, क्योंकि वो हमारी जिंदगी का एक ऐसा अहम और अदृश्य हिस्सा होते हैं, जो ना रहते हुए भी हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहते हैं।

संदर्भ :

1. 'काला सागर', तेजेन्द्र शर्मा, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 1990.
2. प्रवासी कथाकार तेजेन्द्र शर्मा : मुद्दे और चुनौतियाँ, डॉ. कमलेश कुमारी, पृष्ठ–188.
3. 'सीधी रेखा की परतें' तेजेन्द्र शर्मा, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ–20.
4. वही, पृष्ठ–30.
5. वही, वृष्ठ–19.
6. वही, पृष्ठ–274.
7. 'सपने मरते नहीं' तेजेन्द्र शर्मा, सामयिक प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली, पृष्ठ–150.
8. वही, पृष्ठ–102.

❏❏❏

1. निदेशक, कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी तथा भाषाविज्ञान विद्यापीठ, डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
2. शोध छात्रा, हिंदी–विभाग, के.एम.आई., डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 : मातृभाषा और महात्मा गांधी का दृष्टिकोण

—डॉ. मीरा निचळे

नई शिक्षा नीति-2020 यह 21वीं शताब्दी की शिक्षा नीति है, जिसका लक्ष्य व्यक्ति, समाज, देश के लिए अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना है। यह प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर बल देती है। यह नीति इस सिद्धांत पर आधारित है कि, शिक्षा से साक्षरता और संख्याज्ञान जैसी 'बुनियादी क्षमताओं' के साथ-साथ 'उच्चतर स्तर' की तार्किक और समस्या समाधान संबंधी संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास होना चाहिए बल्कि नैतिक, सामाजिक और भावनात्मक स्तर पर भी व्यक्ति का विकास होना आवश्यक है।

शिक्षा किसी भी प्रगत राष्ट्र का आधार होती है। शिक्षा वह सामाजिक संस्था है जिसके माध्यम से प्रत्येक समाज अपने समूह को मौलिक ज्ञान प्रदान करता है। वह ज्ञान जो मनुष्य को पूर्ण मनुष्य बनाने की प्रक्रिया होता है। शिक्षा में बुनियादी तथ्य, नौकरी और रोजगार का कौशल और सांस्कृतिक मूल्य शामील होते हैं। शिक्षा की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि इससे व्यक्तिगत जीवन में सुधार होता है, व्यक्तिगत जीवन में सुधार अर्थात समाज की उन्नति। शिक्षा से मानसिक, बौद्धिक, भौतिक दरिद्रता को समाप्त किया जा सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि एक अच्छी शिक्षा मात्र व्यक्ति के व्यक्तित्व को ही नहीं बदलती बल्कि उसके जीवन, समाज और देश बदलने की भी शक्ति रखती है।

केवल परीक्षायें पास करके अच्छे भाषण देना, डिग्रीयां बटोरना शिक्षा नहीं है। जैसे स्वामी विवेकानंद के शब्दों में "आप उस व्यक्ति को शिक्षित मानते हैं जिसने कुछ परीक्षायें पास कर ली हो, तथा जो अच्छे भाषण दे सकता हो। पर वास्तविकता यह है कि जो शिक्षा जनसाधारण को जीवन-संघर्ष के लिए नहीं तयार कर सकती, ऐसी शिक्षा से क्या लाभ हैं?"1 इसलिए उस शिक्षा की आवश्यकता है जिसके द्वारा चरित्र का निर्माण होता है, मस्तिष्क की शक्ति मे वृद्धि होती है, बुद्धि विकसित होती है, तथा जिसको प्राप्त कर व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा हो सकता हैं। गांधीजी के अनुसार-"शिक्षा से मेरा तात्पर्य है, बालक और मनुष्य के शरीर, मस्तिष्क और आत्मा मे पाया जानेवाले सर्वोत्तम गुणों का चहुमुखी विकास।"2 चहुमुखी विकास अर्थात शरीर, ह्रदय, मन तथा आत्मा के समुचित विकास से है। शिक्षा ऐसी हो जिससे बालक की समस्त शक्तियों

का विकास करना चाहिए जिससे वह पूर्ण मानव बन जायें। 'शिक्षा' के Learning outcome के संदर्भ में आचार्य रजनीश कुमार शुक्ल कहते हैं, "शिक्षा के परिणाम के रूप में जो उभरकर आता है वह शिक्षार्थी में निहित आंतरिक गुण होते हैं इस अंतर्निहित को प्रकाशित करना ही अच्छी शिक्षा है।"3

नई शिक्षा नीति-2020 यह 21वीं शताब्दी की शिक्षा नीति है, जिसका लक्ष्य व्यक्ति, समाज, देश के लिए अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना है। यह प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर बल देती है। यह नीति इस सिद्धांत पर आधारित है कि, शिक्षा से साक्षरता और संख्याज्ञान जैसी 'बुनियादी क्षमताओं' के साथ-साथ 'उच्चतर स्तर' की तार्किक और समस्या समाधान संबंधी संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास होना चाहिए बल्कि नैतिक, सामाजिक और भावनात्मक स्तर पर भी व्यक्ति का विकास होना आवश्यक है। इस नई शिक्षा नीति के केंद्र में यही Learning Outcome है। व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के चहुमुखी विकास को वह परिणाम के रूप में देखना चाहती है। यही इसकी नियति है। जिस रोट लर्निंग प्रक्रिया से शिक्षा रचनात्मकता को खो बैठी थी वही रचनात्मकता-सृजनात्मकता अपनी क्षमताओं से साक्षात्कार तथा इसके लिए मातृभाषा का स्वीकार यह इस नीति की महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक है। समाज, राष्ट्र और विश्व के समग्र विकास के लिए युवा पीढ़ी का निर्माण करना है। "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 वास्तव में स्वामी विवेकानंद और पंडित मदन मोहन मालवीय के दर्शन को वापस लाती है। इसका मुख्य उद्देश्य ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण करना है, जिसमें कल्पना का शिखर हो, वास्तविकता के साथ गहरा संपर्क हो,हृदय में संवेदनशीलता हो एवं अपने हाथों का उपयोग करके कठिन से कठिन कार्य को संभालने की क्षमता हो।"4

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने अपने इन्हीं सर्वांगीण उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए मातृभाषा को माध्यम बनाया है।नई शिक्षा नीति सिफारिश करती हैं कि कक्षा पांचवी तक मातृभाषा में पढ़ाई होगी। साथ ही स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा भी पढ़ाई का माध्यम होगी। इसे कक्षा आठवीं या उससे भी आगे बढ़ाया जा सकता है। इस नीति के कारण सबसे पहले मातृभाषा, स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा को सम्मान प्राप्त होगा। जिसे अंग्रेजी के कारण नकारा गया था। 28 मार्च 1918 को अखिल भारतीय हिंदी साहित्य सम्मेलन के आठवें वार्षिक महाअधिवेशन के सभापति के रूप में गांधी जी ने कहा था-'मुझे खेद है जिन प्रांतों की राष्ट्रभाषा (मातृभाषा) हिंदी है, वहां पर भी उस भाषा की उन्नति करने का उत्साह नहीं दिखाई देता है। उन प्रांतों में आरक्षित वर्ग आपस में पत्र व्यवहार और कार्य अंग्रेजी में करते हैं फ्रांस में रहने वाला अंग्रेज अंग्रेजी में काम करता है जबकि हम अपने देश में अपना

महत्वपूर्ण कार्य विदेशी भाषा में करते हैं। यह उचित नहीं इसी मानसिक और बौद्धिक गुलामी को समूल नष्ट करने के लिए प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक मातृभाषा का पुरस्कार नई शिक्षा नीति करती है।

मातृभाषा राष्ट्र की चिंतनशक्ति है। राष्ट्र को ऊर्जावान बनाने के स्त्रोत सूत्र के रूप में विश्वस्तर पर अनेक राष्ट्रों ने उसे जाना-पहचाना और स्वीकारा है। मातृभाषा के गौरव को गांधी जी ने स्वराज के सम्मुख देखा। गांधीजी एक स्थान पर कहते हैं, "मेरा नम्र लेकिन दृढ़ अभिप्राय कि, जब तक हम भाषा को राष्ट्रीय और अपनी-अपनी प्रांतीय भाषाओं को उनका योग्य स्थान नहीं देंगे तब तक स्वराज्य की सब बातें निरर्थक है।''5 गांधीजी ने आजीवन मातृभाषा का पुरस्कार किया। वह इस सत्य से भलीभांति परिचित थे कि, जिस सक्षमता के साथ मातृभाषा में विचार विनिमय, कल्पना की ऊंची उड़ान भरी जा सकती है, वह अन्य भाषा या दूसरी तीसरी भाषा से संभव नहीं। मातृभाषा ही बच्चों के विकास का मूलमंत्र है जिसके कारण वह स्वयं की सुप्त शक्तियों से साक्षात्कार कर सकता है, स्वाभाविक ढंग से वह ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में अपनी भाषा से सहज होता है। शिक्षा उसे बोझ नहीं लगती और कोई भी विषय कठिन नहीं रहता। यही कारण था कि गांधीजी मातृभाषा के प्रबल समर्थक थे, एक जगह कहते हैं, "युवक और युवतियाँ अंग्रेजी दुनिया की दूसरी भाषाएं खूब पढ़े लेकिन उनसे मैं आशा करूंगा कि वे अपने ज्ञान का प्रसाद भारत को और सारे संसार को उसी तरह प्रदान करेंगे जैसे बोस, राय और स्वयं कवि रवींद्रनाथ ने प्रदान किया था। मगर मैं हरगिज़ नहीं चाहूंगा कि कोई भी हिंदुस्तानी अपनी मातृभाषा को भूल जाए, या उसकी उपेक्षा करें, या उसे देखकर शरमाए अथवा यह महसूस करें कि वह अपनी मातृभाषा में ऊंचे से ऊंचे चिंतन नहीं कर सकता है।"6 विश्वकवि गुरु रवींद्रनाथ ठाकुर का उदाहरण सम्मुख रखकर वे स्पष्ट करते थे कि, ब्रह्मांड का कोई भी ऐसा विषय, दर्शनशास्त्र नहीं है जिस पर मातृभाषा में श्रेष्ठ चिंतन न होता हो।

मातृभाषा के संदर्भ में एक बात को लेकर गांधीजी बहुत ही क्षुब्ध थे। अपने आप को शिक्षित, आधुनिक जताने के लोभ में विदेशी भाषा का अनुकरण तथा मातृभाषा के प्रति हीन दृष्टिकोण से वे दुखी होते थे। 'जिसके मन में अपनी धरती, अपनी भाषा और अपनी संस्कृति के प्रति आस्था एवं विश्वास नहीं है वह सच्चे अर्थों में उस देश का नागरिक कहलाने का अधिकारी नहीं है।' गांधीजी की इसी प्रतिक्रिया की प्रतिक्रिया यह शिक्षा नीति है। अपनी भाषा-राष्ट्र-संस्कृति एवं उसके प्रति आस्था और विश्वास जगाने की प्रक्रिया तथा स्व की जागृति इसका लक्ष्य है। अपनी मातृभाषा के प्रति हीन भावना का त्याग करके उसे गंभीरता और पूरे सम्मान के साथ स्वीकार करने के लिए यह नीति विवश करती है।

लॉर्ड मैकाले ने भारत में जिस शिक्षा की नींव रखी थी, उसने सबको अंग्रेजी का गुलाम बनाया था। आजादी के इतने वर्षो के बाद सच्चे अर्थो में लग रहा है, हम स्वतंत्र हुए हैं, क्योंकि अब हम किसी विदेशियों ने तय किए गए निर्णयों का अनुकरण नहीं करेंगे, बल्कि हमारे देश की प्राचीन ज्ञान परंपरा का पालन करेंगे। अपनी भाषा में उसका विस्तार करेंगे।

निष्कर्षत: भाषा ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम होती है। भाषा शिक्षा प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। ज्ञान और शिक्षा में अधिक अंतर नहीं होता है। शिक्षा ज्ञानार्जन की एक प्रक्रिया है, जिसे भाषा के माध्यम से सीखा जाता है। भारत जैसे बहुभाषी और बहु सांस्कृतिक देश में शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को बनाए रखा जा सकता है। साथ ही बहुभाषावाद को भी। भाषा न केवल शिक्षा प्रदान करने का माध्यम है, बल्कि यह शिक्षा का विषय भी है। इसलिए इस शिक्षा नीति में भाषा के पक्ष पर विचार करना आवश्यक हो जाता है। संक्षेप में यह शिक्षा नीति मातृभाषा और भारतीय भाषाओं को सशक्त बनाने का जीवंत दस्तावेज है। शिक्षा में मातृभाषा के महत्व को, उसके उपयोग पर हर कोई विचार करने पर विवश है। त्रिभाषा की नीति को बरकरार रखते हुए मसौदा तैयार किया गया है। न तो हिंदी और न ही अंग्रेजी भाषा का कहीं विशेष रूप से उल्लेख किया गया है, किंतु सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान करते हुए मातृभाषा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है।

संदर्भ :

1. सक्सेना स्वरूप एन.आर., डॉ. चतुर्वेदी शिखा, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. चतुर्वेदी शिल्पा. (2014) उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक : मेरठ, आर.लाल. बुक डिपो, पृष्ठ क्र. 355
2. सक्सेना स्वरूप, एन.आर., डॉ. चतुर्वेदी शिखा, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. चतुर्वेदी शिल्पा. (2014) उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक, मेरठ, आर.लाल. बुक डिपो, पृष्ठ क्र. 320
3. मिश्र, ऋषभकुमार (संपा.) (2021). शिक्षा जो स्वर साध सके : दिल्ली, वाणी प्रकाशन, पृष्ठ क्र. 13
4. डॉ. सारस्वत बी.के. पुरोवाक. मिश्र, ऋषभकुमार. (संपा.) (2021). शिक्षा जो स्वर साध सके : दिल्ली, वाणी प्रकाशन.
5. केसरवानी, राज (संपा.) (जून 2006) वाग्धारा : इंदौर. राष्ट्रीय हिन्दी सेवी महासंघ. पृष्ठ क्र. 26
6. केसरवानी, राज (संपा.) (जून 2006) वाग्धारा : इंदौर. राष्ट्रीय हिन्दी सेवी महासंघ. पृष्ठ क्र. 30

❑❑❑

सहायक प्रोफेसर, अनुवाद अध्ययन विभाग, म.गां.अं. हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

21वीं सदी के उपन्यासों में चित्रित ग्रामीण परिवेश

—गुरु सेवक सिंह

सभी जनजातीय समूहों की जीवन प्रणाली, उनके आचार-विचार, संस्कृति, परम्पराएँ एवं धार्मिक मान्यताएँ अलग-अलग हैं। किन्तु इतनी भिन्नताओं के होने के बावजूद भी उनके जीवनक्रम, रहन-सहन एवं सांस्कृतिक विकास में कुछ समानताएँ नज़र आती हैं-जिनके आधार पर ही इन समुदायों को सम्मिलित रूप से जनजाति कहकर पुकारा जाता है। 'जनजाति' शब्द अंग्रेजी के 'ट्राइब' का हिन्दी अनुवाद है।

21वीं सदी के विवेच्य आंचलिक उपन्यासों में उपन्यासकारों द्वारा चित्रित अंचल का परिवेश खुलकर सामने आया है। इन उपन्यासों में परिवेश के चित्रण के माध्यम से गांवों में बसे भारत को घेरती अटूट जड़ता, अंधविश्वासों, अशिक्षा, रूढ़िवादी, सामंतवादी और गुलामी की दीवारें स्पष्ट रूप से देखने को मिलती है। उपन्यासकारों ने इन विसंगतियों का उजागर बहुत जीवंतता के साथ किया है। इन विसंगतियों के लिए परिवेशगत विभिन्नताएं काफी हद तक जिम्मेदार रही हैं। 'सेतुबंध' में गंगा तट पर स्थित खादर के गांव गंगापुर के स्थिति का चित्रण इस प्रकार है, ''खादर में जैसे-जैसे समय बीतता गया वहां के आदमी की जिंदगी दूभर होती गई। बाढ़ और अकाल उस आदमी के भाग्य की कुछ ऐसी अमित रेखाएं बनती गई जिनके आगे मानवता बार-बार घुटने टेकने को मजबूर होती रही।''1 अर्थात गंगा के किनारे का खादर क्षेत्र में स्थित गांव के परिवेश और यहां संबंधित समस्याओं का चित्रण किया गया है।

मूल शब्द : सेतुबंध, वनवासियों, अवस्थित, चेचक, अंचल, पूर्वोत्तर

प्रस्तावना

ग्लोबल गांव के देवता में आदिवासियों वनवासियों से संबंधित असुर जाति के निवास से संबंधित अंचल झारखंड राज्य के बरवे जिले में मौजूद कोयल बीघा प्रखंड में अवस्थित भौरापाट से संबंधित है, ''मीलों तक पसरे पहाड़ के ऊपर का यह चौरस इलाका मन को और उचाट कर रहा था। छिटपुट जंगल बाकी खाली दूर-दूर तक फैले उजाड़ बंजर खेत, बीच-बीच में बॉक्साइट की खुली खदानें, जहां से बॉक्साइट निकाले जा चुके थे वे गड्ढे भी मुंह बाये पड़े थे। मानो धरती मां के चेहरे पर चेचक के बड़े-बड़े धब्बे हों।''2 'बचपन भास्कर का' नामक उपन्यास में उपन्यासकार ने राप्ती और गौर्रा नदियों के बीच मीलों-मील लंबे फैले कछार में अवस्थित गांव माधोपुर के परिवेश का वर्णन इस प्रकार किया है, ''गांव के उत्तर में दो बड़े-बड़े बाग थे। एक पश्चिमोत्तर में एक पूर्वोत्तर में, एक दोनों के बीच में भी था। गांव

के पूर्व तरफ दूर तक कोई गांव नहीं था। बस खेत थे और गांव के सिवान पर टीला था जिस पर दीक्षित वरम बाबा की पीढ़ी थी और उसके बगल में एक पोखरा था। पूर्व दिशा में ही गांव के एक फलांग दूर पाकड़ के दो पेड़ थे। एक के नीचे डीह बाबा का थाना था, दूसरे के नीचे बरम बाबा की पीढ़ी थी। यह गांव का खलिहान भी था। गांव के दक्षिण दिशा में दलितों की बस्ती के पीछे काली माई का थान था और वहां से एक किलोमीटर की दूरी पर एक गांव। पश्चिम दिशा में भी काफी दूर तक खुलापन था। इसी दिशा में पीपल का एक बड़ा पेड़ था जिस पर मृतकों के घंटे बांधे जाते थे। दक्षिण-पश्चिम में भगना नाला था जिससे होकर राप्ती भयंकर उत्पात मचाती थी यानी बाढ़ बन जाती थी।''3 आछरी-माछरी का परिवेश पहाड़ी जन-जीवन से संबंधित है इसकी जानकारी हमें उपन्यास के शुरू में ही मिल जाती है, ''वह दिन था आछरी का अपनों से अलग होने का। सुबह उसकी आंख खुली तो, उस दिन का उषा की लालिमा सदा की अपेक्षा उसे बिल्कुल भिन्न लगी। उसने क्षितिज की ओर देखा तो समझ में कुछ भी नहीं आया। एक आग उगलता क्षितिज। धुंध उसे दूर-दूर तक नहीं दिखी। सामने की पहाड़ियों पर नजर दौड़ाई एकदम नंगी। पहाड़ियों को देखकर उसका दिल बैठ गया। हवा में दूर से आती तैरती आवाज को सुनने के लिए उसने कान के पीछे हथेली लगा उसे सुना। सरसराती हवा के शोर के अलावा उसे कुछ भी नहीं सुनाई पड़ा।''4

मदन मोहन के उपन्यास 'जहां एक जंगल था' का परिवेश उत्तर प्रदेश में स्थित पूर्वांचल का नेपाल से सटा हुआ इलाका है। यहां पर बहुतायत मात्रा में जंगल है तथा यहां पर स्थित बस्तियों का वनटांगिया बस्तियों के नाम से जाना जाता था, ''बीरगंज कस्बा के पूर्वी सीमांत से एक जंगल शुरू होता था-जंगल का सिलसिला नेपाल की सीमा तक पसरा था। बीच-बीच में जंगल का हिस्सा बनती गंवई बस्तियां भी थी। जिन्हें वनटांगिया या बनवासी बस्तियों के नाम से जाना जाता था।''5 आंचलिक परिवेश की पहचान हमेशा उपन्यास के प्राकृतिक परिवेश के द्वारा ही नहीं होती बल्कि कभी-कभी उपन्यासकार सीधे-सीधे प्राकृतिक परिवेश का चित्रण आदि न करके भाषा पात्रों के बोली आदि के माध्यम से विशिष्ट अंचल की पहचान करवाता है। भगवान दास मोरवाल के उपन्यास 'बाबुल तेरा देश में' उपन्यास के परिवेश की पहचान भाषा बोली के आधार पर की जा सकती है। बोली के आधार पर बड़ी आसानी से ज्ञात होता है कि यह उपन्यास राजस्थान के मेवात अंचल से संबंधित है, ''रईसन का बाप, छाती तो मेरी भी फट-फट जावे है। बहू पोतान के बिना पर मैं रांड कहां तलक मांग-मांग के लाउं। एकाध कुढ़ बाड़ी बिसवा भी ना है। जिन्ने काई वणिया-वामण के पै पास गिरवी धरके ब्याज-बट्टा पे पैसा-धेला उठा लेती और याहे कही लपेट देती।''6

सभी जनजातीय समूहों की जीवन प्रणाली, उनके आचार-विचार, संस्कृति, परम्पराएँ एवं धार्मिक मान्यताएँ अलग-अलग हैं। किन्तु इतनी भिन्नताओं के होने के बावजूद भी उनके जीवनक्रम, रहन-सहन एवं सांस्कृतिक विकास में कुछ समानताएँ नज़र आती हैं-जिनके आधार पर ही इन समुदायों को सम्मिलित रूप से जनजाति कहकर पुकारा जाता है। 'जनजाति' शब्द अंग्रेजी के 'ट्राइब' का हिन्दी अनुवाद है। सामान्य व्यवहार में गिरिजन शब्द भी व्यापक स्तर पर प्रचलन में है। संविधान ने जिन आदिम जातियों को सूचीबद्ध किया है वे अनुसूचित जनजाति कहलाती हैं। प्राचीन भारत में हज़ारों वर्षों से भारतीय ग्रंथों में आज भी आदिम जातियों का उनके मूल नामों से उल्लेख किया गया है। यथा-भील, कोल, किरात निशाद आदि। भारत में हज़ारों वर्षों से जंगलों एवं पहाड़ों में रह रही आदिम जनजातियों ने खुले मैदानों तथा सभ्यता के केन्द्रों में बसे लोगों से अधिक सम्पर्क स्थापित किए बिना ही अपनी अस्मिता

को बनाए रखा है। किन्तु ये जनजातीय समाज जब से सभ्य समाज के सम्पर्क में आए हैं अपने प्राचीन स्वरूप को खोते जा रहे हैं और औद्योगिक सभ्यता का विकास सरल जनजातीय संस्कृति को पूरी तरह नष्ट कर रहा है। वे तब से अपने अस्तित्व के साथ संघर्ष कर रहे हैं जब से तथाकथित आधुनिक सभ्यता के ध्वजावाहकों ने उनके समाज में घुसपैठ की है। उनके जीवन दर्शन तथा पारम्परिक मूल्य व्यवस्था बिखराव के कगार पर हैं। जनजातीय समाज उत्कट जिजीविषा एवं स्वच्छन्द विचारों वाला समाज है जो जंगलों एवं पहाड़ों में कठोर से कठोर परिस्थितियों का सामना भी बड़े धैर्य के साथ करता है और प्रसन्न मुद्रा में रहता है। जनजातीय समाज जंगल में मंगल मनाने वाला समुदाय है। समय पर अनेक विदेशियों ने इन पर हमला किया। कभी अंग्रेजों ने तो कभी मुगलों ने इनके शान्तिपूर्ण वातावरण को भंग करने का प्रयास किया। इनको हराने और गुलाम बनाने की कोशिश की, किन्तु जनजातीय समाज ने कभी समर्पण नहीं किया। वे इन विदेशियों से लड़ते रहे, संघर्ष करते रहे। डांग जिले के गोंड हों या राजस्थान के भील, झारखण्ड के मुण्डा हों या बिहार के उराँव–इन्होंने अंग्रेजों को नाकों चने चबवा दिए। अण्डमान के आदिवासी भी संघर्ष करते रहे किन्तु दास नहीं बने। इन्हें मरना मंजूर था, दास बनना नहीं। इसी का परिणाम था कि उन्हें उनके स्थानों से खदेड़ दिया गया। अंडमान के आदिवासी घने जंगलों में रहने के लिए चले गए किन्तु दास नहीं बने। जनजातीय समाज संघर्षपूर्ण जीवन को जीने वाला स्वच्छन्द समाज है। देश के आज़ाद होने और विज्ञान युग में प्रवेश करने के बावजूद भी जनजातीय समाज की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं आया है। आज भी जनजातीय समाज शेष भारतीय समाज के समकक्ष आने की अपेक्षा देश का सबसे गरीब, निरक्षर, अन्धविश्वासी, सबसे पिछड़ा और बीमार तबका है। उनकी स्थिति हमें सोचने पर विवश करती है कि विकास का ढ़ोल पीटने वाली व्यवस्था में आज भी मानव समुदाय का एक अंश निकृष्ट जीवन जीने को विवश है। उनकी यह स्थिति हमें बेचैन करती है और हमारे भीतर वर्तमान व्यवस्था के प्रति एक आक्रोश की भावना उत्पन्न करती है। आज जनजातीय जीवन की चेतना कहीं खो गई है और निराशा का भाव उनकी ज़िन्दगी में दस्तक देता नज़र आता है। वर्तमान व्यवस्था की घुटन भरी जंजीरों को तोड़कर बाहरी संसार की ओर छलांग लगाने की चेतना का उदय अभी तक उनकी सामूहिक जीवन शैली में नहीं हुआ है। उनके साहित्य को भी कभी कथित मुख्यधारा की रचनाओं में स्थान नहीं दिया गया। ऊँचा बोलना, तेज गति से अभिव्यक्त होना और अपने अहम् की दमदार उपस्थिति दर्ज कराना जनजातीय जीवन दर्शन का अंग नहीं है, बल्कि सहजता, सरलता, जिंदादिली, करूणा, प्रेम, दया एवं भोलेपन से लोगों के दिलों में अपनी पहचान बनाना जनजातीय सभ्यता एवं संस्कृति की प्रमुख विशेषता है। जनजातीय समुदाय विश्व समुदाय में विशेषकर भारतीय समाज में एक ऐसा समुदाय है जो आज भी विकास की रोशनी से दूर, विज्ञान से अनभिज्ञ और अछूता रहकर अपनी 'दुनिया' में सिमटा हुआ है। अपनी संस्कृति एवं जीवन शैली की जिन विशिष्टताओं को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के लिए वह मुख्यधारा के समाज से दूरी बनाता रहा। आज विज्ञान एवं विकास ने उन्हीं विशिष्टताओं और संरचनाओं को नष्ट कर डाला। धीरे–धीरे इस समाज के भीतर भी हलचल हुई, विचलन पैदा हुई और परिणामस्वरूप आज जनजातीय समाज की अस्मिता खतरे में पड़ गई है।7

शिवमूर्ति का 'आखिरी छलांग' उपन्यास ग्रामीण जीवन में किसानों की दुर्दशा को व्यक्त करता है। पृष्ठ भूमि है अवध का ग्रामांचल यह उपन्यास सूदखोरी सरकारी तंत्र के मकड़जाल में फंसे आम किसान की कहानी कहता है। गांव के एक आम किसान का नाम है 'पहलवान' इसी के माध्यम से लेखक ने ग्रामीण समस्याओं के चित्रण का ताना–बाना बुना है। यद्यपि पहलवान

का नाम कुछ और रहा होगा परंतु दूसरे गांव के पहलवानों को अखाडे में परास्त करने, सरकार द्वारा कृषि रत्न पुरस्कार प्राप्त करने तथा बेटे के इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में उच्च स्थान हासिल करने के कारण गांव के लोगों में सम्मार्थ 'पहलवान' के नाम से जाना जाता है। परंतु यह सम्मान अब पहलवान को बचाये रखना मुश्किल प्रतीत हो रहा है, कारण है चारों और समस्याओं का मुंह बाये खड़े होना। जिसका प्रभाव उसकी दिनचर्या पर स्पष्ट दिखाई देता है, ''पर इधर कुछ दिनों से पहलवान को एक-एक करके इतने झोड़ लगे कि उनकी ढर्रे पर चलने वाली आत्मतुष्ट दिनचर्या में खलल साफ दिखने लगा है।8

बेटी के ब्याह की चिंता बेटे की फीस की चिंता ट्यूबेल के बिल की चिंता तथा सोसायटी से ली गई खाद के कर्ज चुकाने की चिंता ने उनके मन को छोटा तथा हंसी को बेआवाज कर दिया है। पहलवान की दशा उसकी पत्नी इस प्रकार व्यक्त करती है, ''कहां तब के वे पहलवान और कहां आज के ये दिनों दिन सिकुड़ते सिमटते जाने वाले। पहलवान की परछाई ?34 पहलवान शब्द सुनते ही जहां एक संघर्ष एवं उत्साह से संपन्न व्यक्तित्व सामने दिखाई देता है आज वही पहलवान आर्थिक धरातल पर कमजोर होने के कारण अपने आप को दीन-हीन एवं असहाय महसूस कर रहा है, ''वहीं पहलवान जो कभी ताल ठोककर पूरे इलाके को ललकारते थे और कोई हाथ मिलाने की हिम्मत नहीं करता था, अपने से एक हाथ छोटे मरियल से अधेड़ चपरासी द्वारा सरे बाजार राह रोककर पकड़ लिए गए थे। पहलवान के बायें पंजे में अपना दाहिना पंजा फसाये वह उन्हें लेकर लाले बनिया की चक्की की ओर चला। पहलवान उसके साथ ऐसे चल रहे थें जैसे पगहे में बंधा बकरा चिकवे के पीछे-पीछे घिसटता चला आता है। मिमियाता तक नहीं।

गाँव वालों के प्रयास से वह फिलहाल अमीन के चुंगल से मुक्त होता है। परंतु समस्या जस की तस बनी हुई है। अखाड़े में तीखे सारे दांव जिंदगी के इस रणक्षेत्र में बेकार साबित हो गये।8

गांव में किसानों के समक्ष हर समय समस्याएं बनी रहती है। न तो वह बेटी का रिश्ता मनपसंद जगह कर सकता है और न ही बच्चे की अच्छी पढ़ाई का ही प्रबंध। हर जगह उनके सामने आर्थिक समस्याएं विद्यमान रहती हैं, जहां बेटी की शादी के लिए वर की तलाश में पहलवान की व्याकुलता इन शब्दों में व्यक्त होती है। ''जो काम लायक लड़के है। उनका भाव तो आसमान पर है ही, जो किसी काम के नहीं है उनके मां बाप भी सीधे मुंह बात करने को तैयार नहीं दिखते।37 इन समस्याओं के निराकरण हेतु पहलवान खेत बेचने का फैसला करता है। यह समस्या केवल पहलवान की ही नहीं बल्कि आसपास गांव के लगभग सभी किसानों की है। ''इस इलाके में दस पंद्रह एकड़ जमीन वाले किसान तो चार छः गांवों में खोजने पर शायद एकाध ही मिलेंगे। सौ में पचीस तीस घर एकदम भूमिहीन हैं। चालीस पचास घरों के पास आधे से एक एकड़ तक जमीन है।38 खेलावन जो कि गांव के सेकरेटरी है। गांव के लोगों की समस्याओं का कारण उनका एकजुट न होना मानते है। वे पहलवान से कहते भी हैं कि बहुत सारे मुद्दे ऐसे हैं जिन पर किसानों को खुद लड़ाई लड़नी होगी। खेलावन कहते है: ''जागना तो पड़ेगा। लड़ना तो पड़ेगा। जिंदा रहना है तो अपने मारने वालों के सामने डटना तो पड़ेगा। जैसे हजारों जातियों, जन-जातियों, पशु पक्षियों की प्रजातियां इस दुनिया से उछिन्न हो गई वैसे ही किसान नाम की प्रजाति भी विलुप्त हो जायेगी।

यद्यपि पहलवान मिडिल, हाईस्कूल एवं इंटरमीडियट तीनों प्रथम श्रेणी में पास करने के बावजूद परिवार के अकेले पुत्र होने के कारण गांव में ही रह गए तथा पिता के देहांत के बाद

खेती-बाड़ी संभालने लगे। खेती उन्होंने अच्छी की परंतु गलत सरकारी नीतियों एवं विचौलियों के साजिश के कारण उन्हें फसल का वाजिब मूल्य नहीं मिलता था। आज पहलवान को अपने बड़े बुजुर्गों की बात में निराशा एवं कोफ्त होती थी और वे भी मानने लगे थे कि ''किसानी के पेशे में बरकत नहीं होने वाली। अपनी लेई पूंजी लगाकर जो फसल वह घर लाता है उसे अज्ञान लाभ समझकर थोड़ी देर खुश हो जाता है। इसलिए की उसे लागत और लाभ की परिभाषा का पता नहीं है। न चाहते हुए भी पहलवान के घर का बछड़ा बिक जाता है। पहलवान को बहुत पीड़ा होती है बार-बार सपने में उसे पांडे बाबा याद आते है जो कि बैंक से ऋण लेकर ट्रैक्टर खरीदे परंतु किस्त न चुका पाने के कारण अंत: परेशान होकर आत्महत्या कर लेते हैं। एक दिन सपने में हंसते हुए पांडे बाबा पूरे देश के किसानों के दुर्दशा का चित्रण इस प्रकार करते है, ''हम विभिन्न प्रांतों के आत्महत्या करने वाले किसान हैं बच्चा तुम हिंदुस्तान में रहकरी किसानी जीवन के दु:ख और दरिद्रता से मुक्ति पाने का सपना देख रहे हो। यह सपना कभी पूरा न ही होने वाला बच्चा। बिना मरे इस से मुक्ति नहीं मिल सकती। इसके लिए भव सागर पार करना होगा।

'गमके माटी गांव की' में लेखक ने भदोही जिले के ईशपुर और हरियॉव गांव तथा आसपास के अंचल की कथा को व्यक्त किया है। पूरे उपन्यास की कथा प्रेम व दलित जीवन की विषमताओं पर आधारित है। सूदखोरी एवं कर्ज की समस्या भी उपन्यास में है। मुंशी रमानाथ के सूदखोरी की चर्चा रंगनाथ इस तरह करता हैं, ''मुंशी रमानाथ का कर्ज जिस पर चढ़ जाता है उतरता नहीं। चिपक जाता है जैसे जोंक चिपकती है। भाषण का भूखा हर आदमी को जानवर समझकर खिलाता है। मेरे पिता को जीवन भर चूसा, इस जोंक ने तो उनकी जान ही ले ली।43 भैयाराम जी मुंशी रमानाथ के बारे में कहते हैं, ''मुंशी तो ब्याज पर ब्याज लगाता है। ब्याज का ब्याज तो कम नहीं होता, फिर मूलधन कैसे पटेगा? गांव में सूदखोरी का हाल यह है कि रंगनाथ के पिता से अंगूठा लगवाकर सौ रूपए के बदले उनके नाम से पांच सौ रूपए का फर्जी कागज तैयार किया गया था और कर्ज उतारते-उतारते रंगनाथ के पिता असमय ही दुनिया से विदा हो गए थे।

संदर्भ :

1. डॉ बसंत सुर्वे: आपात्कालोत्तर हिंदी ग्रामांचलिक उपन्यासों की मीमांसा पृष्ठ-40
2. हरिसुमन विष्ट- आछरी-माछरी पृष्ठ 46
3. हरिसुमन विष्ट- आछरी-माछरी पृष्ठ-293
4. रणेंद्र: ग्लोबल गांव का देवता, पृष्ठ-7
5. हरिसुमन विष्ट- आछरी-माछरी -9
6. रणेंद्र: ग्लोबल गांव का देवता, पृष्ठ 11
7. रणेंद्र: ग्लोबल गांव का देवता, पृष्ठ 12
8. रणेंद्र: ग्लोबल गांव का देवता, पृष्ठ -13
9. रणेंद्र: ग्लोबल गांव का देवता, पृष्ठ-18

❑❑❑

मकान नं. 36ए, VPO-बालासर, तहसील-रानिया, जिला-सिरसा-125075

मोबाइल : 9812666673

जयशंकर प्रसाद व मोहन राकेश के नाटकों में स्त्री पात्रों का वर्णन

—गीतांजलि कालरा

प्रसाद तत्कालीन युग की नारी की तमाम समस्या का समाधान भारतीय संस्कृति में ही खोजने का प्रयास करते हैं। यही कारण कि भारतीय नारी के आदर्श एवं उदार रूप को महिमामंडित करते हैं। भारतीय संस्कृति प्रेम के प्रेम करुणा, दया, कोमलता, स्नेह, सरलता आदि गुणों को स्त्री चरित्रों में मुखरित करते हैं, क्योंकि ये ही गुण भारतीय संस्कृति के प्राणतत्व माने जाते हैं।

भारतेंदु हरिश्चंद्र के पश्चात् हिंदी नाटक के क्षेत्र में जयशंकर प्रसाद और मोहन राकेश युग प्रवर्तक रचनाकार माने जा सकते हैं। प्रसाद स्वतंत्रता पूर्व के तो मोहन राकेश स्वतंत्रता के बाद के भारतीय परिवेश एवं वातावरण का यथार्थ आभास कराते हैं। दोनों ही रचनाकार नाट्य साहित्य द्वारा अपने युग की नारी की वास्तविक स्थिति से अवगत करवाते हैं तथा अपने-अपने स्तर पर नारी की पराधीनता से मुक्ति की पैरवी करते दिखाई देते हैं। स्त्री स्वतंत्रता की उनकी आकांक्षा युगानुरूप ही चित्रित हुई है।

परतंत्र नारी की स्वतंत्रता के लिए वर्षों से पाश्चात्य एवं भारतीय विद्वान, चिन्तक साहित्यकार, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिज्ञ आदि समय-समय पर विभिन्न संस्थाओं संगठनों, पत्रिकाओं तथा साहित्यिक रचनाओं में अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त करते रहे हैं। अस्मिता का क्षेत्र अपने-आप में विस्तृत होने के कारण व्याख्यायित-विश्लेषित करना कठिन है। अस्मिता का निर्धारण समाज में व्यक्ति की अनेकों पहचानों के संयुक्त संदर्भ से ही निर्धारित हो पाता है, नहीं तो अस्मिता का स्वरूप एकांगी रह जाता है। स्त्री अधिकारों के समर्थकों में पाश्चात्य लेखकों मेरी वोल्सटनक्राफ्ट, जॉन स्टुअर्ट मिल सुलोमिथ फायरस्टोन, सिमोन द बोउआर, वजह्रनिया वुल्फ केट मिलेट, जर्मेन प्रियर आदि का योगदान सराहनीय रहा। भारत में स्त्री स्वतंत्रता के प्रति चेतना पश्चिम की तुलना में लगभग आधी सदी बाद में आई प्रस्तुत शोध में साहित्यिक परिप्रेक्ष्य के अंतर्गत नारी अस्मिता की अभिव्यक्ति के साथ-साथ लेखन कार्य में स्वानुभूति और सहानुभूति के प्रश्न पर भी विचार किया है।

'प्रसाद के नाटकों में नारी अस्मिता' शीर्षक के तहत प्रसाद के समकालीन परिवेश एवं वातावरण को ध्यान में रखकर नारी अस्मिता और उसकी पहचान के प्रश्नों को स्पष्ट किया गया

है। स्त्री–जीवन की पीड़ाओं को व्यक्तिगत तौर पर महसूस करने के बाद ही प्रसाद मानते हैं कि नारी समाज का निर्माण विधाता ने झुंझलाहट में किया है। स्त्री के शोषण उत्पीड़न को देखकर ही प्रसाद उसे सामाजिक जीवन में उच्च स्थान प्रदान करने के लिए अपने नाटकों में राष्ट्रीय आन्दोलन की सक्रिय चरित्र के रूप में हमारे सामने प्रस्तुत करते हैं, स्त्री को सर्वगुणसंपन्न चित्रित करते हैं। जिससे कि पुरुष समाज स्त्री की सामाजिक महत्ता एवं उपादेयता से अवगत हो सके। प्रसाद के नाटकों का कथानक चाहे ऐतिहासिक हो, लेकिन उनमें जो स्त्री चित्रित की गयी है वह पूरी तरह से कदम से कदम मिला कर चलने वाली स्त्री है वत प्रसाद के नाटकों में स्वतंत्रता आन्दोलन में स्त्री की महत्वपूर्ण भूमिका को मल्लिका, देवसेना, अलका, सुवासिनी, मालविका, कल्याणी आदि पात्रों में यथार्थ रूप में देखा जा सकता है। राष्ट्र की रक्षा की खातिर अपने प्रेम की आहुति देना प्रसाद के स्त्री पात्रों की महत्व पूर्ण विशेषता है। देवसेना, मालविका, अलका आदि इसी श्रेणी में आते है। प्रसाद के नाटकों का अध्ययन करने पर एक बात तो यह स्पष्ट होती है कि उनके नाटकों के पात्र सामान्य वर्ग से ना होकर राज महलों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जब राजमहलों में रहने वाला स्त्री समाज अपने अस्तित्व और अस्मिता के प्रति इतना चिंतित दिखाई देता है तो आम स्त्री की पीड़ा को सहज ही महसूस किया जा सकता है। संपन्न पात्रों को भी राजपरिवार में स्वतंत्र निर्णय लेने में अड़चनें आती हैं तथा पुरुष के आदेशों का पालन करने के लिए मजबूर दिखाई देती है।

प्रसाद तत्कालीन युग की नारी की तमाम समस्या का समाधान भारतीय संस्कृति में ही खोजने का प्रयास करते हैं। यही कारण कि भारतीय नारी के आदर्श एवं उदार रूप को महिमामंडित करते हैं। भारतीय संस्कृति प्रेम के प्रेम करुणा, दया, कोमलता, स्नेह, सरलता आदि गुणों को स्त्री चरित्रों में मुखरित करते हैं, क्योंकि ये ही गुण भारतीय संस्कृति के प्राणतत्व माने जाते हैं। पात्र होने के बावजूद स्त्री की विविधवर्णी छवियाँ देखने को मिलती है लेकिन भारतीय संस्कृति के गुण जिस पात्र में समाहित मिलते हैं वही उनकी दृष्टि में सफल भी होते हैं, आदर्श से पथभ्रष्ट स्त्री पात्रों को प्रसाद जीवन के सफर में सफल नहीं होने देते हैं। इसीलिए आलोचक नंददुलारे वाजपेयी मानते हैं कि नारी–मनोविज्ञान और नारी–चित्रण के उद्घाटन में प्रसादजी को पुरुष चित्रण की अपेक्षा कही अधिक सफलता प्राप्त हुई है। प्रसाद ने अपने नाटकों द्वारा तत्कालीन परिवेश में स्त्री की सामाजिक उपादेयता बतलाई है। राजनीतिक सक्रियता उनके प्रत्येक स्त्री पात्र में मिलती है, समता का सन्देश भी स्त्री पात्र देते हैं, स्वाभिमान के प्रति सचेत मल्लिका, सरमा, देवसेना, जैसे पात्र मिलते हैं, जातीय प्रेम से युक्त पात्र सरमा और मनसा है।

स्त्रीयोचित्त अधिकारों के प्रति जागरूक मल्लिका, सरमा देवसेना आदि पात्र है। जनमेजय का नागयज्ञ में सरमा का अपने पति वासुकी से कहा गया कथन दृष्टवय है। आपको और सब अधिकार है, पर मेरी सहज स्वतंत्रता का अपहरण करने का नहीं। एक दास को कुछ पैसा अवश्य मिलता है लेकिन स्त्री गुलाम होती है जिसका मानसिक रूप से शोषण किया जाता है और उसे

कोई काम नहीं मिलता है बस आजीवन पति की गुलामी में अपना जीवन काटना होता है। पुरुष द्वारा स्त्री जीवन पर लादे गए अनुचित अधिकार तथा वैवाहिक संबंधों में अनेक्तिकता का विरोध प्रसाद के नाटकों में भरपूर मिलता है। प्रसाद के नारी पात्र- मल्लिका, सरमा, देवसेना, अलका, सुवासिनी ध्रुवस्वामिनी आदि सभी कहीं-न-कही पितृसत्ता द्वारा निर्मित स्त्री की काल्पनिक छवि के छद्म को तोड़कर अस्मितानिर्माण में सक्रिय होते हैं। प्रस्तुत शोध में 'मोहन राकेश का नाट्य साहित्य और नारी चिंतन अध्याय पर भी विस्तृत काम किया गया है। राकेश ने सम्पूर्ण नाट्य साहित्य में चित्रित स्त्री की छवि को आत्मसात करते हुए स्त्री संबंधों को अपनी मौलिक रंगदृष्टि द्वारा एक नया बोध प्रदान किया। राकेश ने लक्ष्मीनारायण मिश्र, भुवनेश्वर, उपेन्द्रनाथ अश्क आदि के नाटकों की भांति अपने नाटकों का कथ्य स्त्री-पुरुष संबंधों को ही चुना है लेकिन उनके नाटकों के नारी पात्र सामाजिक चेतना के स्थान पर वैयक्तिक चेतना को अधिक महत्व देते हैं। इस दृष्टि से राकेश स्त्री चित्रण में नवीनता का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके सभी नाटकों में स्त्री ही केन्द्रीय भूमिका का निर्वाह करती है, इसीलिए पुरुष से ज्यादा प्राणवान दिखाई देती है। 'आषाढ़ का एक दिन', 'लहरों के राजहंस' तथा 'आधे-अधूरे' सभी नाटकों में नायिका का कक्ष या घर ही केंद्र में है। विपरीत परिस्थितियों में भी उनके नाटकों की नारी अदम्य जिजीविषा के साथ अस्तित्व की तलाश में निरंतर संघर्षरत दिखाई देती है।

उनके नाटकों के स्त्री पात्र चाहे मल्लिका हो, सुंदरी हो या सावित्री हो, सभी तीव्र वेदना भोगते है लेकिन जीवन से पलायन नहीं करते हैं बल्कि वेदना भोगकर आत्मचेता बनते है। आलोचक गोविन्द चातक स्त्री के इसी आत्मचेता स्वरूप को उसके अस्तित्व की तलाश का मार्ग मानते हैं। लहरों के राजहंस में राकेश ने नारी के भोगवादी दृष्टिकोण को चित्रित किया है जिसमें सुन्दरी के माध्यम से विरागी पुरुष के प्रति स्त्री के विरोध को दिखलाया है। नारी के प्रति राकेश का यह नया बोध है। राकेश ने आधे अधूरे में एक ऐसी नौकरीपेशा आत्मनिर्भर स्त्री का चित्रण किया है, जिसकी आय पर उसका परिवार निर्भर है। जिस प्रकार सदियों से परिवार में पुरुष मुखिया घर खर्च का स्त्री से एक एक पैसे का हिसाब लेता आया है, उसी प्रकार सावित्री पुरुष महेंद्र नाथ से लेती है। पितृसत्तात्मक समाज के उदय से ही स्त्री आर्थिक रूप से पुरुष पर आश्रित रहती आई है राकेश ने आधे-अधूरे में सावित्री के माध्यम से इस परंपरा को तोड़ा है। पितृसत्तात्मक समाज में पुरुष के भोगवादी, वासनात्मक मुखौटे को उघाड़ने का भी कार्य राकेश ने आधे-अधूरे नाटक के माध्यम से किया है। नाटक के सभी पुरुष पात्र वासनात्मक दृष्टि से समान है। स्वतंत्रता के पश्चात् परिवार नामक संस्था में खासकर स्त्री-पुरुष संबंधों के नैतिक आचरण में भारी परिवर्तन आता है जिसको राकेश ने अपने नाटकों में अभिव्यक्ति प्रदान की है। आषाढ़ का एक दिन की मल्लिका जहाँ विवाह नहीं करने का फैसला आधुनिक स्त्री की भांति लेती दिखाई देती है, वहीं वह अपने अधिकारों अपनी अस्मिता के प्रति पूर्णतया आत्मसजग स्त्री है। बाहरी हस्तक्षेप का अस्वीकार भी मल्लिका, सुन्दरी, सावित्री में बराबर मिलता है।

आधुनिक नारी अपनी विशिष्ट पहचान, अस्तित्व की प्रतिष्ठा चाहती है और यह काम स्त्री को नितांत वैयक्तिक स्तर पर आन्तरिक चिंतन-मनन द्वारा अपनी अस्मिता तथा अस्तित्व की निरंतर खोज करवाते चलते हैं। राकेश के नाटकों का कथानक उनके निजी जीवन में भोगे गए जीवन का यथार्थ होने के कारण सजीवता धारण किये है। अम्बिका, सुन्दरी जैसे यथार्थ में जीने वाले पात्र तो हैं ही, साथ ही 'भावना में भावना का वरण' करने वाले पात्र भी अपने जीवन में यथार्थ का सामना अवश्य करते हैं और उनके लिए यही कटु यथार्थ उन्हें अपने जीवन की अस्तित्व की अस्मिता की वास्तविक पहचान करवाता है।

स्त्री-चेतना की दृष्टि से हिंदी एकाकी के क्षेत्र में जयशंकरप्रसाद, भुवणेश्वर, उदयशंकर भट्ट, लक्ष्मीनारायण मिश्र, विष्णु प्रभाकर लक्ष्मी नारायण लाल, मन्नू भंडारी आदि ने महत्वपूर्ण कार्य किया है। रामकुमार वर्मा आदि की ऐतिहासिक एकांकियों को छोड़कर अगर देखा जाये तो हिंदी एकांकियो का मूल कथानक स्त्री-पुरुष सम्बन्ध और उनके अधिकारों की लड़ाई ही है। अधिकारी के प्रति सचेत पुरुष की बन्दी या लौंडी होने का विरोध प्रेम और विवाह पर अपनी मौलिक दृष्टि और सोच पारम्परिक बंधनों से मुक्ति की छटपटाहट, स्वातंत्र्योत्तर शिक्षित, नौकरीपेशा, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर स्त्री का चित्रण मिलता है। दाम्पत्य संबंधों में आये बिखराव पीढ़ियों के अंतराल, देह की यौन पवित्रता अपवित्रता के प्रश्न को भी इनमें उठाया गया है।

प्रेम और विवाह के मूलभूत प्रश्नों को सामाजिक सन्दर्भ को ध्यान में रखते हुए प्रसाद और राकेश के रंग-चिंतन में अभिव्यक्त किया है। प्रेम संवेदना और विवाह शताब्दियों से पितृसत्ता के अनुरूप ही अपना स्वरूप गढ़ते चलते हैं। जहाँ तक स्त्री के परिप्रेक्ष्य में बात की जाये तो पितृसतात्मक विवाह नामक संस्था स्त्री के प्रेम व संवेदना पर सदियों से कुठाराघात करती आई है। विवाह संस्था के अंतर्गत स्त्री के होने वाले उत्पीड़न, दमन, शोषण के कारण ही पाश्चात्य स्त्री आलोचक मेरी वोल्सटनक्राफ्ट मार्क्स-एंगल्स, स्टुअर्ट मिल, केट मिलेट आदि ने विवाह को 'वैधानिक वैश्यावृत्ति' का दर्जा दिया है। विवाह संस्था के औचित्य-अनौचित्य के प्रश्नों को प्रस्तुत शोध में व्यक्त किया है। जॉन स्टुअर्ट मिल विवाह के कानून को तानाशाही का कानून मानते हैं।

प्रसाद के नाटकों की स्त्री पात्र सरमा, मल्लिका, देवसेना, ध्रुवस्वामिनी आदि पितृसत्ता या समाज द्वारा निर्मित वैवाहिक और संवेदनात्मक बंधनों को नकारती हैं और यही दकियानूसी परंपरागत मूल्यों को नकारने की उनकी आन्तरिक सोच उनमें अस्मिता बोध जगाती है। प्रसाद वैवाहिक संख्या के अनुचित बंधनों से मुक्ति की पैरवी अपने नाटकों में करते दिखाई देते हैं और विशेष तौर पर धर्म के द्वारा स्त्री पर लादे गए अनैतिक बंधनों पर ध्रुवस्वामिनी नाटक में मन्दाकिनी, पुरोहित तथा ध्रुवस्वामिनी के संवाद द्वारा कटु प्रहार करते हैं। स्त्री की निजी इच्छाओं-आकांक्षाओं का प्रसाद विशेष रूप से ध्यान रखते हैं।

राकेश के नाट्य साहित्य में स्वतंत्रता के बाद मध्य वर्गीय स्त्री पुरुष के वैवाहिक संबंधों में आये तीव्र बदलाव को देखा जा सकता है। वर्तमान में विवाह संस्था की नैतिकता कठघरे में होने

के बावजूद स्त्री पुरुष संबंधों में सामंजस्य बनाने वाली विवाह के इतर कोई दूसरी संस्था कारगर भी दिखाई नहीं देती है। लिव इन रिलेशनशिप जैसे आधुनिक तरीकों की विवाह के विकल्प के रूप में प्रासंगिकता अभी संदिग्ध बनी हुई है।

स्त्री अपनी संवेदना या भावावेग अर्थात करुणा, त्याग, दया आदि गुणों के कारण अपने अस्तित्व के प्रति इतनी चेतना शून्य हो जाती है कि उसे अपनी अस्मिता का बोध ही नहीं रहता है। प्रसाद के अजात शत्रु नाटक की शक्ति अपनी अस्मिता के प्रति पूरी तरह जागरूक होने के कारण ही स्त्री के लिए पुरुष सत्ता द्वारा निर्धारित कर्तव्यों-करुणा, दया, शीतलता आदि को स्वीकारने से मना करती है। स्त्री के जिन गुणों को सृष्टि के विकास का आधार माना गया है, उन्हीं गुणों से युक्त स्त्रीजाति पर सदियों से पुरुष शासन करता आ रहा है। स्त्री के इन सद्गुणों को अपनाने से क्या लाभ हुआ? दरअसल ये पितृसत्ता द्वारा निर्मित बेड़ियां ही है। राकेश के आषाढ़ का एक 'दिन' की मल्लिका जीवन में केवल भावना का ही वरण करती है इसीलिए जीवनपथ पर असफल रहती है। जीवन को वास्तविक अर्थ प्रदान करने के लिए भावना एवं यथार्थ का सामंजस्य आवश्यक होता है।

स्वतंत्रता के पश्चात् स्त्री-पुरुष संबंधों में आये बदलाव को हिंदी रंगमंच ने नए आयाम प्रदान किये। मोहन राकेश, लक्ष्मीनारायण लाल, सुरेन्द्र वर्मा, भीष्म साहनी सुशील कुमार सिंह, रमेश वक्षी, मुद्राराक्षस, मन्नू भंडारी, कुसुम कुमार आदि के नाटकों में स्त्री-पुरुष संबंधों की विभिन्न दृष्टिकोण से पड़ताल की गई है। इस दृष्टि से हिंदी नाटकों के अलावा विभिन्न भाषाओं के नाटककारों-गिरीश कर्नाड, विजय तेंदुलकर, महेश एलकुंचवार आदि ने दाम्पत्य संबंधों को केंद्र बनाकर नाट्य रचना की है। इन सभी नाटककारों का प्रयास वैवाहिक संबंधों में व्याप्त अजनबीपन, वैमनस्य, कटुता, तनाव, अलगाव आदि के कारणों की खाई को पाटकर समानता स्थापित करना रहा है।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि प्रत्येक मनुष्य को अपनी स्वतंत्रता का निर्धारण करने का हक है, अत: स्त्री को भी जबरन लादी गई परम्पराओं, नैतिकताओं मर्यादाओं, कुरीतियों, धर्मान्धताओं को त्यागकर अपने अस्तित्व निर्माण की प्रक्रिया में स्वयं सक्रिय होना चाहिए। स्त्री को अब किसी संगठन, संस्था या विचारधारा के तहत अपनी अस्मिता का निर्माण नहीं करके अपने अंतर्मन की आवाज सुनकर, सोच के धरातल पर मुक्ति का विचार पैदा करके, निजी अस्मिता प्राप्ति के लिए प्रयास करना चाहिए। अस्तित्व निर्माण की प्रक्रिया में स्त्री द्वारा पुरुष को शत्रु न मानकर एक सहयोगी के रूप में सोचना पड़ेगा। स्त्रियों के प्रति सामाजिक दरिद्रता की स्थिति में व्यापक बदलाव का आना जरूरी है।

❑❑❑

???

विस्थापित जीवन जीने का सजीव चित्रण : 'बसंती'

—डॉ. अचला पांडेय

साहित्य समाज का दर्पण है। इससे अतीत से संबंधों की निरंतरता बनती है तो वर्तमान को व्यवस्थित करने का तरीका मिलता है तथा भविष्य के लिए नूतन दृष्टि मिलती है। प्रेमचंद कहते हैं "साहित्य समाज तथा राजनीति का संबंध बिल्कुल अटल है। समाज आदमियों के समूह को ही तो कहते हैं। समाज में जो हानि लाभ तथा सुख दुख होता है, वह आदमियों पर ही होता है न। राजनीति में जो सुख दुख होता है वह आदमियों पर ही पड़ता है। साहित्य से लोगों को विकास मिलता है।साहित्य से आदमी की भावनाएं अच्छी और बुरी बनती हैं। इन्हीं भावनाओं को लेकर आदमी जीता है और इन सब चीजों की उत्पत्ति का कारण आदमी ही है।"(1) मानव जीवन की सभी समस्याएं साहित्य का विषय बनी है और इस संदर्भ में विस्थापन की समस्या का एक विशिष्ट स्थान है। सामाजिक संचलन, सांस्कृतिक संक्रमण, वैचारिक प्रस्फुरण और आर्थिक अंतरण विस्थापन के संदर्भ में साहित्य विमर्श का विषय बनते रहे हैं।

विस्थापन समाज की स्थापित मान्यताओं पर प्रहार है। इसने न केवल एक नई व्यवस्था को जन्म दिया है अपितु समाज की स्थिरता में निहित मूल तत्वों को भी प्रभावित किया है। रचनात्मक विधाएं सामाजिक परिवेश से ही संजीवनी शक्ति प्राप्त करती हैं। अस्तु, साहित्य की विभिन्न विधाओं पर विस्थापन का स्पष्ट प्रभाव परिलक्षित होता है। कहीं यह औद्योगीकरण से नि:सृत दिखता है, तो कहीं प्राकृतिक आपदाओं से, कहीं जीविका की तलाश में भटकते मजदूरों के जीवन से, कहीं बदलते हुए आर्थिक संबंध साहित्य के नए विषय बनते हैं तो अपने स्थान से दूर कहीं नहीं छाया में पल्लवित होता व्यक्ति अपने एकाकीपन से बचने की अकुलाहट को रचनाकारों के लिए विषय स्वरूप प्रदान कर देता है। इस तरह साहित्य जो केवल समाज का दर्पण ही नहीं समाज का मार्गदर्शक भी है; बहुआयामी परिवर्तनों को सहेजता, समेटता, उकेरता उस युगबोध को आधार देता है जिससे मानव समुदाय की पहचान है। इन सभी का परिचय मिलता है कहानियों तथा उपन्यासों में।

विस्थापन समाज की स्थापित मान्यताओं पर प्रहार है। इसने न केवल एक नई व्यवस्था को जन्म दिया है अपितु समाज की स्थिरता में निहित मूल तत्वों को भी प्रभावित किया है। रचनात्मक विधाएं सामाजिक परिवेश से ही संजीवनी शक्ति प्राप्त करती हैं। अस्तु, साहित्य की विभिन्न विधाओं पर विस्थापन का स्पष्ट प्रभाव परिलक्षित होता है।

'बसंती' भीष्म साहनी का यथार्थ की पृष्ठभूमि पर लिखा गया समस्या प्रधान जनवादी उपन्यास है। राजस्थान के सुदूर ग्रामीण अंचल में सूखे व अकाल के कारण जीविकोपार्जन के उद्देश्य से अपना घर-द्वार, खेती-बारी छोड़कर दिल्ली के आसपास बंजर पठारी पथरीली भूमि पर झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रहने को विवश लोगों तथा सीमा प्रांत के भी अपने वतन से बिछड़े लोगों की विस्थापनजन्य समस्याओं के कारण अनेक आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक समस्याओं से ग्रस्त लोगों की मानसिक भूमि को संवेदना के स्तर पर जीकर लेखक ने इस कथा का सृजन किया है। इस उपन्यास का मुख्य चरित्र है बसंती जो अपने आप में इतना साफ-सुथरा, निरापद व व्यवहारिक है कि लेखक को इससे अच्छा कोई दूसरा नाम नहीं सूझा और रचना को बसंती के नाम पर कर दिया। बसंती एक व्यक्ति से ज्यादा समस्या है और समस्या के मूल में है विस्थापन। विस्थापन का कारण कुछ अंशों में प्राकृतिक अवश्य है परंतु उससे ज्यादा राजनैतिक भी है।

विस्थापन में पूरा का पूरा जीवन ही उखड़ जाता है, उजड़ जाता है। मनुष्य की स्वाभाविक संवेदना कुंठित हो जाती है। बसंती का पिता तनावग्रस्तऔर ह्रदयहीन हो जाता है। वह परिस्थितियों के सामने घुटने टेक देता है। जीवन को जीवित रखने के लिए सामाजिक, नैतिक व मानवीय मूल्यों की तिलांजलि दे देता है। यहां तक कि वह पिता होकर भी अपनी संतान को संकटापन्न देखकर भी सामान्य बना रहता है विकल नहीं होता यह जानकर भी कि उसके पुत्र के पैर रेल की पटरी पर कट गए। वह देखने तक नहीं जाता है, लड़का मर गया है या जीवित, उसकी खोज खबर तक नहीं रखता। बसंती परिचय देते हुए कहती है-"जब गाड़ी चलने लगी तो कहीं किसी ने चेन खींचकर गाड़ी खड़ी कर दी। लोग चिल्लाने लगे कोई लड़का गाड़ी के नीचे आ गया है ...। किसी ने कहा दोनों टांगे कट गई है...। कोई कहता अस्पताल ले जाओ बहुत खून बह रहा है ...। डिब्बे में हमारे गांव के लोग थे। अगर हमारे गांव का है तो उठाकर डिब्बे में ले आओ कोई कह रहा था।... बापू ने सिर पीछे खींच लिया और चुपचाप अपनी सीट पर बैठ गया।"(2)

बसंती का पिता राजस्थान में जमींदार था, उसकी धाक थी परंतु आज वह नाम मात्र का चौधरी रह गया है। राजस्थानियों कि इस बस्ती में ही सड़क के पास हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ नाई, मोची, धोबी भी आकर बस गए थे। लोग अपनी जाति को भुलाकर पेशा करते थे। कोई राजमिस्त्री, तो कोई धुलाई, तो कोई चाय की दुकान पर काम करने लगा। चौधरी नाई की दुकान लगाता था। चौधरी समय को पहचानता था अपने समय का चालाक आदमी था।अपने मन में कहता है-

"अभी कुछ कर लो तो कर लो पीछे नहीं होगा"। आठ बारह सौ रूपये लेकर दो बड़ी लड़कियों की शादी बूढ़ों से करके अपना बोझ हल्का कर लिया है। बसन्ती श्यामा से कहती है-"आपको पता है बीवी जी? क्या? हमारा बापू बेटियां बेचता है......सच, बीवी जी, मेरी बड़ी बहिन का ब्याह भी गांव में किसी बूढ़े से कर दिया। उससे आठ सौ रूपये भी लिए। वह गांव में बैठी घास छीलती है। मुझे भी तो बूढ़े के साथ ब्याह रहा था।" (3)

यह वाक्य उस परिवेश को चित्रित करता है जहां बेटी बोझ है और दूसरी ओर आमदनी का साधन। बोझ समझने के कारण ही बसंती का पिता उसके लिए अपशब्दों का प्रयोग करता है-

"हरामजादी तू कहां भाग गई थी?" (4)

अपने घर को पक्का करने के लिए बसन्ती का पिता बारह सौ रूपये में बसंती को दर्जी के साथ बेचता है।

चौधरी सहित उसके गांव के लोग विस्थापित होकर आबाद अवश्य हो गए थे परंतु प्रतिपल यह डर बना रहता है कि कब पुलिस आएगी और बसा बसाया घर उजड़ जाएगा। यह उजड़ना दो रूपों में उभरता है। प्रथमत: बस्ती का उजड़ना, द्वितीयत: बसंती की जिंदगी का उजड़ना। सरकार के तरफ से बस्ती खाली करने तथा उजाड़ कर फेंक देने का हुक्म हुआ था। बस्ती भी दो चार दिनों की मेहमान थी आज उजड़ेगी या कल? मूलराज लोगों को समझाता भी है कि कोठरी पक्की न करो। न तुम्हारी जमीन, न तुम्हारे नाम का पट्टा। बसे हुए लोगों का यह कहना कि "दस बीस दिनों की बात होती तो कच्ची झोपड़ियों में पड़े रहते।अब तो यहां रहते बरसों बीत गए घर पक्का बना लिया तो क्या गुनाह किया।" (5)

लेखक ने विस्थापित-जनों के संवादों के माध्यम से उनके नागरिक अधिकारों की भी वकालत की है। देश अपना है, सरकार अपनी है, नागरिक ही सरकार को बनाते हैं। यह लोग वर्षो पहले निराश्रित रहकर दिल्ली के फुटपाथ, पार्कों को व बंजर जमीन में खुले आकाश के तले छा गए थे। इन्होंने दिन रात मेहनत करके अपने परिवार का सिर छुपाने को एक कोठरी बना लिए तो क्या आबाद हो गए? सरकार कल इनको पुन: निराश्रित, बेघर, बेरोजगार व विवश बनाकर बर्बाद कर देगी। क्योंकि पक्की कोठारिया बनाना ही नहीं सरकारी जमीन पर कब्जा करना ही गैरकानूनी है। बसंती की शादी उसका पिता बूढ़े दजह्न बुलाकी के साथ बारह सौ रूपये में तय कर दिया। बुलाकी दूल्हा बनकर पंडित जी के साथ आने वाला था कि एक बड़ी आफत आ गई बस्ती के ऊपर। चौधरी ने भागते हुए लड़के से पूछा कि क्या है रे? कैसा हल्ला है?

"पुलिस आई है सड़क पर लारियां-ही-लारियाँ है। वह घर गिराएंगे।" (6)

पुलिस के बड़े अधिकारी जानते थे कि इतनी बड़ी बस्ती एक दिन में नहीं गिराई जा सकेगी परंतु शुरू के तीस-चालीस घरों को तोड़ डालना जरूरी है, जिससे बस्ती रहने के लिए नकारा हो जाए और लोग यहां से भाग जाएं। बस्ती खाली कर दें इसलिए उन्होंने बीस-बीस रूपये का प्रलोभन देकर उस बस्ती के कुछ राज मजदूरों को पकड़ लिया था।

बस्ती के सभी लोग अपना सामान घर गृहस्थी लेकर इधर-उधर कुछ बिखर गए, कुछ लारियों में चढ़कर नगर की ओर चले गए। भीड़ में बसंती ने अपने मां-बाप को देखा "मां के कुर्ते के बटन खुले थे वह सदा की भांति फटे हाल सिर पर कनस्तर और गठरी उठाए घिसटती चली आ रही थी उसका पीला-पीला चेहरा किसी मुर्दे के चेहरे जैसा लग रहा था।" (7)

चौधरी रामू व अपनी पत्नी को लारी में बैठाने के बाद बसंती को लारी में चढ़ने को नहीं कहा बसंती छूट गई-"बसंती का मन व्यथित हो गया। मां-बाप व रामू को दूर देख उसके गले में कांटे चुभने लगे। रामू को ले गए हैं और मुझको पीछे छोड़ गए हैं।....बसंती कुछ देर वही ठिठकी खड़ी रही और फिर सड़क पार करके रमेश नगर के घरों की ओर बढ़ गई।" (8)

बस्ती उजड़ गई थी चौधरी भी अपनी बेटी बसंती के बदले बारह सौ रूपये की भारी रकम लेकर अपनी उजड़ी गृहस्थी लेकर जाने कहीं सड़क के किनारे फुटपाथ या पार्क में शरण ले लिया था। वह जानबूझकर बसंती को छोड़ गया था। बसंती को एक बार पहले भी मालूम हुआ था कि उसकी शादी बुलाकी से होगी तो उसने चूहे वाली दवा खा ली थी। यदि, एक घंटे का भी समय मिल गया होता तो अब तक बसंती साठ वर्षीय दर्जी के घर दुल्हन बन कर बैठी होती परंतु दुर्भाग्य बुलाकी का जो दूल्हा सुना बसंती चंपत हो गई और दुर्भाग्य चौधरी का जो बस्ती ही टूट गई।

घर टूट जाना, नगर छूट जाना माता-पिता से छूट जाना बसंती के लिए समस्या तो थी उससे भी बड़ी समस्या उसकी स्त्री जाति थी। यदि वह लड़की नहीं होती तो बाप बारह सौ क्या बारह हजार में भी नहीं बेच पाता। बसंती के पास बुलाकी के साथ जाने के अतिरिक्त कोई दूसरा रास्ता भी नहीं था। बुलाकी हर स्तर से बसंती को पाने में सक्षम था। राजस्थानियों की पंचायत में एक भी इंसान ऐसा नहीं था जो कह सके कि बूढ़े बुलाकी की शादी चौदह वर्ष की बसंती से अनुचित है। बसंती जीने-खाने की चिंता करें या फिर स्वयं को छुपाती फिर दोनों ही समस्या उसके अस्तित्व को निगलना चाहती थी। बसंती ने रमेश नगर में रहने वाली श्यामा बीवी की शरण ली। वहां उसके गुजर-बसर की व्यवस्था हो गई। बसंती को सहारा मिल गया जबकि श्यामा पुण्य कमा रही थी। बसंती के जीवन का दूसरा महत्वपूर्ण परंतु दुर्भाग्य पूर्ण अध्याय तब शुरू हुआ जब किसी शादी के अवसर पर बर्तन धोते समय उसका परिचय दीनू नामक लड़के से हो गया। एक दिन दीनू के साथ साइकिल के पीछे बैठकर नगर के चक्कर लगाती रही और अंत में उसके साथ हॉस्टल के कोने में एक कमरे में रहने लगी। बसंती ने दीनू से विवाह भी किया।

"यह अभिनय भी था, खिलवाड़ भी था, विवाह भी था, विवाह का स्वांग भी था और भावी दांपत्य जीवन के लिए नारी हृदय की सहमी-सहमी भाव विह्वल प्रार्थना भी थी।" (9)

बसंती श्रम के माध्यम से जीवन यापन करना चाहती है। वह आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर है। उसे अपने जीवन से प्रेम है। स्वभाव से बगावत करती है यह उसके परिवेश की देन है। वह बुड्ढे से विवाह की अपेक्षा दीनू के साथ भागना उचित समझती है। निडर होकर मां-बाप के सामने दीनू के साथ साइकिल पर बैठकर निकलने की क्षमता रखती है यह जानते हुए कि डांट पड़ेगी- एक अजीब जुनून बसंती के सिर पर सवार था। वह बार-बार अपने मां-बाप और संबंधियों के सामने से साइकिल पर सवार होकर निकलना चाहती थी। वह इन सबों को चुनौती देना चाहती है कि तुम मेरा कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते। मुझे रोक कर देखो, जो रोक सकते हो। बसंती आंख के साथ खेलती है वह अब स्वतंत्र है। बसंती विद्रोह की राह चुनती है यह विद्रोही तेवर परिस्थितियों की देन है। वह भविष्य के बारे में नहीं सोचती क्योंकि वह जिस परिवेश में पल रही है वहां भविष्य कुछ निश्चित नहीं है। दीनू उसे कहां ले जाएगा, कैसे रखेगा, क्या होगा इन सभी से अपरिचित थी। बसंती विद्रोही है, उसका विद्रोह भी प्रेम के आगे झुकता है।इसका पूरा जीवन प्रेम के अभाव में बीतता है, जिसको वह घर के बाहर देखती है। यह तलाश दीनू पर आकर समाप्त हो जाती है। पारिवारिक आर्थिक सामाजिक परिस्थितियां मनुष्य को विवश बनाती हैं।

बसंती का सपना उस समय टूट गया जब उसे पता चला कि दीनू की शादी हो चुकी है। परिवार गांव में रहता है। दीनू उसे बरडू के हाथों तीन सौ रूपये में बेच दिया है। बेचे जाने की प्रक्रिया पिता से शुरू होकर दीनू तक अनवरत चलती है । वह मां बनने वाली थी। बसंती ने जिन परिस्थितियों से उबरने के लिए दीनू का हाथ पकड़ा था उसे फिर उसी वातावरण में लौटने को विवश होना पड़ा। वह अपनी विवशता प्रकट करते हुए श्यामा से कहती है

"वहां कैसे जाऊँ बीबी जी, वहां तो बरडू बैठा है।.... इधर जाऊं तो बाप बैठा उधर जाऊं तो बरडू ।लड़की के लिए सबसे बड़ा आश्रय मां-बाप का घर होता है परंतु उसका बाप बहेलिया की तरह जाल बिछाए बैठा था। वहां तो बूढ़ा दर्जी चक्कर काटता है बीवी जी, बाप मुझे चुटिया से पकड़ कर उसके साथ बांध देगा।" (10)

अब तो बसंती का स्त्री होना और उससे अधिक मां होना उसके लिए खतरनाक बन गया था। आखिर वही हुआ जिससे बच पाने के लिए बसंती भागती फिर रही थी। बूढ़ा बुलाकी उसे ब्याह लाया था और अपनी कामयाबी पर फूला नहीं समा रहा था। "मैं कहूं बसंती रानी आएगी एक दिन अवश्य आएगी"। बसंती एक बच्चे की मां बन चुकी थी उसके सामने बुलाकी की तस्वीर थी और प्रेमी दीनू की भी।बुलाकी ने बसंती को कपड़े व आभूषण से सजा दिया था परंतु वह दीनू को नहीं भूल पाती थी। एक दिन वह पुनः दीनू के साथ चली गई बुलाकी रोने चिल्लाने लगा था। "मैं मुकदमा करूंगा, छोड़ूंगा नहीं बसंती....लौट आ, लौट आ" दूसरी बार दीनू के साथ जाने पर बसंती को कड़ा अनुभव हुआ। वह दो पत्नियों का मालिक था परंतु निकम्मा। चौका बर्तन करके पूरे परिवार का खर्च चलाने के लिए तंदूर लगाया जिसमें सभी कार्य करेंगे और खाएंगे। सहसा एक दिन तूफान फट पड़ा। दीनू अपनी पहली पत्नी रुक्मी को साथ लेकर अपने घर चल दिया–

"क्या कर रहे हो? बसंती ने पूछा तो दीनू ने रुखाई से कहा देख तो रही हो क्या कर रहा हूं हम लोग गांव जा रहे हैं। बसंती का मन कह रहा था कि नहीं लौटेगा। अब मेरी जरूरत क्या है? रुक्मी अपने बेटे को छाती से लगाए बस में बैठी थी। मेरी तरफ देखा तक नहीं पप्पू से बोला तक नहीं। बसंती श्रमजीवी है वह सब कुछ हार कर भी अपने जीवन से नहीं हारी है। अपने मन को संतोष देती है-वह तन्दूर बनाए रखेगी। सारे घर की न सही दो जून की रोटी का जुगाड़ तो हो ही जाएगा। पप्पू उसकी आंखों के सामने तो रहेगा। आगे देखा जाएगा जो होगा।" (11)

बसंती ऐसी लड़की है जो गांव में पैदा होकर रोजगार की तलाश में निकले मां-बाप के साथ महानगरों के फुटपाथ, पार्कों, तथा झुग्गी-झोपड़ियों में पलकर बड़ी होती है। वह अपने परिवार और समाज के नैतिक मूल्यों से विद्रोह करती है। यह विद्रोह भले ही मानसिक शोषण तक ले जाता है, पर उसकी निजता को कोई हादसा तोड़ नहीं पाता। इसी बल पर वह रूढ़ियों और आर्थिक अभावों से मुक्त होने की चेष्टा करती है। जिंदगी को संपूर्ण अर्थों में जीने की बसंती की ललक प्रेरक शक्ति है।

एक दिन अचानक फिर पुलिस वालों की टोपियां और लाठियां सड़कों पर छा गई। इतने ज्यादा पुलिस के आदमी बसंती ने बस्ती तोड़े जाने के समय ही देखे थे। पटरी वाले को उठा रहे हैं। लारी निकल गई तो बसंती ने देखा...

"उसका बाप सड़क पर दौड़ दौड़कर बदहवास हो रहा है। दे जाओ! मेरा थैला दे जाओ! ऐ साहिब, मेरा थैला दे जाओ। उसका नीले रंग का कुर्ता पसीने से भीग रहा था। वह बुरी तरह हांफ रहा था। बाप को देखकर बसंती को रूलाई आ गई। उसका गला रूंध गया। उसने अपने बाप को इस हालत में कभी नहीं देखा था। वह सदा उसकी आंखों में एक दैत्य सा लगा करता था।"(12)

पुलिस वाले बसंती की तंदूर वाली दुकान भी तोड़ चुके थे अब उसे जीविका का कोई सहारा नहीं बच पाया-मिट्टी के मलबे पर दो बास आड़े-तिरछे खड़े थे। इन पर अपना लैम्प टांगा करती थी। खंडहर के सामने खड़ी बसंती अपनी उजड़ी गृहस्थी का रूप देख रही थी। बसंती पप्पू को छाती से लगाए पिछली सड़क की ओर घूम गई। बस्ती के उजड़ने से शुरू होकर पटरियों के उखड़ने पर समाप्त होना, बसंती का अपने माता-पिता के पीछे लौट जाना नए सिरे से जीवन जीने का संकेत करता है। ।जिस ओर से आई थी उसी ओर जाने लगी।

भीष्म साहनी के उपन्यास बसंती की शीर्षक व्यक्तिवाचक होने के साथ ही भाववाचक भी है। बसंती एक उन्मेष का नाम है जो प्रकृति के परिपेक्ष्य में परिवर्तन व क्रांति का अग्रदूत है। लेखक ने इस कथानायिका को ऐसे वर्ग से चुना है जो पहले तो अभिजात कुल से है परंतु प्राकृतिक

आपदा व राजनैतिक द्वन्द्व के चलते उसका जीवन बार-बार उजड़ जाता है फिर भी वह अपने अस्तित्व को कायम रखने में संघर्षशील व प्रयत्नशील है।

स्त्री वर्ग की प्रतिनिधि पात्र बसंती कथा की नायिका है। वह मुख्य चरित्र है जो अपने आप में संकटापन्न है।वह आर्थिक अभावग्रस्त उजाड़ गृहस्थी में पलकर बड़ी होती है। माता-पिता, घर-परिवार कहीं से भी सुरक्षा न पाकर वज्र कठोर बन जाती है और प्रत्येक परिस्थिति में अपने अस्तित्व को कायम रखती है। कथाकार ने राजनैतिक दृष्टि बसंती को नहीं लिखा फिर भी बसंती के निर्माण में और उसकी त्रासद पूर्ण तबाह जिंदगी के पीछे राजनीति कम कारण नहीं है। बसंती उन लाखों लड़कियों का प्रतिनिधित्व करती है जो अपने परिवारों द्वारा समुचित सुरक्षा न पाकर सड़कों पर उतर आती हैं। उनका शोषण होता है फिर भी वह करूण भावनाओं से समाज को सींचती रहती हैं। कथानक को भीष्म साहनी जी ग्रामीण क्षेत्र से शहर में ले आते है। जो प्राकृतिक आपदा के मारे हुए हैं। निरंतर आपदा सहते-सहते जिनका हृदय कठोर हो जाता है और वे मानव आकृति में शैतान हो जाते हैं। मानव के भीतर अमानवीयता उत्पन्न हो जाती है। स्त्री सुलभ कमजोरियों के बाद भी बसंती की अदम्य जिजीविषा जिंदगी को सही अर्थों में जीने की ललक उसे आजीवन संघर्ष करने की शक्ति प्रदान करती है। संकीर्ण व क्षुद्र लोगों के द्वारा निरंतर शोषित उत्पीड़ित होते रहने पर भी वह अपनी अस्मिता को बनाए रखने के लिए परंपराओं का विरोध भी करती और प्रत्येक संकट से बाहर आने का विकल्प ढूंढ लेती है। कठिन परिस्थितियों में भी मुस्कुराते रहना ही कथा की अंतरध्वनि है। रामचंद्र तिवारी भी कहते हैं -

"बसंती एक ऐसी लड़की की कहानी है जो दिल्ली की झुग्गी-झोपड़ी में पली है।उसका भाग्य झुग्गी- झोपड़ियों से जुड़ा है। जैसे झुग्गी-झोपड़ियों को बार-बार उजाड़ा जाता है, वैसे ही बसंती का जीवन भी बार-बार उजड़ता है। अपनी प्रबल जिजीविषा के बल पर निरंतर संघर्ष करने वाली यह लड़की अपना उदाहरण आप है।" (13)

सन्दर्भ :

1. उद्धृत, प्रेमचंद घर में, शिवरानी देवी, पृष्ठ-80
2. बसन्ती, भीष्म साहनी पृष्ठ-39
3. वही, पृष्ठ-40
4. वही, पृष्ठ-31
5. वही, पृष्ठ-10
6. वही, पृष्ठ-20
7. वही, पृष्ठ-31
8. वही, पृष्ठ-32
9. वही, पृष्ठ-69
10. वही, पृष्ठ-101
11. वही, पृष्ठ-179
12. वही, पृष्ठ-180
13. हिंदी का गद्य साहित्य, डॉ. रामचंद्र तिवारी, पृष्ठ-225, 226

❑❑❑

सहायक आचार्य, हिंदी विभाग, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी

मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा में संवाद, नवाचार, और रचनात्मकता का अध्ययन : विशेष संदर्भ उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

—मदन मोहन जोशी
—दीपांकुर जोशी

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड राज्य का एकमात्र मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा विश्वविद्यालय है, इस विश्वविद्यालय में आठ क्षेत्रीय कार्यालयों एवं 128 शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों/अध्ययन केन्द्रों के द्वारा पूरे प्रदेश में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा का संचालन किया जाता है।

सूचनाओं का संचार अथवा हितधारकों के साथ संवाद तथा नवाचार और रचनात्मकता किसी भी मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा संस्थान के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य होता है। मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा संस्थान में अपने हितधारकों के साथ संवाद हेतु कौन से तरीके अपनाये जा रहे हैं? विश्वविद्यालय ने नवाचार एवं रचनात्मकता के लिए क्या कार्य किये हैं? हितधारकों का उन नवाचार एवं रचनात्मकता के बारे में क्या सोचना है? हितधारकों की चिंताऐं, समस्याऐं और मुद्दे क्या हैं? इन्हें किस प्रकार सुधारा जा सकता है? इन्हीं प्रश्नों के समाधान के लिए इस शोध पत्र में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय का सन्दर्भ लेते हुए अध्ययन किया गया है। इस अध्ययन में विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों (शिक्षार्थी, शिक्षार्थी के माता-पिता, अभिभावक, सरकारी अधिकारियों, शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों/ अध्ययन केन्द्रों, एवं जन साधारण) के साथ बात कर योजनाब) रूप से अध्ययन किया गया है। हितधारकों की प्रतिक्रिया कैसी है, यह जानने के लिए संबंधित विषय (theme), ध्यानाकर्षक क्षेत्र (Focus area), वर्तमान अभ्यास (Current Practice), लक्ष्य समूह (target groups), चिंताओं (concerns), समस्याओं (problems) और मुद्दों (issues) की समीक्षा की गयी। लक्ष्य समूह के साथ संवाद के अंतर्गत शिक्षार्थियों, माता-पिता/अभिभावक, सरकारी कर्मचारियों, शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों एवं जन साधारण के साथ विश्वविद्यालय ने संवाद की जो व्यवस्था तैयार की है, उसका अध्ययन किया गया है। लक्ष्य समूह के लिए नवाचार और रचनात्मक आचरण के विकास एवं सर्वोत्तम अभ्यास विकास और परिनियोजन के अंतर्गत शिक्षार्थियों, माता-पिता/अभिभावक, सरकारी कर्मचारियों, शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों एवं जन साधारण के साथ विश्वविद्यालय ने जो व्यवस्था तैयार की है, उसका भी अध्ययन इस शोध पत्र का विषय क्षेत्र है।

संकेत शब्द- संवाद, संचार, नवाचार, रचनात्मकता, मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा, हितधारक

परिचय

भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था (Yadav & Panda 1996) की एक विशेष भूमिका है, क्योंकि यह सकल नामाकंन अनुपात और उच्च शिक्षा के लोकतन्त्रीकरण में विशेष योगदान करती है। यह कठिन भौगोलिक स्थलों, दूर-दराज के क्षेत्रों एवं गांवों में रहने वाले लोगों, समाज के हाशिये पर विद्यमान लोगों, कार्यशील व्यक्तियों, वंचितों एवं शोषितों तथा महिलाओं तक जीवन पर्यंत अधिगम की मांग पूरी करने का एक प्रमुख साधन बन चुकी है। मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था (Garrison 1989) इन्हीं लोगों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित हुई है। इस शिक्षा व्यवस्था की कुछ महत्वपूर्ण विशेषताओं के अंतर्गत पाठ्यक्रम को पूरा करने की गति में लचीलापन, पाठ्यक्रमों में विविधता एवं संयोजन की सुविधा, प्रवेश एवं निकास में आयु की शिथिलता, परीक्षा का संचालन, कम से कम प्रतिबंध और अधिकाधिक खुलापन (Sahoo 1994) इत्यादि को शामिल किया जा सकता है। मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था खुलेपन के दर्शन पर आधारित है और यह शिक्षा या अधिगम के लिए दूरस्थ प्रणाली का उपयोग करती है (Association of Indian Universities 1997)। अत: कहा जा सकता है कि इस व्यवस्था का दर्शन मुक्त अधिगम है जबकि दूरस्थ शिक्षा इसे प्राप्त करने का साधन।

परंपरागत शिक्षण-अधिगम प्रणाली के विपरीत दूरस्थ शिक्षा प्रणाली (Perraton 2007) में शिक्षार्थी और शिक्षक स्थान एवं समय द्वारा पृथक होते हैं। दूरस्थ प्रणाली में अधिगम विशेष रूप से तैयार स्व-अध्ययन सामग्री एवं सत्रीय कार्य के माध्यम से किया जाता है जबकि अधिगम हेतु शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों में किये जाने वाले साप्ताहिक परामर्श सत्र अथवा सम्पर्क कक्षा भी सहायक होती हैं। दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में शिक्षक और शिक्षार्थियों के मध्य अंतर-वैयक्तिक संपर्क हेतु ऑडियो, विडियो, प्रिंट, इन्टरनेट इत्यादि मल्टीमीडिया (Dhama & Bhatnagar 2007) का प्रयोग किया जाता है। शिक्षक और शिक्षार्थियों तथा शिक्षार्थी और संस्थान के मध्य संवाद हेतु मुख्यत: इलैक्ट्रोनिक मीडिया का प्रयोग होता है। संचार प्रणाली मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा की रीढ़ होती है, दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के हितधारकों के साथ संवाद के स्तर का अध्ययन कर दूरस्थ शिक्षा की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जा सकता है। संवाद का स्तर जितना अच्छा होगा दूरस्थ शिक्षा की गुणवत्ता भी उतनी ही अच्छी होगी। अत: दूरस्थ शिक्षा के अंतर्गत संचार सुविधाओं (Mangal & Mangal 2009) में निरंतर विकास हितधारकों की मांगों की पूर्ति के लिए आवश्यक है, इसके लिए मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा में लगातार नवाचार एवं रचनात्मकता एक जरूरी शर्त होती है (Rumble 2001)।

वर्तमान में भारत में छह प्रकार के संस्थानों द्वारा दूरस्थ शिक्षा प्रदान की जा रही है, इनमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, राज्यों में स्थित राज्य मुक्त विश्वविद्यालयों, तथा केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों, डीम्ड विश्वविद्यालयों और निजी विश्वविद्यालयों के दूरस्थ शिक्षा संस्थान सम्मिलित हैं। ऐसा ही एक संस्थान उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय है, जो

राज्य मुक्त विश्वविद्यालय है, इसकी स्थापना 2005 में उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा पारित एक अधिनियम के द्वारा की गयी थी। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुछ प्रमुख उद्देश्य (Prospectus 2021-22) इस प्रकार हैं-

विश्वविद्यालय के प्रमुख उद्देश्य

विश्वविद्यालय

''क) शीघ्रता से विकसित और परिवर्तित होने वाले समाज में ज्ञान के अर्जन का संवर्धन करेगा और मानव प्रयास के सभी क्षेत्रों में नव-परिवर्तन, अनुसंधान, शोध के संदर्भ में ज्ञान, प्रशिक्षण और कुशलता बढ़ाने के लिए लगातार अवसर प्रस्तुत करने के लिए प्रयास करेगा;

ख) ज्ञान के नये क्षेत्रों में विद्या की अभिवृद्धि करने और उसे विशिष्टतया प्रोत्साहित करने की दृष्टि से विद्या के तरीकों और गति, पाठ्यक्रमों के मिश्रण, नामांकन की पात्रता, प्रवेश की आयु, परीक्षाओं के संचालन और कार्यक्रमों के प्रवर्तन के संबंध में सुनिश्चय और निर्बाध विश्वविद्यालय स्तर की नई प्रणाली के लिए उपबन्ध करेगा;

ग) औपचारिक पद्धति की अनुपूरक अनौपचारिक पद्धति का उपबन्ध करके और विश्वविद्यालयों द्वारा विकसित पाठों और अन्य साफ्टवेयर का व्यापक रूप से उपयोग करके गुणवत्ता के अन्तरण को और शिक्षण कर्मचारियों के विनिमय को प्रोत्साहित करके शैक्षणिक पद्धति के सुधार में सहयोग देगा। ''

उपरोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना से ही प्रयास प्रारंभ कर दिये थे। विश्वविद्यालय ने दूरस्थ शिक्षा को कार्यान्वित करने के लिए आई.सी.टी. सुविधाओं के विकास पर ध्यान केन्द्रित किया। संचार के साधनों के संबंध में अत्यधिक सावधानी बरती गयी और नवाचार तथा रचनात्मकता (Chauhan 1979) को प्रमुखता दी गयी। नवाचार और रचनात्मकता किसी भी जीवंत मुक्त और दूरस्थ शिक्षा संस्थान के आवश्यक तत्व हैं। अपने शिक्षार्थियों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए मुक्त और दूरस्थ शिक्षा संस्थान निरंतर नवाचार (Rogers 2003) करते है और नवीन विचारों, प्रथाओं, प्रक्रियाओं इत्यादि का सृजन करते हैं। नवाचार का अर्थ किसी नये आविष्कार अथवा किसी नई चीज के परिचय और विकास से होता है। यह चीजों को नये ढंग से करने अथवा विचारों और समाधान की उत्पत्ति हेतु नये ढंग से सोचने की प्रक्रिया है। रचनात्मकता का अर्थ कुछ कल्पनाशील अथवा नये विचारों का निर्माण है जबकि नवाचार इन रचनात्मक विचारों को साधने का उपक्रम है।

सूचनाओं का संचार (Malhan 1992) अथवा हितधारकों के साथ संवाद किसी भी मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा संस्थान के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य होता है। यहां संवाद का आशय सूचना देने, प्राप्त करने एवं प्रदान करने से है। एक शैक्षिक संस्थान में शिक्षक एवं शिक्षार्थी एवं स्वयं शिक्षार्थियों के मध्य संवाद (Berlo1960) सबसे महत्वपूर्ण गतिविधि होती है। संवाद के अभाव में किसी प्रकार के अधिगम की कल्पना नहीं की जा सकती है। संवाद के अन्तर्गत निम्नांकित गतिविधियों को शामिल किया जा सकता है- बोलना, लिखना, पढ़ना, सुनना इत्यादि। अच्छे संवाद के लिए सावधानीपूर्वक सुनना और बोलना, स्पष्ट लेखन और अलग-अलग रायों

का सम्मान आवश्यक है। संवाद की प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण होता है कि कैसे एक सूचना विविध संचार साधनों (Amundsen & Bernard 1989) के द्वारा प्रेषक और प्राप्तकर्ता के मध्य संचरित होती है। अच्छे संवाद का अंतिम परिणाम सदैव यह सुनिश्चित करना होता है कि प्राप्तकर्ता सूचना को सही ढंग से समझ सके और आसानी से प्रतिक्रिया दे सके।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड राज्य का एकमात्र मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा विश्वविद्यालय है, इस विश्वविद्यालय में आठ क्षेत्रीय कार्यालयों एवं 128 शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों/अध्ययन केन्द्रों के द्वारा पूरे प्रदेश में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा का संचालन किया जाता है। विश्वविद्यालय में वतर्मान में 90,000 से अधिक शिक्षार्थी 100 से अधिक परंपरागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत हैं। विश्वविद्यालय में विभिन्न विभागों द्वारा प्रमाण पत्र, डिप्लोमा, स्नातक, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा तथा पोस्ट ग्रेजुएट कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। विश्वविद्यालय में किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने हेतु अश्वनलाइन की प्रक्रिया अपनाई जाती है, यद्यपि शिक्षार्थियों एवं अन्य हित धारकों की सूचना के लिए विश्वविद्यालय की र्वबसाइट में विवरणिका भी अपलोड की जाती है और प्रवेश अनुभाग द्वारा प्रवेश संबंधी एवं परीक्षा अनुभाग द्वारा परीक्षा एवं प्रयोगात्मक कार्य संबंधी सूचनाऐं समय-समय पर वैबसाइट में जारी की जाती हैं। विश्वविद्यालय ने प्रवेश एवं परीक्षा संबंधी कार्यों को अधिकाधिक ऑनलाइन बनाने का प्रयास किया है। जहां शिक्षार्थी ऑनलाइन प्रवेश लेता है वहीं वह परीक्षा परिणामों की ट्रान्सक्रिप्ट अथवा अंकतालिका भी ऑनलाइन डाउनलोड कर सकता है। बैक परीक्षा फॉर्म, परीक्षा फॉर्म एवं डिग्री प्राप्त करने के लिए भी ऑनलाइन की सुविधा है।

विश्वविद्यालय शिक्षार्थियों एवं शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों/अध्ययन केन्द्रों से संवाद के लिए लु संदेश सेवा (SMS) का प्रयोग करता है। विश्वविद्यालय ने अपने शिक्षार्थियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए अपनी वैबसाइट में टिकट सिस्टम का निर्माण किया है। इस व्यवस्था में शिक्षार्थी जैसे ही अपनी समस्या अथवा प्रश्न (टिकट) की प्रविष्ठि करता है, यह टिकट तुरंत विश्वविद्यालय के संबंधित कर्मचारी/अधिकारी के मेल पर चला जाता है, संबंधित कर्मचारी/अधिकारी इस टिकट के संबंध में कार्यवाही करता है और समस्या अथवा प्रश्न का समाधान कर शिक्षार्थी को मेल द्वारा सूचित कर इस टिकट को बन्द करता है। इस टिकट व्यवस्था की निगरानी विश्वविद्यालय के आर एण्ड डी (R&D) विभाग द्वारा की जाती है। अगर संबंधित कर्मचारी/अधिकारी द्वारा टिकट पर संज्ञान नहीं लिया जाता है तो यह वैबसाइट में प्रदर्शित रहता है और संबंधित कर्मचारी/अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जा सकती है। विश्वविद्यालय ने अपने शिक्षार्थियों की सुविधा के लिए स्टूडेण्ट वन व्यू सिस्टम का निर्माण भी किया है। स्टूडेण्ट वन व्यू सिस्टम में प्रत्येक शिक्षार्थी से संबंधित सूचनाऐं पंजीकृत रहती हैं, शिक्षार्थी अथवा उसके अभिभावकों द्वारा वन व्यू सिस्टम में लॉग इन कर देखा जा सकता है कि सूचनाऐं सही-सही पंजी त की गयीं है। विश्वविद्यालय द्वारा अपने शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों/अध्ययन केन्द्रों के लिए स्टूडेण्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (SIS) का विकास किया गया है। सभी शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों/अध्ययन केन्द्रों द्वारा विभिन्न उद्देश्यों के लिए इस सिस्टम का प्रयोग किया जाता है।

कोविड-19 की महामारी के चलते शिक्षार्थियों के सत्रीय कार्य हेतु ऑनलाइन परीक्षा की व्यवस्था भी विश्वविद्यालय द्वारा की गयी है। विश्वविद्यालय की वैबसाइट में सभी कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम, LO-अध्ययन सामग्री के रूप में ई-बुक्स, विडियो और ऑडियो व्याख्यान, पुराने प्रश्नपत्रों का कोष विद्यमान हैं। शिक्षार्थियों के लिए प्लेसमेण्ट प्रकोष्ठ, पूर्व छात्र प्रकोष्ठ, एण्टी रैगिंग प्रकोष्ठ, एससी/एसटी/ ओबीसी/ महिला प्रकोष्ठ इत्यादि बनाये गये हैं।

कार्यविधि

अपने हितधारकों (शिक्षार्थी, शिक्षार्थी के माता-पिता, अभिभावक, सरकारी अधिकारियों, शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों/अध्ययन केन्द्रों, एवं जन साधारण) के साथ संवाद हेतु विश्वविद्यालय में संचार के कौन से साधन विद्यमान हैं? नवाचार और रचनात्मकता के लिए विश्वविद्यालय ने क्या प्रयास किये हैं? इनकी गुणवत्ता की प्रस्थिति कैसी है? इन सभी तथ्यों की समीक्षा करने के लिए इस शोध पत्र के लेखक-द्वय ने विश्वविद्यालय के दो शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों/अध्ययन केन्द्रों (एम.बी.पी.जी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हल्द्वानी एवं यू.ओ.यू. आदर्श अध्ययन केन्द्र, हल्द्वानी) का भ्रमण किया और विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत की। वर्तमान परि श्य को समझने के लिए अनेक अभिभावकों, अध्ययन केन्द्र समन्वयकों, जन साधारण के साथ टेलीफोन वार्ता एवं विश्वविद्यालय के आई.टी. कर्मचारियों से भी बात की गयी। भावी शिक्षार्थियों से भी समय-समय पर बात कर उनकी चिंताओं, समस्याओं और मुद्दों की पहचान की गयी। विषय को सही ढंग से समझने के लिए दो स्तर पर कार्य किया गया (देखिये तालिका एक एवं तालिका दो) प्रथम स्तर (तालिका एक) पर हितधारकों के साथ संवाद/संचार हेतु वर्तमान अभ्यास, उद्देश्य और लक्ष्य समूह की जानकारी प्राप्त की गयी, उनकी चिंताओं, समस्याओं और मुद्दों को पहचाना गया और फिर सुधार हेतु सुझाव प्रस्तुत किये गये। इसी प्रकार विश्वविद्यालय में नवाचार एवं रचनात्मकता (तालिका दो) हेतु किये गये कार्यों की समीक्षा के लिए भी वर्तमान अभ्यास, उद्देश्य और लक्ष्य समूह की जानकारी प्राप्त की गयी, उनकी चिंताओं, समस्याओं और मुद्दों को पहचाना गया और फिर सुधार हेतु सुझाव प्रस्तुत किये गये।

संवाद की प्रस्थिति की समीक्षा

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में संवाद, नवाचार और रचनात्मकता के कार्य के प्रति कर्मचारी बहुत उत्साही लगते हैं। अपने हितधारकों के साथ संवाद तथा नवाचार एवं रचनात्मकता के जो कार्य विश्वविद्यालय ने किये हैं, उनके विषय में हितधारकों की प्रतिक्रिया कैसी है, यह जानने के लिए संबंधित विषय (theme), ध्यानाकर्षक क्षेत्र (Focus area), वर्तमान अभ्यास (Current Practice), लक्ष्य समूह (target groups), चिंताओं (concerns), समस्याओं (problems) और मुद्दों (issues) की समीक्षा तालिका एक एवं तालिका दो की सहायता से की जा सकती है। तालिका एक में लक्ष्य समूह के साथ संवाद के अंतर्गत शिक्षार्थियों, माता-पिता/अभिभावक, सरकारी कर्मचारियों, शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों एवं जन साधारण के साथ विश्वविद्यालय ने संवाद की जो व्यवस्था तैयार की है, उसका उल्लेख है।

शिक्षार्थियों के साथ संवाद

विश्वविद्यालय ने अपने शिक्षार्थियों के साथ संवाद हेतु एसएमएस (SMS), टिकट सिस्टम, स्टूडेण्ट वन व्यू सिस्टम, टॉल फ्री नम्बर, ई-मेल का प्रावधान किया है। अध्ययन केन्द्रों में परामर्श सत्र आयोजित किये जाते हैं, प्रायोगिक कार्यों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाता है। शिक्षार्थियों को सूचना देने के लिए विवरणिका, प्रोग्राम गाइड का निर्माण किया जाता है, इसे पुस्तकाकार एवं वैबसाइट में भी अपलोड किया जाता है। शिक्षार्थियों हेतु सूचना के अन्य साधनों के अन्तर्गत समाचार पत्र में समाचार अथवा विज्ञापन, पत्रक (Leaflets), ब्रोशर (Brochures) एवं मासिक समाचार पत्र उड़ान सम्मिलित हैं।

शिक्षार्थियों की चिंताऐं, समस्याऐं और मुद्दे

संवाद के इन साधनों के संबंध में शिक्षार्थियों की चिंताऐं, समस्याऐं और मुद्दे इस प्रकार हैं, शिक्षार्थियों का मानना है कि एसएमएस (SMS) व्यवस्था ठीक है किन्तु सभी शिक्षार्थियों के लिए सामान्य एसएमएस (SMS) आने पर कभी-कभी भ्रम की स्थिति हो जाती है, अधिकांश शिक्षार्थियों को टिकट सिस्टम की जानकारी नहीं है, और वे अपनी समस्या सुलझाने के लिए अन्य उपायों का सहारा लेते हैं, स्टूडेण्ट वन-व्यू सिस्टम को अनेक शिक्षार्थियों ने सराहा है लेकिन अधिकांश ने इस व्यवस्था के प्रति भी अनभिज्ञता प्रदर्शित की है, टॉल फ्री नम्बर के बारे में शिक्षार्थियों का मानना है कि इस नम्बर पर कोई फोन उठाता ही नहीं है, ई-मेल के विषयमें चर्चा करने पर पता चला कि अधिकांश शिक्षार्थी कम्प्यूटर में असहज हैं अथवा उनके पास कम्प्यूटर नहीं है। परामर्श सत्र के बारे में शिक्षार्थियों का मानना है कि अधिकांश अध्ययन केन्द्रों में परामर्श सत्रों का आयोजन नहीं होता है अथवा केवल खानापूर्ति की जाती है। प्रायोगिक कार्यशालाओं को शिक्षार्थियों ने लाभप्रद बताया है और इस तरह की अधिकाधिक कार्यशालाओं के आयोजनों की आवश्यकता बतलाई है। शिक्षार्थी विवरणिका को बोझिल बतलाते हैं और प्रोग्राम गाइड में भी अनेक अनावश्यक सूचनाओं के होने की बात करते हैं। समाचार पत्र में समाचार अथवा विज्ञापन उन तक न पहुंचने की बात करते हैं, पत्रक (Leaflets) और ब्रोशर (Brochures) के बारे में शिक्षार्थी बतलाते हैं कि ये कभी-कभार ही उन तक पहुंच पाते हैं, अधिकांश शिक्षार्थियों को मालूम ही नहीं है कि विश्वविद्यालय मासिक समाचार पत्र उड़ान का प्रकाशन करता है।

सुधार हेतु सुझाव

विश्वविद्यालय की शिक्षार्थियों के साथ संवाद की व्यवस्था के विषय में जिन उपरोक्त चिंताओं, समस्याओं और मुद्दों को शिक्षार्थियों ने उठाया है उनमें सुधार होना आवश्यक है, अतः सुझाव दिये जा सकते हैं कि-शिक्षार्थियों को केवल उनसे संबंधित एसएमएस (SMS) भेजा जाना चाहिए, टिकट सिस्टम की जानकारी अधिकाधिक शिक्षार्थियों तक पहुंचानी चाहिए, स्टूडेण्ट वन-व्यू सिस्टम के प्रति भी शिक्षार्थियों को जागरूक किया जाना चाहिए, टॉल फ्री नम्बर पर विश्वविद्यालय के समर्पित कर्मचारी को बैठाना चाहिए, अपने शिक्षार्थियों में कम्प्यूटर ज्ञान के विकास के लिए अनिवार्य कम्प्यूटर आधार पाठ्यक्रम चलाना चाहिए, अध्ययन केन्द्रों में परामर्श सत्रों के आयोजनों की सख्त निगरानी आवश्यक है, कार्यशालाओं की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए,

विवरणिका और प्रोग्राम गाइड को शिक्षार्थी हितैषी और शिक्षार्थी केन्द्रित बनाया जाना चाहिए। शिक्षार्थियों से सम्बन्धित विज्ञापनों को विभिन्न समाचार पत्रों में इस प्रकार दिया जाना चाहिए कि उसका प्रसारण पूरे प्रदेश भर में हो सके। मासिक समाचार पत्र उड़ान प्रत्येक अध्ययन केन्द्र में भेजा जाना चाहिए, पत्रक (Leaflets) और ब्रोशर (Brochures) का वितरण भी उचित प्रकार से किया जाना चाहिए।

माता-पिता/अभिभावक, सरकारी कर्मचरियों एवं जन-साधारण के साथ संवाद

माता-पिता/अभिभावक, सरकारी कर्मचरियों एवं जन-साधारण के साथ संवाद हेतु विश्वविद्यालय ने वैबसाइट का निर्माण किया है, वैबसाइट में विभिन्न पाठ्यक्रमों, उनकी अर्हता, पाठ्यक्रम की न्यूनतम एवं अधिकतम अवधि, शुल्क संरचना, प्रवेश, परीक्षा, पुस्तक वितरण इत्यादि की जानकारी के अलावा विभिन्न लिंकों के माध्यम से विश्वविद्यालय की समस्त जानकारी उपलब्ध है। माता-पिता/अभिभावक अपने बच्चों से सबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए स्टूडेण्ट वन-व्यू सिस्टम का उपयोग कर सकते हैं, माता-पिता/अभिभावक, सरकारी कर्मचारी एवं जन-साधारण विश्वविद्यालय से सम्बन्धित सभी प्रकार की सूचनाऐं वैबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

माता-पिता/अभिभावक, सरकारी कर्मचारियों एवं जन-साधारण की चिंताऐं, समस्याऐं और मुद्दे

अधिकतर माता-पिता/अभिभावक विश्वविद्यालय की वैबसाइट के प्रति अनभिज्ञता प्रदर्शित करते हैं जबकि कुछ माता-पिता/अभिभावक ने इसे अच्छी व्यवस्था और सूचना प्राप्ति का एक सुविधाजनक माध्यम बतलाया है। अधिकतर सरकारी कर्मचारी सूचना प्राप्ति के लिए विश्वविद्यालय के फोन पर सम्पर्क को सुविधाजनक मानते हैं, और वैबसाइट के प्रति अनभिज्ञता प्रदर्शित करते हैं। अधिकांश जन साधारण भी सूचना प्राप्ति हेतु फोन का ही प्रयोग करते हैं, यद्यपि जो जन साधारण वैबसाइट का प्रयोग करता है वह इस माध्यम को अत्यंत उपयोगी और सटीक जानकारी हेतु श्रेष्ठ स्रोत मानता है, हांलाकि कुछ का मानना है कि अनेक बार वैबसाइट में पुरानी जानकारी होती है और सूचना को अपडेट नहीं किया जाता है। सामान्यत: कहा जा सकता है कि माता-पिता/अभिभावक, सरकारी कर्मचरियों एवं जन-साधारण में सूचना के स्रोत के रूप में वैबसाइट के प्रति जागरूकता की कमी है।

सुधार हेतु सुझाव

सर्वप्रथम वैबसाइट में सूचनाओं को निरंतर अपडेट किया जाना चाहिए, वैबसाइट को और अधिक यूजर फैण्डली बनाया जाना चाहिए, माता-पिता/अभिभावक, सरकारी कर्मचरियों एवं जन-साधारण के बीच सूचना प्राप्ति के साधन के रूप में वैबसाइट का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए।

शिक्षार्थी सहायता केन्द्र/अध्ययन केन्द्र के साथ संवाद

शिक्षार्थी सहायता केन्द्र/अध्ययन केन्द्र के साथ संवाद के लिए विश्वविद्यालय स्टूडेण्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (SIS), वैबसाइट उद्घोषणा, ई-मेल, एसएमएस (SMS) का उपयोग

करता है। इनके अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर अध्ययन केन्द्र समन्वयकों की बैठक भी बुलायी जाती है।

शिक्षार्थी सहायता केन्द्र/ अध्ययन केन्द्र की चिंताऐं, समस्याऐं और मुद्दे

अधिकांश शिक्षार्थी सहायता केन्द्र/अध्ययन केन्द्र के समन्वयक इण्टरनैट कनैक्टिविटी और विद्युत समस्या की बात करते हैं। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के अधिकांश शिक्षार्थी सहायता केन्द्र/अध्ययन केन्द्र राजकीय महाविद्यालयों में विद्यमान हैं, और शिक्षकों के स्थानान्तरण समय-समय पर होते रहते हैं, अनेक केन्द्रों में समन्वयकों के बदले जाने पर भी उनके मोबाइल नम्बर वही रहते हैं, जिससे शिक्षार्थियों के साथ ही स्थानान्तरित शिक्षकों को भी अनेक असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

सुधार हेतु सुझाव

विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थी सहायता केन्द्र/अध्ययन केन्द्र में इण्टरनैट डेटा कार्ड उपलब्ध कराया जाना चाहिए और विद्युत की समस्या के निदान के लिए प्रत्येक केन्द्र में जनरेटर की सुविधा आवश्यक शर्त होनी चाहिए। विश्वविद्यालय में मोबाइल नम्बर अपडेट की प्रक्रिया निरंतर जारी रहनी चाहिए क्योंकि मोबाइल फोन दूरस्थ शिक्षा में संवाद का एक महत्वपूर्ण साधन होता है।

भावी शिक्षार्थियों (Prospective Learners) के साथ संवाद

भावी शिक्षार्थियों के साथ संवाद के लिए विश्वविद्यालय वैबसाइट, समाचार पत्र विज्ञापन, विवरणिका, होर्डिंग्स (Hoardings), पत्रक (Leaflets), ब्रोशर (Brochures), प्रचार यात्राऐं (Promotional Tours) जैसे साधनों का उपयोग करता है।

भावी शिक्षार्थियों की चिंताऐं, समस्याऐं और मुद्दे

दूरस्थ शिक्षा के भावी शिक्षार्थियों में कम्प्यूटर ज्ञान की कमी पायी गयी, उनमें से अधिकांश अपने कम्प्यूटर संबंधी कार्यों के लिए साइबर कैफे पर निर्भर पाये गये। अधिकांश को विश्वविद्यालय की वैबसाइट के बारे में कोई जानकारी नहीं थी, दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले भावी शिक्षार्थियों का मानना था कि उनके क्षेत्रों में समाचार पत्र के वे संस्करण नहीं आते हैं जिनमें विश्वविद्यालय के विज्ञापन होते हैं। विवरणिका सामान्यत: उन्हें प्राप्त नहीं होती है और वैबसाइट में प्रदर्शित विवरणिका उनके लिए बोझिल होती है। विश्वविद्यालय की जानकारी से संबंधित होर्डिंग्सं सामान्यत: अध्ययन केन्द्रों या शहरों तक ही सीमित होते हैं, पत्रक (Leaflets) और ब्रोशर (Brochures) उन तक नहीं पहुंच पाते हैं। विश्वविद्यालय की प्रचार यात्राओं की कोई पूर्व सूचना उन्हें नहीं होती है।

सुधार हेतु सुझाव

भावी शिक्षार्थियों में कम्प्यूटर ज्ञान की कमी है, अत: राज्य में भावी शिक्षार्थियों में कम्प्यूटर ज्ञान की कमी की प्रस्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर समाधान हेतु राज्य सरकार के पास भेजी जानी चाहिए। समाचार पत्रों के उन संस्करणों में भी विज्ञापन दिये जाने चाहिए, जिनका प्रसार दूरदराज के क्षेत्रों में होता है। दूरदराज के क्षेत्रों में भी होर्डिंग्स लगाने चाहिए, उचित योजना के अनुसार प्रचार यात्राओं का आयोजन होना चाहिए।

नवाचार और रचनात्मकता की प्रस्थिति की समीक्षा

तालिका दो में लक्ष्य समूह के लिए नवाचार और रचनात्मक आचरण के विकास एवं सर्वोत्तम अभ्यास विकास और परिनियोजन के अंतर्गत शिक्षार्थियों, माता-पिता/अभिभावक, सरकारी कर्मचारियों, शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों एवं जन साधारण के साथ विश्वविद्यालय ने जो व्यवस्था तैयार की है, उसका उल्लेख है।

नवाचार और रचनात्मक आचरण का विकास एवं मान्यता तथा सर्वोत्तम अभ्यास विकास और परिनियोजन के अन्तर्गत उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ने एसएमएस (SMS), टिकट सिस्टम (Ticket system), वन व्यू सिस्टम (One view system), टोल फ्री नम्बर (Toll free Number), ई-मेल (E-mails), विश्वविद्यालय पर लु फिल्म, विडिओ लेक्चर्स, विभिन्न अवसरों पर विश्वविद्यालय आने वाले प्रतिष्ठित विद्वानों के विडिओ लेक्चर्स की रिकॉर्डिंग्स , विभिन्न विभागों के कम अवधि के कोर्स, स्थानीय जनता के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित आयुष चिकित्सालय, समाचार पत्रों के माध्यम से अधिकाधिक जनजागरूकता, उड़ान-मासिक समाचार पत्रिका, सभी विभागों द्वारा समय-समय पर आयोजित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठियां, अध्ययन केन्द्रों के अतिरिक्त शिक्षार्थियों के लिए विशेष कार्यशालाऐं, आदर्श अध्ययन केन्द्र, पटकथा लेखन, प्रश्नकोष निर्माण इत्यादि के लिए कार्यशालाऐं, मोबाइल वैन, जॉब फेयर, विभिन्न कम्पनियों के साथ समझौता ज्ञापन (MoU), शैक्षणिक स्टाफ द्वारा अध्ययन केन्द्रों की मासिक निगरानी, उपस्थिति दर्ज करने के लिए बायोमैट्रिक मशीन, कार्य का मासिक मूल्यांकन, वार्षिक सर्वश्रेष्ठ रिजिनल डायरेक्टरेट और अध्ययन केन्द्र पुरस्कार, पांच गांव को गोद लेना इत्यादि को शामिल किया है।

चिंताऐं, समस्याऐं और मुद्दे

विश्वविद्यालय द्वारा सभी शिक्षार्थियों के लिए सामान्य एसएमएस भेज दिया जाता है, जिससे कभी-कभी भ्रम पैदा होता है। टिकट सिस्टम (Ticket system) की अधिकांश शिक्षार्थियों को जानकारी नहीं है, अब तक कुल 19270 शिकायतें दर्ज हुई हैं। वन व्यू सिस्टम (One view system) को कुछ माता-पिता/अभिभावक द्वारा इसे अच्छी व्यवस्था बताया गया है जबकि अधिकांश ने इस व्यवस्था के बारे में अनभिज्ञता बतायी है। टोल फ्री नम्बर (Toll free Number) के बारे में यह आम शिकायत रहती है कि अक्सर इसे कोई उठाता नहीं है। ई-मेल (E-mails) की सुविधा के बारे में कहा जा सकता है कि अधिकांश शिक्षार्थी कम्प्यूटर पर असहज हैं या उनके पास कम्प्यूटर नहीं है। विश्वविद्यालय पर लघु फिल्म के विषय में कहा जा सकता है कि यह विश्वविद्यालय की एकमात्र लघु फिल्म है। विश्वविद्यालय द्वारा बनाये गये अधिकांश विडिओ लेक्चर्स में खराब गुणवत्ता है मल्टीमीडिया का कोई उपयोग नहीं है। विभिन्न अवसरों पर विश्वविद्यालय आने वाले प्रतिष्ठित विद्वानों के विडिओ लेक्चर्स की रिकॉर्डिंग्स एक अच्छी परंपरा है। विभिन्न विभागों द्वारा बनाये गये कम अवधि के कोर्सों की सीमित लोकप्रियता है। स्थानीय जनता के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित आयुष चिकित्सालय केवल कुछ समय के लिए ही संचालित रहा और यह वर्तमान में बन्द पड़ा है। समाचार पत्रों के माध्यम से अधिकाधिक जनजागरूकता का सीमित क्षेत्र तक ही

प्रसारण है और उड़ान- मासिक समाचार पत्रिका भी कभी-कभार ही देखने को मिलती है। सभी विभागों द्वारा समय-समय पर आयोजित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठियां एक अच्छा अभ्यास है लेकिन कोविड काल में इन्हें केवल ऑनलाइन ही आयोजित किया गया। अध्ययन केन्द्रों के अतिरिक्त शिक्षार्थियों के लिए विशेष कार्यशालाऐं केवल बढ़े अयन केन्द्रों तक ही सीमित रहती हैं। आदर्श अध्ययन केन्द्र केवल मुख्यालय हल्द्वानी और देहरादून में ही हैं। पटकथा लेखन, प्रश्नकोष निर्माण इत्यादि के लिए समय-समय पर होने वाली कार्यशालाऐं एक अच्छा अभ्यास है। मोबाइल वैन पिछले कई वर्षो से खराब है और अब पिछले कई वर्षो से जॉब फेयर भी नहीं लगाये जा रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न कम्पनियों के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) एक अच्छा अभ्यास है। शैक्षणिक स्टाफ द्वारा अध्ययन केन्द्रों की मासिक निगरानी अब नहीं की जाती है इसके बदले वर्तमान में सहायक निदेशक क्षेत्रीय सेवायंछ द्वारा निगरानी की जा रही है। उपस्थिति दर्ज करने के लिए लगभग 250 स्टाफ हेतु केवल एक बायोमैट्रिक मशीन है, कार्य का मासिक मूल्यांकन एक अच्छा अभ्यास है। वार्षिक सर्वश्रेष्ठ रिजिनल डायरेक्टरेट एवं और अध्ययन केन्द्र पुरस्कार भी एक अच्छा प्रयास है। पांच गांव को गोद लिया जाना उत्कृष्ट प्रयास किन्तु इन गांवों में कार्य सीमित है और स्पष्ट कार्य योजना का अभाव है।

सुधार हेतु सुझाव

शिक्षार्थी विशिष्ट (Learner Specific) एसएमएस भेजा जाना चाहिए। टिकट सिस्टम (Ticket system) के प्रति शिक्षार्थियों को जागरूक किया जाना चाहिए। वन व्यू सिस्टम (One view system) के प्रति शिक्षार्थियों को जागरूक किया जाना चाहिए। टोल फ्री नम्बर (Toll free Number) में समर्पित कर्मचारी को कार्य दिया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय को अपने सभी शिक्षार्थियों को कम्प्यूटर का आधार पाठ्यक्रम करवाना चाहिए और अध्ययन केन्द्रों में कम्प्यूटर की सुविधा देनी चाहिए। विश्वविद्यालय को इस प्रकार की अधिक लघु फिल्में बनानी चाहिए। विश्वविद्यालय द्वारा बनाये गये विडिओ लेक्चर्स में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाना चाहिए। विभिन्न अवसरों पर विश्वविद्यालय आने वाले प्रतिष्ठित विद्वानों के विडिओ लेक्चर्स की रिकॉर्डिंग्स एक अच्छी परंपरा है। विभिन्न विभागों द्वारा बनाये गये कम अवधि के पाठ्यक्रमों का अधिक प्रचार होना चाहिए। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित आयुष चिकित्सालय को पुनः शुरू किया जाना चाहिए। समाचार पत्रों के प्रसार क्षेत्र को बढ़ाना चाहिए। उड़ान-मासिक समाचार पत्रिका का समयबद्ध प्रकाशन होना चाहिए। सभी विभागों द्वारा समय-समय पर आयोजित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठियां एक अच्छा अभ्यास है। शिक्षार्थियों के लिए विशेष कार्यशालाऐं अन्य अध्ययन केन्द्रों में भी आयोजित होनी चाहिए। आदर्श अध्ययन केन्द्रों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। पटकथा लेखन, प्रश्नकोष निर्माण इत्यादि के लिए समय-समय पर होने वाली कार्यशालाऐं एक अच्छा अभ्यास है। मोबाइल वैन पुनः शुरू की जानी चाहिए एवं जॉबफेयर भी समयबद्ध रूप से आयोजित होने चाहिए। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न कम्पनियों के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) एक अच्छा अभ्यास है। बायोमैट्रिक मशीन की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। कार्य का मासिक मूल्यांकन एक अच्छा अभ्यास है। वार्षिक सर्वश्रेष्ठ रिजिनल

डायरेक्टरेट एवं और अध्ययन केन्द्र पुरस्कार भी एक अच्छा प्रयास है। गोद लिए गांवों में पूरे मनोयोग से विकास कार्य होना चाहिए।

निष्कर्ष

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा अपने हितधारकों (शिक्षार्थी, शिक्षार्थी के माता-पिता, अभिभावक, सरकारी अधिकारियों, शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों/अध्ययन केन्द्रों, एवं जन साधारण) के साथ संवाद हेतु संचार के जिन साधनों एवं तत्संबंधित नवाचार एवं रचनात्मकता का विकास किया उसका अध्ययन उपरोक्त शीर्षकों में किया गया है। इस अध्ययन में हितधारकों के साथ संवाद/संचार हेतु वर्तमान अभ्यास, उद्देश्य और लक्ष्य समूह की जानकारी प्राप्त की गयी, उनकी चिंताओं, समस्याओं और मुद्दों को पहचाना गया और फिर सुधार हेतु सुझाव प्रस्तुत किये गये। इसी प्रकार नवाचार एवं रचनात्मकता पर भी चर्चा की गयी। विश्वविद्यालय ने मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा में संवाद, नवाचार, और रचनात्मकता के लिए वर्तमान तक जो कार्य किये हैं उनमें से अनेक उत्कृष्ट हैं और उन्हें जारी रखा जाना चाहिए। जिन बिन्दुओं में सुधार के लिए हितधारकों ने अपना पक्ष रखा है उनमें हितधारकों के अनुसार सुधार किया जाना चाहिए। निरंतर नवाचार एवं रचनात्मकता किसी भी संस्था की जीवंतता के लिए आवश्यक है, अत: नवाचार एवं रचनात्मकता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

- Amundsen, C., and Bernard, R. (1989) . *Institutional Support for peer contact in distance education: An empirical investigation.* Distance Education 10 (1):7-27.
- Association of Indian Universities (1997). *Handbook of Distance Education*, AIU, New Delhi.
- Berlo, D.K. (1960). *The process of Communication*. Holt Rinechart and Winston, New York.
- Chauhan, S.S.(1979). *Innovations in Teaching Learning Processes*, Vikas Publishing House, New Delhi.
- Dhama, O. P. and Bhatnagar, O.P. (2007). *Education and Communication for Development*, Oxford and IBH Pub. Co. Pvt. Ltd.
- Garrison, D.R. (1989). *Understanding Distance education: A framework for the future*, Routledge, London.
- Malhan, P. N. (1992*). Communication Media: Yesterday, Today and Tomorrow*, Ministry of I & B, Delhi.
- Mangal, S.K. and Mangal, U (2009). *Essentials of Education Technology*, P.S.I. Pvt. Ltd. New Delhi.
- Perraton, Hilary (2007). *Open and Distance Learning in Developing World,* Routledge, London.
- Prospectus 2021-22. Uttarakhand Open University, Haldwani, Nainital.
- Rogers, E. M.(2003). *Diffusion of Innovation*, 5th Edition, free Press, New York.
- Rumble, Greville. (2001). *The Planning and Management of distance Education,* Croom Helm, London.
- Sahoo, P. K.(1994). *Open Learning System*, Uppal, New delhi.
- Yadav, M.S. and Panda, S.K. (1996). *Distance Higher education in India: A Historical Overview*, Journal of Higher Education, 19(3)

तालिका - एक
संवाद/संचार

विषय और ध्याना-कर्षक क्षेत्र	वर्तमान अभ्यास: उद्देश्य और लक्ष्य समूह	चिंताऐं, समस्याऐं और मुद्दे	सुझाव और सुधार
लक्ष्य समूह से संवाद	**शिक्षार्थी**	**शिक्षार्थी**	**शिक्षार्थी**
	1. एसएमएस (SMS) 2. टिकट सिस्टम 3. वन व्यू सिस्टम 4. टॉल फ्री नम्बर 5. ई-मेल 6. परामर्श सत्र 7. कार्यशालाऐं 8. विवरणिका 9. प्रोग्राम गाइड 10. समाचार पत्र विज्ञापन 11. पत्रक (Leaf-lets) 12. ब्रोशर (Brochu-res) 13. उड़ान-मासिक समाचार पत्र	1. सभी शिक्षार्थियों के लिए सामान्य एसएमएस, जिससे कभी-कभी भ्रम पैदा होता है। 2. अधिकांश शिक्षार्थियों को जानकारी नहीं है, अब तक कुल 19270 शिकायतें दर्ज 3. कुछ माता-पिता/अभिभावक द्वारा इसे अच्छी व्यवस्था बताया गया है जबकि अधिकांश ने इस व्यवस्था के बारे में अनभिज्ञता बतायी है 4. अक्सर कोई उठाता नहीं है 5. अधिकांश शिक्षार्थी कम्प्यूटर पर असहज हैं या उनके पास कम्प्यूटर नहीं है 6. अधिकांश शिक्षार्थी सहायता केन्द्र में परामर्श सत्र का आयोजन नहीं होता है 7. लाभप्रद होती हैं 8. विवरणिका बोझिल होती है 9. अनेक अनावश्यक सूचनाऐं होती हैं 10. सीमित प्रसार 11. ठीक से प्रसार नहीं होता है 12. सीमित प्रसार 13. सीमित प्रतियां होती हैं	1. शिक्षार्थी विशिष्ट (Learner Specific) एसएमएस भेजा जाना चाहिए 2. इस सिस्टम के प्रति शिक्षार्थियों को जागरूक किया जाना चाहिए 3. इस सिस्टम के प्रति शिक्षार्थियों को जागरूक किया जाना चाहिए 4. समर्पित कर्मचारी को कार्य दिया जाना चाहिए 5. विश्वविद्यालय को अपने सभी शिक्षार्थियों को कम्प्यूटर का आधार पाठ्यक्रम करवाना चाहिए और अध्ययन केन्द्रों में कम्प्यूटर की सुविधा देनी चाहिए 6. परामर्श सत्र अनिवार्य रूप से संचालित होने चाहिए और विश्वविद्यालय को इनका निरीक्षण करना चाहिए 7. और अधिक कार्यशालाओं का आयोजन होना चाहिए 8. विवरणिका को शिक्षार्थी हितैषी बनाना चाहिए 9. प्रोग्राम गाइड को को शिक्षार्थी केन्द्रित बनाना चाहिए
	माता-पिता/ अभिभावक	**माता-पिता/अभिभावक** 1. कुछ माता-पिता/अभिभावक	

	1. वन व्यू सिस्टम **सरकारी कर्मचारी** 1. वैबसाइट **शिक्षार्थी सहायता केन्द्र** 1. स्टूडेण्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (SIS) 2. एसएमएस (SMS) 3. ई-मेल 4. वैबसाइट उद्घोषणाऐं **जन साधारण** 1.वैबसाइट	द्वारा इसे अच्छी व्यवस्था बताया गया है जबकि अधिकांश ने इस व्यवस्था के बारे में अनभिज्ञता बतायी है **सरकारी कर्मचारी** 1. सरकारी कर्मचारियों द्वारा कभी-कभार इसका प्रयोग होता हैं **शिक्षार्थी सहायता केन्द्र** 1. अधिकांश अध्ययन केन्द्र इण्टरनेट कनेक्टिविटि और विद्युत समस्या की बात करते हैं 2. अध्ययन केन्द्र समन्वयकों के फोन नम्बर अपडेट न होने के कारण कभी-कभी समस्या उत्पन्न होती है 3. अधिकांश अध्ययन केन्द्र इण्टरनेट कनेक्टिविटि और विद्युत समस्या की बात करते हैं 4. अधिकांश अध्ययन केन्द्र इण्टरनेट कनेक्टिविटि और विद्युत समस्या की बात करते हैं **जन साधारण** 1. सामान्य जनता इसका प्रयोग करती हैं	10. विभिन्न समाचार पत्रों में इस प्रकार देना चाहिए की उसका प्रसारण पूरे प्रदेश में हो सके 11. उचित वितरण पर ध्यान देना चाहिए 12. उचित वितरण पर ध्यान देना चाहिए 13. प्रत्येक शिक्षार्थी को एक प्रति मिलनी चाहिए **माता-पिता/अभिभावक** 1. इस व्यवस्था की जानकारी अधिकाधिक लोगों तक पहुंचानी चाहिए **सरकारी कर्मचारी** 1. वैबसाइट निरंतर अपडेट होते रहना चाहिए **शिक्षार्थी सहायता केन्द्र** 1. अध्ययन केन्द्रों में पावर बैकअप और इण्टरनेट डेटा कार्ड की सुविधा होनी चाहिए 2. अध्ययन केन्द्रों में पावर बैकअप और इण्टरनेट डेटा कार्ड की सुविधा होनी चाहिए 3. फोन नम्बर अपडेट की प्रक्रिया निरंतर चलनी चाहिए 4. अध्ययन केन्द्रों में पावर बैकअप और इण्टरनेट डेटा कार्ड की सुविधा होनी चाहिए **जन साधारण** 1. वैबसाइट को जनता हितैषी बनाना चाहिए और निरंतर अपडेट करना चाहिए
भावी शिक्षार्थियों के साथ संवाद	**भावी शिक्षार्थियों के साथ संवाद** 1. वैबसाइट 2. समाचार पत्र विज्ञापन 3. विवरणिका	**भावी शिक्षार्थियों के साथ संवाद** 1. भावी शिक्षार्थियों में कम्प्यूटर शिक्षा के ज्ञान की कमी 2. दूरदराज के क्षेत्रों में प्रसार नहीं 3. विवरणिका का बोझिल होना 4. केवल शहरों या अध्ययन	**भावी शिक्षार्थियों के साथ संवाद**

	4. होर्डिंग्स (Hoard-ings) 5. पत्रक (Leaf-lets) 6. ब्रोशर (Brochu-res) 7. प्रचार यात्राऐं (Promo-tional Tours)	केन्द्रों के निकट स्थिति 5. समय पर प्रसारण होना 6. ब्रोशर का सीमित संख्या में होना 7. उचित योजना की कमी	1. अधिकांश भावी शिक्षार्थियों में कम्प्यूटर ज्ञान की कमी है, अतः राज्य में भावी शिक्षार्थियों में कम्प्यूटर ज्ञान की कमी की प्रस्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर समाधान हेतु राज्य सरकार के पास भेजी जानी चाहिए 2. अधिकाधिक समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर प्रसार को बढ़ाना चाहिए 3. नियमित रूप से अद्यतन करना चाहिए
हितधारकों को संस्थागत प्रदर्शन की जानकारी	**हितधारकों को संस्थागत प्रदर्शन की जानकारी** **सामान्य जनता** 1. समाचार पत्र **सरकार** मासिक प्रगति आख्या **अध्ययन केन्द्र / शिक्षार्थी सहायता केन्द्र** 1. स्टूडेण्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (SIS) 2. एसएमएस (SMS) 3. ई-मेल 4. वैबसाइट उद्घोषणाऐं	**हितधारकों को संस्थागत प्रदर्शन की जानकारी** **सामान्य जनता** 1. दूरदराज के क्षेत्रों में प्रसार नहीं **सरकार** अच्छा सूचना स्रोत **अध्ययन केन्द्र / शिक्षार्थी सहायता केन्द्र** 1. अधिकांश अध्ययन केन्द्र इण्टरनेट कनेक्टिविटि और विद्युत समस्या की बात करते हैं 2. अध्ययन केन्द्र समन्वयकों के फोन नम्बर अपडेट न होने के कारण कभी-कभी समस्या उत्पन्न होती है 3. अधिकांश अध्ययन केन्द्र इण्टरनेट कनेक्टिविटि और विद्युत समस्या की बात करते हैं	4. दूरदराज के क्षेत्रों में भी होर्डिंग्स लगाने चाहिए 5. उचित समय पर पूरे राज्य स्तर पर प्रसारण होना चाहिए 6. उचित समय पर पूरे राज्य स्तर पर प्रसारण होना चाहिए 7. उचित योजना के अनुसार प्रचार यात्राओं का आयोजन होना चाहिए **हितधारकों को संस्थागत प्रदर्शन की जानकारी** **सामान्य जनता** 1. सूचना का पूरे राज्य स्तर पर प्रसारण होना चाहिए **सरकार** अच्छा सूचना स्रोत **अध्ययन केन्द्र/शिक्षार्थी सहायता केन्द्र** 1. अध्ययन केन्द्रों में पावर बैकअप और इण्टरनेट डेटा कार्ड की सुविधा होनी चाहिए

	5. क्षेत्रीय निदेशकों के साथ बैठक 6. सहायक क्षेत्रीय निदेशकों की मुख्यालय में तैनाती 7. अध्ययन केन्द्र समन्वयकों के साथ बैठक	4. अधिकांश अध्ययन केन्द्र इण्टरनेट कनेक्टिविटि और विद्युत समस्या की बात करते हैं 5. बैठक का आयोजन नहीं होता है 6. अपने तैनाती स्थलों में तैनात नहीं हैं 7. बैठक का आयोजन नहीं होता है	2. अध्ययन केन्द्रों में पावर बैकअप और इण्टरनेट डेटा कार्ड की सुविधा होनी चाहिए 3. फोन नम्बर अपडेट की प्रक्रिया निरंतर चलनी चाहिए 4. अध्ययन केन्द्रों में पावर बैकअप और इण्टरनेट डेटा कार्ड की सुविधा होनी चाहिए 5. निश्चित अंतराल में नियमित बैठकों का आयोजन होना चाहिए 6. कार्यस्थलों पर तैनाती होनी चाहिए 7. निश्चित अंतराल में नियमित बैठकों का आयोजन होना चाहिए
सामान्य जनता और आगंतुकों हेतु सूचना	**सामान्य जनता और आगंतुकों हेतु सूचना** 1. वैबसाइट 2. समाचार पत्र विज्ञापन 3. विवरणिका 4. होर्डिंग्स (Hoard-ings) 5. पत्रक (Leaf-lets) 6. ब्रोशर (Brochu-res) 7. प्रचार यात्राऐं (Promo-tional Tours)	**सामान्य जनता और आगंतुकों हेतु सूचना** 1. सामान्य जनता में कम्प्यूटर शिक्षा के ज्ञान की कमी 2. दूरदराज के क्षेत्रों में प्रसार नहीं 3. विवरणिका का बोझिल होना 4. केवल शहरों या अध्ययन केन्द्रों के निकट स्थिति 5. समय पर प्रसारण होना 6. ब्रोशर का सीमित संख्या में होना 7. उचित योजना की कमी	**सामान्य जनता और आगंतुकों हेतु सूचना** 1. सामान्य जनता को कम्प्यूटर ज्ञान के प्रति जागरूक करना चाहिए 2. अधिकाधिक समाचारपत्रों में विज्ञापन देकर प्रसार को बढ़ाना चाहिए 3. नियमित रूप से अद्यतन करना चाहिए 4. दूरदराज के क्षेत्रों में भी होर्डिंग्स लगाने चाहिए 5. उचित समय पर पूरे राज्य स्तर पर प्रसारण होना चाहिए 6. उचित समय पर पूरे राज्य स्तर पर प्रसारण होना चाहिए 7. उचित योजना के अनुसार प्रचार यात्राओं का आयोजन होना चाहिए

तालिका- दो
नवाचार और रचनात्मकता

विषय और ध्याना-कर्षक क्षेत्र	वर्तमान अभ्यासः उद्देश्य और लक्ष्य समूह	चिंताऐं, समस्याऐं और मुद्दे	सुझाव और सुधार
नवाचार और रचनात्मक आचरण का विकास एवं मान्यता	1. एसएमएस (SMS)	1. सभी शिक्षार्थियों के लिए सामान्य एसएमएस, जिससे कभी-कभी भ्रम पैदा होता है।	1. शिक्षार्थी विशिष्ट (Learner Specific) एसएमएस भेजा जाना चाहिए
	2. टिकट सिस्टम (Ticket system)	2. अधिकांश शिक्षार्थियों को जानकारी नहीं है, अब तक कुल 19270 शिकायतें दर्ज	2. इस सिस्टम के प्रति शिक्षार्थियों को जागरूक किया जाना चाहिए
	3. वन व्यू सिस्टम (One view system)	3. कुछ माता-पिता/अभिभावक द्वारा इसे अच्छी व्यवस्था बतायागया है जबकि अधिकांशनेइस व्यवस्था के बारे में अनभिज्ञता बतायी है	3. इस सिस्टम के प्रति शिक्षार्थियों को जागरूक किया जाना चाहिए
	4. टोल फ्री नम्बर (Toll free Number)	4. अक्सर कोई उठाता नहीं है	4. समर्पित कर्मचारी को कार्य दिया जाना चाहिए
	5. ई-मेल (E-mails)	5. अधिकांश शिक्षार्थी कम्प्यूटर पर असहज हैं या उनके पास कम्प्यूटर नहीं है	5. विश्वविद्यालय को अपने सभी शिक्षार्थियों को कम्प्यूटर का आधार पाठ्यक्रम करवाना चाहिए और अध्ययन केन्द्रों में कम्प्यूटर की सुविधा देनी चाहिए
	6. विश्वविद्यालय पर लघु फिल्म	6. विश्वविद्यालय की एकमात्र लघु फिल्म	6. इस प्रकार की अधिक फिल्में बनानी चाहिए
	7. विडिओ लेक्चर्स	7. खराब गुणवत्ता मल्टीमीडिया का कोई उपयोग नहीं	7. गुणवत्ता का ध्यान रखा जाना चाहिए
	8. विभिन्न अवसरों पर विश्वविद्यालय आने वाले प्रतिष्ठित विद्वानों के विडिओ लेक्चर्स की रिकॉर्डिंग्स	8. अच्छी परंम्परा है	8. इस तरह के और प्रयास होने चाहिए
	9. विभिन्न विभागों के कम अवधि के कोर्स		9. इस तरह के पाठ्यक्रमों का अधिक प्रचार होना चाहिए
	10. स्थानीय जनता के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित आयुष चिकित्सालय		
	11. समाचार पत्रों के माध्यम से अधिकाधिक जनजागरूकता		
	12. उड़ान- मासिक समाचार पत्रिका		

		9. सीमित लोकप्रियता	
		10. केवल कुछ समय तक ही संचालन वर्तमान में बन्द	10. पुन: इस चिकित्सालय को शुरू किया जाना चाहिए
		11. सीमित क्षेत्र तक ही प्रसारण	11. प्रसारण क्षेत्र को बढ़ाना चाहिए
		12. सीमित प्रकाशन, समयबद्धता का ना होना	12. छात्र संख्या के अनुसार समयबद्ध प्रकाशन होना चाहिए
	13. सभी विभागों द्वारा समय-समय पर आयोजित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठियां	13. अच्छा अभ्यास	13. इस तरह के प्रयास निरंतर होने चाहिए
	14. अध्ययन केन्द्रों के अतिरिक्त शिक्षार्थियों के लिए विशेष कार्यशालाऐं	14. केवल बड़े अध्ययन केन्द्रों तक ही सीमित	14. इस तरह के प्रयास दूर-दराज के क्षेत्रों में भी होने चाहिए
	15. आदर्श अध्ययन केन्द्र	15. बहुत अच्छा प्रयास	15. इस तरह के और केन्द्र खोले जाने चाहिए
	16. पटकथा लेखन, प्रश्नकोष निर्माण इत्यादि के लिए कार्यशालाऐं	16. बहुत अच्छा अभ्यास	16. सुनियोजित रूप से और अधिक आवश्यक कार्यशालाऐं होनी चाहिए
	17. मोबाइल वैन	17. पिछले कई वर्षा से खराब	17. दूर-दराज के क्षेत्रों हेतु इसे पुन: शुरू किया जाना चाहिए
	18. जॉब फेयर	18. पिछले कई वर्षा से कोई प्रयास नहीं	18. लगातार जॉब फेयर होने चाहिए
	19. विभिन्न कम्पनियों के साथ समझौता ज्ञापन (MoU)	19. अच्छा अभ्यास	19. इस तरह के प्रयास निरंतर होने चाहिए
	20. शैक्षणिक स्टाफ द्वारा अध्ययन केन्द्रों की मासिक निगरानी	20. वर्तमान में सहायक निदेशक क्षेत्रीय सेवायें द्वारा निगरानी	20. नियमित दौरों की व्यवस्था होनी चाहिए
	21. उपस्थिति दर्ज करने के लिए बायोमैट्रिक मशीन	21. लगभग 250 स्टाफ हेतु केवल एक मशीन	21. मशीनों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए
	22. कार्य का मासिक मूल्यांकन	22. अच्छा अभ्यास	22. इस तरह के प्रयास निरंतर होने चाहिए
	23. वार्षिक सर्वश्रेष्ठ रिजिनल डायरेक्टरेट एवं और अध्ययन केन्द्र पुरस्कार	23. अच्छा अभ्यास	23. इस तरह के पुरस्कार और होने चाहिए
	24. पांच गांव को गोद लेना	24. उत्कृष्ट प्रयास किन्तु सीमित और अनियोजित कार्य	24. पूरे मनोयोग से विकास कार्य होना चाहिए

सर्वोत्तम अभ्यास विकास और परिनियोजन	1. एसएमएस (SMS)	1. सभी शिक्षार्थियों के लिए सामान्य एसएमएस, जिससे कभी-कभी भ्रम पैदा होता है।	1. शिक्षार्थी विशिष्ट (Learner Specific) एसएमएस भेजा जाना चाहिए
	2. टिकट सिस्टम (Ticket system)	2. अधिकांश शिक्षार्थियों को जानकारी नहीं है, अब तक कुल 19270 शिकायतें दर्ज	2. इस सिस्टम के प्रति शिक्षार्थियों को जागरूक किया जाना चाहिए
	3. वन व्यू सिस्टम (One view system)	3. कुछ माता-पिता/अभिभावक द्वारा इसे अच्छी व्यवस्था बतायागया है जबकि अधिकांशनेइस व्यवस्था के बारे में अनभिज्ञता बतायी है	3. इस सिस्टम के प्रति शिक्षार्थियों को जागरूक किया जाना चाहिए
	4. टोल फ्री नम्बर (Toll free Number)	4. अक्सर कोई उठाता नहीं है	4. समर्पित कर्मचारी को कार्य दिया जाना चाहिए
	5. ई-मेल (E-mails)	5. अधिकांश शिक्षार्थी कम्प्यूटर पर असहज हैं या उनके पास कम्प्यूटर नहीं है	5. विश्वविद्यालय को अपने सभी शिक्षार्थियों को कम्प्यूटर का आधार पाठ्यक्रम करवाना चाहिए और अध्ययन केन्द्रों में कम्प्यूटर की सुविधा देनी चाहिए
	6. विश्वविद्यालय पर लघु फिल्म	6. विश्वविद्यालय की एकमात्र लघु फिल्म	6. इस प्रकार की अधिक फिल्में बनानी चाहिए
	7. विडिओ लेक्चर्स	7. खराब गुणवत्ता मल्टीमीडिया का कोई उपयोग नहीं	7. गुणवत्ता का ध्यान रखा जाना चाहिए
	8. विभिन्न अवसरों पर विश्वविद्यालय आने वाले प्रतिष्ठित विद्वानों के विडिओ लेक्चर्स की रिकॉर्डिंग्स	8. अच्छी परंम्परा है	8. इस तरह के और प्रयास होने चाहिए
	9. विभिन्न विभागों के कम अवधि के कोर्स	9. सीमित लोकप्रियता	9. इस तरह के पाठ्यक्रमों का अधिक प्रचार होना चाहिए
	10. स्थानीय जनता के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित आयुष चिकित्सालय	10. केवल कुछ समय तक ही संचालन वर्तमान में बन्द	10. पुनः इस चिकित्सालय को शुरू किया जाना चाहिए
	11. समाचार पत्रों के माध्यम से अधिकाधिक जनजागरूकता	11. सीमित क्षेत्र तक ही प्रसारण	11. प्रसारण क्षेत्र को बढ़ाना चाहिए
	12. उड़ान- मासिक समाचार पत्रिका		
	13. सभी विभागों द्वारा समय-समय पर आयोजित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठियां		

	14. अध्ययन केन्द्रों के अतिरिक्त शिक्षार्थियों के लिए विशेष कार्यशालाऐं	12. सीमित प्रकाशन, समयबद्धता का ना होना	12. छात्र संख्या के अनुसार समयबद्ध प्रकाशन होना चाहिए
	15. आदर्श अध्ययन केन्द्र 16. पटकथा लेखन, प्रश्नकोष निर्माण इत्यादि के लिए कार्यशालाऐं	13. अच्छा अभ्यास	13. इस तरह के प्रयास निरंतर होने चाहिए
	17. मोबाइल वैन	14. केवल बड़े अध्ययन केन्द्रों तक ही सीमित	14. इस तरह के प्रयास दूर-दराज के क्षेत्रों में भी होने चाहिए
	18. जॉब फेयर	15. बहुत अच्छा प्रयास	15. इस तरह के और केन्द्र खोले जाने चाहिए
	19. विभिन्न कम्पनियों के साथ समझौता ज्ञापन (MoU)	16. बहुत अच्छा अभ्यास	16. सुनियोजित रूप से और अधिक आवश्यक कार्यशालाऐं होनी चाहिए
	20. शैक्षणिक स्टाफ द्वारा अध्ययन केन्द्रों की मासिक निगरानी	17. पिछले कई वर्षा से खराब	17. दूर-दराज के क्षेत्रों हेतु इसे पुन: शुरू किया जाना चाहिए
	21. उपस्थिति दर्ज करने के लिए बायोमैट्रिक मशीन	18. पिछले कई वर्षा से कोई प्रयास नहीं	18. लगातार जॉब फेयर होने चाहिए
	22. कार्य का मासिक मूल्यांकन	19. अच्छा अभ्यास	19. इस तरह के प्रयास निरंतर होने चाहिए
	23. वार्षिक सर्वश्रेष्ठ रिजिनल डायरेक्टरेट एवं और अध्ययन केन्द्र पुरस्कार	20. वर्तमान में सहायक निदेशक क्षेत्रीय सेवायें द्वारा निगरानी	20. नियमित दौरों की व्यवस्था होनीचाहिए
	24. पांच गांव को गोद लेना	21. लगभग 250 स्टाफ हेतु केवल एक मशीन	21. मशीनों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए
		22. अच्छा अभ्यास	22. इस तरह के प्रयास निरंतर होने चाहिए
		23. अच्छा अभ्यास	23. इस तरह के पुरस्कार और होने चाहिए
		24. उत्कृष्ट प्रयास किन्तु सीमित और अनियोजित कार	24. पूरे मनोयोग से विकास कार्य होना चाहिए

❐❐❐

1. एसोसिएट प्रोफेसर (इतिहास), उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी-263139 (नैनीताल)
2. असिस्टेंट प्रोफेसर (विधि), उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी-263139 (नैनीताल)

प्रकृति के कवि : नागार्जुन

—डॉ. गरिमा त्रिपाठी

नागार्जुन की चेतना पर प्रकृति का गहरा प्रभाव देखा जा सकता है। जैसा कि सर्वविदित है कि प्रकृति और मनुष्य का अन्योन्याश्रय संबंध है। कवयित्री महादेवी वर्मा ने लिखा है कि "प्रकृति के विविध कोमल-कठोर, सुन्दर-विरूप, व्यक्त-रहस्यमय रूपों के आकर्षण-विकर्षण ने मनुष्य की बुद्धि और हृदय को कितना परिष्कार और विस्तार दिया है इसका लेखा-जोखा करने पर मनुष्य प्रकृति का सबसे अधिक ऋणी ठहरेगा। वस्तुतः संस्कार-क्रम में मानव जाति का भाव जगत ही नहीं उसके चिंतन की दिशाएँ भी प्रकृति के विविध रूपात्मक परिचय तथा उससे उत्पन्न अनुभूतियों से प्रभावित हैं।"

बिहार की धरती में जन्मे और आजीवन यात्री रहे नागार्जुन वस्तुतः जन कवि हैं, धरती के कवि हैं। नागार्जुन की कविता बिहार की मिट्टी से निर्मित हुई है, संभवतः इसी कारण बाबा नागार्जुन की कविताएँ भाव, भाषा और मिथिला की जनपदीयता का विशिष्ट रंग-ढंग लिए अलग धरातल पर खड़ी दिखाई पड़ती है।

"संबद्ध, जी हाँ, संबद्ध हूँ
सचर-अचर सृष्टि से/शीत से
ताप से, धूप से, ओस से, हिमपात से...
राग से, द्वेष से, क्रोध से, घृणा से, हर्ष से,
शोक से, उमंग से आक्रोश से..."[1]

उपरोक्त काव्य पंक्तियाँ बाबा नागार्जुन की न केवल कविता है बल्कि एक कवि की अपनी कविता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है जिसका निर्वाह बाबा नागार्जुन आजीवन करते रहे हैं। बाबा नागार्जुन ने अपनी समूची काव्य यात्रा के दौरान मानवीय प्रेम को व्यंग्य से समन्वित कर जिन काव्य संग्रहों की रचना की, उसमें पाठकीय संवेदना को झकझोर देने की असीम शक्ति निहित है।

सन् 1935 ई. से शुरू हुई कवि नागार्जुन की काव्ययात्रा, जो कि सन् 1980 तक निरंतर जारी रही परंतु नागार्जुन प्रगतिवादी कवि ही कहलाए। कवि नागार्जुन ने हिंदी साहित्य को अनेक खूबसूरत कविता संग्रहों से समृद्ध किया। नागार्जुन के काव्य संग्रहों में 'युगधारा', 'सतरंगे पंखों वाली', 'प्यासी पथराई आँखें', 'तालाब की मछलियाँ', 'तुमने कहा था', 'खिचड़ी विप्लव देखा हमने', 'हजार-हजार बाँहों वाली', 'पुरानी जूतियों का कोरस', 'रत्नगर्भा', 'ऐसे भी हम क्या, ऐसे भी तुम क्या', 'आखिर ऐसा क्या कह दिया मैंने', 'इस गुब्बारे की छाया में', 'भूल जाओ पुराने सपने', 'अपने खेत में'।

प्रबंध काव्य-'भस्मांकुर', भूमिजा'

बाबा नागार्जुन कभी जन के गायक बनकर कभी प्रकृति सौंदर्य के गायक बनकर अपनी कविताओं में उभरते हैं। कवि नागार्जुन के बारे में आलोचक विश्वनाथ त्रिपाठी ने उचित ही लिखा है कि "नागार्जुन जनकवि हैं। वह प्रगतिशील कवि भी हैं। जनवादी कवि भी, नवजनवादी कवि भी और राष्ट्रीय कवि भी।"[2]

नागार्जुन की चेतना पर प्रकृति का गहरा प्रभाव देखा जा सकता है। जैसा कि सर्वविदित है कि प्रकृति और मनुष्य का अन्योन्याश्रय संबंध है। कवयित्री महादेवी वर्मा ने लिखा है कि "प्रकृति के विविध कोमल-कठोर, सुन्दर-विरूप, व्यक्त-रहस्यमय रूपों के आकर्षण-विकर्षण ने मनुष्य की बुद्धि और हृदय को कितना परिष्कार और विस्तार दिया है इसका लेखा-जोखा करने पर मनुष्य प्रकृति का सबसे अधिक ऋणी ठहरेगा। वस्तुत: संस्कार-क्रम में मानव जाति का भाव जगत ही नहीं उसके चिंतन की दिशाएँ भी प्रकृति के विविध रूपात्मक परिचय तथा उससे उत्पन्न अनुभूतियों से प्रभावित हैं।"[3] कवि त्रिलोचन ने लिखा है कि "जिस कवि ने प्रकृति की कविताएँ नहीं लिखी हैं, उसे वे प्रगतिशील कवि नहीं मानते। प्रगतिशील कवि कभी भी शुरू से अंत तक आत्मकेन्द्रित नहीं हो सकता, जिससे उसे बाहर की दुनिया से, जिसमें समाज तथा प्रकृति दोनों शामिल हैं, संबंध स्थापित करना ही पड़ता है।"[4] कवि नागार्जुन की अनेक कविताओं में प्रकृति अपने सहज स्वाभाविक रूप में मौजूद है। बाबा नागार्जुन की मशहूर कविता है-'बादल को घिरते देखा है' दृष्टव्य है—

"अमल धवल गिरि के शिखरों पर, / बादल को घिरते देखा है। / छोटे-छोटे मोती जैसे / उसके शीतल तुहिन कणों को, / मानसरोवर के उन स्वर्णिम / कमलों पर गिरते देखा है, / बादल को घिरते देखा है।"[5]

उपरोक्त कविता की विशेषता यह है कि कवि 'देखे हुए' को कविता में चित्रित करता है। कवि ने कोई कल्पना नहीं की है इस कविता में, बल्कि जो यथार्थ है उसे ही कविता द्वारा बयाँ किया है। कवि नागार्जुन ने इस कविता में प्रकृति के नाना रूपों का चित्रण किया है। कवि ओस की बूँदों को कमल पर गिरते देखता है। हिमालय के आसपास विद्यमान छोटी-बड़ी अनेक प्रकार की झीलों को देखता है। वर्षा ऋतु में उपजी उमस से बेचैन होकर हंसों को घूमते देखता है। इसके साथ ही कवि ने एक अद्‌भुत वर्णन किया है। चकवा-चकवी का। चकवा-चकवी के बारे में अनेक लोक-कथाएँ प्रचलित हैं। जैसे कि चकवा-चकवी दिन-भर साथ-साथ विहार करते हैं परंतु रात्रि होते ही बिछुड़ जाते हैं। दोनों रात भर विरहाताप में रुदन करते हैं। प्रात:काल होते ही फिर मिल जाते हैं। कवि ने कस्तूरी मृग, धनपति कुबेर, कवि कालिदास तथा उनके मेघदूत, किन्नर-किन्नरियों की भी चर्चा की है। यह कविता कवि और उसका प्रकृति के प्रति अगाध प्रेम का सुन्दरतम उदाहरण है। बादल पर कवि नागार्जुन ने अनेक कविताएँ लिखी हैं। दृष्टव्य है—

"देखिए तो इनकी लीला / बूँद-बूँद बरसते हैं / टुकड़ों में बँटे-बँटे / नीचे धरती की ओर बढ़ते हैं / फ्रिज के अंदर जम जाते हैं / देखिए तो इनकी लीला।"[6]

कवि नागार्जुन कहते हैं कि क्या ये वही बादल हैं जिन्होंने कालिदास को अपनी ओर खींचा था? क्या ये वही हैं जो कवि को अलकापुरी उड़ा ले गए थे? नागार्जुन की एक अन्य कविता की कुछ पंक्तियाँ दृष्टव्य हैं—

"धिन-धिन धा धमक-धमक / मेघ बजे / दामिनि यह गई दमक / मेघ बजे।"[7]

कवि नागार्जुन ने इस कविता में बादल के भिन्न रूप अर्थात् रौद्र रूप की चर्चा की है। बादलों की गड़गड़ाहट का वर्णन 'धिन-धिन धा' शब्दों के माध्यम से ध्वनित होता है। जब बादल गरजने लगे तो बिजली भी चमकी तत्पश्चात् बादलों ने बरसना आरंभ किया। बादलों के बरसने से धरती पर जो भी गंदगी जमी थी, धुल गई, स्वच्छ हो गई और धरती फिर से निर्मल हो गई। अद्भुत है यह दृश्य! ऐसा दृश्य सिर्फ नागार्जुन ही उपस्थित कर सकते हैं। बादल पर कविताएँ छायावादी कवियों 'सूर्यकांत त्रिपाठी निराला' और 'सुमित्रानंदन पंत' ने भी लिखी हैं लेकिन सभी कवियों की कविताओं में बादल के अलग-अलग रूप चित्रित किए गए हैं, सभी कवियों के बादल एक जैसे नहीं हैं। प्रकृति के प्रति अगाध प्रेम की चर्चा करते हुए प्रकाशचंद्र भट्ट ने लिखा है कि "नागार्जुन ने प्रकृति का बड़ा सजीव वर्णन किया है जिसमें कवि की आत्मीयता सहज ही देखी जा सकती है।"[8]

कवि नागार्जुन की प्रकृति चित्रण से जुड़ी एक कविता दृष्टव्य है—

"सावनी बदलियाँ / मेरे रोमकूपों के अंदर / समाती जा रही हैं / मेघ टहल-बूल रहे हैं / मेरे साथ-साथ / लगता है में मेघवाहन हूँ।"[9]

यहाँ कवि ने प्रकृति के विविध रूपों की चर्चा की है। लोक संस्कृति में ऋतुओं को विशेष स्थान दिया गया है। उसमें भी सावन सबसे पत्रि मास माना गया है। सावन का नाम सुनते ही सबसे पहला जो भाव आता है वह है हरियाली और प्रसन्नता का। नागार्जुन को सावन से विशेष लगाव है लेकिन कवि बताता है कि इस मौसम में कब वर्षा हो, कब धूप खिल जाए, कभी बादल दिखते हैं कभी गुम हो जाते हैं। कब रिमझिम वर्षा होने लगे पता नहीं लग पाता है। कवि नागार्जुन ने सावन की बदलियों को रहस्यलोक कहा है। 'मैं मेघवाहन हूँ' कविता नागार्जुन ने जहरीखाल में रहने के दौरान लिखी थी। बाबा की कविताएँ किस प्रकार कल्पना की छवि बुनती हैं यह उनकी कविता 'बरफ पड़ी है' के माध्यम से जाना जा सकता है—

"बरफ पड़ी है / सर्वश्वेत पार्वती प्रकृति / निस्तब्ध खड़ी है।"

कवि की प्रत्येक कविता एक नये सौंदर्य को लेकर सामने आती है। इनकी कविताओं में प्रकृति के साथ-साथ अन्य पदार्थ भी अभिन्न होकर स्थित हैं, जैसे—यहाँ बर्फ कवि को ऐसी

प्रतीत हो रही है मानो पार्वती जो शिव की अर्द्धांगिनी है, मौन मुद्रा में खड़ी हैं। कवि ने लोक में विद्यमान मिथक का सहारा अपनी अनेक कविताओं में लिया है।

कवि नागार्जुन ने प्रकृति में विद्यमान पशु-पक्षियों की भी चर्चा अनेक कविताओं में की है। 'अब के इस मौसम में' नामक कविता में कवि ने कोयल की कूक सुनने की अपनी व्याकुलता चित्रित की है—

"अब के इस मौसम में / कोयल आज बोली है / पहली बार / टूसों को उमगे कई दिन हो गए / टेसू को सुलगे कई दिन हो गए / अलसी को फूले कई दिन हो गए

× × ×

मुँह बा दिया कलियों ने / देखती रह गई निठुराई के खेल / चुपचाप कलमुही / जोरों से कूक पड़ी।"[10]

यह कविता कवि नागार्जुन के ग्रामीण जीवन के गहन अनुभव को दर्शाती है। कवि की स्मृति काफी तीव्र है अर्थात् कवि को याद है कि इस मौसम में कोयल आज पहली बार बोली है। यह प्रकृति में विद्यमान पक्षियों के प्रति कवि के गहरे प्रेम को दर्शाता है। आलोचक नामवर सिंह ने उचित ही लिखा है कि "जो वस्तु औरों की संवेदना को अछूती छोड़ जाती है वही नागार्जुन के कवित्व की रचना भूमि है।"[11] हालांकि उपरोक्त बातें आलोचक नामवर सिंह ने 'पैने दाँतों वाली' कविता के संदर्भ में कही हैं जो कि 'अबके इस मौसम में' कविता के लिए भी सटीक लगती है।

कवि नागार्जुन ने माघ की सर्दी पर कविता लिखी है। माघ की सर्दी में जहाँ जनता अपने घरों में रजाइयों में दुबककर बैठी या सोई रहती है उसी कड़कड़ाती सर्दी में नागार्जुन तालाब के फेरे लगाते हैं जो घास रात्रि भर की ओस से भीगी हुई थी, उस पर नंगे पैर चलने का आनंद लेते हैं। अद्‌भुत है बाबा की फुर्ती। दृष्टव्य है—

"सुबह-सुबह / हाथ पैर ठिठुरे, सुन्न हुए / माघ की कड़ी सर्दी के मारे / सुबह-सुबह अधसूखी पतइयों का कौड़ा तापा / आम के कच्चे पत्तों का जलता, / कड्वा-कसैला सौरभ लिया / आँचलिक बोलियों का मिक्चर / कान की कटोरियों में भरकर लौटा / सुबह-सुबह।"[12]

कवि नागार्जुन की कविताओं में मौजूद प्रकृति चित्रण, प्रकृति और मानव के संबंध को स्थापित करती है। ग्रामीण वातावरण तथा देशकाल को प्रस्तुत करती उपरोक्त कविता सन् 1976 ई. में लिखी गई है। आज भी ग्रामीण अंचल में कहीं-कहीं यह दृश्य देखा जा सकता है, सर्दी में जहाँ घर के बच्चे से लेकर बूढ़े तक भोर में ही उठ जाते हैं और अपने दिनचर्या के कार्यों में लग जाते हैं। सर्दी से बचने के लिए सुाई के दौरान आसपास मौजूद वृक्षों की आम, पीपल आदि की पत्तियाँ इकट्‌ठा करके रख लेते हैं ताकि सुबह-सुबह इन पत्तियों को जलाकर हाथ-पैर सेंककर सर्दी से कुछ राहत मिल सके। यह कविता नागार्जुन के ग्रामीण जीवन के निकट संपर्क तथा प्रकृति प्रेम को दर्शती है।

"प्रकृति और पुरुष, प्राकृतिक परिवेश और मानव समाज, प्राकृतिक सभ्यता और संपदा का विकास आदिकाल से ही इनमें अन्योन्याश्रित संबंध रहा है। आदि कवि वाल्मीकि से लेकर आज तक कवियों का काव्य प्रकृति के विविध रंग और संगीत से अछूता नहीं रहा है।"[13]

'भूमिजा' खण्डकाव्य में भी कवि ने प्रकृति के विविध रूप, जैसे—पेड़-पौधे, नदी, पहाड़ चित्रित किया है। कवि ने कौशल के प्राकृति परिवेश का अद्‌भुत चित्रण भगवान राम के द्वारा करवाया है।

"सच है तात / नहीं मिलेगा ऐसा सुन्दर देश... / नहीं मिलेगी ऐसी उर्वर भूमि / धन्य हमारा कोसल जनपद धन्य / सुजल सुफल बहुविधि धन-धान्य समेत / लता-गुल्म-तृण-तरु-वल्ली परिव्याप्त।"[14]

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि प्रकृति अनेक रूपों में नागार्जुन की कविताओं में सहज-स्वाभाविक रूप से झाँकती हुई प्रतीत होती है या मौद रहती है। कवि के यहाँ प्रकृति और मनुष्य के संबंध का जीवंत चित्रण किया गया है। कवि का प्रकृति से प्रेम, कवि सहृदयता को दर्शाता है। कवि नागार्जुन अपने समकालीन कवियों में इस अर्थ में भिन्न हैं कि उनकी कविताओं में प्रकृति पूरे परिवेश को, मिथिलांचल को रेखांकित करती है। यह प्रकृति ही है जिससे कवि मानव-मन के विविध चित्रों को उकेरता है जिसे पढ़कर कवि के जन-जीवन विविध रंगों और रूपों के दर्शन किये जा सकते हैं।

सन्दर्भ :

1. नामवर सिंह, नागार्जुन प्रतिनिधि कविताएँ, पृष्ठ-15, राजकमल प्रकाशन संस्करण 2014
2. आजकल पत्रिका, जून 1996, पृष्ठ-9
3. रघुवंश - प्रकृति और हिंदी काव्य, पृष्ठ-9
4. नंदकिशोर नवल - नागार्जुन और उनकी कविता, पृष्ठ-74, राजकमल प्रकाशन, संस्करण 2011
5. नागार्जुन - युगधारा, पृष्ठ-67, 68, यात्री प्रकाशन, संस्करण 2008
6. नागार्जुन - आखिर ऐसा क्या कह दिया मैंने, पृष्ठ-35, वाणी प्रकाशन, संस्करण 1986
7. सं. नामवर सिंह - नागार्जुन प्रतिनिधि कविताएँ, पृष्ठ-68
8. प्रकाशचंद्र भट्ट - नागार्जुन : जीवन और साहित्य, सेवासदन प्रकाशन, म.प्र., संस्करण 1974
9. नागार्जुन - ऐसे भी हम क्या! ऐसे भी तुम क्या, पृष्ठ-40
10. सं. नामवर सिंह - नागार्जुन प्रतिनिधि कविताएँ, पृष्ठ-71
11. वही, भूमिका
12. वही, पृष्ठ-33
13. सं. सोमदेव, शोभाकांत-भूमिजा, नागार्जुन, राधाकृष्ण प्रकाशन, पृष्ठ-94
